सूर्योदय 6:02 सूर्यास्त 6:35

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 16 न्यू | 23 अधि |
| धर्मशाला | 23 न्यू | 26 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 80,787.30 |
| निफ्टी | 24,773.15 |

सोना 1,08,037 चांदी 1,24,413

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



स्पेन के अल्कारेज पुरुष एकल विजेता, इटली के सिनर को हराया

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | मंगलवार, 9 सितंबर 2025 | 25 भाद्रपद, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 252, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### कश्मीर के कुलगाम में मुठभेड़ में 2 आतंकी ढेर

**एजेंसी, श्रीनगर।** सेना ने कश्मीर के कुलगाम में मुठभेड़ के दौरान 2 आतंकियों को मार गिराया है। सोमवार सुबह गुड्डर के जंगलों में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ शुरू हुई। इस दौरान 2 जवान घायल हुए हैं। मारे गए एक आतंकी की पहचान शोपियां के रहने वाले आमिर अहमद डार के रूप में हुई है। वह लश्कर-ए-तैयबा से जुड़ा था और सितंबर 2023 से एक्टिव था। पहलगाम हमले के बाद सुरक्षा एजेंसियों की तरफ से जारी 14 आतंकवादियों की लिस्ट में यह भी शामिल था। पुलिस, सेना की और सीआरपीएफ की एक संयुक्त टीम ने आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद इलाके में सर्चिंग शुरू की थी। मुठभेड़ में 2 आतंकी मारे गए हैं। (अनंत ज्ञान)

### एनआईए की 5 राज्यों के 22 ठिकानों पर छापेमारी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** आतंकी साजिश के मामले में एनआईए ने जम्मू-कश्मीर और बिहार समेत 5 राज्यों के 22 ठिकानों पर छापेमारी की। अधिकारी ने बताया कि एजेंसी द्वारा आतंकी साजिश के एक मामले की जांच के सिलसिले में यह तलाशी अभियान चलाया गया। जम्मू-कश्मीर में बारामूला, कुलगाम, अनंतनाग और पुलवामा समेत कई जिलों में छापेमारी की गई। बिहार में आठ स्थानों पर, कर्नाटक, महाराष्ट्र और तमिलनाडु में एक-एक स्थान पर, उत्तर प्रदेश में दो स्थानों पर तलाशी ली गई। (अनंत ज्ञान)

### लाल किले से सोने के कलश चुराने वाला काबू

**एजेंसी, हापुड़।** दिल्ली के लाल किला परिसर से डेढ़ करोड़ रुपए के दो स्वर्ण कलश चुराने वाला आरोपी यूपी के हापुड़ से गिरफ्तार हुआ है। रविवार रात 2 बजे दिल्ली पुलिस की टीम ने आरोपी के घर पर दबिश दी और उसे पकड़कर दिल्ली ले गई। आरोपी की पहचान असौड़ा गांव निवासी भूषण वर्मा के रूप में हुई है। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, भूषण कलश चुराने का एक्सपर्ट है। सालभर पहले उसने दिल्ली के लाल मंदिर और फिर अशोक विहार के मंदिर से कलश चुराया था। उस पर 5 मुकदमे दर्ज हैं। (अनंत ज्ञान)

### नेताओं को मोटी चमड़ी का होना चाहिए: कोर्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि नेताओं को मोटी चमड़ी का होना चाहिए। राजनीतिक लड़ाइयों के लिए सुप्रीम कोर्ट का उपयोग नहीं करना चाहिए। कोर्ट ने यह टिप्पणी भाजपा नेता द्वारा तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी के खिलाफ लगाई गई याचिका की सुनवाई के दौरान कही। 2024 लोकसभा चुनाव के प्रचार के दौरान सीएम रेड्डी ने कहा था कि अगर बीजेपी 400 सीट जीती, तो आरक्षण समाप्त कर देगी। तेलंगाना भाजपा के महासचिव वेंकटेश्वरलू ने दावा किया था कि इससे पार्टी को नुकसान हुआ और उसने रेड्डी के खिलाफ मानहानि की याचिका दायर की गई थी। (अनंत ज्ञान)

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- वार्डों के पुनर्सीमांकन को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी -पेज 2
- पंचायतों को आय के नए स्रोत विकसित करने होंगे -पेज 3
- नगरोटा बगवां विधानसभा क्षेत्र होगा स्विट्ज़रलैंड की तर्ज पर विकसित -पेज 4
- बरोट-घटासनी मुख्य सड़क आठ दिन से अवरुद्ध -पेज 9
- चिट्टे की तस्करी से अर्जित 86 लाख की अवैध संपत्ति जब्त -पेज 12

# हिमाचल बना पूर्ण साक्षर राज्य, 99.02 % साक्षरता दर के साथ टॉप पर

## अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने की घोषणा, उल्लास लिटरेसी प्रोग्राम में देश का चौथा लिटरेट स्टेट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश सोमवार को पूर्ण साक्षर राज्य बन गया है। अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शिमला के पीटरहॉफ में आयोजित कार्यक्रम में इसकी घोषणा की। उल्लास (न्यू इंडिया लिटरेसी प्रोग्राम) कार्यक्रम के तहत हिमाचल देश का चौथा पूर्ण साक्षर राज्य हो गया है।

देश में अभी तक उल्लास कार्यक्रम के तहत त्रिपुरा, मिजोरम और लक्षद्वीप पूर्ण साक्षर राज्य घोषित थे। इन तीनों को पछाड़कर हिमाचल प्रदेश 99.02 फीसदी साक्षरता दर के साथ देश में शीर्ष पर पहुंच गया है। अभी तक मिजोरम 98.02 प्रतिशत साक्षरता दर के साथ पहले पायदान पर, लक्षद्वीप 97.3 फीसदी के साथ दूसरे और त्रिपुरा 97.3 प्रतिशत साक्षरता के साथ तीसरे नंबर पर है, मगर अब हिमाचल नंबर-वन हो गया है। हिमाचल प्रदेश की अनुमानित आबादी लगभग 75.5 लाख है।

**राज्य में अब केवल 56960 लोग ही निरक्षर**

इनमें से अब 56 हजार 960 निरक्षर बचे हैं। केंद्र सरकार के मानकों के तहत जब किसी राज्य में 95 फीसदी या इससे अधिक आबादी साक्षर हो जाती हैं, तब उसे पूर्ण साक्षर राज्य घोषित किया जाता है। राज्य सरकार द्वारा केंद्र को भेजे पत्र के मुताबिक, हिमाचल में 99.02 प्रतिशत लोग साक्षर हो गए हैं, जबकि राष्ट्रीय स्तर पर साक्षरता दर अभी 80.9 फीसदी है। मिनिस्ट्री ऑफ एजुकेशन के अनुसार, किसी व्यक्ति को तब साक्षर माना जाता है, जब वह साधारण शब्द पढ़ और लिख लेता हो।

### सीएम ने इनको किया सम्मानित

**मुख्यमंत्री** ने शिक्षा क्षेत्र में योगदान देने वाले अधिकारियों, स्वयंसेवकों और नवसाक्षरों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में लगाई गई शिक्षा प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए उन्होंने कहा कि महिला मंडलों, युवक मंडलों, स्वंयसेवी संस्थाओं और शिक्षाविदों का योगदान इस सफलता में अमूल्य रहा है। शिक्षा सचिव राकेश कंवर ने बताया कि हिमाचल ने विभिन्न मापदंडों को पूरा कर यह उपलब्धि हासिल की है और अब कौशल आधारित शिक्षा को भी बढ़ावा दिया जाएगा।



### हिमाचल के लिए आज का दिन ऐतिहासिक

**शिक्षा** मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि हिमाचल की यह उपलब्धि राज्य के इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है। आज का दिन हिमाचल के लिए ऐतिहासिक है। आजादी के बाद प्रदेश में जब साक्षरता दर केवल सात प्रतिशत थी, तब से अब तक का यह सफर अद्भुत और प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की ड्रॉपआउट दर लगभग शून्य हो चुकी है और सरकार शिक्षा के क्षेत्र में कठिन लेकिन सार्थक निर्णय ले रही है।

## भारी विरोध के बाद मुख्यमंत्री सुक्खू ने दिया हायर ग्रेड पे को लेकर आश्वासन

# कर्मियों की नहीं घटेगी सैलरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में कर्मचारियों के उच्च वेतनमान हायर ग्रेड पे को लेकर विवाद होने पर सुक्खू सरकार ने यू टर्न ले लिया है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने साफ किया है कि प्रदेश सरकार कर्मचारियों के हितों की रक्षा करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में कार्यरत किसी भी कर्मचारी के वेतन में कोई कटौती नहीं होगी और सरकार ने पहले से लागू अधिसूचना को संशोधित करने का निर्णय ले लिया है। मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि यह फैसला केवल भविष्य में होने वाली नई भर्तियों पर लागू होगा और पहले से सेवा दे रहे कर्मचारियों को किसी प्रकार की हानि नहीं होगी।

सोमवार को अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ और सचिवालय कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारियों ने पीटरहॉफ में मुख्यमंत्री से मुलाकात की। इस दौरान महासंघ के नेताओं प्रदीप ठाकुर और त्रिलोक ठाकुर ने सरकार के हालिया फैसले से कर्मचारियों को हो रहे आर्थिक नुकसान की जानकारी दी। चर्चा के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि कर्मचारियों की मेहनत और सेवाओं का सम्मान किया जाएगा और किसी भी कर्मचारी का वेतन कम नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वित्तीय चुनौतियों के बावजूद कर्मचारियों का हित सर्वोच्च प्राथमिकता है।

इस दौरान मुख्यमंत्री सुक्खू ने स्पष्ट किया कि वित्तीय स्थिति को देखते हुए यह फैसला केवल नई भर्तियों पर लागू होगा। नई नियुक्तियों पर अतिरिक्त इंक्रीमेंट रोकी जाएगी, लेकिन पहले से कार्यरत कर्मियों की वेतन संरचना में कोई बदलाव नहीं होगा।



मुख्यमंत्री पत्रकारों से कर्मचारियों के उच्च वेतनमान को लेकर स्थिति स्पष्ट करते हुए।

**बोले- यह निर्णय भविष्य की भर्तियों पर होगा लागू**

### पूर्व भाजपा सरकार ने दिया था हायर ग्रेड-पे

पूर्व भाजपा सरकार ने 6 सितंबर 2022 को एक नोटिफिकेशन जारी करके रेगुलर होने के बाद हायर ग्रेड-पे को लगी दो साल के राइडर की शर्त हटा दी थी। इससे कर्मचारियों के वेतन में 10 से 20 हजार रुपए की बढ़ोतरी हुई थी, मगर कांग्रेस सरकार की नोटिफिकेशन से इतना ही वेतन कम होने से कर्मचारियों में हड़कंप मच गया था।

### वेतन संशोधन की अधिसूचना स्थगित

प्रदेश सरकार ने कर्मचारियों के व्यापक विरोध के बाद 6 सितंबर को जारी की गई वेतन संशोधन अधिसूचना को अगले आदेश तक स्थगित कर दिया है। वित्त विभाग की ओर से जारी आदेश पर प्रमुख सचिव (वित्त) देवेश कुमार के हस्ताक्षर हैं। इस अधिसूचना में नियम 7ए को 3 जनवरी 2022 से पूर्वव्यापी प्रभाव से हटाया गया था, जिससे कर्मचारियों के वेतन निर्धारण और भविष्य के लाभ प्रभावित हो रहे थे।

### ब्यूरोक्रेसी ने सीएम को गलत तथ्य दिए: त्रिलोक

**कर्मचारी** नेता त्रिलोक ठाकुर ने कहा कि ब्यूरोक्रेसी ने सीएम के समक्ष गलत तथ्य पेश किए। ऐसा करके अफसरशाही ने कर्मचारियों और सरकार के बीच खाई पैदा करने की कोशिश की है।

# नेपाल में संसद में घुसे प्रदर्शनकारी सेना की फायरिंग में 20 की मौत

## देश में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बैन का विरोध कर रहे युवा

**एजेंसी, काठमांडू**

नेपाल में यूट्यूब, फेसबुक-व्हाट्सऐप समेत 26 सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बैन को लेकर युवाओं में भारी उबाल है। युवा सड़कों पर उतर आए हैं। विद्रोह की आंच इतनी तेज है कि यह काठमांडू में संसद भवन तक पहुंच गई है। नेपाल में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान 20 लोगों की मौत हो गई है। नेपाल पुलिस ने इसकी पुष्टि की है। वहीं, 200 से ज्यादा युवा घायल भी हुए हैं। बढ़ते विरोध के बीच नेपाल के गृहमंत्री रमेश लेखक ने इस्तीफा दे दिया है।

सोशल मीडिया पर बैन और सरकार के भ्रष्टाचार के खिलाफ 12 हजार से ज्यादा युवा प्रदर्शनकारी सोमवार सुबह संसद भवन परिसर में घुस गए थे, जिसके बाद सेना ने कई राउंड फायरिंग की। नेपाल के इतिहास में संसद में घुसपैठ का यह पहला मामला है। रिपोर्ट के मुताबिक, प्रदर्शनकारियों ने संसद के गेट नंबर 1 और 2 पर कब्जा कर लिया। इसके बाद संसद भवन, राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, पीएम आवास के पास के इलाकों में कर्फ्यू लगा दिया है। काठमांडू प्रशासन ने तोड़फोड़ करने वालों को देखते ही गोली मारने के आदेश दे दिए हैं।

नेपाल ने तय समयसीमा के भीतर आईटी मिनिस्ट्री में रजिस्ट्रेशन न कराने पर वीरवार को फेसबुक, व्हाट्सऐप, इंस्टाग्राम और यूट्यूब जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर बैन लगाया था। मंत्रालय ने नोटिस जारी कर कहा था कि इन सोशल मीडिया कंपनियों के रजिस्ट्रेशन के लिए 28 अगस्त से सात दिन का समय दिया गया था। बुधवार रात को जब समयसीमा खत्म हो गई, तब भी किसी भी बड़े सोशल मीडिया मंच ने आवेदन जमा नहीं किया। नेपाल सरकार के मुताबिक ये फ्लेटफॉर्म सोशल नेटवर्क उपयोग प्रबंधन के निर्देश, 2023 के तहत जरूरी रजिस्ट्रेशन प्रोसेस का पालन नहीं कर रहे थे। यह बैन वीरवार आधी से लागू हो गया। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, इस फैसले से विदेश में रहने वाले, कमाने या सीखने वाले लाखों नेपाली प्रभावित होंगे। उनमें से ज्यादातर लोग रोजाना बातचीत के लिए फेसबुक मैसेंजर और व्हास्टऐप जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स का इस्तेमाल करते हैं। (अनंत ज्ञान)



**तोड़फोड़ करने वालों को देखते ही गोली मारने के आदेश**

### भारत और इसराइल ने द्विपक्षीय निवेश संधि पर किए हस्ताक्षर


**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत और इसराइल ने एक द्विपक्षीय निवेश संधि (बीआईटी) पर हस्ताक्षर किए हैं, जिससे दोनों देशों के बीच निवेश को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। वित्त मंत्रालय ने सोमवार को एक्सपर पोस्ट किया, 'भारत और इसराइल सरकार ने सोमवार को नई दिल्ली में द्विपक्षीय निवेश समझौते बीआईटी पर हस्ताक्षर किए।' इस समझौते पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और उनके इसराइली समकक्ष बेजेल स्मोट्रिच ने हस्ताक्षर किए। बता दें कि इसराइली वित्त मंत्री बेजेल स्मोट्रिच सोमवार को तीन दिन की भारत यात्रा पर आए हैं। वह वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल से भी मुलाकात करेंगे। उनकी यात्रा का उद्देश्य द्विपक्षीय बैठकों के माध्यम से भारत के साथ इसराइल के आर्थिक और वित्तीय संबंधों को मजबूत करना और द्विपक्षीय निवेश संधि और मुक्त व्यापार समझौते के लिए साझा आधार तैयार करना है। (अनंत ज्ञान)

## मोदी आपदा प्रभावित क्षेत्रों का करेंगे हवाई सर्वेक्षण, सरकार प्रेजेंटेशन देकर बताएगी हालात

# हिमाचल को पीएम से विशेष राहत पैकेज की आस

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश ऐसी त्रासदी से गुजर रहा है, जिसकी चोटें सिर्फ आंकड़ों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि हर घर, हर परिवार और पूरी अर्थव्यवस्था पर दिखाई दे रही हैं। लगातार बारिश और भूस्खलन ने राज्य की तस्वीर बदल दी है। तीन सौ से अधिक लोग अब तक अपनी जान गंवा चुके हैं, सैकड़ों घायल और कई लोग लापता हैं। हजारों मकान जमींदोज हो चुके हैं।



ऐसे हालात में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मंगलवार को होने वाला हिमाचल दौरा सिर्फ एक औपचारिकता होगा या फिर हिमाचल के घावों पर ठोस मरहम लगाने वाला कदम, यही सबसे बड़ा सवाल है। पीएम मंगलवार को हिमाचल प्रदेश के आपदाग्रस्त क्षेत्रों को हवाई सर्वेक्षण करेंगे। गौर रहे कि मुख्यमंत्री सुक्खू लगातार केंद्र से विशेष राहत पैकेज की मांग कर रहे हैं। सरकार का अनुमान है कि अब तक पांच हजार करोड़ से अधिक का नुकसान हो चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रधानमंत्री को आपदा से हुए नुकसान की विस्तृत प्रजेंटेशन दी जाएगी। वह उम्मीद कर रहे हैं कि हिमाचल को आपदा प्रभावित राज्य का दर्जा मिलेगा, ताकि पुनर्निर्माण कार्यों में तेजी लाई जा सके।

प्रधानमंत्री मोदी कांगड़ा एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री, मंत्रियों और अधिकारियों से मुलाकात करेंगे। इस मुलाकात में विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर भी मौजूद रहेंगे। खास बात यह है कि इस बार सरकार और विपक्ष दोनों ही एक स्वर में हिमाचल को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने की मांग कर रहे हैं। जयराम ठाकुर ने कहा है कि भारी बारिश से राज्य का हर जिला प्रभावित हुआ है और सेब की अर्थव्यवस्था जैसी महत्वपूर्ण धुरी भी चरमरा गई है।

### यह केवल प्राकृतिक नहीं, मानवीय संकट भी

**विशेषज्ञों** का कहना है कि यह आपदा केवल प्रकृति की मार नहीं है, बल्कि मानवीय लापरवाही का भी नतीजा है। अव्यवस्थित निर्माण, जंगलों की अंधाधुंध कटाई और योजनाओं में कमी ने हालात को और भयावह बना दिया है। राहत पैकेज और मुआवजा तुरंत राहत जरूर देंगे, लेकिन अगर केंद्र और राज्य ने दीर्घकालिक रणनीति नहीं बनाई तो आने वाले सालों में यह संकट और भी गहरा सकता है। प्रधानमंत्री के दौरे से केवल तात्कालिक मदद ही नहीं, बल्कि भविष्य की ठोस नीति की भी उम्मीदें जुड़ी हैं।

# हमीरपुर मेडिकल कॉलेज के अधिकारी पर जांच की आंच

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**हमीरपुर।** मेडिकल कॉलेज हमीरपुर के एक वरिष्ठ अधिकारी गंभीर जांच के लपेटे में फंस गए हैं। सोमवार को जांच कमेटी ने हमीरपुर पहुंचकर करीब 50 लोगों से अलग-अलग बातचीत की और उनके बयान दर्ज किए। मेडिकल एजुकेशन के डायरेक्टर डॉ. राकेश शर्मा की अध्यक्षता वाली इस कमेटी में टांडा मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल मिलाप शर्मा, नेरचौक के कंट्रोलर का एग्जाम डॉ. प्रवीण कुमार शर्मा और आर जीएमसी मेडिकल कॉलेज हमीरपुर की फार्माकोलॉजी की प्रोफेसर डॉ. रितु सिटक इस जांच की मिट्टी के सदस्य हैं, लेकिन हैरानी की बात यह है कि इस जांच को लेकर कोई भी कुछ कहने से गुरेज कर रहा है। कमेटी के अध्यक्ष डॉ. राकेश शर्मा ने भी मुकम्मल तौर पर कुछ भी बताने से इनकार कर दिया। उनका कहना था कि वे इस बारे में कुछ भी मीडिया को नहीं बता सकते।

**जांच कमेटी ने स्टाफ और स्टूडेंट्स के दर्ज किए बयान**

### राज्यपाल के आदेश पर बनी थी जांच कमेटी

**राज्यपाल** के आदेश पर यह कमेटी सचिव स्वास्थ्य विभाग द्वारा गठित की गई थी। सूत्रों के मुताबिक, ट्रेनी फीमेल और अन्य स्टाफ ने संबंधित वरिष्ठ अधिकारी के गलत व्यवहार को लेकर यह शिकायत की थी सूचना यह भी है कि जिन लोगों की शिकायत सरकार को की गई थी, उसी के आधार पर यह जांच हुई है।

# आधार पहचान का प्रमाण, नागरिकता का नहीं

## सुप्रीम कोर्ट ने एसआईआर पर सुनवाई के दौरान सुनाया फैसला

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को बिहार में वोटर वेरिफिकेशन (एसआईआर) के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने कहा कि आधार पहचान का प्रमाणपत्र है, नागरिकता का नहीं। कोर्ट ने चुनाव आयोग को आदेश दिया कि वोटर की पहचान के लिए आधार को 12वें दस्तावेज के तौर पर माना जाए। बिहार एसआईआर के लिए फिलहाल 11 निर्धारित दस्तावेज हैं, जिन्हें मतदाताओं को अपने फॉर्म के साथ जमा करना होता है।

जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने यह भी कहा कि आधार कार्ड को लेकर अगर किसी तरह की शंका हो तो आयोग इसकी जांच कराए। कोई भी नहीं चाहता कि चुनाव आयोग अवैध प्रवासियों को मतदाता सूची में शामिल करे। केवल वास्तविक नागरिकों को ही वोट देने की अनुमति होगी। जो लोग फर्जी दस्तावेजों के आधार पर दावा कर रहे हैं, उन्हें मतदाता सूची से बाहर रखा जाएगा।

सुनवाई शुरू होने पर कोर्ट में कांग्रेस लीडर और सीनियर एडवोकेट कपिल सिब्बल ने कहा कि 10 जुलाई को कोर्ट ने चुनाव आयोग को आधार कार्ड स्वीकार करने को कहा। अभी भी 65 लाख लोगों के लिए भी आधार स्वीकार नहीं किए जा रहे हैं। बीएलओ को निर्देश दिया गया था कि 11 दस्तावेजों में से एक आवश्यक है। चुनाव आयोग 11 दस्तावेजों के बाहर के दस्तावेज स्वीकार करने वाले अधिकारियों को दंडित कर रहा है। (अनंत ज्ञान)

### एमपी सरकार रेपिस्ट को दे 25 लाख मुआवजा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने रेप के मामले में दोषी को 4 साल 7 महीने अतिरिक्त जेल में रखने के मामले में मध्य प्रदेश सरकार को 25 लाख का मुआवजा देने का आदेश दिया है। सागर जिले के इस मामले में आरोपी को सात साल की सजा सुनाई गई थी, लेकिन सजा की अवधि पूरी होने के बाद भी उसे रिहा नहीं किया गया। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस केवी विश्वनाथन की खंडपीठ ने मध्य प्रदेश सरकार की लापरवाही के लिए कड़ी फटकार लगाई। अदालत ने इसे गंभीर चूक बताते हुए कहा कि इस तरह की अवैध हिरासत किसी भी हाल में स्वीकार्य नहीं है।

**खतरा** कुटलैहड़ के कई गांवों को असुरक्षित क्षेत्र किया घोषित, लोगों को सुरक्षित स्थान पर जाने की सलाह

# तलमेहड़ा से भाखड़ा तक 40 किमी रामगढ़धार दरकी

**राजेश शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**ऊना।** जिले के विस क्षेत्र कुटलैहड़ में आई प्राकृतिक आपदाओं के बीच तलमेहड़ा से लेकर भाखड़ा तक करीब 40 किलोमीटर लंबी रामगढ़धार पूरी तरह से दरक गई है। इससे दर्जनों गांवों के अस्तित्व को खतरा पैदा हो गया है। फिलहाल कई गांवों को असुरक्षित क्षेत्र घोषित कर लोगों को सुरक्षित स्थान पर जाने की सलाह दी गई है। यह भू-गर्भीय हलचल का परिणाम है या कोई प्रकृति का प्रकोप। हालांकि, यह हलचल भाखड़ा की गोबिंदसागर झील विस्तार क्षेत्र से काफी ऊंचाई पर है। इसे भाखड़ा बांध या झील के साथ जोड़े जाने का कोई तर्क प्रतीत नहीं हो रहा है। क्षेत्र के बुजुर्गों की मानें तो बहुत अधिक बरसात भी इसका कारण हो सकती है। हालांकि कई लोग इसे भू-गर्भीय हलचल बताकर भयभीत हैं। देखने में आया है कि कहीं छह फुट तक जमीन खिसक चुकी है तो कहीं धरती में चौड़ी दरारें पड़ गई हैं। इस स्थिति ने न केवल यहां रहने वाले ग्रामीणों को दहशत में डाल दिया है, बल्कि लोगों ने एशिया के सबसे बड़े भाखड़ा बांध की सुरक्षा पर भी प्रश्न चिन्ह खड़ा कर दिया है। स्थानीय लोगों का यह भी कहना है कि रामगढ़धार के कई हिस्सों में मिट्टी और पत्थरों के बड़े-बड़े ल्हासे भाखड़ा बांध की तरफ गिर चुके हैं। यह बांध से महज कुछ सौ मीटर की दूरी पर स्थित है। भू-वैज्ञानिक दृष्टि से देखें तो यह क्षेत्र बेहद संवेदनशील है और यदि समय रहते कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, तो किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता। औसत से तीन गुना अधिक भारी बारिश से हुए भूस्खलन के कारण इस क्षेत्र में पांच रिहायशी मकान ध्वस्त हो चुके हैं और करीब पचास रिहायशी मकानों को खाली करवाया गया है। और सौ के करीब गोशालाएं ध्वस्त हो चुकी हैं। स्थानीय जनता में दहशत का माहौल बना हुआ है। उपमंडल बंगाणा की रामगढ़ धार भाखड़ा बांध से लगभग 400 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। लोगों की मानें तो यह धार भाखड़ा परियोजना के लिए एक प्राकृतिक ढाल का काम करती है, लेकिन जब धरती खिसकने लगे तो यह ढाल खतरे का कारण बन सकती है।



### रामगढ़धार की 19 पंचायतों के 50 मकान खतरे की जद में

**उपमंडल** बंगाणा की रामगढ़धार के आसपास 19 पंचायतें बसी हुई हैं। इन पंचायतों में सैकड़ों परिवार रहते हैं। प्रारंभिक सरकारी आकलन के अनुसार लगभग 50 मकान सीधे खतरे की जद में हैं। इनमें से ज्यादातर कच्चे मकान हैं, जिनमें करीब 200 से अधिक लोग निवास कर रहे हैं। इस संबंध में उपमंडल अधिकारी (बंगाणा) सोनू गोयल ने बताया कि समस्या प्रशासन के ध्यान में है। हालात पर कड़ी नजर रखी जा रही है और प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण करवाया जा रहा है। जरूरत पड़ने पर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया जाएगा। कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि सरकार स्थिति पर नजर रखे हुए है। लोगों की हर संभव मदद की जा रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### पठानिया बने खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हीरो एशिया कप 2025 हॉकी जो राजगीर, बिहार में आयोजित किया जा रहा है। इस कप में हिमाचल हॉकी एसोसिएशन के महासचिव रोमेश पठानिया ने हीरो एशिया कप 2025 में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। एशिया कप के पांचवें और छठे स्थान के लिए जापान और बांग्लादेश मैच के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था। उनकी उपस्थिति ने भारतीय हॉकी विकास में हिमाचल की उभरती भूमिका को उजागर किया। रोमेश पठानिया ने कई खिलाड़ियों को प्रशिक्षित किया है जिन्होंने देश और प्रदेश का नाम रोशन किया है।

### आपदाग्रस्त परिवारों को बांटी राहत सामग्री

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** सेवा भारती हिमाचल प्रान्त की जिला इकाई हमीरपुर ने भरेड़ी, पपलाह और धिरड़ गांवों में आपदाग्रस्त परिवारों को राहत सामग्री वितरित की। भारी बारिश से मकान जर्जर होकर गिर गए थे और कई परिवार सरकारी संस्थानों व दूसरों के घरों में शरण लेने को मजबूर हैं। ऐसे में संस्था के स्वयंसेवकों ने प्रभावित परिवारों को बिस्तर, तिरपाल, गद्दे, चद्दर, वर्तन, गैस चूल्हा, कंबल, सौर ऊर्जा लाइट, भोजन पेटी, कॉपियां व अन्य आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध कराईं। सेवा भारती राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ी प्रमुख सामाजिक संस्था है, जो वर्तमान में हिमाचल के सात जिलों में राहत शिविर चला रही है। लगभग 500 कार्यकर्ता दिन-रात जरूरतमंदों की मदद में लगे हैं। इस अवसर पर प्रांत संगठन मंत्री राकेश प्रभाकर, जिला अध्यक्ष समीर कालरा सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे।

### ग्राम सभाओं में प्रस्तुत होंगी मतदाता सूचियां

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला हमीरपुर की सभी ग्राम पंचायतों में मतदाता सूचियों के प्रारूप ग्राम सभा के समक्ष प्रस्तुत किए जाएंगे। इसके लिए उपायुक्त अमरजीत सिंह ने अधिसूचना जारी कर 20 से 26 सितंबर तक विशेष बैठकों की तिथियां निर्धारित की हैं। उपायुक्त ने जिला के मतदाताओं से आग्रह किया है कि वे निर्धारित तिथि को ग्राम सभा में उपस्थित होकर मतदाता सूची के प्रारूप का अवलोकन करें और यह सुनिश्चित करें कि उनके नाम सही तरीके से शामिल किए गए हैं।

### हमीरपुर व नादौन में मिर्गी जांच शिविर आज

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** आम लोगों में मिर्गी रोग के प्रति जागरूकता बढ़ाने और मरीजों को विशेष उपचार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) नई दिल्ली और दयानंद मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (डीएमसीएच) लुधियाना के संयुक्त प्रयासों से आज 9 सितंबर को हमीरपुर और नादौन में निशुल्क जांच शिविर लगाए जा रहे हैं। एम्स नई दिल्ली के न्यूरोलॉजी विभाग के शोध अध्येता नवीन शुक्ला ने बताया कि जिला आयुर्वेदिक अस्पताल हमीरपुर में सुबह 9 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक और नागरिक अस्पताल नादौन में दोपहर 2:30 बजे से शाम 5 बजे तक शिविर आयोजित होंगे। इन शिविरों में विशेषज्ञ डॉक्टर मिर्गी जैसे रोग से पीड़ित मरीजों की जांच व उपचार करेंगे। उन्होंने मरीजों से इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की।

### आर्थिक लाभ न मिलने पर जताई नाराजगी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम आंचल पेंशनर्ज संघ, हमीरपुर जिला इकाई की मासिक बैठक प्रदेश अध्यक्ष केसी गौतम की अध्यक्षता में पेंशनर भवन, हमीरपुर में आयोजित हुई। बैठक में महासचिव शंभू राम जस्वाल ने उपस्थित सदस्यों को एजेंडा एवं अन्य गतिविधियों की जानकारी दी। बैठक की शुरुआत में संघ मुख्य संरक्षक रमेश भारद्वाज, विजय कुमार व गीता देवी के आकस्मिक निधन पर दो मिनट का मौन रखा गया। वक्ताओं ने 1.1.2016 से जनवरी 2022 के बीच सेवानिवृत्त पेंशनरों की ग्रैच्युटी, लीव-एनकैशमेंट और कम्युटेशन जैसी बकाया राशि का भुगतान न होने पर गहरी नाराजगी जताई। प्रदेश अध्यक्ष केसी गौतम ने आश्वासन दिया कि प्रदेश कार्यकारिणी के गठन के बाद सरकार से मिलकर पेंशनरों की लंबित मांगें उठाई जाएंगी। बैठक में सुभाष चन्द शर्मा, बनारसी दास पटियाल, टौणी देवी प्रधान जगदीश चन्द शर्मा, भोरंज प्रधान विचित्र सिंह ठाकुर, नादौन खंड प्रधान जगदीश चन्द शर्मा, साली ग्राम ठाकुर, मेहर चंद पटियाल, रत्न चन्द चांगरा, बनारसी दास, सन्तोष वन्याल, बलदेव दास शर्मा, राजीव शर्मा सहित अन्य पेंशनर मौजूद रहे।

### 37 प्रशिक्षु अध्यापकों का मनाया जन्मदिन



**सुनील कुमार, अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हमीरपुर स्थित त्रिशा कॉलेज ऑफ एजुकेशन में कॉलेज अध्यक्ष एनके शर्मा के मार्गदर्शन में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जुलाई, अगस्त और सितंबर माह में जन्मे बीएड व डीएलएड के 37 प्रशिक्षु अध्यापकों का जन्मदिन भी सामूहिक रूप से मनाया गया। प्रशिक्षु अध्यापकों ने इस पहल के लिए कॉलेज प्रशासन का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षु अध्यापकों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। कॉलेज अध्यक्ष एनके शर्मा ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षक दिवस डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को समर्पित है, जिन्होंने अपना जीवन शिक्षा व ज्ञान के प्रसार के लिए समर्पित किया। कॉलेज की कार्यकारी प्राचार्या डॉ. पूनम भारद्वाज ने भी प्रशिक्षुओं और स्टाफ को बधाई दी। कार्यक्रम में स्टाफ और सभी प्रशिक्षु अध्यापक मौजूद रहे।

### महिलाओं को मिशन शक्ति की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मिशन शक्ति योजना के तहत 2 से 12 सितंबर तक चलाए जा रहे 10 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान के तहत सोमवार को आंगनबाड़ी वृत्त हमीरपुर-2 में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर की अध्यक्षता करते हुए जिला कार्यक्रम अधिकारी अनिल कुमार ने कहा कि मिशन शक्ति का उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन सुनिश्चित करना है। मिशन शक्ति की जिला समन्वयक कल्पना ठाकुर ने महिलाओं और बालिकाओं के लिए टोल फ्री हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। इनमें 1090 वुमेन पॉवर, 181 महिला हेल्पलाइन, 1100 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112 पुलिस, 108 एंबुलेंस, 102 स्वास्थ्य और 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन शामिल हैं। इसके अलावा, हिंसा और अत्याचार की शिकार महिलाओं के लिए सखी वन स्टॉप सेंटर स्थापित किए गए हैं, जहां अस्थायी आश्रय, पुलिस, कानूनी, चिकित्सा सहायता और परामर्श जैसी सुविधाएं प्रदान की जाती हैं।

### एनएसएस के शैक्षणिक सत्र का थीम पोस्टर जारी

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान, नादौन।** सिद्धार्थ राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय नादौन में एनएसएस के शैक्षणिक सत्र 2025-26 का थीम पोस्टर जारी किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रिंसिपल डॉ. अनिल कुमार गौतम ने पोस्टर का विमोचन किया। इस कार्यक्रम में वाइस प्रिंसिपल प्रो. कल्पना चड्ढा, डॉ. निकिता, डॉ. यशपाल चोपड़ा, प्रो. रवि कांत, प्रोफेसर राजेश चौधरी प्रो. योगेश कोंडल, प्रो. अनीत शर्मा, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नवीन शर्मा तथा प्रो. आदिका शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। नवीन शर्मा ने भी आगामी सत्र की योजनाओं और उद्देश्यों को साझा किया। उन्होंने विशेष रूप से स्वच्छता अभियान, पर्यावरण संरक्षण, युवाओं का सशक्तिकरण तथा सामुदायिक विकास जैसे विषयों पर बल दिया।

### आशुतोष पैरामेडिकल कोर्स के लिए चयनित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पीएम श्री शहीद कैप्टन मृदुल शर्मा हमीरपुर बाल हमीरपुर के छात्र आशुतोष जस्वाल का चयन पीजीआई चंडीगढ़ में पैरामेडिकल कोर्स में हुआ है। सोमवार को स्कूल पहुंचने पर प्रधानाचार्य मुश्ताक मोहम्मद सहित समस्त स्टाफ के सदस्यों ने हार पहना कर उसका स्वागत किया उसे टोपी और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य ने मिठाई खिलाकर उसे बधाई दी। सरकारी स्कूल से पढ़ाई करके आशुतोष ने यह उपलब्धि हासिल की है। आशुतोष ने भी अपनी सफलता का श्रेय अपने अभिभावकों के साथ-साथ अपने बाल स्कूल के अध्यापकों को दिया है।

# वार्डों के पुनर्सीमांकन को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी

## टिक्कर डिडवीं पंचायत को बिना किसी मापदंड के दूसरे वार्ड में किया शामिल, भौगोलिक व जनसंख्या मापदंड की अनदेखी पर आपत्ति

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**



ग्राम पंचायत टिक्कर डिडवीं के ग्रामीण उपायुक्त हमीरपुर अमरजीत सिंह से मिलकर वार्ड पुनर्सीमांकन पर आपत्ति जताते हुए।

**हमीरपुर।** जिला की पांच विधानसभा क्षेत्र की 234 ग्राम पंचायतों को 18 जिला परिषदों वार्डों में बांटने की अधिसूचना उपायुक्त हमीरपुर द्वारा जारी की है। इस अधिसूचना के अनुसार हमारी ग्राम पंचायत टिक्कर डिडवीं को वार्ड नंबर 5 जंगल रोपा में अन्य 14 पंचायतों के साथ शामिल किया गया है। जंगल रोपा वार्ड में टिक्कर डिडवीं पंचायत को मिलाने पर ग्रामीणों ने अपनी आपत्ति जताई।

इसी बात को लेकर ग्राम पंचायत टिक्कर डिडवीं के ग्रामीण सोमवार को उपायुक्त हमीरपुर अमरजीत सिंह से मिले और पंचायत को जंगल रोपा वार्ड में शामिल किए जाने पर आपत्ति दर्ज करवाई और सुझाव भी दिए। प्रतिनिधिमंडल के साथ आए भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष बलदेव धीमान ने बताया कि जिस प्रकार से जिला परिषद वार्ड में ग्राम पंचायत को मिलाया गया है वो हमे मंजूर नहीं है।

उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत डिडवीं टिक्कर की भौगोलिक सीमा कहीं पर भी जंगल रोपा बार्ड की पंचायतें के साथ नहीं मिलती है। ऐसा महसूस हो रहा है कि ग्राम पंचायत गसोता, धरोग व डिडवीं टिक्कर को बिना किसी निर्धारित मापदंड के जंगल रोपा में शामिल किया गया है। जहां हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र की 33 पंचायतों को छोड़कर बाकी चार क्षेत्रों की 201 पचायतों को प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र की चार-चार वार्डों में विभाजित किया है जिसमें सबसे छोटा बार्ड ऊटपुर की 12 पंचायतों की जनसंख्या 13152 पर बनाया गया है तब हमीरपुर क्षेत्र को केवल दो भागों में ही बांटा गया है। उन्होंने बताया कि अगर 25000 जनसख्या को मापदंड माना जाए तो यह केवल एक ही विधानसभा क्षेत्र पर लागू किया गया है। बाकी 201 पंचायतों में जनसंख्या के मापदंड की अनदेखी की गई है। उन्होंने कहा कि जहां गसोता, धरोग व टिक्कर डिडवीं पंचायतों को जंगल रोपा वार्ड में शामिल किया गया है। वहीं गसोता पंचायत से पहले स्थित काले अम्ब व स्वाहल को ताल वार्ड में शामिल किया गया है। इससे पता चलता है कि जानबूझकर भौगोलिक स्थिति को नजरअंदाज किया गया है। जनसंख्या के मापदंड को ध्यान में रखते हुए भोरंज से हमीरपुर में शामिल की गई पंचायतों की जनसंख्या 15617 है जिस पर एक वार्ड ताल बनाया जाना चाहिए था। धरोग पंचायत को भी इसमें में शामिल किया जा सकता था। उन्होंने कहा कि हमीरपुर क्षेत्र की 33 पंचायतों की कुल जनसंख्या 52283 है। पंचायतों की भौगोलिक स्थिति को देखते हुए इससे निम्नलिखित तीन जिला परिषद बार्ड ताल चमनेड व जंगल रोपा गठित होने चाहिए थे।

**टिक्कर डिडवीं व धरोग पंचायत को ताल वार्ड में किया जाए शामिल**

उन्होंने बताया कि हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र को तीन जिला परिषद वार्डो में पुर्नसीमांकन किया जाए ताल, चमनेड व जंगल रोपा। इसके अलावा टिक्कर डिडवी पंचायत व धरोग पंचायत को ताल वार्ड में शामिल किया जाए। इस अवसर पर गोपाल कृष्ण, सुरेश सोनी, अमर चंद, चेन सिंह, बलदेव धीमान, मीना कुमारी, प्रवीन कुमारी, अंजू देवी सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## आशा वर्कर्स होती हैं स्वास्थ्य विभाग की स्तंभ: रणजीत सिंह



सिविल अस्पताल सुजानपुर में आशा वर्कर्स की बैठक के दौरान विधायक रणजीत सिंह।

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

**सूजानपुर** विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने सुजानपुर के सिविल अस्पताल में आयोजित आशा वर्कर की बैठक ली। विधायक ने आशावर्कर्स के साथ बैठक कर उनका धन्यवाद किया और कहा कि आप ही हैं जो समुदाय को स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ती हैं और महिलाओं, बच्चों के स्वास्थ्य का ध्यान रखती हैं।

विधायक ने कहा कि आप अपने आप को छोटा मत समझें, क्योंकि आप ना हो तो स्वास्थ्य के क्षेत्र में काफी नुकसान हो सकता है और आप जिस प्रकार लग्न के साथ कार्यक्रम करती हैं उसके लिए मैं समस्त जनता कि ओर से आपका धन्यवाद करता हूं। मैंने विधानसभा में भी आपके वेतन को बढ़ाने की बात रखी है। विधायक ने कहा कि मैं चाहता हूं इस आपदा कि घड़ी में आप हर उस घर तक पहुंचे, जहां आपदा से नुकसान हुआ है और पर्थम उपचार दें। विधायक ने कहा कि हम भी स्वास्थ्य के क्षेत्र को दिन प्रतिदिन सही करने का प्रयास कर रहे हैं। पहले सिविल अस्पताल में एक्सरे की सुविधा को लगभग 2 साल बाद सुचारु रूप से शुरू करवाया और उसके पश्चात चिकित्स्कों की नियुक्ति करवाए और अब अस्पताल में नई चार नर्स भी आएंगी जिसमे से 2 ने अपना कार्यभार संभाल लिया है। इसी तरह उप स्वास्थ्य केंद्र बीर बगेहरा, जंदरु धैल में स्थायी सीएचओ की नियुक्ति हो गयी है। इस मौके पर बीएमओ डॉ राजकुमार, हमीरपुर एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ सुरिंदर डोगरा, आशा वर्कर्स उपस्थित रही।

## सीपीयू की छात्रा प्रांजल शर्मा ने झटका 37वां रैंक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय की मेधावी छात्रा प्रांजल शर्मा ने सीएसआईआर नेट 2025 परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑल इंडिया 37वां रैंक अर्जित की है। यह परीक्षा जून 2025 में हुई थी और जिसका नतीजा अभी हाल ही में निकला है। यह उपलब्धि न केवल विश्वविद्यालय के लिए गर्व का विषय है बल्कि प्रदेश के लिए भी गौरवपूर्ण क्षण है। सीएसआईआर नेट जैसी प्रतिष्ठित राष्ट्रीय परीक्षा में टॉप रैंक हासिल करना छात्र की कड़ी मेहनत, संकल्प और विश्वविद्यालय के उच्च स्तरीय शैक्षणिक मार्गदर्शन का परिणाम है। प्रांजल का सफर संघर्षों से भरा रहा है। उनके पिता का देहांत पहले ही हो चुका है



और उनकी माता एक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के रूप में समाज सेवा कर रही हैं। आर्थिक और सामाजिक चुनौतियों के बावजूद प्रांजल ने अपने सपनों को साकार करने के लिए कठिन परिश्रम किया। उनकी मेहनत और दृढ़ संकल्प ने यह सिद्ध कर दिया कि परिस्थितियाँ चाहे कैसी भी हों, यदि मन में लगन और लक्ष्य के प्रति निष्ठा हो तो सफलता अवश्य मिलती है। प्रांजल शर्मा की माता ने खुशी जाहिर करते हुए कहा यह हमारे परिवार के लिए गर्व का पल है। प्रांजल ने लगातार कठिन परिश्रम किया और आज उसकी मेहनत रंग लाई है। हमें विश्वास है कि वह आगे भी इसी तरह नए मुकाम हासिल करेगी।

## भोरंज के लग और झंडवी ब्रह्मणा गांव में मकान व गोशाला क्षतिग्रस्त

**अनंत ज्ञान, जाहू**

**भोरंज** उपमंडल के गांवों में मकान ढहने का सिलसिला जारी है। रविवार रात को लगमंवी पंचायत के लग गांव में दो भाईयों केहर सिंह की गोशाला और लवली कुमार का रसोईघर अचानक ढह गया। गनीमत रही कि हादसे के समय परिवार के सदस्य पास ही बने दूसरे मकान में थे, जिससे बड़ा नुकसान टल गया। वहीं रसोईघर से सटे कमरे में दरारें आने के बाद विभाग ने उसे खाली करवा दिया। इसी दौरान झंडवी ब्रह्मणा गांव में कश्मीर सिंह का दो मंजिला स्लेटपोश मकान दरारों के कारण जमींदोज हो गया। मकान के मालिक ने बताया कि ढहने से उन्हें लाखों रुपए का नुकसान हुआ है।

**नुकसान का किया आकलन**

**हल्का** पटवारी सुनील कुमार ने मौके पर पहुंचकर नुकसानों का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि झंडवी ब्रह्मणा गांव में लगभग दो लाख रुपये और लग गांव में मकान व गोशाला गिरने की रिपोर्ट तैयार कर उच्च अधिकारियों को सौंप दी गई है।

## बारिश से कुल 217 करोड़ रुपए का नुकसान

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

मानसून सीजन के दौरान जिला हमीरपुर में नुकसान का कुल आंकड़ा 217 करोड़ रुपए से भी अधिक हो गया है। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) के जिला एमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर (डीईओसी) में सोमवार दोपहर तक प्राप्त रिपोर्टों के अनुसार जिले भर में व्यापक नुकसान हुआ है। इस दौरान लोक निर्माण विभाग को सर्वाधिक 110.57 करोड़ रुपए, जल शक्ति विभाग को 95.22 करोड़ रुपए, बिजली बोर्ड को 2.07 करोड़ और शिक्षा विभाग को 1.94 करोड़ रुपए, स्वास्थ्य विभाग डेढ़ लाख और मत्स्य पालन विभाग को 55 हजार रुपए की क्षति हुई है। बागवानी विभाग ने विभिन्न फसलों को हुए 18.06 लाख रुपए और कृषि विभाग ने 35.02 लाख रुपए के नुकसान की रिपोर्ट प्रेषित की है। 61 कच्चे मकान और 4 पक्का मकान ध्वस्त होने से लगभग 1.87 करोड़ रुपए के नुकसान का अनुमान है। 366 अन्य कच्चे मकानों और 29 पक्के मकानों को आंशिक रूप से क्षति पहुंची है, जिससे 2.32 करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान हुआ है। 48 अन्य भवनों को भी लगभग 18 लाख रुपए की क्षति पहुंची है। जिले भर में 128 डंगे गिरे हैं।

## आपदा पर भाजपा के सवालों और अपनी जिम्मेदारियों से क्यों भाग रहे सीएम सुक्खू

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

**विधायक आशीष शर्मा और इंद्रदत्त लखनपाल ने पूछा सवाल**

हमीरपुर से विधायक आशीष शर्मा व बड़सर विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने जारी संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से पूछा कि आखिर आपदा की इस घड़ी में अपनी जिम्मेदारियों से क्यों भाग रहे और भाजपा द्वारा उठाये सवालों का जवाब क्यों नहीं दे रहे हैं। आशीष शर्मा व इंद्रदत्त लखनपाल ने जारी संयुक्त प्रेस बयान में कहा कि आज हिमाचल प्राकृतिक आपदा की मार झेल रहा है मगर मुख्यमंत्री अपनी जिम्मेदारियों से भाग रहे हैं। आपदा की घड़ी में प्रदेश हित में काम करने की बजाय वो सिर्फ मीडिया में बयानबाजी तक ही सीमित हैं।

सुक्खू आखिर क्यों आपदा को लेकर भाजपा के सवालों का जवाब देने की बजाय राजनीतिक रोटियाँ सेंक रहे हैं। भाजपा द्वारा बार बार मुख्यमंत्री से पूछा जा रहा है कि आपदा में जिन लोगों के मकान पूरी तरह ध्वस्त हुए उन्हें 7 लाख रुपए व जिनके मकानों को आंशिक रूप से नुकसान पहुंचा है उन्हें 1 लाख रुपए देने की घोषणा तो आपने कर दी मगर अब तक आपने कितने लोगों तक ये मदद पहुंचाई इसका जवाब आप क्यों नहीं देते। कितने आपदा प्रभावितों को आपने तिरपाल दिये इसके आंकड़े आप क्यों नहीं देते। 2023 में कांग्रेस सरकार आपदा पीड़ितों के लिए 4500 करोड़ रुपए की घोषणा करती है, मगर हकीकत में अब तक इन्होंने सिर्फ 256 करोड़ रुपए ही मदद के रूप में जारी कर पाये है, आखिर बाकी के पैसे अब तक आपदा पीड़ितों को क्यों नहीं बांटे गए। क्या वो पैसा अपने मित्रों को बांट दिया।

प्रदेश सरकार सार्वजनिक रूप से कहती है कि केंद्र सरकार सहयोग नहीं करती, मगर विधानसभा में लिखित रूप में मानते हैं कि केंद्र सरकार से आपदा के दौरान पिछले 3 वर्षों में हजारों करोड़ रुपये हिमाचल को मिले हैं। ये जगह-जगह कहते हैं कि इस वर्ष केंद्र सरकार से कोई पैसा नहीं मिला, और वहीं विधानसभा में लिखित में मानते हैं कि सिर्फ इस वर्ष अभी तक 1087 करोड़ रुपये से ज्यादा की मदद केंद्र से मिल चुकी है। मुख्यमंत्री क्यों नहीं बताते कि आखिर केंद्र से आये पैसे को अभी तक कितना खर्च कर पाये और इस आपदा में राज्य सरकार की ओर से कितना खर्च किया इन्होंने। सुक्खू आखिर तथ्यों और आंकड़ों पर बात करने की बजाए सिर गोल-मोल बातें कर जनता को गुमराह क्यों कर रहे हैं।

## कर्मचारियों की जेब पर सरकार का डाका: राणा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता और सुजानपुर के पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने कहा कि कांग्रेस सरकार अब सुविधा देने वाली नहीं बल्कि सुविधा छीनने वाली बन गई है। उन्होंने कहा कि सरकार कर्मचारियों के वेतन-भत्ते रोककर, एरियर का भुगतान बंद करके, मेडिकल बिल न चुकाकर और पूर्व भाजपा सरकार द्वारा दिए गए उच्च वेतनमान का लाभ भी छीनकर सीधे कर्मचारियों की जेब पर डाका डाल रही है।

वित्त विभाग ने शनिवार को अधिसूचना जारी कर उस सुविधा को समाप्त करने का निर्णय लिया, जिसके तहत तीन जनवरी 2022 से पूर्व नियुक्त 89 श्रेणियों के कर्मचारियों को दो साल का नियमित कार्यकाल पूरा करने पर उच्च वेतनमान दिया गया था। विभाग ने सभी सरकारी विभागों को निर्देश दिया कि इन कर्मचारियों का वेतन पुनः निर्धारित किया जाए। राजेंद्र राणा ने कहा कि इस फैसले से प्रदेश के हजारों कर्मचारियों को प्रतिमाह लगभग 15 हजार रुपए से अधिक का नुकसान होगा। उन्होंने सवाल उठाया कि जब महंगाई लगातार बढ़ रही है, तब कर्मचारियों को राहत देने की बजाय उनकी जेब खाली करना अन्यायपूर्ण है। राणा ने चेतावनी दी कि प्रदेश का कर्मचारी वर्ग इस लूट को बर्दाश्त नहीं करेगा।

## जेसीसी की बैठक में लिए निर्णयों को बिजली बोर्ड प्रबंधन नहीं कर रहा जारी



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

**पेंशनरों में नाराजगी लंबित वित्तीय लाभ नहीं दिए तो होगा आंदोलन**

बिजली बोर्ड पेंशनर फोरम यूनिट हमीरपुर की बैठक प्रधान जोगिंद्र लाल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में वरिष्ठ उप प्रधान राज्य विद्युत फोरम कुलदीप खरवाड़ा, रमेश शर्मा, जिला महासचिव विजय शर्मा तथा लगभग 50 से अधिक सदस्य उपस्थित रहे।

बैठक में खरवाड़ा ने कहा कि 12 अगस्त को मुख्यमंत्री के साथ हुई बिजली बोर्ड संयुक्त संघर्ष समिति की बैठक में लिए गए निर्णयों को बोर्ड प्रबंधन लागू नहीं कर रहा है। पेंशनरों को संशोधित ग्रैच्युटी, लीव इन कैशमेंट और अन्य वित्तीय लाभ अभी तक नहीं मिले हैं। यदि लंबित वित्तीय लाभ जल्द जारी नहीं किए गए, तो संयुक्त संघर्ष समिति फिर से आंदोलन की रूपरेखा तैयार करेगी। उन्होंने कहा कि बोर्ड एक तरफ स्मार्ट मीटर लगाने की योजना बना रहा है, जबकि हजारों खराब मीटर बदलने के लिए फंड नहीं है। इससे उपभोक्ताओं को वर्तमान बिल की तुलना में अधिक बिल देना पड़ सकता है और कर्मचारियों पर भी असर पड़ेगा।

बैठक में रमेश शर्मा, विजय शर्मा और जितेन्द्र धीमान ने भी संबोधित करते हुए बोर्ड से पेंशनरों के वित्तीय लाभ की तत्काल अदायगी, बोर्ड में रेगुलर भर्ती और महंगाई भत्ते की किस्त जल्द जारी करने की मांग की।

## भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बनीं गुंजन, विधायक ने किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**



भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बनने पर गुंजन को विधायक आशीष शर्मा ने सम्मानित किया।

हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र के दड़योटा गांव के अरुण कुमार की बेटी गुंजन ने भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बनकर इतिहास रच दिया है। गुंजन की इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर हमीरपुर के विधायक आशीष शर्मा ने अपनी धर्मपत्नी सहित उनके घर जाकर सम्मानित किया। विधायक आशीष शर्मा ने कहा कि यह पूरे हमीरपुर के लिए गर्व का क्षण है। वीर भूमि हमीरपुर से महिला लेफ्टिनेंट बनकर निकली गुंजन अब देश की सीमाओं की प्रहरी बनकर रक्षा करेगी और जिले का नाम रोशन करेगी। उन्होंने कहा कि आज बेटियां हर क्षेत्र में बेटों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रही हैं और देश के विकास में अपनी अहम भागीदारी निभा रही हैं।

गुंजन की इस सफलता ने यह साबित कर दिया है कि महिलाएं भी पुरुषों के समान देश की सेवा कर सकती हैं। उनकी कहानी अन्य युवतियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है, जो सेना में शामिल होकर देश की रक्षा का सपना देख रही हैं।

विधायक आशीष शर्मा ने गुंजन को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनकी यह उपलब्धि न केवल हमीरपुर बल्कि पूरे प्रदेश का गौरव बढ़ाने वाली है। इस अवसर पर स्थानीय बूथ कमेटी सदस्य और बड़ी संख्या में ग्रामीण भी मौजूद रहे।

## प्रयास संस्था की फ्री ऑक्सीजन सेवा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हमीरपुर में प्रयास संस्था हिमाचल प्रदेश के विभिन्न जिलों में घर द्वार पर जनता को निशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। पूर्व केंद्रीय मंत्री और सांसद अनुराग ठाकुर के मार्गदर्शन में संस्था जनकल्याणकारी योजना के तहत मोबाइल स्वास्थ्य सेवा चला रही है। इसके माध्यम से प्रतिदिन लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं, व्हीलचेयर व ऑक्सीजन कंसंट्रेटर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। संस्था के संयोजक संजीव राजपूत ने बताया कि यह सेवा विशेष रूप से उन मरीजों के लिए लाभकारी है जिन्हें घर पर ऑक्सीजन सपोर्ट की आवश्यकता होती है और जो अस्पताल या महंगे उपकरणों तक नहीं पहुँच सकते। अब तक लगभग 30 ऑक्सीजन कंसंट्रेटर विभिन्न मरीजों को वितरित किए जा चुके हैं। 8 सितंबर को अवाहदेवी कार्यालय से ग्राम पंचायत राजपुरा, संगीरठी और डाकघर नोआ में सांस की बीमारी से पीड़ित मरीज विश्वनाथ को फ्री ऑक्सीजन कंसंट्रेटर प्रदान किया गया। जरूरतमंद मरीज डॉक्टर की प्रिस्क्रिप्शन व आवश्यक दस्तावेज दिखाकर प्रयास संस्था के कार्यालय से उपकरण प्राप्त कर सकते हैं।

## नियमों के तहत नहीं करवाए गए हिमाचल कबड्डी एसोसिएशन के चुनाव: कृष्ण लाल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



**एसोसिएशन के प्रदेश सचिव ने अवैध चुनावों पर सरकार से की कार्रवाई की मांग**

हिमाचल प्रदेश कबड्डी एसोसिएशन के हाल ही में जिला सोलन में हुए प्रदेश स्तरीय चुनाव को लेकर प्रदेश सचिव कृष्ण लाल ने सवाल उठाए हैं। प्रदेश सचिव कृष्ण लाल ने प्रेसवार्ता में कहा 7 सितंबर को प्रदेश स्तरीय चुनाव आयोजित किए गए। इसमें मैंने सभी जिलों के पदाधिकारियों से दस्तावेज लाने के लिए कहा था। उन्होंने कहा कि मेरे नेतृत्व में अभी तक पांच जिलों के चुनाव हो चुके हैं जबकि दूसरे जिलों चुनाव नहीं हुए हैं। ऐसे में पांच जिलों के अलावा दूसरे जिलों के चुनाव कागजों में ही करवाए और प्रदेश स्तरीय चुनाव करवा दिए गए। उन्होंने कहा कि यह चुनाव अवैध तरीके से करवाए गए हैं और मैं इन चुनावों को हाई कोर्ट में चुनौती दूंगा। उन्होंने कहा कि यह चुनाव नियमों के तहत आयोजित किए जाने थे लेकिन ऐसा नहीं किया गया। उन्होंने नियमों को दरकिनार कर चुनाव करवा दिए। उन्होंने कहा कि पांच जिलों के डेलीगेट आपदा की वजह से नहीं आए थे और एसोसिएशन के भी बहुत कम लोग इन चुनावों में पहुंचे थे। इसके बाद उन्होंने एक दूसरे को हार पहनाए और इसके फोटो फेसबुक पर डाल दिए। उन्होंने कहा कि मैं पहले ही आपदा की वजह से चुनाव स्थगित करने की मेल सभी कर दी थी बावजूद इसके चुनाव करवाए गए। उन्होंने कहा कि ओलंपिक से और एफआई से आए आब्र्जवर से भी कहा कि यह चुनाव नहीं हो सकते, लेकिन वो भी नहीं माने। उन्होंने कहा कि मैं नहीं चाहता कि मुझे ही प्रदेश सचिव बनाया जाए, लेकिन जो चुनाव प्रक्रिया है उसे पूरा किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस व्यक्ति को प्रदेश सचिव बनाया गया है वो जिला सिरमौर का 25 वर्षों से जिला प्रधान चला हुआ है वो पहले ही बाहर हो चुका है। उन्होंने कहा कि यह पूर्ण रूप से अवैध हैं और वे हाईकोर्ट में इसकी याचिका दर्ज करवा रहा हूं। उन्होंने कहा कि बरसात के बाद प्रदेश स्तरीय चुनावों की तारीख तय की जाएगी उसके बाद ही यह चुनाव करवाए जाएंगे। उन्होंने प्रदेश सरकार से भी आग्रह किया है कि सोलन जिला में करवाए गए अवैध चुनावों पर कार्रवाई की जाए।

## न्यूज ब्रीफ

### पीएम ने जीएसटी में दिया बड़ा तोहफा : डेजी ठाकुर



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्षा डेजी ठाकुर ने कहा है कि प्रधानमंत्री मोदी ने मध्यम वर्गीय परिवारों को जीएसटी में ऐतिहासिक सुधार करके एक बड़ा तोहफा दिया है। डेजी ठाकुर ने बताया कि 2014 से पहले वस्तुओं पर लगने वाले टैक्स के जटिल जाल से आम आदमी और मध्यम वर्ग पर भारी बोझ पड़ता था। उन्होंने कहा कि जीएसटी के आने से कर प्रणाली सरल हुई है, और अब प्रधानमंत्री मोदी तथा वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जीएसटी दरों में कटौती और सरलता लाकर परिवारों को बड़ी राहत दी है। डेजी ठाकुर ने यह भी कहा कि इस सुधार से जीडीपी की खपत में 10 फीसदी की वृद्धि होने पर अतिरिक्त 20 लाख करोड़ का उत्पादन और रोजगार बढ़ेगा, जिससे देश की अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का मध्यम वर्ग के प्रति समर्पण समय-समय पर दिखाई देता रहा है, चाहे वह आयकर में 12 लाख तक की आय पर राहत हो या जीएसटी में व्यापक सुधार। आज, मध्यमवर्गीय घरों में इस्तेमाल होने वाले इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जैसे टेलीविजन, रेफ्रिजरेटर, माइक्रोवेव ओवन, मोबाइल फोन और सोलर पैनल जैसे उत्पादों पर भी टैक्स का बोझ कम हुआ है। उन्होंने आगे कहा कि रोटी कपड़ा और मकान के साथ-साथ रसोई में उपयोग होने वाले सामानों पर भी कर का भार हल्का हुआ है, जिसे उन्होंने प्रधानमंत्री का एक महत्वपूर्ण निर्णय बताया।

### कांग्रेस सरकार कर्मचारी विरोधी : सुरेश कश्यप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और सांसद सुरेश कश्यप ने हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर कर्मचारियों के हितों के खिलाफ काम करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने पुरानी पेंशन योजना का वादा करके सत्ता हासिल की, लेकिन अब वह लगातार कर्मचारी विरोधी फैसले ले रही है, जिससे कर्मचारियों को न तो पेंशन, न महंगाई भत्ता, और न ही वेतन वृद्धि मिल रही है। कश्यप ने विशेष रूप से सरकार के उस फैसले का विरोध किया है जिसमें हायर ग्रेड पे पर लगी दो साल की राइडर शर्त को हटा दिया गया है। उनके अनुसार, यह फैसला कर्मचारियों के वेतन को 10,000 से 20,000 तक कम कर देगा, जिससे उनमें भारी रोष है। कश्यप ने इस फैसले को तुगलकी फरमान बताते हुए कहा कि इससे 2019 और 2020 में नियुक्त 89 श्रेणियों के कर्मचारी प्रभावित होंगे, और कई लोगों का वेतन आधा रह जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने यह नोटिफिकेशन वापस नहीं लिया, तो प्रदेश में सरकारी कामकाज पूरी तरह से ठप हो जाएगा।

### कांग्रेस सरकार ने सैलरी कटौती का दिया तोहफा : त्रिलोक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता और विधायक त्रिलोक जम्वाल ने कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने एक तुगलकी फरमान जारी करके कर्मचारियों को मिलने वाले फाइनेंशियल लाभ और ग्रेड पे को वापस ले लिया है। इस फैसले से कर्मचारियों को हर महीने 15 से 20 हजार रुपये का नुकसान होगा। त्रिलोक ने इस फैसले को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि जहां आमतौर पर दिवाली और दशहरे पर कर्मचारियों को डीए और अन्य वित्तीय लाभ मिलते हैं, वहीं हिमाचल की सरकार ने इस मौके पर कर्मचारियों की सैलरी में कटौती का 'तोहफा' दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह सरकार शुरू से ही कर्मचारियों और बेरोजगारों के साथ खिलवाड़ कर रही है। उन्होंने कहा कि जब यह सरकार सत्ता में आई, तो इसने 600 से ज्यादा संस्थानों को बंद कर दिया, और आज उनके अपने जवाब के अनुसार, पिछले ढाई सालों में लगभग ढाई हजार संस्थान बंद किए गए हैं। इन संस्थानों को बंद करने से न केवल कर्मचारियों की पदोन्नति के रास्ते बंद हुए हैं, बल्कि उन बेरोजगारों की उम्मीदों पर भी पानी फिर गया है, जिन्हें रोजगार मिलने की आस थी। त्रिलोक ने कहा कि अगर इन बंद किए गए संस्थानों में से हर संस्थान में 20 लोगों को भी रोजगार मिलता, तो 50,000 युवाओं को रोजगार मिल सकता था, लेकिन सरकार ने यह मौका भी छीन लिया। त्रिलोक जम्वाल ने सरकार पर और भी गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि सरकार ने एक नोटिफिकेशन जारी कर एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग के लिए बैकलॉग में रखी गई लगभग डेढ़ लाख सरकारी पोस्टें भी खत्म कर दीं।

# पंचायतों को आय के नए स्रोत विकसित करने होंगे

## अनिरुद्ध बोले-हिमाचल प्रदेश का भविष्य शिक्षा और स्वास्थ्य ढांचे पर निर्भर

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** सरकार आत्मनिर्भर राज्य की दिशा में ठोस कदम बढ़ा रही है। पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास मंत्री अनिरुद्ध और लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य ने कहा कि प्रदेश की वित्तीय चुनौतियों और प्राकृतिक आपदाओं के बावजूद विकास कार्यों की गति धीमी नहीं हुई है। सरकार का लक्ष्य है कि गांव से लेकर शहर तक ऐसी व्यवस्थाएं हों जो भविष्य में प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाएं। शिमला ग्रामीण क्षेत्र की घंडल पंचायत में नए पंचायत घर का लोकार्पण किया गया।

अनिरुद्ध ने कहा कि हिमाचल का भविष्य शिक्षा और स्वास्थ्य ढांचे पर निर्भर है। शिमला ग्रामीण में राष्ट्रीय लॉ यूनिवर्सिटी, ज्यूडिशियल अकादमी, राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान और डिग्री कॉलेज जैसे संस्थान स्थापित किए गए हैं। सरकार प्रदेश में अत्याधुनिक पंचायत घर तैयार कर रही है, जिनमें नागरिक सुविधाओं के साथ डिजिटल सेवाओं की उपलब्धता भी होगी। प्रदेश सरकार आत्मनिर्भरता की दिशा में योजनाबद्ध तरीके से काम कर रही है और चमियाना में प्रस्तावित सुपर स्पेशियलिटी स्वास्थ्य सुविधा पर करीब 2000 करोड़ खर्च किए जाएंगे।



अनिरुद्ध सिंह और विक्रमादित्य सिंह विकासात्मक कार्यों का लोकार्पण करते हुए।

### आधुनिक पंचायत घर बनाने का काम तेज होगा

**प्रदेश** सरकार ने 150 पंचायत घरों को आधुनिक स्वरूप देने का निर्णय लिया है। पहले इन पर 33 लाख रुपए खर्च किए जाते थे, लेकिन अब प्रत्येक पंचायत घर पर 1 करोड़ 14 लाख रुपए तक व्यय किया जा रहा है। इन भवनों का एक समान डिजाइन लोक निर्माण विभाग द्वारा तैयार किया गया है। घंडल पंचायत का भवन इसका प्रतीकात्मक उदाहरण है, जो प्रदेश में पंचायत स्तर पर आधुनिक सुविधाओं और आत्मनिर्भरता के नए दौर की शुरुआत का संकेत देता है।

### आत्मनिर्भरता के लिए पंचायतों की सक्रिय भागीदारी जरूरी

**विक्रमादित्य** सिंह ने कहा कि प्रदेश आज आर्थिक संकट और आपदा के दोहरे दबाव से गुजर रहा है। अकेले लोक निर्माण विभाग को 2400 करोड़ रुपए का नुकसान उठाना पड़ा है। इसके बावजूद सैकड़ों मार्ग बहाल किए गए और विभागीय मशीनरी लगातार सक्रिय है। उन्होंने कहा कि ऐसे हालात में सरकार अकेले आत्मनिर्भरता की राह पर नहीं चल सकती, बल्कि पंचायतों को भी अपने स्तर पर आय के नए स्रोत तलाशने होंगे। हर पंचायत को अपनी संपत्तियों और संसाधनों से आय बढ़ाने की दिशा में कदम बढ़ाना होगा, ताकि प्रदेश की तरक्की हो सके और आत्मनिर्भर बन सके।

# पंचायत चुनाव की तैयारियां शुरू 26 से शुरू होंगी विशेष ग्राम सभाएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव से पहले राज्य निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची के अपडेशन के लिए विशेष ग्राम सभाओं का नया शेड्यूल जारी किया है। पहले ये बैठकें 20 से 26 सितंबर तक प्रस्तावित थीं, लेकिन भारी बारिश और आपदा की स्थिति को देखते हुए अब इन्हें 26 सितंबर से 2 अक्तूबर तक आयोजित किया जाएगा।

जानकारी के अनुसार विशेष ग्राम सभाओं का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र मतदाता सूची से बाहर न रह जाए। जिन लोगों का नाम दर्ज नहीं है, वे इस अवधि में अपना नाम जुड़वा सकेंगे। वहीं जिनकी मृत्यु हो चुकी है, उनके नाम सूची से हटाने का भी प्रावधान रहेगा। निर्वाचन आयोग का कहना है कि यह प्रक्रिया चुनावी पारदर्शिता और निष्पक्षता के लिए अनिवार्य है।

प्रदेश में अब कुल 3577 पंचायतें रह गई हैं। इनमें वार्ड पंच, प्रधान और उपप्रधान के साथ 91 पंचायत समितियों और 12 जिला परिषदों के 249 सदस्यों के चुनाव भी होने हैं। चुनावी कैलेंडर के अनुसार यह समूची प्रक्रिया जनवरी 2026 से पहले पूरी करनी होगी।

**मतदाता सूची में नाम जोड़ने और हटाने का मिलेगा अवसर**

### आखिरी अपील में नाम जांचने का अवसर

**राज्य** निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया है कि पंचायत चुनावों के लिए बनाई गई मतदाता सूची भारतीय चुनाव आयोग की सूची से अलग होती है। ऐसे में हर पात्र व्यक्ति को अपनी पंचायत में जाकर नाम की जांच करनी चाहिए। यदि नाम दर्ज नहीं है तो उसे इस अवसर पर शामिल करवाना जरूरी है। आयोग का कहना है कि यह जिम्मेदारी हर मतदाता को खुद निभानी होगी ताकि लोकतंत्र की जड़ें और मजबूत हो सकें।

# दशहरा मेले में देवी-देवताओं को मेले में आने का दिया निमंत्रण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**एसडीएम रामेलेजेश वर्मा ने विभागों और कारदारों को दिए निर्देश**

आगामी जिला स्तरीय दो दिवसीय दशहरे के सफल आयोजन की तैयारियों के लिए आज सुन्नी के खंड शिक्षा अधिकारी प्राथमिक कार्यालय में एक बैठक आयोजित हुई। इसकी अध्यक्षता उपमंडलाधिकारी नागरिक सुन्नी, राजेश वर्मा ने की।

बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी, मेले से जुड़े पदाधिकारी और देवी-देवताओं के कारदार उपस्थित रहे। इस दौरान एसडीएम ने सभी कारदारों के माध्यम से देवी-देवताओं को मेले में आने का विनम्र निमंत्रण दिया। उन्होंने बताया कि देवी-देवताओं और उनके साथ आने वाले देवालुओं के ठहरने की व्यवस्था पहले से तय जगहों पर की गई है और जरूरत पड़ने पर सुन्नी के सामुदायिक भवन में भी अतिरिक्त व्यवस्था की जाएगी। इस बार भी दशहरा मेला सुन्नी के मेला ग्राउंड में आयोजित होगा। मेले का शुभारंभ देवी-देवताओं के विधिवत आगमन और स्वागत के साथ किया जाएगा। विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा।

एसडीएम ने सभी विभागों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जल शक्ति, स्वास्थ्य, बिजली, अग्निशमन, लोक निर्माण, परिवहन और पुलिस विभागों को पानी, स्वास्थ्य, बिजली और सुरक्षा जैसी जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी सौंपी।

# त्रिपुरा सरकार ने हिमाचल को दी 5 करोड़ की सहायता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश और बाढ़ के कारण आई आपदा से निपटने के लिए त्रिपुरा सरकार ने आपदा राहत कोष में पांच करोड़ रुपए की सहायता राशि प्रदान की है। इस योगदान के लिए हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा का आभार व्यक्त किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि त्रिपुरा द्वारा दी गई यह सहायता राशि आपदा प्रभावितों को राहत पहुंचाने में काफी मददगार साबित होगी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार युद्ध स्तर पर राहत और पुनर्वास कार्यों में जुटी हुई है।

इसके साथ ही उन्होंने प्रदेश की मदद के लिए आगे आने वाले सभी लोगों और संस्थाओं का भी हृदय से आभार व्यक्त किया।

# कांग्रेस के पास शासन चलाने के लिए न नीति, न ही नीयत : रवि शंकर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



भाजपा के वरिष्ठ नेता और सांसद रवि शंकर प्रसाद ने कांग्रेस पर हिमाचल प्रदेश में सरकारी कर्मचारियों की सैलरी में कटौती करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि जब हिमाचल में भाजपा की सरकार थी, तो उन्होंने सरकारी कर्मचारियों की सैलरी बढ़ाकर राहत दी थी। इसके उलट, वर्तमान कांग्रेस सरकार ने राज्य की खराब वित्तीय स्थिति का हवाला देते हुए सैलरी में कटौती का आदेश जारी किया है।

रवि शंकर प्रसाद ने कांग्रेस के 'खटाखट मॉडल' पर भी सवाल उठाया। उन्होंने पूछा कि क्या यह जनता को धोखा देने का तरीका है? साथ ही, उन्होंने यह पूछा कि क्या इस मॉडल से किसानों और युवाओं की समस्याओं का समाधान हो सकता है। प्रसाद ने कर्नाटक, हिमाचल और तेलंगाना का उदाहरण देते हुए कांग्रेस के गवर्नेंस रिकॉर्ड को बेहद खराब बताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास शासन चलाने के लिए न तो नीति है, न ही नीयत, और न ही क्षमता।

प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस सरकार जनता को बड़े-बड़े दावे करके धोखा देती है, लेकिन जब जिम्मेदारी की बात आती है तो रोना शुरू कर देती है।

उन्होंने दावा किया कि हिमाचल में कांग्रेस सरकार इतनी कमजोर हो गई है कि वे सरकारी गाड़ियों को भी बेच रही है क्योंकि वे प्रबंधन नहीं कर पा रही।

# 11वीं कक्षा की प्रवेश तिथि बढ़ाए सरकार : नेगी

**दशमी रावत, अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** हिमाचल प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ ने प्रदेश के शिक्षा मंत्री व शिक्षा निदेशक से आग्रह किया है कि 10वीं कक्षा के री-चेकिंग व री-इवैल्यूएशन के परिणाम एवं एसओएस (स्टेट ओपन स्कूल) से पास हुए विद्यार्थियों को 11वीं कक्षा में प्रवेश का पूरा अवसर मिल सके! इसके लिए प्रवेश तिथि को 15 सितंबर तक बढ़ाया जाए।

हिमाचल प्रदेश प्रवक्ता संघ के प्रदेश अध्यक्ष अजय नेगी ने बताया कि 10वीं की री-चेकिंग व री-इवैल्यूएशन एवं एसओएस का परिणाम 3 सितंबर को घोषित होने के कारण अनेक विद्यार्थी 11वीं कक्षा में प्रवेश नहीं ले पा रहे हैं। यदि प्रवेश तिथि नहीं बढ़ाई गई तो बच्चों का एक साल बर्बाद हो जाएगा। उन्होंने कहा कि यह विद्यार्थियों के भविष्य का सवाल है ।

# नीरसू में लगाए पिंजरे से पकड़ा तेंदुआ

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** नीरसू में लगाए गए पिंजरे में एक तेंदुआ कल रात सुरक्षित रूप से पकड़ा गया है। निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार उसका स्थानांतरण किया गया है। डीएफओ रामपुर गुरु हर्ष सिंह ने बताया कि यह सुनिश्चित करने के लिए कि यही वह तेंदुआ था जिसकी गतिविधि दत्तनगर और नीरसू क्षेत्र में दर्ज की जा रही थी इसलिए अभी भी कुछ दिनों तक सतर्कता बनाए रखना आवश्यक है।

कैमरा ट्रैप निगरानी भी लगातार जारी है ताकि आगे की गतिविधियों का पता लगाया जा सके। उन्होंने स्थानीय निवासियों से अनुरोध किया है कि बच्चों को घर से बाहर केवल बड़ों की देखरेख में ही निकलने दें।

वन मंडल अधिकारी ने बताया कि इस अभियान में रामपुर परियोजना के पशु चिकित्सा विभाग तथा स्थानीय निवासियों ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया है। अकेले बाहर न जाएं, समूह में ही जाएं। सुबह, शाम और रात के समय विशेष सावधानी बरतें। यदि किसी प्रकार की गतिविधि नजर आती है तो 94598-00007, 8219255606 पर जानकारी दें।

# पुजारली गांव के दो युवकों से 4.73 ग्राम चिट्टा बरामद

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू**

पुलिस थाना रोहड़ू के अंतर्गत हेड कांस्टेबल कुलदीप सिंह प्रभारी डिटेक्शन सेल उपमंडल रोहड़ू द्वारा 8 सितंबर को एनडीपीएस अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है।



पुलिस के अनुसार 7 सितंबर को एक गुप्त सूचना पर 28 वर्षीय सुनील कुमार व 32 वर्षीय शिवम कुमार निवासी गांव पुजारली डाकघर डोडरा, तहसील क्वार जिला शिमला हिमाचल प्रदेश के पास से पिकअप वाहन एचपी 10सी-6578 के साथ 4.73 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया है। वहीं एसडीपीओ रोहड़ू प्रणव चौहान ने इस मामले की पुष्टि की है।

# रोहड़ू कॉलेज में आशीष और महक बने मिस्टर और मिस फ्रेशर

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू**

राजकीय फार्मेसी महाविद्यालय रोहड़ू में फ्रेशर्स पार्टी 2025 का आयोजन बड़े उत्साह व उल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रथम, तृतीय और चतुर्थ वर्ष के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों के स्वागत के साथ हुई। इस मौके पर छात्र-छात्राओं द्वारा कई रंगारंग प्रस्तुतियां पेश की गईं।

इस दौरान मिस्टर फ्रेशर आशीष, मिस फ्रेशर महक, मिस्टर पर्सनैलिटी आर्यन, मिस पर्सनैलिटी प्रियदर्शिनी विजेता रहे, जिन्हें समारोह के दौरान सम्मानित भी किया गया। इस समारोह का समापन द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत नाटी के साथ हुआ।

कार्यक्रम के अंत में सहायक आचार्य डॉ. हरीश कुमार वर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

# विमल नेगी मौत मामले में हरिकेश को 26 तक मिली अंतरिम राहत

**पुष्पेंद्र, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने एचपीपीसीएल के चीफ इंजीनियर विमल नेगी की रहस्यमयी मौत से जुड़े मामले में पावर कॉर्पोरेशन के पूर्व एमडी हरिकेश मीणा को मिली अंतरिम राहत को बढ़ाते हुए अब 26 सितंबर तक जारी रखने के आदेश दिए हैं।

इसी प्रकरण में आरोपी बनाए गए पूर्व निदेशक देसराज को सुप्रीम कोर्ट पहले ही 25 सितंबर तक राहत दे चुका है। इससे पहले 7 अप्रैल को हाईकोर्ट ने प्रार्थी हरिकेश मीणा को अंतरिम राहत प्रदान करते हुए जांच एजेंसी को उनके खिलाफ किसी भी तरह की दंडात्मक कार्यवाही न करने के निर्देश दिए थे।

अदालत ने इस मामले में नए प्रतिवादी बनाए गए सीबीआई को स्टेटस रिपोर्ट दायर करने के आदेश दिए थे। सीबीआई की ओर से रिपोर्ट पेश कर इसकी प्रति शिकायतकर्ता और प्रार्थी दोनों को सौंपी गई है। मामले की सुनवाई न्यायाधीश विरेंद्र सिंह के समक्ष हुई।

### संजय अवस्थी के खिलाफ मामला वापसी पर हाईकोर्ट में सुनवाई टली

**भ्रष्टाचार और जालसाजी का मामला**



**प्रदेश** हाईकोर्ट में विधायक संजय अवस्थी के खिलाफ दर्ज भ्रष्टाचार और जालसाजी से जुड़े आपराधिक मामले को राज्य सरकार द्वारा वापस लेने से संबंधित आवेदन पर सोमवार को सुनवाई टल गई। अब यह मामला 15 सितंबर को सुना जाएगा।अवस्थी को कोर्ट से कोई राहत नहीं मिली है।

राज्य सरकार ने खंडपीठ के समक्ष विशेष न्यायाधीश सोलन द्वारा आरोप तय करने से जुड़े आदेश रिकॉर्ड पर पेश किए। मुख्य न्यायाधीश गुरमीत सिंह संधावालिया और न्यायाधीश रंजन शर्मा की खंडपीठ के समक्ष यह सुनवाई हुई। सरकार ने आवेदन दायर कर अवस्थी के खिलाफ दर्ज मुकद्दमा वापस लेने की अनुमति मांगी है। अवस्थी ने एकल पीठ के समक्ष याचिका दायर कर अपने खिलाफ दर्ज मुकद्दमे को रद्द करने की मांग की थी। याचिका में कहा था कि राज्य सरकार ने पहले ही इस मामले को वापस लेने की प्रक्रिया शुरू कर चुकी है। कोर्ट ने सरकार को स्पष्ट निर्देश पेश करने को कहा था। मामले की पृष्ठभूमि के अनुसार, 21 अप्रैल 2022 को विशेष न्यायाधीश सोलन ने प्रथम दृष्टया पाया था कि अवस्थी ने वर्ष 2001 में नगर पालिका सोलन के पार्षद रहते हुए हरियाणा निवासी क्रिकेटर विक्रमजीत सिंह मलिक को हिमाचली होने का झूठा प्रमाणपत्र जारी किया।

# जिले में आपदा से यातायात और बिजली आपूर्ति बाधित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार, शिमला जिले में भारी बारिश और भूस्खलन के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। सोमवार शाम 5:30 बजे तक की स्थिति के अनुसार, जिले में कुल 105 सड़कें अवरुद्ध हैं, जिनमें से 104 संपर्क मार्ग और एक मुख्य सड़क शामिल है। इससे यातायात बुरी तरह से प्रभावित हुआ है।

सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में कोटखाई, चौपाल और रामपुर उप-मंडल शामिल हैं, जहां क्रमश: 20, 15 और 17 सड़कें बंद हैं। हालांकि, सभी मुख्य सड़कें, जैसे शिमला (शहरी और ग्रामीण), ठियोग, रोहड़ू, रामपुर, कुमारसैन और डोडराक्वार में पूरी तरह से खुली हैं।

सड़कों के साथ-साथ, जिले में बिजली और पेयजल आपूर्ति भी बाधित हुई है। कुल 86 बिजली ट्रांसफार्मर खराब हो गए हैं, जिससे कई इलाकों में बिजली गुल है। सबसे ज्यादा 40 ट्रांसफार्मर चौपाल में खराब हुए हैं, जबकि रामपुर में 22 और कुमारसैन में 23 ट्रांसफार्मर प्रभावित हैं। पेयजल आपूर्ति भी प्रभावित हुई है, जहां 151 जगहों पर पानी की आपूर्ति बाधित है।



हालांकि, स्थिति से निपटने के लिए मशीनरी को तुरंत काम पर लगाया गया है। जिला प्रशासन ने अवरुद्ध सड़कों को खोलने और बिजली-पानी की आपूर्ति बहाल करने के लिए तेजी से काम करने का दावा किया है। प्रभावित क्षेत्रों में सहायता के लिए टीमें लगातार काम कर रही हैं।

**खुशखबरी** प्रदेश में आलू उत्पादन में क्रांतिकारी बदलाव की तैयारी

# आईसीएआर-सीपीआरआई ने जारी की आलू की चार किस्में

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के तहत आईसीएआर-केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान शिमला ने विकसित आलू की चार नई किस्मों को आधिकारिक तौर पर अधिसूचित किया है। ये नई किस्में, कुफरी रतन, कुफरी चिपभारत-1, कुफरी चिपभारत-2 और कुफरी तेजस शामिल है और अब ये किस्में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में बीज उत्पादन के लिए उपलब्ध होंगी।

यह कदम देश में आलू की पैदावार और गुणवत्ता बढ़ाने की दिशा में एक बड़ा मील का पत्थर है। इन किस्मों को केंद्रीय बीज समिति की सिफारिशों के आधार पर मंजूरी दी गई है, जिससे किसानों को खाने और प्रसंस्करण, दोनों के लिए बेहतर विकल्प मिलेंगे।

आईसीएआर-सीपीआरआई, शिमला, जिसका मूल हिमाचल प्रदेश के कुफरी में है, ने एक बार फिर अपनी वैज्ञानिक क्षमता का प्रदर्शन किया है। इस संस्थान के निदेशक डॉ. ब्रजेश सिंह ने वैज्ञानिकों की टीम को बधाई देते हुए कहा कि ये नई किस्में भारत के आलू क्षेत्र को मजबूती देंगी।

यह केवल एक वैज्ञानिक सफलता नहीं है, बल्कि किसानों और उद्योगों के लिए भी एक बड़ा अवसर है। इन किस्मों से आलू की उत्पादकता में वृद्धि होगी और किसानों को बेहतर मुनाफा मिलेगा।



**अब ये किस्में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में बीज उत्पादन के लिए होंगी उपलब्ध**

### नई किस्मों के आलू बीज अनूठी खूबियों से लबरेज

**आईसीएआर**-सीपीआरआई के आलू प्रजनक डॉ. सलेज सूद ने इन नई किस्मों की विशेषताओं के बारे में विस्तार से बताया। कुफरी रतन एक मध्यम अवधि 90 दिन की, उच्च उपज देने वाली लाल छिलके वाली खाने योग्य किस्म है, जो उत्तर भारत के मैदानी और पठारी क्षेत्रों के लिए उपयुक्त है।

### कुफरी तेजस उच्च उपज 37-40 टन की करेगा पैदावार

**कुफरी** तेजस गर्मी सहनशील और उच्च उपज 37-40 टन, हेक्टेयर वाली खाने योग्य किस्म है, जो भारतीय मैदानी क्षेत्रों के लिए सबसे उपयुक्त है। कुफरी चिपभारत-1 और कुफरी चिपभारत-2 चिप्स बनाने के लिए आदर्श हैं। ये दोनों किस्में उच्च शुष्क पदार्थ 21 फीसदी के साथ बेहतरीन गुणवत्ता वाले चिप्स देती हैं और इनकी भंडारण क्षमता भी अच्छी है। ये किस्में किसानों और प्रसंस्करणकर्ताओं दोनों के लिए फायदेमंद साबित होंगी।

# प्रदेश में आपदा राहत में देरी : संदीपनी

**अनंत ज्ञान, शिमला।** भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस सरकार पर बरसात प्रभावित लोगों को समय पर मदद न पहुंचाने का आरोप लगाया है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता संदीपनी भारद्वाज ने कुमारसैन, ओडी, बढ़ोगी, बगैल, छबिशी और नारकंडा जैसे क्षेत्रों का दौरा करने के बाद कहा कि जिन लोगों के घर क्षतिग्रस्त हुए हैं, उन्हें अभी तक न तो राशन मिला है और न ही रहने के लिए किराए का घर। सरकार ने केवल लोगों को घर खाली करने के नोटिस थमाए हैं, जबकि मुख्यमंत्री ने खुद किराए के लिए पैसे देने की बात कही थी।

भाजपा ने आरोप लगाया कि सरकार केवल विंडो ड्रेसिंग कर रही है और प्रभावित परिवारों को कोई भी सुविधा या सामान उपलब्ध नहीं कराया गया है। भारद्वाज ने कहा कि स्थानीय लोगों ने अपनी तरफ से इन परिवारों की मदद की है, जबकि सरकार सो रही है। क्षेत्र में सेब की पैदावार सड़कों के बंद होने के कारण सड़ रही है।

# शिमला में एसटीपी कांट्रैक्ट वर्कर्स यूनियन का प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिमला जल प्रबंधन निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक कार्यालय के बाहर एसटीपी कांट्रैक्ट वर्कर्स यूनियन संबंधित सीटू ने अपनी मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनकारी यूनियन के नेताओं ने निगम के प्रबंध निदेशक इंजीनियर वीरेंद्र ठाकुर को 24 सूत्रीय मांगपत्र सौंपा, जिसमें मजदूरों के अधिकारों और बेहतर कार्य परिस्थितियों की मांग की गई थी। इस दौरान यूनियन के कई बड़े नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिन्होंने मजदूरों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। यूनियन की प्रमुख मांगों में सबसे ऊपर उस्मान काम के लिए समान वेतन और नियमितीकरण शामिल हैं।

प्रदर्शनकारियों ने माननीय सुप्रीम कोर्ट के 26 अक्तूबर, 2016 के फैसले का हवाला देते हुए मांग की कि सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट और नेटवर्क के सभी मजदूरों को उनके नियमित कर्मचारियों के बराबर वेतन दिया जाए।



गेट के बाहर प्रदर्शन करते सीटू से संबंधित कार्यकर्ता।

### ऑफिस सुरक्षा और मूलभूत सुविधाओं की मांग

**मजदूरों** की सुरक्षा और मूलभूत सुविधाओं को लेकर महत्वपूर्ण मांगें उठाई गईं। यूनियन ने मैन्युअल स्कैवेंजसर एक्ट 2013 को सख्ती से लागू करने की मांग की, जिसके तहत मजदूरों को सभी प्रकार के सुरक्षा उपकरण जैसे पीपीई किट, ऑक्सीजन मास्क, गम बूट, हेलमेट और सुरक्षा चश्मे प्रदान किए जाने चाहिए। सभी एसटीपी को पंजीकृत करने और उसके अंतर्गत आने वाली सभी सुविधाएं देने की भी मांग की गई।

### मजदूरों को पहचान पत्र जारी किए जाएं

**मांगों** में पीने के पानी, चेंजिंग रूम, बाथरूम, लॉन्ड्री, टॉयलेट, और स्टाफ क्वार्टर की सुविधाएं शामिल थीं। यूनियन ने यह भी मांग की कि मजदूरों को पहचान पत्र जारी किए जाएं, समय पर वेतन का भुगतान हो और बोनस के साथ-साथ सभी प्रकार की छुट्टियां अर्जित, आकस्मिक, मेडिकल भी दी जाएं। इसके अलावा, उन्होंने 12 मार्च, 2024 के सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के अनुसार इन मजदूरों को नियमित करने की भी मांग की।

## न्यूज ब्रीफ

### अभिभावक-शिक्षक संघ की बैठक 11 को

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** महाराजा संसार चंद स्मारक महाविद्यालय थुरल की अभिभावक-शिक्षक संघ (पीटीए) की आम सभा की बैठक 11 सितंबर को सुबह 11 बजे महाविद्यालय के प्राचार्या कार्यालय में आयोजित की जाएगी। इसमें सत्र 2025-26 के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। प्राचार्या राका शर्मा ने सभी अभिभावकों से अनुरोध किया कि समय पर उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाने में सहयोग करें।

### नशाखोरी और धर्म परिवर्तन पर किया मंथन

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** उपमंडल शाहपुर के तहत पंचायत ठारू में महिला ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इसमें 9 महिला मंडलों के 125 सदस्यों के साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मिनाक्षी देवी, अंजना देवी, आशा कार्यकर्ता इंद्रो देवी, अनीता देवी ने भाग लिया। ग्राम सभा की अध्यक्षता पंचायत प्रधान सपना देवी ने की। ग्राम सभा में युवाओं में बढ़ता नशाखोरी का चलन, बेसहारा पशु व धर्म परिवर्तन जैसे मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। प्रधान सपना देवी ने कहा कि हम सबको जागरूक होना जरूरी है व अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करना होगा। इस मौके पर चिन्मय ग्रामीण विकास संगठन सिद्धबाड़ी (कॉर्ड) से राष्ट्रीय निर्देशिका पद्मश्री डॉ. क्षमा मैत्रे ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

### टीचर अवॉर्ड से सम्मानित डॉ. नरेश का स्वागत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** शिक्षक दिवस पर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला ने शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले अध्यापकों को सम्मानित किया। 26 स्कूल शिक्षक और 6 कॉलेज शिक्षक को राज्य स्तरीय बेस्ट टीचर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला के सह प्राध्यापक (अंग्रेजी) प्रो. डॉ. नरेश शर्मा को कॉलेज कैडर में यह सम्मान प्रदान किया गया। सम्मान प्राप्त कर धर्मशाला पहुंचे डॉ. नरेश शर्मा का भव्य स्वागत किया गया। डॉ. नरेश शर्मा ने बताया कि शिक्षक समाज का सबसे महत्वपूर्ण अंग हैं, जो देश के नवनिर्माण में और श्रेष्ठ नागरिकों के निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने बताया कि उन्हें शिक्षा क्षेत्र में 35 वर्षों से अधिक का अनुभव है और इस दौरान उन्होंने एक भी छुट्टी नहीं ली। डॉ. नरेश शर्मा ने कॉलेज प्राचार्य प्रो. राकेश पठानिया सहित स्टाफ का स्वागत के लिए आभार जताया।

### झियोल और पटोला में कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल, सिद्धपुर संतोष कुमार ने जानकारी दी कि 10 सितंबर को प्रातः 9:30 बजे से सायं 5 बजे तक विद्युत लाइनों की मरम्मत के लिए खनियारा फीडर के तहत आने वाले थात्रि, तरापड़ा, झियोल, पटोला, ठेहर इत्यादि क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने कहा कि मौसम खराब होने या अन्य आकस्मिक परिस्थिति में यह कार्य स्थगित या आंशिक रूप से किया जा सकता है। उन्होंने क्षेत्र के बिजली उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की।

### एनएच 154 की पुरानी सड़कें खस्ताहाल

**कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर।** एनएचएआई द्वारा फोरलेन निर्माण में बारिश के कारण देरी और पुरानी सड़कों की अनदेखी से हालात बदतर हो गए हैं। भूतपूर्व सैनिक जनकल्याण सभा रैत के अध्यक्ष मदन लाल शर्मा ने बताया कि एनएच 154 में सड़कें अब गड्ढों में तब्दील हो चुकी हैं। इन गड्ढों को सूखी बजरी से भरा जा रहा है, जो वाहनों की आवाजाही से सड़क पर फैलकर दोपहिया चालकों के लिए जानलेवा साबित हो रही है। तेज रफ्तार वाहनों के कारण यह बजरी राहगीरों को भी घायल कर रही है। उन्होंने विभाग से मांग की कि सूखी बजरी पर पैसा बर्बाद करने की बजाय गड्ढों की मरम्मत तारकोल और बजरी से की जाए, जिससे दुर्घटनाओं को रोका जा सके और सड़कों की स्थायी मरम्मत हो सके।

### बैजनाथ-महाकाल मंदिर न्यास देंगे 20-20 पोषण किट्स

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** एसडीएम बैजनाथ संकल्प गौतम की अध्यक्षता में विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में खंड चिकित्सा अधिकारी (बीएमओ) महाकाल, डॉ. दिलावर देओल सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। डॉ. देओल ने क्षय रोगियों के लिए निक्षय पोषण किट्स की संख्या बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। एसडीएम ने तुरंत संज्ञान लेते हुए पहल की, जिसके परिणामस्वरूप महाकाल मंदिर न्यास एवं बैजनाथ मंदिर न्यास ने 20-20 पोषण किट्स उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया। यह निर्णय क्षय रोगियों के पोषण एवं स्वास्थ्य सुधार के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। स्वास्थ्य विभाग ने इस मानवीय एवं सहयोगात्मक पहल के लिए एसडीएम बैजनाथ तथा दोनों मंदिर न्यासों का आभार व्यक्त किया है।

# नगरोटा बगवां विधानसभा क्षेत्र होगा स्विट्जरलैंड की तर्ज पर विकसित

## इंटरनेशनल लेवल की वेडिंग डेस्टीनेशन व फाउंटेन भी होगा निर्मितः बाली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**नगरोटा** बगवां विधानसभा क्षेत्र को स्विट्जरलैंड की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। इसके लिए 100 करोड़ रुपए से अधिक की राशि क्षेत्र के सौंदर्यीकरण पर खर्च की जाएगी। यह नगरोटा बगवां के विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। पर्यटन निगम के अध्यक्ष व कैबिनेट रैंक मंत्री आरएस बाली ने कहा कि प्रदेशभर में सबसे अधिक राशि नगरोटा बगवां को सौंदर्यीकरण के लिए मिली है। उन्होंने कहा कि यह सपना विकास पुरुष स्वर्गीय जीएस बाली का था, जिसे अब साकार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पहली बार हुआ है जब पर्यटन के लिए नगरोटा बगवां के लिए इतनी बड़ी राशि मंजूर हुई है। नगरोटा का यह प्रोजेक्ट स्मार्ट सिटी से भी बड़ा और महत्वपूर्ण है।

> उदयपुर जैसलमेर की तरह नगरोटा बगवां शादी के लिए आएंगे लोग

### इंटरनेशनल फाउंटेन देखने नगरोटा बगवां आएंगे लोग

**आरएस** बाली ने कहा कि नगरोटा बगवां में इंटरनेशनल फाउंटेन बनेगा, जिसे देखने पूरा देश यहां आएगा। नगरोटा बगवां कोई पर्यटन स्थल नहीं है, यह क्षेत्र धर्मशाला, मैक्लोडगंज व पालमपुर की तरह ठंडा नहीं है, जिसके चलते मैंने सोच विचार कर इंटरनेशनल फाउंटेन की योजना बनाई। इस तरह का फाउंटेन नागपुर में है।

### नगरोटा में बनेगा सबसे बड़ा सिनेमा हाल

**आरएस** बाली ने कहा कि नगरोटा बगवां में प्रदेश में सबसे बड़ा सिनेमा हाल भी बनाया जाएगा, जिसके साथ पार्किंग और शॉपिंग कांप्लेक्स भी होगा। नगरोटा बगवां में इंटरनेशनल लेवल का वेडिंग डेस्टीनेशन भी होगा, जिस तरह से लोग शादी समारोह के लिए राजस्थान, उदयपुर, जैसलमेर जाते हैं, उसी तरह लोग नगरोटा बगवां के इंटरनेशनल वेडिंग डेस्टीनेशन में आएं, जहां सामने धौलाधार हो और इंटरनेशनल फाउंटेन चल रहा हो।

## बड़े प्रोजेक्टों के साथ गांव के विकास को प्राथमिकता : बाली



नगरोटा बगवां जल शक्ति विश्राम गृह में जनसमस्याएं सुनते आरएस बाली।

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

**प्रदेश** पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष व पर्यटन विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष (कैबिनेट रैंक) आरएस बाली ने नगरोटा जल शक्ति विश्राम गृह में लोगों की समस्याओं को सुनते हुए कहा कि नगरोटा विधानसभा क्षेत्र के रुके हुए विकास को पुनः पटरी पर लाने का काम उन्होंने किया है। उन्होंने कहा कि नगरोटा विधानसभा क्षेत्र में बड़े प्रोजेक्टरों के साथ गांवों के विकास को प्राथमिकता दी जाएगी।

उन्होंने कहा कि नगरोटा विधानसभा क्षेत्र को पूरे प्रदेश में अग्रणी विधानसभा क्षेत्र बनाने का काम विकास पुरुष स्व. जीएस बाली ने अपने कार्यकाल में किया। इसके उपरांत विधानसभा क्षेत्र का विकास न के बराबर हुआ। जनसमस्याएं सुनने के दौरान उन्होंने दुबई में रोजगार प्राप्त युवाओं से भी वीडियो कॉल के माध्यम से बात की और उनका हाल जाना। युवाओं ने बात करते हुए उन्हें बताया कि वे दुबई में काम करके खुश हैं और उन्हें अब पदोन्नति भी मिल चुकी है। उन्होंने जल शक्ति विश्राम गृह नगरोटा बगवां और इससे पूर्व सुबह घर पर लोगों की समस्याओं को सुना और उनका निवारण किया।

## कृषि मंत्री ने किया धान की फसल का निरीक्षण

**शिबू ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**कोटला।** कृषि एवं पशुपालन मंत्री प्रो. चंद्र कुमार ने सोमवार को जवाली विधानसभा क्षेत्र के बनोली खास पंचायत का दौरा किया और किसानों की ओर से उगाई गई गुलाबो (टीएम आरएच 106) धान की फसल का निरीक्षण किया। कृषक सतपाल सिंह, केसर सिंह और महेंद्र सिंह ने अपनी 10 कनाल भूमि पर इस धान की खेती की है।

किसानों ने खेतों में उन्नत तरीके से फसल का प्रबंधन किया है, जिसका परिणाम खेतों में लहलहाती और स्वस्थ खड़ी फसल के रूप में सामने आया है। कृषि मंत्री ने कहा कि इस किस्म की पैदावार उत्कृष्ट है और यह प्रदेश के किसानों की आय बढ़ाने का एक सशक्त माध्यम बन सकती है। गुलाबो धान एक प्रमुख हाइब्रिड किस्म है, जिसके दाने लंबे, पतले और सुगंधित होते हैं। यह खरीफ मौसम में मात्र 116 से 122 दिनों में पककर तैयार हो जाती है, जिससे किसान अगली फसल की समय पर बुआई कर सकते हैं। साथ ही, इसमें प्रमुख

**चंद्र कुमार ने गुलाबो धान की पैदावार को सराहा**

रोगों के प्रति अच्छी प्रतिरोधक क्षमता है, जिससे किसानों का कीटनाशक का खर्च घटता है। उन्होंने कहा कि गुलाबो धान जैसी उन्नत किस्मों से किसान अपनी लागत घटाकर अधिक पैदावार और बेहतर लाभ प्राप्त कर सकते हैं। प्रदेश सरकार किसानों को सशक्त बनाने के लिए बीज, खाद, आधुनिक उपकरणों पर सब्सिडी और तकनीकी मार्गदर्शन उपलब्ध करा रही है। इसी कड़ी में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। गेहूं, मक्की और कच्ची हल्दी पर क्रमशः 60, 40 और 90 रुपए प्रति किलो का न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने किसानों द्वारा किए गए फसल प्रबंधन और मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि गुलाबो धान जैसी उन्नत किस्में प्रदेश के किसानों के लिए आय बढ़ाने का मजबूत साधन साबित होंगी। इस अवसर पर कांग्रेस प्रवक्ता संसार सिंह संसारी व स्थानीय किसान उपस्थित रहे।

## शिक्षा बोर्ड कर्मचारी संघ ने किया अधिसूचना का विरोध

### कहा- अधिसूचना वापस न हुई तो आंदोलन व पेनडाउन स्ट्राइक करने पर होंगे मजबूर



सुनील शर्मा की अध्यक्षता में हुई स्कूल शिक्षा बोर्ड कर्मचारी संघ की बैठक।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**हिमाचल** प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड कर्मचारी संघ की आपातकालीन बैठक अध्यक्ष सुनील शर्मा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संगठन के समस्त पदाधिकारी एवं शिक्षा बोर्ड में कार्यरत समस्त जेओए आईटी ने भाग लिया।

शिक्षा बोर्ड कर्मचारी संघ ने 6 सितंबर को जारी अधिसूचना, जिसके अंतर्गत प्रदेश सिविल सेवा (संशोधित वेतन) नियम, 2022 के नियम 7ए को 3 जनवरी, 2022 से प्रतिगामी प्रभाव के साथ हटाया गया है, का कड़े शब्दों में विरोध किया। बैठक में कहा गया कि यह निर्णय पूर्णतः एक पक्षीय, अन्याय पूर्ण एवं प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के विपरीत है। इस संशोधन के कारण प्रदेशभर के कर्मचारियों में गहरा असंतोष एवं असुरक्षा की भावना व्याप्त हो गई है। नियम 7ए को समाप्त करने से प्रत्येक कर्मचारी का प्रति माह लगभग 15000 से 20000 रुपए तक का प्रत्यक्ष आर्थिक नुकसान होगा। अधिकांश कर्मचारियों ने अभी चल रहे वेतन के आधार पर बैंकों से पर्सनल और होम लोन लिए हैं, जिससे उन्हें किस्तें देने में असमर्थता हो जाएगी। यह न केवल कर्मचारियों और उनके परिवारों पर गंभीर वित्तीय संकट डालेगा, बल्कि वेतन एवं भत्तों की पुनः गणना प्रक्रिया कर्मचारियों के लिए मानसिक उत्पीड़न का कारण भी बनेगी। परिणामस्वरूप कार्यबल का मनोबल एवं दक्षता गंभीर रूप से प्रभावित होगी। संघ ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मांग की है कि उक्त अधिसूचना को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाए। यदि त्वरित कदम नहीं उठाए गए, तो कर्मचारी संघ विवश होकर आंदोलन, पेनडाउन स्ट्राइक तथा माननीय न्यायालय की शरण लेने के लिए बाध्य होगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी सरकार पर होगी।

### सरकार ने कर्मचारियों के साथ किया छल जल्द वापस ले अधिसूचना : प्रवक्ता संघ

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** हिमाचल प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ जिला कांगड़ा के अध्यक्ष सिकंदर मिन्हास, महासचिव बलजीत सिंह अटवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजकुमार, वित्त सचिव तिलक राज राणा, मुख्य संरक्षक राकेश भडवाल, समस्त उपमंडल अध्यक्ष एवं सचिवों ने सरकार द्वारा प्रदेश सिविल सेवा (संशोधित वेतन) नियम, 2022 के नियम 7ए को हटाने का विरोध किया हे। वित्त (वेतन पुनरीक्षण) विभाग ने 6 सितंबर को जारी नोटिफिकेशन के तहत प्रदेश सिविल सर्विसेज (संशोधित वेतन) नियम 2022 में जोड़े नए रूल को पूरी तरह निरस्त कर दिया है। यह फैसला 3 जनवरी 2022 से प्रभावी माना जाएगा। रूल 7(ए) के तहत स्कूल प्रवक्ता सहित अन्य कर्मचारियों को दो वर्ष की नियमित सेवा पूर्ण करने पर उच्च स्तर पर वेतन निर्धारण का लाभ दिया जाता था। अब प्रवक्ता सहित 89 श्रेणियों के कर्मचारियों को इस लाभ से वंचित कर दिया गया है, जो कर्मचारियों पर कुठाराघात है। हालांकि, सरकार ने यह स्पष्ट किया है कि इस नियम के तहत पहले से हुआ भुगतान वापस नहीं लिया जाएगा। प्रदेश में नियम 7(ए) को निरस्त करना कर्मचारियों के साथ सरासर अन्याय है। प्रवक्ता संघ इन आदेशों का कड़ा विरोध करता है एवं सरकार से अनुरोध करता है कि इस नोटिफिकेशन को तुरंत वापस ले।

## जीएसटी सुधारों के निर्णयों से मध्य वर्ग को राहतः घनश्याम

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** कर्मचारी पेंशनर एवं श्रमिक कल्याण बोर्ड हिमाचल प्रदेश के पूर्व उपाध्यक्ष घनश्याम शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लाए गए अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों की सराहना की है। उन्होंने कहा कि इन निर्णयों से भारत के मध्यम वर्गीय परिवारों को बड़ी राहत मिली है। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले की जटिल कर प्रणाली ने आम आदमी और मध्यम वर्ग पर अनावश्यक बोझ डाल रखा था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री की दूरदर्शिता के कारण जीएसटी में किए गए बदलावों से आज रोटी, कपड़ा और मकान जैसी बुनियादी जरूरतों पर भी कर का बोझ कम हुआ है। यह एक ऐसा फैसला है जिसका सकारात्मक प्रभाव हर नागरिक के जीवन पर पड़ रहा है। घनश्याम ने विशेष रूप से उल्लेख किया कि इन नवीनतम सुधारों से हिमाचल प्रदेश के फूड सेक्टर, हॉस्पिटैलिटी, ग्रीन एनर्जी और परिवहन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों को विशेष लाभ मिलेगा। उन्होंने मोदी सरकार की स्वास्थ्य सेवाओं को सस्ता और सुलभ बनाने की प्रतिबद्धता की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि जन औषधि केंद्रों और आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं के साथ-साथ अब 33 जीवन रक्षक दवाओं पर शून्य कर समेत अन्य स्वास्थ्य उत्पादों पर जीएसटी में कटौती का फैसला ऐतिहासिक है।

## शिक्षक दिवस पर स्प्रिंग डेल स्कूल जवाली को मिली दो बड़ी उपलब्धियां



शिक्षिकाएं राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित। स्कूल में हर्ष का माहौल।

**अनंत ज्ञान, जवाली।** स्प्रिंग डेल कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडी स्कूल जवाली को अध्यापक दिवस पर बहुत बड़ी उपलब्धियां मिली हैं। स्प्रिंग डेल कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल जवाली की एचओडी अंजना कटोच को सीबीएसईके निर्देशों के अनुसार संसाधन व्यक्ति के रूप में चुना गया। स्कूल की अध्यापिका अवनी को आईटीओ (इंडियन टैलेंट ओलंपियाड) की ओर से सर्वश्रेष्ठ शिक्षक पुरस्कार प्रदान किया गया। यह उपलब्धियां उन्हें शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने, विद्यार्थियों के समग्र विकास और समाज में शिक्षा को नई दिशा देने में उल्लेखनीय योगदान देने के लिए प्रदान की गई।

प्रधानाचार्य डॉ. राजीव सिंह निरयाल ने उन्हें बधाई देते हुए देते हुए बताया कि इस सम्मान का उद्देश्य उन शिक्षकों को प्रोत्साहित करता है, जिन्होंने अपना पूरा जीवन नई पीढ़ी को ज्ञान देने और समाज को सही दिशा दिखाने में समर्पित किया है। शिक्षक केवल ज्ञान ही नहीं देते, बल्कि वे समाज में रचनात्मक विचारों और प्रेरणा के वाहक भी हैं। वहीं, चेयरमैन डॉ. राजेंद्र, एमडी पवन चौधरी तथा अन्य कमिटी मेंबर्स ने बधाई दी।

## आपदा के समय पीएम का धर्मशाला में आना बहुत महत्वपूर्ण : शांता

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार ने कहा कि भयंकर आपदा के समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मंगलवार को धर्मशाला में आना बहुत ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने अपने दूसरे घर हिमाचल की सुध लेने का कार्यक्रम बनाया है। इसके लिए मैं प्रधानमंत्री का बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूं। उन्होंने कहा कि जीएसटी सरलीकरण से इस भयंकर आपदा के समय भारत के लोगों को बहुत बड़ी राहत मिली है, बहुत सी जरूरी चीजें सस्ती हो गई हैं।

उन्होंने कहा कि मुझे याद है कि पूरे देश में जीएसजी लागू करवाने के लिए लगातार कठिन सघंर्ष किया था। अरुण जेटली ने बहुत से प्रदेशों और विशेषकर विपक्ष शासक प्रदेश विरोध करते थे। अरुण जेटली ने एक बार नहीं कई, बार अलग-अलग प्रदेशों की बैठकें की और भारत को एक बहुत बढ़िया कर प्रणाली जीएसजी दी। ऐसे समय पर इतनी बड़ी राहत मिलने के लिए उन्होंने भारत की जनता को भी बधाई दी है और अरुण जेटली की स्मृति को श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लक्ष्य से पांच साल पहले पूर्ण साक्षरता प्रदान करने के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को और हिमाचल सरकार को बहुत बहुत बधाई दी है। हिमाचल की जनता भी बधाई की पात्र है और हिमाचल की पुरानी सरकारें भी बधाई की पात्र है, जिन्होंने ने पूर्ण साक्षरता के लिए प्रयत्न किया।

## कुठमां में पहाड़ी से लगातार पानी के साथ गिर रहा मलबा



मलबे के दलदल में फंस रही गाड़ियां, चालकों को करना पड़ रहा दिक्कतों का सामना।

**अनंत ज्ञान, गगल**

**नेशनल** हाईवे कुठमां के पास चार दिन से पहाड़ी से भूस्खलन होने से एयरपोर्ट का अस्तित्व खतरे में आ गया है। पहाड़ी से भारी मात्रा में मलबा गिर रहा है, जो वाहनों के लिए मुसीबत बन गया है। वहीं, पहाड़ी में अधिक मात्रा में पानी आ रहा है।

कुठमां के कुशल कुमार गुलेरिया ने बताया कि एयरपोर्ट के पास एक बढ़ोत बल्ला के स्थान पर एक बड़ा कुआं होता था और उस कुएं में बहुत पानी होता था। अब उसके ऊपर एयरपोर्ट पर रनवे बना हुआ है, जिस कारण उस कुएं का पानी नीचे से पहाड़ियों में निकल रहा है। इस कारण नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया को भी मुश्किलों के दौर पर गुजरना पड़ रहा है। दूसरी ओर एयरपोर्ट पर भी खतरे के बादल मंडरा रहे हैं। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अधिकारियों को जेसीबी की मदद से यहीं पर डेरा डालने पर मजबूर होना पड़ रहा है, क्योंकि पहाड़ियों के बीच अब यह नाला दिन प्रतिदिन बहुत बड़ा होता जा रहा है, जिससे हर विभाग की मुश्किल है बढ़ती जा रही है।

## पंचायत चुनाव के लिए सक्रिय होने लगे चाहवान

**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** प्रदेश में जैसे-जैसे पंचायत चुनाव नजदीक आ रहे हैं, पंचायतों में चुनाव लड़ने के इच्छुक लोग भी सक्रिय होने लगे हैं। हालांकि, रोस्टर जारी न होने के कारण कई उम्मीदवार खुलकर सामने नहीं आ पा रहे हैं और बेसब्री से इसका इंतजार कर रहे हैं। उपमंडल पालमपुर सहित अन्य क्षेत्रों में भी चुनावी चर्चाएं तेज हो चुकी हैं।

क्षेत्र के बुद्धिजीवियों का कहना है कि अक्सर भाई-भतीजावाद या निजी रंजिशों के चलते ऐसे लोगों को पंचायत प्रतिनिधि बना दिया जाता है, जो अपने पांच साल केवल निजी हितों में गुजारते हैं। आज भी कई पंचायतें ऐसी हैं, जहां विकास के लिए सरकार द्वारा भेजी गई राशि का समुचित उपयोग नहीं हो सका है। लोगों का मानना है कि अगर योग्य और ईमानदार प्रतिनिधि चुने जाएं, तो जमीनी स्तर पर ही समस्याओं का समाधान हो सकता है और हमें बार-बार विधायकों या मंत्रियों के पास नहीं जाना पड़ेगा। चुनावों के समय कई ऐसे लोग भी मैदान में उतरते हैं, जिन्होंने पहले कभी समाज सेवा नहीं की होती, लेकिन पोस्टरों में खुद को समाजसेवी और कर्मठ बताते हैं। बुद्धिजीवियों का मानना है कि अब वह समय चला गया जब अनपढ़ लोगों को पंचायत की जिम्मेदारी दे दी जाती थी। आज के डिजिटल युग में पंचायत प्रतिनिधियों का पढ़ा-लिखा होना जरूरी है। लोगों ने सरकार से मांग की है कि पंचायत चुनावों में प्रधान पद के लिए न्यूनतम योग्यता बारहवीं अथवा ग्रेजुएशन तथा वार्ड सदस्यों के लिए दसवीं पास अनिवार्य की जाए, ताकि गांव और प्रदेश का समग्र विकास सुनिश्चित हो सके।

**आत्मनिर्भर** 7 माह में 328 ने लिया विभिन्न कोर्स का प्रशिक्षण, पचास ने शुरू किया स्वरोजगार

# बेरोजगारों को आत्मनिर्भर बना रहा आरसेटी

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान**

**धर्मशाला।** ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) बेरोजगार युवाओं को विभिन्न कोर्सिस का प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार बना रहा है। चालू वित्त वर्ष के सात माह में 328 युवाओं व महिलाओं ने आरसेटी के माध्यम से विभिन्न कोर्सिस का प्रशिक्षण प्राप्त किया, जिनमें से 50 ने बैंक की सहायता से अपना स्वरोजगार भी शुरू कर दिया है।

यही नहीं अब आरसेटी द्वारा बैंक सखी कोर्स चलाया जाएगा, जिसके माध्यम से प्रतिभागी युवतियों व महिलाओं को बैंकिंग योजनाओं की जानकारी प्रदान की जाएगी। गौरतलब है कि पीएनबी आरसेटी में पिछले वर्ष एक हजार को प्रशिक्षित करने का टारगेट दिया गया था, जिसे संस्थान ने पूरा किया था और प्रशिक्षण लेने वालों में से 700 युवा व महिलाएं अपना स्वरोजगार शुरू कर चुके हैं। आरसेटी के माध्यम से विभिन्न कोर्सिस संचालित किए जाते हैं, जिनका प्रशिक्षण लेकर प्रशिक्षणार्थी बैंक से लोन लेकर अपना स्वरोजगार शुरू कर सकते हैं। आरसेटी का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को प्रशिक्षित कर स्वरोजगार से जोड़ना है।

> बैंक सखी कोर्स से बैंकिंग योजनाओं से रू-ब-रू होंगी महिलाएं

### बैंक सखी कोर्स से बैंकिंग में ट्रेंड हो रही महिलाएं

**बैंक** सखी कोर्स एक प्रशिक्षण कार्यक्रम है, जो ग्रामीण महिलाओं को बैंकिंग से जुड़े कार्यों में प्रशिक्षित करता है, जिससे उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने में मदद मिलती है। इस कोर्स में बैंक से संबंधित जानकारी, सरकारी योजनाओं और बैंकिंग लेनदेन को समझने और करने का प्रशिक्षण दिया जाता है, जिसका उद्देश्य महिलाओं को गांव में लोगों की बैंक से जुड़ी जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार करना है।

### पांच माह में 10 बैच, 328 किए ट्रेंड

**इस** वर्ष अप्रैल माह से लेकर अब तक विभिन्न कोर्सिस के 10 बैच आयोजित किए जा चुके हैं, जिनके माध्यम से 328 प्रशिक्षणार्थियों को जूट, ब्यूटी पार्लर, मशरूम खेती का प्रशिक्षण दिया गया है। इनमें से 50 लोगों ने प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद अपना स्वरोजगार शुरू कर दिया है।

> इस वर्ष अप्रैल से लेकर अब तक विभिन्न ट्रेनिंग कोर्स के माध्यम से 328 को ट्रेंड किया गया, जिसमें से 50 ने अपना स्वरोजगार शुरू कर दिया है। पिछले वर्ष ट्रेंड किए गए एक हजार प्रशिक्षणार्थियों में से 700 अपना स्वरोजगार कमा रहे हैं। जल्द ही संस्थान द्वारा बैंक सखी कोर्स का बैच भी शुरू किया जा रहा है, जिसके माध्यम से महिलाएं बैंकिंग क्षेत्र की योजनाओं से रू-ब-रू हो सकेंगी।
>
> 
>
> -मदन लाल, निदेशक, पीएनबी आरसेटी धर्मशाला

## प्रशिक्षु अध्यापकों का शिक्षणाभ्यास आज से

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** राजकीय अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय धर्मशाला में प्राचार्या प्रो. आरती वर्मा की अध्यक्षता में सत्र 2024-26 के प्रशिक्षु अध्यापकों के लिए 'विद्यालय प्रशिक्षुता कार्यक्रम समिति' (एसआईपी) की ओर से दिशानिर्देशात्मक (ओरिएंटेशन) सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें उन्हें एसआईपी प्रभारी, डॉ. अतुल आचार्य ने एसआईपी 2 के संदर्भ में सविस्तार जानकारी प्रदान की। डॉ. आचार्य ने बताया कि 9 सितंबर से 29 दिसंबर (चार माह) तक 17 विद्यालयों में चलने वाले 'विद्यालय प्रशिक्षुता कार्यक्रम' को राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद एवं हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला द्वारा निर्धारित दिशा निर्देशों के अनुरूप आयोजित किया जाता है। प्रशिक्षु अध्यापकों को चुने दो विषयों में शिक्षणाभ्यास करना होगा। प्राचार्या प्रो. वर्मा ने प्रशिक्षुओं का मार्गदर्शन करते हुए बताया कि चार माह के इस प्रशिक्षण के दौरान उन्हें पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ विद्यालय के वातावरण के साथ सामंजस्य बनाते हुए अपने कर्तव्य का निर्वहन करें।

## लदोह की पुरानी बावड़ी का किया जीर्णोद्धार



लदोह पंचायत में पुरानी बावड़ी का जीर्णोद्धार करवाकर पंचायत प्रतिनिधियों ने लोगों को स्वच्छ जल मुहैया करवाया।

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

**विकास** खंड पंचरुखी की लदोह पंचायत में पुरानी बावड़ी का जीर्णोद्धार करवाकर पंचायत प्रतिनिधियों ने लोगों को स्वच्छ जल मुहैया करवाया। बीडीओ पंचरुखी सिकंदर व प्रधान अनिता कुमारी ने पूजा-अर्चना करने के बाद बावड़ी को स्थानीय लोगों को समर्पित किया।

प्रधान अनिता ने कहा कि यह बावड़ी बहुत पुरानी है और पूरे गांव के लोग यहां से पानी भरते थे, लेकिन कुछ वर्षों से बावड़ी का रखरखाव न होने की वजह से बंद पड़ी थी। लोगों को पीने के पानी की भी समस्या हो रही थी। हमने 15वें वित्त आयोग से 87000 रुपए से इस बावड़ी का जीर्णोधार करवाया है।

बावड़ी से पंचायत के दो गांव लाभान्वित होंगे और लोगों को चौबीस घंटे स्वच्छ पानी उपलब्ध होगा। बीडीओ सिकंदर ने कहा कि हम अपनी पारंपिक और पुराने जलस्त्रोतों को छोड़कर नाले-नदियों के पानी पर निर्भर हो गए हैं। इससे हमारे स्वास्थ्य पर भी विपरीत असर हो रहा है। पूरे प्रदेश में पुराने जल स्रोतों के जीर्णोधार के लिए सरकार भी पूरा सहयोग कर रही है। सिकंदर ने स्थानीय लोगों से आग्रह किया कि पंचायत ने तो बावड़ी का जीर्णोद्धार करवाकर अपना काम कर दिया है, अब इसकी स्वच्छता का ख्याल आप सब को रखना होगा। इस मौके पर पंचायत के सभी प्रतिनिधि व स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### इंदौरा में 13.19 ग्राम हेरोइन के साथ तस्कर गिरफ्तार

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान, इंदौरा।** एएनटीएफ के एएसपी राजेंद्र जसवाल के निर्देशानुसार नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पठानकोट-जालंधर मार्ग पर इंदौरा मोड़ पर गुप्त सूचना के आधार पर नाका लगाया गया। एएनटीएफ टीम ने चेकिंग के दौरान मोटरसाइकिल (नंबर पीबी 54 जी 0387) को रोका गया, जिसके डैशबोर्ड से संदिग्ध लिफाफों में 13.19 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। गिरफ्तार युवक की पहचान करण कुमार पुत्र तिलक राज, गांव राजपुरा, डाकखाना सरना (पठानकोट) के रूप में हुई है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह स्वयं नशे का आदी है और यह खेप अमृतसर से लाकर आगे सप्लाई करने वाला था। वह पहले भी कई बार हेरोइन की तस्करी कर चुका है। एएसपी राजेंद्र जसवाल ने कहा कि आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 के तहत थाना डमटाल में मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की पूछताछ जारी है।

### 540 ग्राम चरस के साथ दो युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** नारकोटिक्स टास्क फोर्स कांगड़ा व पंचरुखी पुलिस की संयुक्त टीम ने रविवार रात को लगाए नाके के दौरान सुंगल में पैदल जा रहे दो युवाओं से 540 ग्राम चरस बरामद की। पुलिस टीम ने नाके के दौरान पैदल जा रहे दो युवाओं आयुष राणा पुत्र नरेंद्र राणा व गौतम ठाकुर तीसा चंबा की शक के आधार पर तलाशी ली गई तो उनके पास 540 ग्राम चरस पाई गई। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है तथा आगामी कार्रवाई जारी है।

### टांडा रेंज में फायरिंग अभ्यास 12 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** सहायक आयुक्त उपायुक्त कांगड़ा स्थित धर्मशाला ने बताया कि टांडा फील्ड फायरिंग रेंज में भारतीय सेना की ओर से 12 सितंबर को सुबह 8 बजे से रात 10 बजे तक फायरिंग का अभ्यास किया जाएगा। उन्होंने पंचायत कोहाला, कच्छयारी, खोली, घुरकड़ी व साथ लगते क्षेत्रों के लोगों से अपील की है कि इस दौरान वह फायरिंग रेंज में न जाएं तथा अपने पालतू पशुओं को भी न जाने दें, ताकि किसी भी प्रकार की जान-माल की हानि से बचा जा सके।

### लेफ्टिनेंट बनी तमन्ना का गांव में भव्य स्वागत

**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** कटारुचक्क गांव की बेटी तमन्ना सलारिया सेना में लेफ्टिनेंट बनकर गांव लौटीं तो ढोल-नगाड़ों और फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। ओटीए गया से पासिंग आउट के बाद गांव पहुंचने तमन्ना को "गौरव सम्मान" से नवाजा गया। तमन्ना ने कहा कि सेना में जाना 'सर्विस फॉर नेशन' है, न कि सिर्फ नौकरी। उन्होंने बीटेक के बाद आईटी सेक्टर में काम किया, लेकिन फौज का सपना उन्हें सेना तक ले गया। तमन्ना के भाई अक्षय सलारिया भी लेफ्टिनेंट हैं। पिता रिटायर्ड हवलदार शाम सुंदर सिंह ने बेटी के कंधों पर स्टार लगाकर गर्व जताया। परिषद महासचिव कुंवर विक्की ने कहा कि तमन्ना की सफलता बेटियों के लिए प्रेरणा है।

### स्पीकर संधवान ने किया बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा

**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** पंजाब विधानसभा के स्पीकर कुलतार सिंह संधवान ने पठानकोट जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने रावी नदी और अस्थायी तटबंध का निरीक्षण किया और कोहलिया में सरदार बलदेव सिंह सिरसा द्वारा लगाए गए राहत शिविर में पहुंचकर सेवा कार्यों की सराहना की। उन्होंने ने आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं और युवा क्लबों द्वारा किए जा रहे राहत कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने केंद्र सरकार से पंजाब के 60,000 करोड़ रुपए बकाया जल्द लौटाने और बाढ़ से हुए 20,000 करोड़ के नुकसान के लिए विशेष पैकेज की मांग की। इस दौरान कई स्थानीय नेता, कार्यकर्ता और समाजसेवी उपस्थित रहे।

### बाढ़ पीड़ितों की सेवा में जिला प्राधिकरण तत्पर

**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पठानकोट के अध्यक्ष जितेंद्र पाल सिंह खुरमी ने कहा कि बाढ़ पीड़ितों की सेवा के लिए प्राधिकरण पूर्ण रूप से तत्पर है। क्षेत्राधिकार न्यायिक अधिकारियों की टीमें गठित कर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राशन, तिरपाल, चिकित्सा किट, मच्छरदानी सहित आवश्यक वस्तुएं वितरित की जा रही हैं। जरूरतमंदों को कानूनी सहायता भी दी जा रही है। पीड़ित सहायता के लिए कार्यालय नंबर 0186-2345370 या टोल फ्री नंबर 15100 पर संपर्क कर सकते हैं।

### सेवानिवृत्त कर्मियों ने मेयर के समक्ष रखी मांगें

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** नगर निगम धर्मशाला के सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ की बैठक सोमवार को यात्री निवास धर्मशाला में हुई। बैठक में विशेष रूप से मेयर नीनू शर्मा और पूर्व मेयर देवेंद्र जग्गी उपस्थित हुए, जिनका नगर निगम सेवानिवृत्त कर्मियों ने स्वागत किया। सेवानिवृत्त कर्मियों ने मेयर व पूर्व मेयर को बताया कि स्थानीय निकाय के कर्मचारियों को अभी तक संशोधित पेंशन 1-1-2016 से नहीं दी गई है। इस पर मेयर व पूर्व मेयर ने कहा कि इस मामले को सरकार से बातचीत करके हल किया जाएगा। नगर निगम के सेवानिवृत्त कर्मियों ने सेवानिवृत्ति के बाद पेंशन केस, 65 और 70 साल की इंक्रीमेंट और कर्मचारियों के बकाया की अदायगी जल्द से जल्द करना शामिल है। इन मांगों को सरकार के समक्ष उठाने का आग्रह मेयर व पूर्व मेयर से किया गया।

### होली-उतराला सड़क का जल्द हो निर्माण: राजकपूर

**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** दो विधानसभा क्षेत्र बैजनाथ और भरमौर की जनता की वर्षों पुरानी मांग है कि होली-उतराला सड़क का निर्माण हो, लेकिन दशकों बीत जाने के उपरांत भी सड़क का निर्माण कार्य यहीं का वहीं रुका पड़ा है। सड़क निर्माण के नाम पर सिर्फ राजनीतिक दल सिर्फ मुद्दा उठाते हैं और अपनी राजनीतिक रोटिया सेंकने तक सीमित रह जाते हैं। चिंतन समिति प्रदेश सरकार से आग्रह करती है कि उतराला-होली सड़क को एनएचएआई को सौंपा जाए और निर्माण करने का प्रस्ताव केंद्र सरकार से किया जाए, जिससे वर्षों से लंबित पड़े इस मार्ग के निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो सके। उतराला-होली चिंतन समिति के महामंत्री राज कपूर ने कहा कि अगर समय पर समिति की बात मान कर होली-उतराला सड़क का निर्माण कर दिया होता तो लाखों लोगों को वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध होता।

### कर्मचारी हित में फैसला ले सरकार : बबलू

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** प्रदेश सरकार ने पूर्व जयराम सरकार के समय दिए गए उच्च वेतनमान का निर्णय वापस लिया था। सोमवार को कर्मचारी संगठनों द्वारा विरोध जताने के बाद अब सरकार इस फैसले को वापस लेगी। प्रदेश सरकार कर्मचारी हित में उच्च वेतनमान देगी, तो यह सराहनीय कदम होगा। यह बात एंटी टेरेरिस्ट फ्रंट के अध्यक्ष नंबरदार, समाजसेवी व सहकारी सभा प्रधान बलविंद्र सिंह बबलू ने जारी प्रेस बयान में कही। उन्होंने कहा कि कर्मचारी हमेशा हिमाचल के विकास की रीढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कर्मचारियों को आश्वासन दिया है कि सरकार वेतन में कटौती नहीं करेगी। इस घोषणा से कर्मचारियों को राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि हायर ग्रेड पे के मसले पर प्रदेश सरकार को सहानुभूतिपूर्वक विचार करके फैसला कर्मचारी हित में लेना चाहिए।

### सेवाओं में कमी पाए जाने पर फाइनांस कंपनी दोषी करार

# 45 दिन में 9 फीसदी ब्याज समेत देने होंगे 40 हजार रुपए

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**धर्मशाला।** उपभोक्ता आयोग जिला कांगड़ा ने एक फाइनांस कंपनी की सेवा में कमी को दोषी करार दिया है। आयोग ने फाइनांस कंपनी द्वारा शिकायतकर्ता उपभोक्ता को 45 दिनों के भीतर 9 फीसदी वार्षिक ब्याज सहित 40000 रुपए और 10,000 रुपए वाद व्यय का भुगतान करने के आदेश जारी किए हैं।

यह आदेश उपभोक्ता आयोग जिला कांगड़ा के अध्यक्ष हेमांशु मिश्रा, सदस्य आरती सूद व नारायण ठाकुर की अदालत जारी किए हैं। आयोग से मिली जानकारी के अनुसार, शिकायतकर्ता ने आयोग में दर्ज अपनी शिकायत में बताया कि उन्होंने जनवरी 2020 में एक फाइनांस कंपनी से 99,500 रुपए का टू-व्हीलर लोन लिया था और नवंबर 2020 तक पूरा लोन ब्याज सहित चुका दिया था। इसके बाद कंपनी ने लोन खाते के क्लोजर का प्रमाण पत्र भी जारी किया। सितंबर, 2024 में जब उपभोक्ता ने एक निजी बैंक से मकान बनाने के लिए होम लोन लेने का प्रयास किया, तो उनका आवेदन खारिज कर दिया गया। शिकायतकर्ता के अनुसार बैंक ने इसका यह कारण बताया कि उनका सिविल स्कोर मात्र 596/900 है और उनके नाम पर उपरोक्त फाइनांस कंपनी का एक पुराना लोन खाता अब भी 50,220 रुपए का बकाया दिखा रहा है। शिकायतकर्ता ने बताया कि इस सारे मामले में जब उन्होंने फाइनांस कंपनी से संपर्क किया तो उन्हें पहले गलत रजिस्ट्रेशन नंबर, फिर गलत चेसिस नंबर वाली एनओसी दी गई, जबकि जनवरी 2025 में उन्हें सही एनओसी जारी की गई। इस लापरवाही के कारण शिकायतकर्ता उपभोक्ता को होम लोन नहीं मिल पाया और मकान निर्माण में देरी हुई, जिससे महंगाई और मानसिक तनाव का सामना करना पड़ा। आयोग के समक्ष यह मामला आने पर आयोग ने पाया कि यह स्पष्ट सेवा में कमी और लापरवाही है, जिसकी वजह से शिकायतकर्ता को आर्थिक नुकसान, मानसिक उत्पीड़ने और घर निर्माण में देरी झेलनी पड़ी। इसके आधार पर शिकायतकर्ता उपभोक्ता के पक्ष में फैसला सुनाते हुए आयोग ने फाइनांस कंपनी को उपरोक्त आदेश जारी किए।

**उपभोक्ता आयोग जिला कांगड़ा की अदालत का फैसला**

## लंबागांव में कच्चा मकान क्षतिग्रस्त, दो कमरे गिरे


मकान के दो कमरों के गिरने से सारा सामान मलबे में दबने से भारी नुकसान हुआ है।

**नरिंद्र कुमार, अनंत ज्ञान**

**जयसिंहपुर।** लंबागांव पंचायत के वार्ड नंबर एक टिक्करी घुमानू नालियां में ओंकार सिंह पुत्र स्व. कनु राम का कच्चा मकान क्षतिग्रस्त हो गया।

मकान के पिछले हिस्से के दो कमरे गिर गए, जिससे घर का सारा सामान मलबे में दब गया और काफी नुकसान हुआ। अन्य कमरों को भी दरारें आ गई हैं, जो कभी भी गिर सकते हैं। वर्तमान में पीड़ित ओंकार सिंह दूसरों के घर में रहने को मजबूर हैं। उनकी आर्थिक स्थिति भी कमजोर है। पंचायत प्रतिनिधि व प्रशासन की तरफ से पटवारी, कानूनगो ने मौके पर पहुंचकर नुकसान का जायजा लिया और रिपोर्ट तैयार कर ली है व पांच हजार रुपए फौरी राहत दी। पंचायत के उपप्रधान ने मौके पर पहुंचकर जायजा लिया व प्रशासन से गुहार लगाई है कि पीड़ित परिवार को उचित सहायता प्रदान करें।

## पीएम दौरे पर कड़ा होगा सुरक्षा घेरा हर जगह रहेगा पुलिस का पहरा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश में बरसात में आपदा से हुए नुकसान का जायजा लेने आ रहे पीएम नरेंद्र मोदी के दौरे को लेकर सुरक्षा घेरा कड़ा किया गया है। पीएम दौरे के दौरान चप्पे-चप्पे पर पुलिस का पहरा रहेगा। इसी के साथ जहां बैठक होनी है, उस एरिया को सुरक्षा के मद्देनजर नो ड्रोन एरिया घोषित किया गया है।

**सुरक्षा के मद्देनजर नो ड्रोन जोन घोषित**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के लिए 300 से अधिक पुलिस जवान व अधिकारी चप्पे-चप्पे पर तैनात रहकर यहां हो रही हर गतिविधि पर पैनी नजर रखेंगे। सूत्रों के अनुसार, जवानों की तैनाती के साथ ही क्षेत्र पूरी तरह से नौ ड्रोन जोन रहेगा। पीएम के दौरे का लेकर कड़ी सुरक्षा-व्यवस्था का लेकर स्पेशल प्रोटेक्शन गार्ड (एसपीजी) ने पहले से ही धर्मशाला के मुख्य स्थलों पर सुरक्षा का जिम्मा संभाल लिया है। जानकारी के अनुसार मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रदेश सरकार के प्रतिनिधियों, प्रदेश के सांसदों व आला अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर प्रदेश में आपदा से हुए नुकसान पर विस्तृत जानकारी लेंगे। सूत्रों के अनुसार, समीक्षा बैठक के साथ पीएम मोदी प्रदेश के आपदा प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण भी करेंगे।

> पीएम के दौरे को लेकर पुलिस द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहेंगे। पूरा क्षेत्र सुरक्षा के मद्देनजर नो ड्रोन जोन घोषित किया गया है।
>
> **-अशोक रत्न, एसपी, जिला कांगड़ा।**

# प्रदेश सरकार से आज नुकसान की रिपोर्ट लेंगे पीएम : जयराम

### तीन वर्ष से बरसात में हो रहे नुकसान से 20 वर्ष पीछे चला गया हिमाचल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी मंगलवार को प्रदेश दौरे पर आ रहे हैं। इस समय हिमाचल प्रदेश बहुत पीड़ा के दौर से गुजर रहा है। इस दुख की घड़ी में प्रधानमंत्री हिमाचल आ रहे हैं। धर्मशाला में प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में बैठक होनी है, जिसमें प्रदेशभर में बारिश से हुए नुकसान की प्रदेश सरकार से रिपोर्ट लेंगे।



यह बात नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने धर्मशाला में मीडिया से अनौपचारिक बातचीत में कही। जयराम ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के लिए वर्ष 2023, 2024 और 2025 आपदा के वर्ष रहे हैं। इन तीन वर्षों में हिमाचल प्रदेश में करोड़ों रुपयों का नुकसान हुआ है, जिससे हिमाचल 20 साल पीछे चला गया है। अब सब कुछ सही करना अपने आप में बहुत बड़ी चुनौती है।

### सरकार क्या पक्ष रखेगी देखने वाली बात होगी

**जयराम** ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री के साथ होने वाली बैठक में प्रदेश सरकार अपना पक्ष क्या रखेगी यह देखने वाली बात है। हिमाचल प्रदेश विधानसभा में प्रस्ताव लाया, जिसमें हिमाचल प्रदेश को आपदा राज्य घोषित किया जाए। उन्होंने कहा कि शुरू के दौर में मंडी जिले में नुकसान हुआ था, लेकिन आज के दौर में पूरे प्रदेश में भारी नुकसान देखने को मिला है। नदी-नालों किनारे अवैध भवनों के निर्माण को किस तरह रोका जाए। इस पर सोच विचार करने की जरूरत है और हिमाचल प्रदेश में विकास किस तरह से किया जाए, इस पर सोचना बेहद जरूरी है। वहीं, प्रदेश के लोगों की मदद के लिए यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी और असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा सरमा का आभार व्यक्त किया है। तीनों प्रदेशों से हिमाचल प्रदेश को 5 करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता के साथ-साथ आपदा राहत सामग्री भेजी गई है, जो आपदा ग्रस्त लोगों के लिए बहुत बड़ी राहत का काम करेगी।

जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री हिमाचल प्रदेश की परिस्थितियों को भली भांति जानते हैं। मंगलवार को होने वाली बैठक में सभी पहलुओं को प्रधानमंत्री के समक्ष रखा जाएगा।

## पीएम मोदी को दोपहर के भोजन में परोसे जाएंगे पारंपरिक व्यंजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** आपदा से जूझ रहे हिमाचल प्रदेश में नुकसान का जायजा लेने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को आ रहे हैं। इस दौरान धर्मशाला में अहम बैठक का आयोजन किया जाएगा, जिसमें पीएम नरेंद्र मोदी, प्रदेश सरकार से नुकसान की रिपोर्ट लेंगे।

**सेपू बड़ी, गुच्छी व ढिंगरी मशरूम सहित लुंगड़ू का मदरा परोसा जाएगा**

इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी द्वारा बड़े मंचों पर जिक्र करने वाले अपने पसंदीदा व्यंजन मंडी की सेपू बड़ी व प्रदेश के पारंपरिक व्यंजनों का जायका भी लेंगे।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, यहां बैठक के बाद प्रधानमंत्री दोपहर के भोजन में प्रदेश के पारंपरिक व्यंजन का भी स्वाद चखेंगे। बताया जा रहा है कि इस दौरान पीएम को मंडी की सेपू बड़ी सहित कांगड़ा चंबा की गुच्छी व ढिंगरी मशरूम सहित पालक व लुंगड़ू के मदरे सहित अन्य हिमाचली पारंपरिक व्यंजन भोजन में परोसे जाएंगे। बता दें कि यहां हिमाचल दौरे के दौरान पीएम मंडी की सेपू बड़ी को याद करते नजर आते हैं। ऐसे में मंगलवार के दौरे के दौरान पीएम मोदी को इन पारंपरिक व्यंजनों को परोसा जाएगा।

## लोगों की समस्याओं का जल्द समाधान करें अधिकारी : कमलेश


हरिपुर में लोगों की समस्याओं को सुनती विधायक कमलेश ठाकुर।

**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान**

**देहरा।** विधायक कमलेश ठाकुर ने लोक निर्माण विभाग के विश्रामगृह हरिपुर में लोगों से संवाद किया और उनकी विभिन्न जनसमस्याओं का निवारण किया।

लोगों ने सड़क, पानी, बिजली और शिक्षा से जुड़ी समस्याएं समक्ष रखीं। विधायक ने विभागीय अधिकारियों को इन समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। वहीं, जटिल मामलों को संबंधित विभागों को प्रेषित कर शीघ्र कार्रवाई करने को कहा। विधायक ने अधिकारियों को भी यह सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया कि जन समस्याओं का समाधान प्राथमिकता और समयबद्धता के साथ किया जाए, ताकि जनता को राहत मिले। विधायक ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आपदा से प्रभावित क्षेत्रों में बिजली, पानी और सड़क से संबंधित कार्यों को शीघ्रता से पूरा किया जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

**नाग मंदिर दरकाटा ने राहत कोष में दिए 1 लाख रुपए**

इस दौरान विधायक के माध्यम से मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष में नरेंद्र जम्वाल नाग मंदिर दरकाटा द्वारा 1 लाख का चेक एंव व्यापारी कल्याण बोर्ड के गैर सरकारी सदस्य शिवकुमार गुलेर निवासी द्वारा 11 हजार रुपए का चेक भी भेंट किया गया।

## पूर्व विधायक मनोहर ने लिया प्रभावित क्षेत्रों का जायजा

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** कांगड़ा जिले के इंदौरा और फतेहपुर विधानसभा क्षेत्रों के तहत आने वाला मंड क्षेत्र हाल ही में पौंग बांध से छोड़े गए पानी, बाढ़ और अवैध खनन के कारण भारी तबाही का शिकार हो गया है। कभी प्रदेश का अन्नदाता रहा यह क्षेत्र अब बर्बादी के कगार पर पहुंच चुका है। पूर्व विधायक मनोहर धीमान ने पलाख और इंदपुर पंचायत का दौरा कर किसानों की पीड़ा को जाना। उन्होंने कहा कि एक माह से लगातार तबाही हो रही है, लेकिन सरकार और स्थानीय विधायक केवल औपचारिकता निभा रहे हैं। मुख्यमंत्री हवाई दौरे कर रहे हैं, मगर जमीनी हालात देखने कोई नहीं आ रहा।

धीमान ने ब्यास नदी और तारा खड़ के तटीकरण की मांग की ताकि सैकड़ों एकड़ भूमि, घर, मंदिर और अस्पताल सुरक्षित रह सकें। ग्रामीणों ने कहा कि हमारी जमीन, फसलें सब बर्बाद हो गई हैं, पशुओं के लिए चारा तक नहीं बचा। सरकार ने अगर समय रहते कदम नहीं उठाए तो पूरा क्षेत्र तबाह हो जाएगा।

## 2 .046 किलोग्राम चरस के साथ एक युवक गिरफ्तार


रक्कड़ पुलिस टीम के साथ नाकाबंदी के दौरान गिरफ्तार किया गया युवक।

**अनंत ज्ञान, परागपुर**

**पुलिस** जिला देहरा की ओर से नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत रक्कड़ पुलिस थाना की टीम ने नाकाबंदी के दौरान एक युवक से 2 .046 किलोग्राम चरस बरामद की है। युवक की पहचान 30 वर्षीय अर्जुन परदेसी के रूप में हुई है, जो गांव तियामल, तहसील डाडासीबा का रहने वाला है। युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी शुरू कर दी है। एसपी मयंक चौधरी ने कहा कि भविष्य में भी जिला पुलिस देहरा का नशे के विरुद्ध अभियान जारी रहेगा। नशा करने वाले व नशा बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**पीएम मोदी दौरा**

## कांगड़ा एयरपोर्ट पर फ्लाइटस शेडयूल में होगा बदलाव: धीरेंद्र

**अनंत ज्ञान, गगल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को लगभग डेढ़ बजे कांगड़ा एयरपोर्ट पर पहुंचेंगे। इसके चलते कुछ नियमित उड़ानों के शेड्यूल में परिवर्तन होगा। कांगड़ा एयरपोर्ट के निदेशक धीरेंद्र सिंह ने बताया कि मंगलवार को कांगड़ा एयरपोर्ट आने वाली फ्लाइटस के शेड्यूल में कुछ परिवर्तन किए जाएंगे। इंडिगो का विमान जो 8:20 पर एयरपोर्ट पर लैंड होगा, उसके बाद 11:30 पर स्पाइसजेट का विमान लैंड होगा। इसके बाद स्पाइस जेट का विमान 2 बजकर 25 मिनट पर एयरपोर्ट पर लैंड होगा। इंडिगो का विमान 1:10 एयरपोर्ट पर लैंड होगा। मंगलवार को केवल चार ही फ्लाइटें अपनी सेवाएं देंगी, जिनमें से दो स्पाइस जेट और दो इंडिगो के विमान शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इन फ्लाइटों का शेड्यूल में कुछ परिवर्तन होगा।

**राहत** पौंग बांध का जलस्तर शाम को घटकर 1390.80 फुट पहुंचा

# पौंग बांध का जलस्तर घटा, ब्यास में बहाव कम

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर**

**कांगड़ा** जिले की विधानसभा फतेहपुर व इंदौरा के मंडवासियों और पंजाब के गांवों के लोगों के लिए कुछ राहत की खबर आई है। पौंग बांध से छोड़े जाने वाले पानी की मात्रा घटा दी गई है। बीबीएमबी प्रशासन ने अब चरणबद्ध तरीके से डिस्चार्ज कम करना शुरू किया है। बांध का खतरे का निशान 1390 फुट है और मौजूदा जलस्तर अब 1390.77 फीट पर है, जो खतरे के निशान से कुछ प्वॉइंट ऊपर है। लगातार खतरे के निशान से ऊपर बह रहे बांध से धीरे-धीरे राहत की उम्मीद जगी है।

विधानसभा फतेहपुर, खासकर इंदौरा क्षेत्र और पंजाब के होशियारपुर व पठानकोट जिलों के कुछ गांवों में पिछले दिनों से पौंग बांध से ब्यास नदी मे छोड़े गए पानी के कारण काफी तबाही मची थी। कई घरों और खेतों को नुकसान हुआ। सोमवार सुबह 7 बजे पौंग बांध का जलस्तर 1391.27 फुट दर्ज किया गया। इनफ्लो 34,697 क्यूसेक रही। कुल 79,891 क्यूसेक पानी छोड़ा गया, जिसमें 17,079 क्यूसेक टरबाइनों से और 62,812 क्यूसेक स्पिलवे से निकाला गया। डाउनस्ट्रीम स्नबर पर ब्यास नदी का बहाव 68,391 क्यूसेक दर्ज हुआ। मौसम आंशिक रूप से बादल छाया रहा। दोपहर 1 बजे जलस्तर घटकर 1390.93 फऊट हो गया। इनफ्लो 32,077 क्यूसेक और कुल डिस्चार्ज 69,739 क्यूसेक दर्ज हुआ। इसमें 17,079 क्यूसेक टरबाइनों से और 52,660 क्यूसेक स्पिलवे से छोड़ा गया। डाउनस्ट्रीम स्नबर पर ब्यास नदी का बहाव घटकर 58,239 क्यूसेक रहा। शाम 4 बजे जलस्तर घटकर 1390.80 फुट हुआ। इनफ्लो 34,879 क्यूसेक रहा। कुल डिस्चार्ज घटकर 65,009 क्यूसेक हुआ, जिसमें 17,079 क्यूसेक टरबाइनों से और 47,930 क्यूसेक स्पिलवे से छोड़ा गया। ब्यास नदी में डाउनस्ट्रीम स्नबर पर बहाव 53,509 क्यूसेक दर्ज हुआ। शाम 5 बजे जलस्तर घटकर 1390.77 फुट रह गया। इस समय इनफ्लो बढ़कर 37,247 क्यूसेक हो गया। कुल डिस्चार्ज 59,844 क्यूसेक दर्ज हुआ, जिसमें 17,079 क्यूसेक टरबाइनों से और 42,765 क्यूसेक स्पिलवे से छोड़ा गया। डाउनस्ट्रीम स्नबर पर ब्यास नदी का बहाव 48,344 क्यूसेक रहा। बीबीएमबी प्रशासन ने बताया कि हमने बांध से चरणबद्ध तरीके से डिस्चार्ज कम किया है, ताकि डाउनस्ट्रीम क्षेत्रों में बाढ़ का खतरा घटे।


ब्यास में बहाव कम होने से फतेहपुर व इंदौरा के मंड के लोगों के लिए राहत की उम्मीद।

प्रशासन का लक्ष्य जलस्तर 1389 फुट से नीचे लाना है और इसके लिए निगरानी लगातार जारी है। एसडीएम फतेहपुर विश्रुत भारती व एसडीएम इंदौरा सुरेंद्र ठाकुर ने कहा के हम लगातार प्रभावित इलाकों का मुआयना कर रहे हैं। किसानों और स्थानीय लोगों को राहत पहुंचाने के प्रयास जारी हैं। डिस्चार्ज में कमी से प्रभावित क्षेत्रों में स्थिति धीरे-धीरे बेहतर हो रही है।

## अधिसूचना वापस ले सरकार नहीं तो होगा आंदोलन

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ खंड बैजनाथ की बैठक मुनीश आनंद की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विशेष रूप से प्राथमिक शिक्षक संघ ने 6 सितंबर को वित्त विभाग की ओर से जारी अधिसूचना, जिसमें प्रदेश सिविल सेवा संशोधित वेतन नियम 2022 के तहत नियम 7ए को हटाने का विरोध किया। इस दौरान बताया गया कि इस नियम के लागू हो जाने से हजारों शिक्षकों व कर्मचारियों के वेतन में मासिक 10000 से 15000 रुपए तक की हानि होगी। इससे न केवल शिक्षकों को आर्थिक हानि होगी, बल्कि उनकी भविष्य में योजनाएं व प्रभावित होंगी, जिसका सीधा असर उनके परिवारों पर पड़ेगा। प्राथमिक शिक्षक संघ ने प्रदेश सरकार से इस नियम को निरस्त कर पूर्व मिलने वाले लाभ को यथावत रखने की मांग की। संघ ने कहा कि अगर सरकार ने जल्द इस पर सकारात्मक कदम न उठाया तो प्रदेश के सभी प्राथमिक शिक्षक आंदोलन का रुख अपनाएंगे।

# विधायक किशोरी ने लिया तरेहल पंचायत में नुकसान का जायजा

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान**

**बैजनाथ।** विधायक बैजनाथ किशोरी लाल ने पंचायत तरेहल का दौरा कर भारी बरसात के कारण पंचायत के वार्ड नंबर 3 और 4 में घरों एवं गोशालाओं को हुए व्यापक नुकसान का जायजा लिया। उन्होंने प्रभावित परिवारों से बातचीत कर हरसंभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया।

विधायक किशोरी ने कहा कि प्रदेश सरकार आपदा की इस घड़ी में पीड़ित परिवारों के साथ मजबूती से खड़ी है तथा प्रदेश के प्रभावित इलाकों में राहत एवं पुनर्वास कार्य तेजी से किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के निर्देशानुसार प्रदेश में आपदा प्रभावित क्षेत्रों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है एवं प्रशासन को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि प्रभावित परिवारों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो और उन्हें शीघ्र राहत एवं पुनर्वास सहायता प्रदान की जाए। उन्होंने स्थानीय प्रशासन को निर्देश दिए कि तरेहल पंचायत में प्रत्येक प्रभावित परिवार के नुकसान का आकलन कर शीघ्र ही राहत राशि उपलब्ध करवाई जाए और उनके अस्थायी आवास, राशन व अन्य आवश्यक वस्तुएं तुरंत उपलब्ध करवाई जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि ध्वस्त हुई गोशालाओं के पशुओं के लिए चारे और पशु-चिकित्सा सुविधा की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर तरेहल पंचायत के प्रधान प्यार चंद चौधरी, राजस्व विभाग के अधिकारी सहित प्रभावित परिवारों के सदस्य एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।


पंचायत तरेहल का दौरा कर नुकसान का जायजा लेते विधायक किशोरी लाल।

## न्यूज ब्रीफ

### आपदा राहत कोष में दिया 5100 का अंशदान

**अनंत ज्ञान, बरठीं।** राजकीय आईटीआई बरठीं के अनुदेशक अरुण शर्मा और सुनैना ने आपदा राहत कोष में 5100 रुपए का अंशदान किया। उन्होंने आज घुमारवीं में नगर एवं ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक और औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी को अंशदान राशि का चेक भेंट किया। राजेश धर्माणी ने आपदा राहत कोष में अंशदान के लिए अरुण शर्मा और सुनैना का आभार जताया। उन्होंने कहा कि समाज के विभिन्न लोगों द्वारा प्रदेश में आई प्राकृतिक आपदा को लेकर दिए जा रहे अंशदान से प्रभावित परिवारों की मदद करने में प्रदेश सरकार को सहयोग मिल रहा है।

### मुख्यमंत्री राहत कोष में दिए 5 लाख रुपए

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिले के कोठीपुरा पंचायत के चंगर पलासनी गांव निवासी 81 वर्षीय भंडारी राम वर्मा ने मुख्यमंत्री राहत कोष में पांच लाख रुपए का अंशदान दिया। उन्होंने आज उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार को अंशदान राशि का चेक भेंट किया। उपायुक्त ने मुख्यमंत्री राहत कोष में अंशदान देने के लिए भंडारी राम वर्मा का आभार जताया। उन्होंने कहा कि उनका यह नेक कार्य समाज के दूसरे लोगों को भी प्रेरित करने का कार्य करेगा। 81 वर्षीय भंडारी राम वर्मा भारतीय वायु सेना से बतौर मास्टर वॉरंट ऑफिसर (एमडब्ल्यूओ) के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। इस अवसर पर एसडीएम सदर डॉ. राजदीप सिंह भी मौजूद रहे।

### औहर में महिलाओं को बताए उनके अधिकार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** औहर पंचायत में महिला ग्राम सभा का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता पंचायत प्रधान प्रेमलता ठाकुर ने की। कार्यक्रम में भारी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया तथा अपने-अपने विचार रखे। इस दौरान प्रधान ने कहा कि महिलाओं के साथ होने वाले अत्याचारों के अलावा कई समस्या को रखने के लिए यह महिला दिवस मनाया जाता है। इस दौरान उप प्रधान रंजीत वर्धन ने भी महिलाओं को सरकार द्वारा दी जाने वाली योजनाओं के बारे में जानकारी दी तथा उसका लाभ उठाने का आह्वान किया। इस मौके पर महिलाओं ने एकल गान, समूह गान के अलावा अपने अपने विचार भी रखे।

### विधायक ने भाजयुमो कार्यकर्ताओं का किया मार्गदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) की एक महत्वपूर्ण बैठक आज भाजपा जिला कार्यालय बिलासपुर में संपन्न हुई। यह बैठक 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य पर आयोजित रक्तदान शिविर तथा भाजयुमो के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सनी शुक्ला के अभिनंदन समारोह की तैयारियों को लेकर बुलाई गई थी। बैठक की अध्यक्षता युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष मनोज चंदेल ने की। इस अवसर पर बिलासपुर सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल तथा भाजपा जिला अध्यक्ष आदरणीय कृष्णलाल चंदेल विशेष रूप से उपस्थित रहे और कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन प्रदान किया। बैठक में आगामी आयोजनों को सफल बनाने हेतु युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने, रक्तदान शिविर के संचालन, तथा अभिनंदन कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की गई। वक्ताओं ने प्रधानमंत्री मोदी के सेवा और समर्पण भाव से प्रेरित होकर समाज सेवा की भावना को मजबूत करने पर बल दिया। बैठक में भाजयुमो के पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, कार्यकर्ता एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### वित्तीय सुविधाएं छीन रही प्रदेश सरकार : अवनीश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** हाल ही में जारी हिमाचल प्रदेश नागरिक सेवा (पे रिवीजन) अधिनियम 2022 से रूल 7I को हटाए जाने से हिमाचल प्रदेश विज्ञान अध्यापक संघ जिला बिलासपुर ने अपना विरोध दर्ज करते हुए कहा कि इस अधिनियम को हटाने से राज्य के हजारों कर्मचारी को हजारों रुपए का वित्तीय घाटा प्रति माह होगा, जिससे सभी कर्मचारियों में खासा रोष दिखाई दे रहा है।विज्ञान अध्यापक संघ बिलासपुर के जिला अध्यक्ष अवनीश कुमार, महासचिव संजीव बंसल, कोषाध्यक्ष दिनेश शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रवि शर्मा, उपाध्यक्ष राजीव गौतम, दीपक, अतुल शर्मा, झंडूता ब्लॉक अध्यक्ष नंद किशोर शर्मा, सदर ब्लॉक अध्यक्ष नितिन शर्मा, स्वारघाट ब्लॉक अध्यक्ष सुरेंद्र धीमान, घुमारवीं-1 ब्लॉक अध्यक्ष अमीचंद, घुमारवी-2 ब्लॉक अध्यक्ष सुनील शर्मा, जगदम्बा, अनुपमा, नीतू, पूजा, सोनिका, सीता देवी सहित अन्य अध्यापकों ने कहा कि हर तरफ इसकी निंदा हो रही है। कर्मचारियों की हमेशा यह अपेक्षा रहती है कि सरकार से उन्हें कुछ न कुछ मिले परंतु यहां तो उनके साथ उल्टा हो रहा है। कुछ देने के बजाए सरकार उनसे उनके वित्तीय लाभ ही छीन रही है, जोकि कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिला संघ अन्य कर्मचारी व शिक्षक संगठनों से भी यह अपील करता है कि इस विषय पर एकजुट होकर सरकार से इस फैसले को वापस लेने का आग्रह करें ताकि कर्मचारियों के हितों की रक्षा हो।

## पीडब्ल्यूडी तथा जलशक्ति विभाग की समीक्षा के तहत तकनीकी शिक्षा मंत्री ने दिए निर्देश

# सड़कें व पेयजल योजनाएं जल्द करें बहाल



बंद पड़ती सड़कों और पेयजल योजनाओं का राजेश धर्माणी ने निरीक्षण किया।

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

नगर एवं ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक और औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने घुमारवीं में लोक निर्माण तथा जलशक्ति विभागों की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को भारी बरसात के कारण बंद पड़ी सड़कों एवं पेयजल आपूर्ति योजनाओं को युद्ध स्तर पर बहाल करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागीय अधिकारियों के हवाले से बताया कि भारी बरसात के कारण घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र में लोक निर्माण तथा जलशक्ति विभागों को लगभग 50 से 55 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। राजेश धर्माणी ने कहा कि घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र की लगभग सभी सड़कों को छोटे वाहनों के लिए खोल दिया गया है तथा 4 से 5 ऐसी सड़कें शेष हैं, जो बड़े वाहनों के लिए अभी बंद हैं, जिन्हें जल्द खोलने के उन्होंने निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि घुमारवीं जलशक्ति मंडल के अंतर्गत 61 योजनाएं कार्यान्वित की जा रही है जिनमें से 56 पेयजल आपूर्ति योजनाओं को आंशिक या पूरी तरह बहाल कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि जलशक्ति विभाग की एकमात्र सीवरेज योजना भी भारी बरसात के कारण प्रभावित हुई है, इसे भी आगामी तीन से चार दिनों में ठीक कर सुचारु तौर पर बहाल कर दिया जाएगा। इससे पहले उन्होंने घुमारवीं-सुन्हाणी-बरठीं सड़क का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को युद्ध स्तर पर इसे बहाल करने के निर्देश दिए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह घुमारवीं में जन समस्याएं भी सुनीं तथा अधिकारियों को समयबद्ध निपटारे के निर्देश दिए।

### विधायक कटवाल ने किया कोटधार का दौरा

**अनंत ज्ञान, शाहतलाई।** झंडूता विधानसभा क्षेत्र में विधायक जीतराम कटवाल ने सोमवार को पिछड़ा क्षेत्र कोटधार का दौरा किया। उन्होंने जेजवीं पंचायत के सिल्ह और डुडियां पंचायत के गांव चैहड़, ढोलग में भारी बारिश व भूस्खलन आदि की वजह से लोगों के रिहायशी मकानों, रसोइयों, शौचालयों, गौशालाओं, फसलों और जमीनों को हुए नुकसान का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने पंचायत डुडियां के रूप सिंह, विद्या देवी, सोहन लाल, रमेश चंद, निक्कू राम, गंगा देवी, प्रीतम सिंह सहित लगभग 20 परिवारों और पंचायत जेजवीं के लगभग 25 परिवारों के क्षतिग्रस्त मकानों और मवेशीखानों का मौका भी किया। जीतराम कटवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दौरा जहां राहत और पुनर्वास कार्यों की रफ्तार बढ़ाएगा, वहीं पीड़ित व प्रभावित परिवारों के लिए एक नई ऊर्जा और भरोसे का संचार भी करेगा।

### झंडूता में सड़क धंसने से आवागमन प्रभावित

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता उपमंडल में गेहड़वीं-बैहनाजड्डू सड़क मार्ग पर भारी नुकसान की खबर सामने आई है। उपमंडलीय अधिकारी झंडूता अर्शिया शर्मा ने बताया कि मार्ग का एक हिस्सा पूरी तरह धंस गया है। इस वजह से क्षेत्र में आवागमन प्रभावित हुआ है। लोक निर्माण विभाग ने इस सड़क की मरम्मत का कार्य जल्द शुरू करने का आश्वासन दिया है। एसडीएम ने बताया कि रूक्मणी कुंड जाने वाले रास्ते पर भी हल्की रुकावट देखी गई, जिसे लोक निर्माण विभाग ने तुरंत ठीक करने की बात कही है। इसके साथ ही, उपमंडल प्रशासन द्वारा आपदा प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्य भी तेजी से किए जा रहे हैं। सुन्हाणी गांव में करीब 8 तिरपाल जरूरतमंद परिवारों को वितरित किए गए। बाला क्षेत्र में भी तिरपाल बांटे गए। एसडीएम ने बताया कि पिछले हफ्ते मरोतन गांव में भी तिरपाल वितरण का कार्य किया गया था।

## बिलासपुर के युवा कांग्रेस नेता रजनीश मेहता बने युकां के राष्ट्रीय संयोजक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**युवा कांग्रेस में खुशी की लहर कहा-योग्यता को मिला अधिमान**

हिमाचल युवा कांग्रेस के पूर्व उपाध्यक्ष व हमीरपुर लोकसभा के प्रभारी रह चुके रजनीश मेहता को अखिल भारतीय युवा कांग्रेस मीडिया विभाग का राष्ट्रीय संयोजक बनाया गया है अखिल भारतीय युवा कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावरु व राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब ने यह नियुक्ति की है। इससे पहले भी हिमाचल से पूर्व अध्यक्ष रहे निगम भंडारी, शिवि चौहान को राष्ट्रीय महासचिव व अमित पठानिया को राष्ट्रीय सचिव के पद पर नियुक्त किया गया है। इन तीनों के बाद यह चौथी नियुक्ति है, जिसे राष्ट्रीय स्तर पर काम करने का मौका मिला है।



राष्ट्रीय स्तर पर हुई रजनीश मेहता की नियुक्ति से हिमाचल युवा कांग्रेस व उनके समर्थक पदाधिकारियों में खुशी का मौहाल है। अपनी इस नियुक्ति पर नवनियुक्त राष्ट्रीय रजनीश मेहता ने कहा कि उन जैसे छोटे कार्यकर्ता को राष्ट्रीय स्तर पर कार्य करने का मौका देना राहुल गांधी की दूरदर्शी सोच को दर्शाता है जो बिना किसी राजनीतिक पृष्ठ भूमि से निकल कर इस स्तर पर कार्य करने का मौका मिला है। मेहता ने कहा की पिछले 11 सालों से संगठन के विभिन्न विभिन्न पदों पर वह कार्य कर चुके है और जो भी जिम्मेदारी उन्हें पार्टी ने सौंपी उसे उन्होंने हमेशा मेहनत और ईमानदारी से निभाया है और आगे भी मेहनत से निभाया जाएगा आने वाले समय में जिन भी राज्यों में विधानसभा चुनाव होने जा रहे है, वहां अखिल भारतीय युवा कांग्रेस अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर कांग्रेस व इंडिया गठबंधन की सरकारें बनाने में अहम भागीदारी निभाएगी।

मेहता ने अपनी इस नियुक्ति के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राष्ट्रीय महासचिव राहुल गांधी, मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, कैबिनेट मंत्री राजेश धर्माणी, युवा कांग्रेस राष्ट्रीय प्रभारी कृष्णा अल्लावरु, राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब, राष्ट्रीय महासचिव निगम भंडारी, हिमाचल युवा कांग्रेस अध्यक्ष छत्तर ठाकुर, एनएसयूआई के राष्ट्रीय सम्मन्यवक सूरज नारायण, युवा कांग्रेस मीडिया सैल के राष्ट्रीय प्रभारी वरुण पांडे का आभार व्यक्त किया है।

## बारिश से लग दयो मंदिर को भारी नुकसान

**गोपाल कपिल, अनंत ज्ञान**

**झंडूता।** उपमंडल झंडूता के कोटधार क्षेत्र में स्थित ऐतिहासिक लग दयो मंदिर की पिछली दीवार भारी बारिश के कारण ढह गई है। इस घटना से मंदिर के साथ बने कमरे की छत भी टपक रही है, जिससे मंदिर को काफी नुकसान हुआ है। कोटधार नलवाड़ मेला समिति के अध्यक्ष अमरनाथ धीमान ने इस नुकसान पर चिंता जताते हुए सरकार से तत्काल आर्थिक सहायता की मांग की है।



कोटधार क्षेत्र में स्थित ऐतिहासिक मंदिर की पिछली दीवार भी ढह गई है।

अमरनाथ धीमान ने बताया कि भारी बारिश के कारण मंदिर की पिछली दीवार गिरने से न केवल मंदिर की संरचना को नुकसान पहुंचा है, बल्कि इससे जुड़े कमरे की छत भी क्षतिग्रस्त हो गई है, जो बारिश में टपक रही है। उन्होंने कहा कि यह मंदिर ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर है। हम सरकार से निवेदन करते हैं कि मरम्मत के लिए जल्द से जल्द राशि उपलब्ध करवाई जाए ताकि इस धरोहर को बचाया जा सके। मंदिर कमेटी के अनुसार, लग दयो मंदिर का इतिहास लगभग 200 वर्ष पुराना है। बाबा गोकुल गिरि जी महाराज ने इस मंदिर का जीर्णोद्धार किया था, जब यहां केवल एक पिंडी थी। खुदाई के दौरान द्वापर युग के चांदी के सिक्के मिले थे, और स्वप्न में प्राप्त दर्शन के आधार पर मंदिर की दीवारें बाहर से बनाई गई थीं।

मंदिर में साल में दो मेले आयोजित होते हैं। बरसात में गुग्गा मेला और गर्मियों में कोटधार नलवाड़ मेला, जिसमें अमरनाथ धीमान अध्यक्ष के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कलोल पंचायत के प्रधान देशराज ने मौके का निरीक्षण कर बताया कि मंदिर को हुए नुकसान का अनुमान 10 से 15 लाख रुपए है।

अमरनाथ धीमान ने इस ऐतिहासिक मंदिर के संरक्षण के लिए स्थानीय लोगों और प्रशासन से सहयोग की अपील की है। मंदिर कमेटी और नलवाड़ मेला समिति के अध्यक्ष अमरनाथ धीमान के नेतृत्व में स्थानीय लोग इस धरोहर को बचाने के लिए एकजुट हो रहे हैं और सरकार से शीघ्र सहायता की उम्मीद कर रहे हैं।

## प्राइवेट बस यूनियन बिलासपुर के प्रधान राजेश बने प्रदेश प्रवक्ता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

द प्राइवेट बस ऑपरेटर यूनियन बिलासपुर के जिला प्रधान राजेश पटियाल को बस एवं कंफेडरेशन ऑफ इंडिया की हिमाचल इकाई का प्रवक्ता बनाए जाने पर बिलासपुर के निजी बस ऑपरेटरों में खुशी का माहौल है। वहीं, प्रेस को जारी बयान में जिला यूनियन के वरिष्ठ उपप्रधान विनिया अमीन व महासचिव राहुल चौहान सहित अन्य सभी पदाधिकारियों और सदस्यों ने इस नियुक्ति को एतिहासिक करार देते हुए बिलासपुर जिला का सम्मान बताया है।



उन्होंने कहा कि बिलासपुर जैसे छोटे से जिला का अधिमान मिलना गौरव का विषय है। सभी ने आशा व्यक्त की है कि अब बिलासपुर जिले के निजी बस ऑपरेटरों की समस्याओं और मांगों को प्रदेश स्तर पर प्रभावशाली तरीके से रखा जाएगा, जो कि बस ऑपरेटरों के लिए अच्छे संकेत हैं। उन्होंने कहा कि प्रधान राजेश पटियाल की कार्यशैली सभी को साथ लेकर चलने की है तथा प्रदेश में कहीं भी होने वाली निजी बस ऑपरेटरों की बैठकों में सभी बस मालिकों को लेकर जाना तथा हर छोटे और अहम निर्णय में सभी की रायशुमारी करना इनके स्वभाव में शामिल है।

जिला प्रधान राजेश पटियाल की काबलियत को देखते हुए इन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिली है। इसके अलावा द प्राइवेट बस आपरेटर यूनियन अनिल चंदेल, रितिक, सुरेश, राजेश शर्मा, बलजीत सिंह, चुनी लाल, महेंद्र अपर्ण, सुरेंद्र भड़ोल, बनीत व अन्य सभी बस ऑपरेटरों ने राजेश पटियाल को बधाई दी है तथा राष्ट्रीय व प्रदेश कार्यकारिणी का आभार व्यक्त किया है।

## जख्मों पर मरहम लगाने की पीएम से उम्मीद : सांख्यान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** आखिरकार वह दिन आ ही गया जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अपने अति व्यस्ततम शेडयूल से हिमाचल प्रदेश में आए जल प्रलय का जायजा लेने के लिए समय निकाला गया। प्रदेश में होने वाली यह लगातार तीसरा जल प्रलय है जिसमें सैकड़ों की संख्या मे अनमोल जानें चली गई हैं, जबकि हजारों लोगों की खून पसीने की कमाई, उनके घर-भार सब पानी के बहाव में चले गए।

चूंकि हादसा बड़ा है, इसलिए प्रदेश की जनता की उम्मीदें पीएम मोदी पर टिकी हैं तथा आशा यह है कि इस आपदा को राष्ट्रीय आपदा घोषित कर प्रदेश के जख्मों पर मरहम लगाने का काम होगा। यह बात कांग्रेस के पूर्व मीडिया कोऑर्डिनेटर संदीप सांख्यान ने कही। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री के हिमाचल दौरे से प्रदेशवासियों को अच्छी खासी उम्मीदें हैं।


## एम्स बिलासपुर से 32 डॉक्टरों के इस्तीफे पर बंबर ठाकुर का वार

# जनता के स्वास्थ्य से खिलवाड़, नड्डा दें जवाब

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**पूर्व विधायक बोले - भाजपा की पोल खोल रहा एम्स का सच**

सदर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक बंबर ठाकुर ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि जनता को यह बताना होगा कि आखिर एम्स बिलासपुर से 32 डॉक्टरों ने एक साथ इस्तीफा क्यों दिया। उन्होंने कहा कि जिस संस्थान को हिमाचल की जीवन रेखा बताया गया, आज उसकी हालत यह है कि डिलीवरी तक के मामलों को रेफर किया जा रहा है, मरीज असुरक्षित हैं और जनता के स्वास्थ्य के साथ खुला खिलवाड़ हो रहा है।



उन्होंने आरोप लगाया कि एम्स का सच भाजपा की पोल खोल रहा है क्योंकि करोड़ों रुपए खर्च कर बनाए गए इस अस्पताल में 18 करोड़ का प्लांट, 19 करोड़ की बाउंड्री और 25 करोड़ का पौधरोपण भी संदेह के घेरे में होने के कारण चर्चाओं में है, जबकि मरीज इलाज को तरस रहे हैं। बंबर ठाकुर ने भलस्वाये गांव की एक युवती की मौत का जिक्र करते हुए कहा कि सिर्फ पेट दर्द की शिकायत पर गई लड़की जिंदा वापस नहीं लौटी और यह घटना साबित करती है कि एम्स में गंभीर लापरवाही हो रही है जिसकी जांच जरूरी है।

उन्होंने सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल पर कटाक्ष करते हुए कहा कि बार-बार एम्स को भाजपा की देन बताना जनता को गुमराह करना है क्योंकि हकीकत यह है कि तत्कालीन मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने कैबिनेट में प्रस्ताव पारित कर बिलासपुर को एम्स दिलाया था और नड्डा ने केवल पैसा जारी किया, इसलिए भाजपा नेताओं को सच छुपाना बंद करना चाहिए। बंबर ठाकुर ने यह भी कहा कि जब-जब जगत प्रकाश नड्डा स्वास्थ्य मंत्री रहे तब-तब घोटाले और विवाद सामने आए, हिमाचल में स्वास्थ्य निदेशक सुखराम का निलंबन और जेल जाना, स्वास्थ्य सचिव विनीत चौधरी का मामला और अब एम्स में डॉक्टरों का पलायन, यह सब नड्डा के समय ही हुआ।

उन्होंने सवाल उठाया कि हिमाचल से सात सांसद और खुद नड्डा केंद्र में बैठकर भी आपदा के समय प्रदेश को एक पैसा क्यों नहीं दिलवा सके। उन्होंने स्थानीय विधायक से भी जवाब मांगा कि उनकी निधि से कितनी राशि अस्पताल, सड़क या भवन निर्माण में खर्च की गई और जनता को इसका हिसाब क्यों नहीं दिया गया।

## कर्मचारियों का ग्रेड-पे लाभ वापस लेने को लेकर जम्वाल ने की आलोचना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल ने कर्मचारियों को मिल रहा ग्रेड-पे का लाभ वापस लेने संबंधी फैसले को लेकर प्रदेश सरकार की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने कहा कि इस तुगलकी फरमान से कांग्रेस सरकार का कर्मचारी विरोधी चेहरा एक बार फिर से बेनकाब हो गया है। दिवाली और दशहरा जैसे त्योहारों पर कर्मचारियों को सरकार से वित्तीय लाभ के रूप में कोई बड़ा तोहफा मिलने की उम्मीद रहती है, लेकिन कुछ देने के बजाए कांग्रेस सरकार ने पहले से मिल रहे लाभ छीनकर त्योहारी सीजन में उन्हें कड़वा घूंट पीने पर मजबूर कर दिया है।

त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि प्रदेश सरकार की कथनी और करनी में दिन-रात का अंतर है। इस सरकार ने आज तक कर्मचारियों और बेरोजगारों को केवल धोखा देने का ही काम किया है। ओपीएस बहाली और हर साल एक लाख नौकरियां देने के वादे से कर्मचारियों और बेरोजगारों को गुमराह करके सत्ता में आई कांग्रेस सरकार एक के बाद एक इन दोनों वर्गों के खिलाफ फैसले ले रही है। अपने अब तक के कार्यकाल में यह सरकार लगभग 2500 सरकारी संस्थानों पर तालाबंदी कर चुकी है। इससे कर्मचारियों के लिए पदोन्नति के अवसर कम हो गए हैं। प्रति संस्थान औसतन 20 कर्मचारियों के स्टाफ के लिहाज से इनमें 50 हजार बेरोजगारों को नौकरी मिल सकती थी, लेकिन तालाबंदी की शौकीन इस सरकार के मनमाने फैसलों से उनकी उम्मीदें भी चकनाचूर हो गईं।

त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि जयराम सरकार के समय कर्मचारियों को ग्रेड-पे का लाभ देने का निर्णय लिया गया था। तीन वर्षों से मिल रहा यह लाभ मौजूदा सरकार ने महज एक अधिसूचना जारी करके एक ही झटके में छीन लिया। इससे कर्मचारियों को प्रतिमाह 15 से 20 हजार रुपए का नुकसान होगा। इससे पहले भी सरकार कई बार कर्मचारियों को खून के आंसू रोने पर मजबूर कर चुकी है।

## पुनर्मूल्यांकन में छाए मिनर्वा के बच्चे, 10 बच्चों के 98% अंक

**भूपेश नड्डा, अनंत ज्ञान**

**घुमारवीं।** प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित दसवीं कक्षा के पुनर्मूल्यांकन के नतीजों में मिनर्वा सीनियर सेकेंडरी स्कूल घुमारवीं के छात्रों ने अभूतपूर्व सफलता अर्जित की है। बोर्ड द्वारा जारी हालिया पुनर्मूल्यांकन परिणामों में स्कूल के छात्रों ने एक बार फिर उत्कृष्टता की मिसाल पेश की है। पहले घोषित परिणामों में अपेक्षित अंक न मिलने पर छात्रों ने पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन किया था। संशोधित परिणाम आने के बाद, पिछली बोर्ड की मेरिट सूची के आधार पर विद्यालय के 10 छात्र पहली दस स्थान पर जगह बनाने में कामयाब रहे। इस उपलब्धि ने न केवल स्कूल की शिक्षण पद्धति की श्रेष्ठता को सिद्ध किया है, बल्कि छात्रों की मेहनत और समर्पण का भी परिचय दिया है।



10वीं के छात्रों के पुनर्मूल्यांकन में बढ़े अंक, स्कूल प्रबंधन ने जताया बोर्ड का आभार।

इस उल्लेखनीय उपलब्धि ने एक बार फिर मिनर्वा स्कूल की शैक्षणिक गुणवत्ता और शिक्षकों की मेहनत को साबित कर दिया है। पुनर्मूल्यांकन के बाद कई छात्रों के अंक सुधरे हैं। स्कूल प्रबंधन और शिक्षकों ने छात्रों की इस सफलता को उनकी कड़ी मेहनत और लगन का नतीजा बताया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रवेश चंदेल ने बोर्ड प्रबंधन का इसके लिए आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि हमारे विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों के संयुक्त प्रयास का परिणाम है।

पुनर्मूल्यांकन में जिस प्रकार हमारे छात्रों के अंक बढ़े हैं, वे हमारे लिए अत्यंत गर्व की बात है। यह परिणाम हमारे शिक्षकों की मेहनत, छात्रों की लगन और शिक्षण पद्धति का प्रमाण है। बोर्ड की टॉप टेन सूची में तीसरे स्थान पर रही पर्णिका शर्मा ने अब 99.28 प्रतिशत अंक प्राप्त दूसरा स्थान हासिल किया। नित्या प्रत्क्षया राजे ने 98.85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पांचवां स्थान हासिल किया है। इससे पहले 691 अंक के साथ छठा स्थान हासिल किया था। वहीं, कार्तिक चंदेल ने 98.57 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सातवां स्थान प्राप्त किया है। वहीं, आराध्या ने 98.42 प्रतिशत अंक प्राप्त कर आठवां स्थान प्राप्त किया।

रुद्रांश व्यास ने 98.28 प्रतिशत अंक हासिल कर नौवां स्थान हासिल किया है। आनंदिता ने 98.28 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नौवां, काव्यंजली ठाकुर ने 98.28 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नौवां, पुष्कल ठाकुर ने 98.14 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दसवां, आर्यान्श चंदेल ने 98.14 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दसवां, विक्रम भारद्वाज ने 98.14 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दसवां स्थान हासिल किया है।

## सीआईएसएफ परिवार की रीढ़ मानी जाने वाली संरक्षिकाएं हैं एकता की प्रतीक : कमलेश



सीआईएसएफ कोल डैम यूनिट में संरक्षिका दिवस पर मौजूद महिलाएं।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

एनटीपीसी कोल डैम हाइड्रो पावर परियोजना के सीआईएसएफ परिसर में संरक्षिका दिवस धूमधाम से मनाया गया। यूनिट संरक्षिका अध्यक्षा एवं डिप्टी कमांडेंट कमलेश बाली ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत कर संरक्षिका सदस्यों सहित पौधरोपण कर इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इसके बाद रंगोली, मेहंदी, पारंपरिक पोशाक और नृत्य जैसी आकर्षक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें संरक्षिका सदस्यों और बच्चों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंत में पुरस्कार वितरण का आयोजन किया गया, जिसमें विजेताओं को यूनिट संरक्षिका अध्यक्षा एवं डिप्टी कमांडेंट कमलेश बाली ने सम्मानित किया। इस अवसर पर कमलेश बाली ने सभी संरक्षिका सदस्यों का आभार प्रकट किया। उन्होंने संरक्षिकाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया और कहा कि सीआईएसएफ परिवार की रीढ़ मानी जाने वाली संरक्षिकाएं, संगठन की मजबूती और एकता की प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि गृहणियों और बच्चों को हमेशा अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए आगे आना चाहिए, जिन्हें सीआईएसएफ संरक्षिका संघ प्रोत्साहित करेगी क्योंकि इस तरह के आयोजन बच्चों के आत्मविश्वास और कौशल को बढ़ाने में भी सहायक सिद्ध होते हैं। कार्यक्रम का समापन सभी सदस्यों व प्रतिभागियों को सम्मानित कर और सामूहिक भोज के साथ किया गया।

**कार्रवाई** बिलासपुर में नशा माफिया पर पुलिस की सर्जिकल स्ट्राइक

# 155 केस; 234 गिरफ्तार, 28 किलो चरस बरामद

**अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**पिछले साल से 45 ज्यादा मामले पुलिस ने छेड़ी निर्णायक जंग**

**बिलासपुर।** हजारों घरों को तबाह कर चुकी नशे की महामारी पर अब बिलासपुर पुलिस ने निर्णायक जंग छेड़ दी है। वर्ष 2025 में अगस्त तक पुलिस ने नशा तस्करों पर सख्त शिकंजा कसते हुए 155 मामले दर्ज कर 234 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान 28.664 किलो चरस, 3.100 किलो चूरा-पोस्त और 574 ग्राम हेरोइन/चिट्टा बरामद हुआ है। यह आंकड़े पिछले वर्ष की तुलना में दोगुने से भी ज्यादा हैं।

वर्ष 2024 में इसी अवधि तक 110 मामले दर्ज हुए थे, जिनमें 9.426 किलो चरस, 5.165 किलो चूरा पोस्त और 405 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ था। इस साल दर्ज हुए 45 अतिरिक्त मामले पुलिस की बढ़ी हुई सक्रियता और नशा माफिया पर तगड़े प्रहार का सबूत हैं, लेकिन पुलिस का मिशन सिर्फ गिरफ्तारियों तक सीमित नहीं है। नशे से प्रभावित समाज को बचाने के लिए गांव-गांव 'चिट्टा सभाएं' आयोजित की जा रही हैं। इनमें पंचायत प्रधान, महिला मंडल और पूर्व पुलिस अधिकारी शामिल हो रहे हैं। आमजन को समझाया जा रहा है कि यह जहर कैसे युवा पीढ़ी को निगल रहा है। प्रत्येक पंचायत में एक पुलिस नोडल अधिकारी भी नियुक्त किया गया है जो स्थानीय स्तर पर निगरानी रख रहा है।

इस बीच पुलिस ने पीआईटी एनडीपीएस अधिनियम के तहत एक कुख्यात तस्कर को जिला कारागार जबली में डाल दिया है। यह संदेश साफ है कि हिमाचल की मिट्टी पर नशा माफिया को अब कोई ठिकाना नहीं मिलेगा। पुलिस ने कहा है कि यह लड़ाई सिर्फ कानून की नहीं, बल्कि समाज की आत्मा बचाने की लड़ाई है। नशे से उजड़े हर घर की पीड़ा इस अभियान की ताकत बनेगी और बिलासपुर ही नहीं, पूरा हिमाचल नशा मुक्त बनाने तक यह जंग जारी रहेगी।

### समाज को नशे के जहर से मुक्त करना है लक्ष्य : संदीप

जिला पुलिस अधीक्षक संदीप धवल ने कहा कि नशे के खिलाफ यह लड़ाई पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। आंकड़े इस बात का प्रमाण हैं कि पुलिस लगातार सख्त कार्रवाई कर रही है। हमारा लक्ष्य सिर्फ तस्करों को पकड़ना ही नहीं, बल्कि समाज को इस जहर से मुक्त करना है। हर पंचायत स्तर पर जागरूकता अभियान चल रहा है और भविष्य में भी यह मुहिम और ज्यादा तेज होगी। नशे की जड़ें पूरी तरह उखाड़कर ही दम लेंगे।

## मोदी हिमाचल को एक बड़ा आपदा राहत पैकेज देकर जाएं : बलदेव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** आम आदमी पार्टी के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता बलदेव राज ने कहा है कि प्रधानमंत्री हिमाचल आ रहे हैं और जैसा कि वह हिमाचल को दूसरा घर मानते हैं तो एक बड़ा आपदा राहत पैकेज घोषित करके जाएं। वह बिलासपुर में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वह मुख्यमंत्री सुक्खू तथा केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा से भी आग्रह कर रहे हैं कि वह भी प्रधानमंत्री को कहें कि हिमाचल को आपदा से बाहर निकालने के लिए एक बड़ा पैकेज हिमाचल हिमाचल को देकर जाएं।

उन्होंने कहा कि पिछले 2 वर्षों में हिमाचल प्रदेश में ऐसी भयानक त्रासदी हुई है जो इससे पहले कभी नहीं हुई। उन्होंने कहा कि 400 के लगभग व्यक्ति इस हादसे इन हादसों में जान गवा चुके हैं। उनके साथ पत्रकार वार्ता में पूर्व जिला सचिव विचित्र सिंह भी उपस्थित रहे।

## जरूरतमंदों को नि :शुल्क ऑक्सीजन कंसंट्रेटर उपलब्ध करवा रही प्रयास संस्था

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

प्रयास संस्था हिमाचल प्रदेश के विभिन जिलों मे घर-द्वार पर जनता को निशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं उपलबद्ध करवा रही है। पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से पांचवी बार के सांसद अनुराग ठाकुर के मार्गदर्शन में सामाजिक संस्था प्रयास द्वारा जन कल्याणकारी योजना अस्पताल - सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा के माध्यम से प्रतिदिन लोगों को घर-द्वार पर निशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवा रही है।

जनकल्याण के कार्यों को बढ़ाते हुए प्रयास संस्था द्वारा जरूरतमंद मरीजों के लिए नि:शुल्क ऑक्सीजन कंसंट्रेटर और व्हीलचेयर उपलब्ध करवाई जा रही है ऑक्सीजन कंसंट्रेटर उपलब्ध करवाने की मुहिम के तहत यह उपकरण हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में वितरित किए जा चुके हैं । ये उपकरण विशेष रूप से उन मरीजों के लिए लाभकारी हैं, जिन्हें घर पर ऑक्सीजन सपोर्ट की आवश्यकता होती है। इस सेवा का उद्देश्य उन लोगों की मदद करना है, जिन्हें सांस लेने में कठिनाई हो रही है और जो अस्पतालों या महंगे उपकरणों तक पहुंच नहीं बना पा रहे हैं। संस्था के संयोजक संजीव राजपूत ने बताया कि हमारा उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी व्यक्ति की जान केवल इसलिए न जाए क्योंकि उसके पास समय पर ऑक्सीजन उपलब्ध नहीं हो पाई। यह पहल सांसद अनुराग ठाकुर की मानवता की सेवा के प्रति नेक सोच का उदाहरण है। संस्था अभी तक लगभग 30 ऑक्सीजन कंसंट्रेटर विभिन्न मरीजों के लिए वितरित कर चुकी है। प्रयास संस्था ने 8 सितंबर को भी अवाहदेवी कार्यालय से पंचायत राजपुरा, गांव संगीरठी में सांस की बीमारी से पीड़ित मरीज विश्वनाथ को उनके परिजनों के माध्यम से नि:शुल्क ऑक्सीजन कंसेंट्रेटर प्रदान किया। अगर किसी मरीज को इन उपकरणों की जरूरत हो तो डॉक्टर की प्रिस्क्रीप्शन दिखाकर व अन्य जरूरी कागज दिखाकर प्रयास संस्था के अवाहदेवी स्थित कार्यालय में संपर्क कर सकता है।

## न्यूज ब्रीफ

### जांघी पंचायत में दो सप्ताह बाद लौटी बिजली

**अनंत ज्ञान, धरवाला।** विकास खंड मैहला के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत जांघी में आखिरकार 15 दिन बाद बिजली व्यवस्था बहाल हो गई। रविवार रात करीब साढ़े आठ से नौ बजे के बीच जब रोशनी आई तो ग्रामीणों और बच्चों में खुशी की लहर दौड़ गई। लोगों ने कहा कि लंबे समय तक अंधेरे में रहने से वे बेहद परेशान थे। ग्रामीण मंजीत कुमार, सनी कुमार, मनोज, पवन, सोनू, विजय, धीरज, मानसिंह और प्रवीन ने नाराजगी व्यक्त करते हुए बताया कि बिजली व्यवस्था ठप रहने से बच्चों की पढ़ाई पर गहरा असर पड़ा। खराब मौसम के चलते ऑनलाइन पढ़ाई भी बाधित रही, जिससे विद्यार्थियों को काफी मुश्किलें झेलनी पड़ीं। लोगों ने कहा कि सिर्फ घरों में ही नहीं, बल्कि सरकारी दफ्तरों और बैंकों जैसे संस्थानों में भी कार्य प्रभावित हुआ। बैंकिंग लेन-देन और अन्य जरूरी कार्य बाधित रहे। ग्रामीणों ने विभाग से आग्रह किया है कि भविष्य में इस तरह की समस्या से निपटने के लिए ठोस इंतजाम किए जाएं।

### स्कूली बच्चों के लिए बाधा बना भटानी नाला

**अनंत ज्ञान, धरवाला।** भरमौर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाली ग्राम पंचायत राडी का अहम हिस्सा बकल वार्ड जिसे छोटी पांगी के नाम से भी जाना जाता है। पिछले कई दिनों से हुई मूसलाधार बारिश के चलते जगह-जगह रास्ते अवरुद्ध हो गए हैं। जिससे राहगीरों व स्कूली छात्र-छात्राओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सोमवार सुबह भटानी नामक स्थान पर जब स्कूली बच्चे अवरुद्ध रास्ते के कारण नाला पार नहीं कर पाए तो स्थानीय लोगों ने बेलचा व फावड़ा लेकर खुद वहां पहुंच गए। स्थानीय लोगों ने बताया कि सोमवार को भी बच्चे स्कूल नहीं जा पाए हैं। इसके चलते लोगों ने अवरुद्ध पड़े रास्ते को ठीक करने का निर्णय लिया है और शाम तक यह रास्ता बहाल कर दिया जाएगा, ताकि स्कूली बच्चों व राहगीरों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

### मिड-डे मील कार्यकर्ता के लिए करें आवेदन

**अनंत ज्ञान, चंबा।** शिक्षा खंड चम्बा के अंतर्गत राजकीय प्राथमिक पाठशाला द्रमण में मिड-डे मील कार्यकर्ता के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी 18 सितंबर 2025 तक अपने प्रार्थना पत्र एवं आवश्यक प्रमाण पत्रों की प्रतियां विद्यालय प्रबंधन समिति को प्रस्तुत कर सकते हैं। विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष बबली कुमारी ने बताया कि चयन में बीपीएल या निम्न आय वर्ग, विधवा/परित्यक्ता महिलाएं, अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक वर्ग के अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। साथ ही, ऐसे अभ्यर्थी जिनके परिवार का कोई सदस्य सरकारी सेवा में न हो, जो संबंधित ग्राम पंचायत के वार्ड के स्थायी निवासी हों और जिन्हें खाना बनाने का अनुभव हो, उन्हें भी वरीयता मिलेगी। अधिक जानकारी के लिए विद्यालय प्रबंधन समिति से संपर्क किया जा सकता है।

### गाड़ी और बस पर गिरे पत्थर, क्षतिग्रस्त

**अनंत ज्ञान, पांगी।** उपमंडलाधिकारी नागरिक, पांगी रमन घरसंगी ने जानकारी दी कि उर की ढक्की के समीप अचानक गिरते पत्थरों (शूटिंग स्टोन) की चपेट में एक फॉर्च्यूनर गाड़ी और एचआरटीसी बस आ गई। हादसे में दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हुए हैं। सौभाग्य से किसी भी यात्री को चोट नहीं आई और न ही किसी प्रकार की जनहानि हुई। प्रशासन ने इसे अत्यंत संवेदनशील और असुरक्षित मार्ग करार देते हुए लोगों से अपील की है कि वे केवल अत्यंत आवश्यक और आपातकालीन स्थिति में ही इस मार्ग से आवाजाही करें। वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए बस सेवाओं को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। एसडीएम पांगी ने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा सर्वोपरि है और सभी से आग्रह किया कि वे सतर्कता बरतें तथा प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें।

### पूर्व सीएम को सौंपी एक लाख की सहायता राशि

**अनंत ज्ञान, मंडी।** युवा मोर्चा सराज व ग्राम पंचायत बगड़ाथाच और बहल सैंज द्वारा सराज आपदा प्रभावित लोगों की सहायता के लिए धन संग्रहण अभियान चलाया गया था। उस अभियान के तहत 1 लाख की धनराशि इकट्ठा हुई थी। युवा मोर्चा सराज के सचिव व उप प्रधान ग्राम पंचायत बगड़ा थाच रोहित ठाकुर का कहना है कि कुल 1 लाख की धनराशि इकट्ठा करके हमने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर को सौंपी। उनका कहना है कि हम आपदा प्रभावित परिवारों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं।

### थलौट से पंजाई सड़क छोटे वाहनों के लिए खुली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग थलौट भूपेन्द्र शर्मा ने बताया कि थलौट से पंजाई सड़क छोटे वाहनों के लिए खोल दी गई है। इससे पंजाई के सेब उत्पादन क्षेत्र के बागवानों को राहत मिलेगी और वे अपनी फसल आसानी से मंडियों तक पहुंचा पाएंगे।उन्होंने जानकारी दी कि पंजाई से थाची सड़क पर बहाली का कार्य जारी है, लेकिन पनाला के पास सड़क पूरी तरह बह जाने के कारण कार्य चुनौतीपूर्ण है। यदि मौसम अनुकूल रहा तो इस सड़क को एक सप्ताह में खोल दिया जाएगा। फिलहाल थाची क्षेत्र के किसान अपनी फसल को वाया शैट्टाधार-लंबाथाच-थुनाग मार्ग से मंडियों तक पहुंचा रहे हैं। भूपेंद्र शर्मा ने बताया कि बालीचौकी से सुधरानी सड़क पर भी दिन-रात कार्य किया जा रहा है, जहां तीन जेसीबी और दो टिप्पर तैनात हैं। मौसम साफ रहा तो चार दिन में यह मार्ग भी बहाल कर दिया जाएगा।

### वकीलों के अभद्र व्यवहार की कड़ी निंदा की

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ चंबा ने मणिमहेश यात्रा 2025 के दौरान जिला प्रशासन को सहयोग करने के बजाय कुछ वकीलों द्वारा किए गए अभद्र व्यवहार की कड़ी निंदा की है। महासंघ ने बताया कि 28 अगस्त को उपायुक्त चंबा के साथ वकीलों द्वारा अभद्र भाषा, गाली-गलौच और झूठी अफवाहें फैलाकर यात्रियों तथा उनके परिजनों में डर पैदा किया गया। इसके अलावा, चंबा मुख्यालय में नारेबाजी और सड़क जाम कर प्रशासनिक गतिविधियों में बाधा डाली गई। महासंघ के अध्यक्ष अजय जरियाल और अन्य पदाधिकारियों ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि जिला प्रशासन ने आपदा नियंत्रण कक्ष में रात-दिन प्रयास करके मणिमहेश यात्रियों को भोजन, पानी, चिकित्सा सहायता और यातायात सुविधा उपलब्ध करवाई। महासंघ ने राज्य सरकार से मांग की है कि जिला बार एसोसिएशन के दोषियों के खिलाफ डिजास्टर मैनेजमेंट एक्ट के तहत कड़ी कार्रवाई की जाए और उनके खिलाफ मामला दर्ज किया जाए। महासंघ ने यह भी कहा कि इस आपदा में कर्मचारियों ने प्रशासन के साथ मिलकर जीवन-माल की सुरक्षा में उत्कृष्ट सेवा दी, और ऐसे असामाजिक तत्वों को बख्शा नहीं जाना चाहिए।

### बी फार्मेसी, बीटेक में प्रवेश को स्पॉट काउंसिलिंग

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर ने स्नातक (यूजी) और स्नातकोत्तर(पीजी) विषयों की खाली सीटों को भरने के लिए स्पॉट राउंड काउंसिलिंग करने का निर्णय लिया है। स्पॉट काउंसिलिंग के शेड्यूल के अनुसार 10 सितंबर को बी फार्मेसी (डायरेक्ट एंट्री), 11 सितंबर को बी फार्मेसी (लेटरल एंट्री) और 12 सितंबर को बीटेक(लेटरल एंट्री) की काउंसिलिंग तकनीकी विवि परिसर में सुबह साढ़े नौ बजे से शुरू होगी। वहीं, बी आर्क की काउंसिलिंग भी 10 सितंबर को नगरोटा बगवां कॉलेज में होगी। बीटेक(डायरेक्ट एंट्री) की काउंसिलिंग संबंधित शिक्षण संस्थानों में 12 सितंबर को होगी। बीएससी एचएमसीटी की काउंसिलिंग भी 10 सितंबर को संबंधित शिक्षण संस्थानों में होगी, जहां यह कोर्स चलता है। एमएससी भौतिकी और पर्यावरण विज्ञान, एमबीए पर्यटन, योग और एमटेक(सीएसई) की काउंसिलिंग 11 सितंबर को तकनीकी विवि परिसर में होगी। एमटेक(सीई), एमटेक (ईवीडी) की काउंसिलिंग 11 सितंबर को संबंधित शिक्षण संस्थानों में होगी।

---

### जिला चंबा में आपदा में हुए नुकसान का अंतर मंत्रालयी केंद्रीय टीम ने लिया जायजा

# 434.32 करोड़ की क्षति का आकलन: डीसी

**केंद्र ने शीघ्र राहत दिलाने और मनरेगा मैन डेज बढ़ाने का दिया आश्वासन**

**अनंत ज्ञान, चंबा**



केंद्र सरकार की अंतर मंत्रालीय केंद्रीय टीम जिला प्रशासन और विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करती हुई।

**जिला** चंबा में भारी बारिश के कारण हुई क्षति का जायजा लेने के लिए केंद्र सरकार की अंतर मंत्रालीय केंद्रीय टीम ने जिला का दौरा किया। टीम ने विभिन्न उपमंडलों के प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर आपदा से हुए नुकसान का आकलन किया। इस दौरान प्रशासनिक और विभागीय अधिकारी भी साथ रहे।

दोपहर बाद टीम ने जिला प्रशासन और विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने केंद्रीय प्रतिनिधियों का स्वागत कर विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि चंबा में भारी वर्षा से 434 करोड़ 32 लाख 73 हजार रुपए की क्षति हुई है। इसमें लोनिवि विभाग को 24461.50 लाख, जल शक्ति विभाग को 12586.58 लाख, कृषि व बागवानी विभाग को 2086.1 लाख, एचपीएसईबीएल को 654.03 लाख, राष्ट्रीय राजमार्ग को 1264.55 लाख, उच्च शिक्षा विभाग को 256.35 लाख, प्रारंभिक शिक्षा विभाग को 55.95 लाख और मत्स्य पालन विभाग को 34.21 लाख का नुकसान हुआ।

उपायुक्त ने बताया कि जिले में विभिन्न प्रकार के 8608 मकान और अन्य ढांचागत संरचनाएं क्षतिग्रस्त हुई हैं, जिससे 189.30 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। वन विभाग को 141.76 लाख, स्वास्थ्य विभाग को 87 लाख, नगर परिषद चंबा को 4.5 करोड़ और नगर परिषद डलहौजी को 3.40 करोड़ रुपये का नुकसान दर्ज किया गया है। विभागीय अधिकारियों ने भी बैठक में अपने-अपने विभागों से संबंधित क्षति की जानकारी दी।

केंद्रीय टीम ने भरोसा दिलाया कि नुकसान की विस्तृत रिपोर्ट केंद्र सरकार को भेजकर शीघ्र राहत दिलाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने मनरेगा के अंतर्गत मजदूरों के मैन डेज बढ़ाने का प्रस्ताव जल्द भेजने को कहा ताकि स्वीकृति मिल सके। टीम ने आपदा से बचाव और रोकथाम के लिए और अधिक ठोस प्रयास करने पर भी जोर दिया। इस अवसर पर व्यय मंत्रालय के उप सचिव कमलदीप वी. पटेल, ग्रामीण विकास मंत्रालय के अंडर सेक्रेटरी दीप शेखर सिंघल, उपायुक्त मुकेश रेपसवाल, पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

---

# चंबा जिले के समग्र विकास को मिलेगा नया आयाम: हर्ष महाजन



हर्ष महाजन केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह से सीएसआर फंड की मांग रखते हुए।

**राहुल सेहगल, अनंत ज्ञान**

**चंबा।** राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन ने सोमवार को केन्द्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी से मुलाक़ात कर चंबा ज़िले के लिए सीएसआर (कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी) फंड उपलब्ध करवाने की पुरज़ोर मांग रखी।

महाजन ने कहा कि चंबा ज़िला भौगोलिक दृष्टि से अत्यंत दुर्गम और पिछड़ा क्षेत्र है, जहां शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, ऊर्जा और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए विशेष सहयोग की सख़्त आवश्यकता है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सीएसआर फंड से न केवल सामुदायिक सुविधाएं मजबूत होंगी, बल्कि युवाओं के लिए रोज़गार के अनेक अवसर भी पैदा होंगे। सांसद ने कहा कि मंत्रालय के अधीन आने वाले सार्वजनिक उपक्रम (पीएसयू) अपने सीएसआर दायित्वों के अंतर्गत चंबा ज़िले को विशेष प्राथमिकता दें। इससे यहां विकास कार्यों को नई गति मिलेगी और यह जिला आत्मनिर्भरता की दिशा में बड़ा कदम बढ़ाएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि केंद्र सरकार और मंत्रालय के सहयोग से चंबा जिले को शिक्षा, स्वास्थ्य और आधारभूत ढांचे के क्षेत्र में वह सहयोग अवश्य मिलेगा, जिसकी इसे लंबे समय से प्रतीक्षा है। यह पहल न केवल चंबा को विकास की मुख्यधारा में लाएगी, बल्कि यहां के लोगों के जीवन स्तर को भी नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगी।

---

# 7.8 % जीडीपी वृद्धि बनी विकास का नया कीर्तिमान: राकेश कुमार

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

**कहा- पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत की अर्थव्यवस्था वैश्विक मंच पर चमकी**



**भरमौर** विधानसभा क्षेत्र के त्रिलोचन महादेव मंडल की ग्राम पंचायत गान के भाजपा बूथ अध्यक्ष राकेश कुमार ने कहा कि मौजूदा वित्त वर्ष की पहली तिमाही में देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 7.8% की अभूतपूर्व वृद्धि दर्ज हुई है। यह केवल एक आंकड़ा नहीं, बल्कि भारत की आर्थिक मजबूती और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व का जीवंत प्रमाण है। उन्होंने कहा कि आज यह सिद्ध हो चुका है कि देश की अर्थव्यवस्था को बेहतर ढंग से संभालने और उसे ऊंचाइयों तक ले जाने की क्षमता प्रधानमंत्री मोदी के सिवा किसी के पास नहीं है। राकेश कुमार ने कहा कि आज भारत की आर्थिक प्रगति विश्वभर में चर्चा का विषय बनी हुई है। अंतरराष्ट्रीय स्तर के शीर्ष अर्थशास्त्री भी स्वीकार करते हैं कि प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों ने भारत को नई दिशा, नई ऊर्जा और वैश्विक अर्थव्यवस्था में नई पहचान दी है।

उन्होंने कहा कि मेक इन इंडिया अभियान को गति देना और स्वदेशी अपनाना ही भारत को आत्मनिर्भर और शक्तिशाली बनाने का मूल मंत्र है। राकेश कुमार ने विश्वास जताया कि आने वाले वर्षों में भारत न केवल विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होगा, बल्कि वैश्विक आर्थिक व्यवस्था का नेतृत्व भी करेगा। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विकास की यह रफ्तार थमेगी नहीं, बल्कि हर वर्ष नए कीर्तिमान स्थापित करेगी।

---

## पठानकोट-भरमौर एनएच छोटे वाहनों के लिए हुआ बहाल

**अनंत ज्ञान, धरवाला।** पठानकोट-भरमौर एनचल छोटे वाहनों के लिए खुल गया है। लगातार खराब मौसम के चलते पठानकोट भरमौर रोड जगह-जगह अवरुद्ध हो चुका था जिस कारण मणि महेश यात्रा पर आए श्रद्धालुओं तथा स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। जहां एक ओर पठानकोट भरमौर नेशनल हाईवे बंद होने से बहुत से श्रद्धालुओं को हेलीकॉप्टर तथा भारतीय सेना के द्वारा चंबा पहुंचाया गया। जिसमें मणिमहेश यात्रा पर आए हुए श्रद्धालुओं की अपनी खुद की गाड़ियां व दो पहिया वाहन जो भरमौर में ही छूट गए थे। छोटे बाहनों की आवाजाही जो सोमवार को बहाल हुई है इससे भरमौर- हड़सर व आसपास में फंसे बहुत से हजारों श्रद्धालुओं की गाड़ियां जिन्हें अब यहां से निकाला जा सकता है। इसके साथ ही भरमौर जो यातायात अवरुद्ध होने से पूरे विश्व से कट चुका था जहां रोजमर्रा की खाने-पीने की चीजे व अन्य कमियां महसूस हो रही थी।

---

# 44 प्रभावितों को दी 3 लाख की राहत राशि

### विस अध्यक्ष पठानिया ने सिहुंता में किया जन समस्याओं का समाधान

**अनंत ज्ञान, सिहुंता**

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने (सोमवार) भटियात विधानसभा क्षेत्र के तहत सिहुंता स्थित ट्राईबल भवन में लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकांश का मौके पर ही समाधान किया। उन्होंने इस दौरान 44 आपदा प्रभावित परिवारों को राहत स्वरूप 3 लाख रुपये की राशि प्रदान की।

कुलदीप सिंह पठानिया ने बताया कि भटियात विधानसभा क्षेत्र में अब तक प्रभावित परिवारों को 10 लाख रुपये से अधिक की तत्काल राहत राशि उपलब्ध करवाई जा चुकी है। उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि आपदा के इस कठिन समय में राज्य सरकार प्रत्येक प्रभावित परिवार को हर संभव मदद पहुंचाना सुनिश्चित बना रही है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि आपदा प्रभावितों के लिए राहत एवं पुनर्वास को राज्य सरकार द्वारा आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि उप मंडलीय प्रशासन द्वारा आवश्यक राहत सामग्री भी प्रभावित परिवारों तक पहुंचाई जा रही हैं। लोक निर्माण, जल शक्ति व राज्य विद्युत बोर्ड के अधिकारी एंव कर्मचारी आपदा प्रभावित क्षेत्रों में संपर्क सड़क, पेयजल तथा विद्युत आपूर्ति से संबंधित सेवाओं की बहाली को लेकर पूरी तत्परता से कार्य कर रहे हैं। इससे पहले विस अध्यक्ष ने आसपास के क्षेत्रों में आपदा प्रभावित स्थलों का निरीक्षण किया तथा लोगों का कुशलक्षेम भी जाना।



### खिरड़ीधार मेला में की 41 हजार की घोषणा

**अनंत ज्ञान, चंबा।** विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया तीन दिवसीय खिरड़ीधार मेले के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने छिंज मेला आयोजन समिति नगाली को 41 हजार रुपये अपनी ऐच्छिक निधि से देने की घोषणा की और कहा कि खिरड़ीधार क्षेत्र को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मेले उत्सव हमारी संस्कृति के परिचायक हैं और सामाजिक एकता को मजबूत करते हैं। इस मौके पर उन्हें शाल, टोपी और स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। विधानसभा अध्यक्ष ने रोचक कुश्ती मुकाबलों का भी अवलोकन किया। कार्यक्रम में एसडीएम डलहौजी, विभागीय अधिकारी और स्थानीय लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

---

# हमीरपुर में फिर चंदन चोरी की कोशिश घरवालों के उठने से नहीं हुए सफल

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** हमीरपुर शहर में चंदन के पेड़ों की अवैध कटाई का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। बीती रात करीब तीन बजे वार्ड नंबर 10 में अज्ञात चोरों ने एक पुराने चंदन के पेड़ को काट डाला। हालांकि जैसे ही पेड़ गिरा, घर के लोग जाग गए और शोर मचने पर चोर पेड़ को साथ ले जाने से पहले ही भाग निकले। इस घटना के बाद एक बार फिर स्थानीय लोगों में दहशत और नाराजगी है।

काबिलेगौर है कि पिछले तीन सप्ताह में चंदन चोरी की यह चौथी घटना है। इससे पहले अलग-अलग जगहों से छह पेड़ चोर काटकर ले जा चुके हैं। सबसे पहली घटना भी इसी इलाके में दर्ज हुई थी। इसके बाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) हमीरपुर परिसर में तीन पेड़ काटे गए। अगली ही रात हीरानगर में दो अलग-अलग घरों के आंगन से करीब 30 साल पुराने चंदन के पेड़ उखाड़ ले जाए गए।

स्थानीय लोगों का कहना है कि बार-बार घटनाओं के बावजूद पुलिस अब तक किसी भी आरोपी तक नहीं पहुंच सकी है। यह स्थिति चंदन उगाने वालों के लिए चिंता का विषय बन गई है। लोग सवाल उठा रहे हैं कि जब सुरक्षा के इंतजाम नहीं हैं तो वे चंदन के पेड़ लगाकर करें भी तो क्या करें। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, लेकिन लगातार हो रही घटनाओं ने आमजन में असुरक्षा की भावना पैदा कर दी है।

---

## भूस्खलन से चंबा जिले के कई गांवों पर खतरा: पवन

**अनंत ज्ञान, चंबा।** भाजपा चंबा जिला के त्रिलोचन महादेव मंडल अध्यक्ष पवन भारद्वाज की अध्यक्षता में सोमवार को एक प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल से मुलाकात कर ग्राम पंचायत धिमला के अंतर्गत आने वाले गांव कलेला, कलवारा और धिमला में हो रहे लगातार भूस्खलन को लेकर अपनी गंभीर चिंता जताई। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि हाल ही में भारी वर्षा के चलते कलेला गांव के ऊपर हुए भूस्खलन में मलबे की चपेट में आने से दो महिलाओं की दर्दनाक मौत हो चुकी है। वहीं, गांवों के ऊपर अब भी बड़े-बड़े पत्थर ढीले पड़े हैं, जो कभी भी नीचे गिरकर भारी नुकसान पहुंचा सकते हैं। ग्रामीण डर और असुरक्षा के माहौल में जीने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि कलवारा गांव के नीचे हो रहा भूस्खलन कई घरों के लिए खतरा बन गया है। साथ ही, प्राथमिक पाठशाला धिमला व उच्च पाठशाला भी इसकी जद में आ गए हैं। डीसी चंबा से मांग की गई कि इस समस्या के स्थायी समाधान हेतु तुरंत विशेषज्ञ टीम भेजकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं।

---

# राज्य शिक्षक अवार्ड से सम्मानित अध्यापक का हुआ भव्य स्वागत

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

राज्य पुरस्कार से सम्मानित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मोरला के अध्यापक उमेश कुमार शर्मा को हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल द्वारा राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सोमवार को उनका राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मोरला में पहुंचने पर प्रधानाचार्य, सभी स्टाफ मेंबर्स व एसएमसी के सदस्यों ने भव्य स्वागत किया।

प्रधानाचार्य हितेंद्र पठानिया ने बताया कि उमेश कुमार शर्मा बहुत ही मेहनती और कर्मठ अध्यापक हैं, जिन्होंने कोरोना काल के समय अपनी बेहतरीन सेवाएं दी और बच्चों को समग्र शिक्षा के तहत हर घर पाठशाला कार्यक्रम के तहत पाठ्यक्रम तैयार किया। उमेश कुमार शर्मा ने 500 वीडियो, 500 वर्कशीट व 90 व्हाट्सअप क्विज तैयार किए। उमेश कुमार शर्मा को उनके नवाचारों के लिए भी 2019 में केंद्रीय शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल ने सम्मानित किया है। उमेश कुमार शर्मा हिमाचल प्रदेश शिक्षा विभाग के एसआरजी के सदस्य हैं और समय-समय पर अपनी सेवाएं शिक्षा विभाग को देते रहते हैं। उमेश कुमार शर्मा राज्य स्तर पर भी बाल विज्ञान सम्मेलन के समन्वयक के रूप में कार्य करते हैं। हर वर्ष राज्य स्तर पर अलग-अलग क्षेत्रों जैसे मैथ ओलिंपियाड, साइंस क्विज में अपनी सेवाएं देते हैं। उमेश शर्मा की इस उपलब्धि पर प्रधानाचार्य हितेंद्र पठानिया व अन्य एमसी कार्यकारिणी अभिभावकों व बच्चों में खुशी की लहर है। हितेंद्र पठानिया ने बताया कि उमेश कुमार शर्मा की इस उपलब्धि पर हमें गर्व है।

---

# माता त्रिपुर भैरवा मेले में बारिश ने डाला खलल

**बालक राम, अनंत ज्ञान**



**पंडोह।** माता त्रिपुर भैरवा मेला का दूसरा दिन बारिश की भेंट चढ़ गया। हालांकि देवी देवताओं ने दोपहर तक मेला मैदान में पहुंच कर भक्तों को दर्शन जरूर दिए। स्कूली बच्चों और लोगों ने भी बारिश से पहले मेरे का आनंद जरूर लिया। मगर शाम को बारिश होने के कारण मेले की रौनक में खलल आ गया। यह पहला अवसर है जब मेला मैदान में बारिश के दौरान भी बहुत सारी दुकानें लगी है।

मनयारी ओर चाट भंडार में खुब रस देखने को मिल रहा है। अभी झुले लगाए जा रहे हैं। दुकानें और लग रही है। इसे लगता है कि इस बार के मेले बहुत ही भीड़-भाड़ से भरने वाले हैं। बता दें कि आगे खेलें, महिला मंडलों के सांस्कृतिक कार्यक्रम और कुश्ती का महा दंगल इस मेले को चार चांद लगाने वाले है। हमारे खिलाड़ियों ने मेले मैदान में ही कबड्डी और बाली बाल का अभ्यास शुरू कर दिया है।

इस मेले की जलेबी बहुत मशहुर है। आज से ही जलेबी की दुकानों में अच्छे खासे लोगों का जमघट देखा गया है। मेला कमेटी की अध्यक्ष सयोग पंचायत प्रधान बीना महंत ने बताया कि आज अभी शुरुआत है। जरूरी सुविधाएं जुटाई जा रही है। मंगलवार से मेले में रंग बिखेरने वाले है। इस बार हम मेले के आयोजन में कोई कोर कसर नहीं छोड़ने वाला है। लोगों का भी सराहनीय सहयोग मिल रहा है। बस मौसम साफ़ रहना चाहिए।

---

# बालीचौकी, थाची, ज्वालापुर और थलौट में बिजली आपूर्ति बहाल

**अनंत ज्ञान, मंडी**

आपदा प्रभावित बालीचौकी उपमंडल के पंजाई तथा सुदरानी क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति बहाली का कार्य अंतिम चरण में है और संभावना है कि सोमवार शाम तक इन क्षेत्रों में भी बिजली आपूर्ति सामान्य हो जाएगी ।वरिष्ठ अधिशासी अभियंता, हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड, विद्युत मंडल थलौट जितेंद्र विष्ट ने बताया कि 7 सितंबर को बालीचौकी, थाची, ज्वालापुर तथा थलौट क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी गई थी। इन क्षेत्रों में विभाग ने लगातार मरम्मत कार्य कर उपभोक्ताओं को पुनः बिजली उपलब्ध करवाई है, जबकि पंजाई तथा सुधरानी क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति बहाली का कार्य आज शाम तक पूरा कर लिया जाएगा। वरिष्ठ अधिशासी अभियंता जितेन्द्र बिष्ट ने कहा कि विभाग बहुत शीघ्र शत-प्रतिशत विद्युत आपूर्ति बहाल कर देगा। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की कि इस आपदा की घड़ी में धैर्य और सहयोग बनाए रखें। मुख्य अभियंता रजनीश ठाकुर, जिनकी देखरेख में बिजली आपूर्ति बहाली का कार्य तेजी से चल रहा है, ने कहा कि आपदा प्रभावित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। विभाग के अधिकारी और कर्मचारी दिन-रात युद्धस्तर पर कार्य कर रहे हैं, ताकि उपभोक्ताओं को शीघ्र राहत मिल सके।

---

# कैंटीन कार्ड के लिए 10 तक करें आवेदन

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**



बैठक के दौरान सामूहिक चित्र में सेवानिवृत्त सीएपीएफ संगठन सरकाघाट की इकाई।

सेवानिवृत्ति सीएपीएफ संगठन सरकाघाट इकाई की बैठक संगठन के सरकाघाट इकाई के अध्यक्ष कमांडेंट बलबीर सिंह सस्वाल की अध्यक्षता में निजी होटल में आयोजित की गई।

इस बैठक में उन्होंने सेवानिवृत्ति अधिकारियों व कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि उनकी मांगें उनके विभाग स्तर पर वह केंद्र व प्रदेश सरकार के स्तर पर प्रमुखता से उठा रहे हैं और उनकी कई मांगों के अब परिणाम भी आने शुरू हो गए हैं। उन्होंने सेवानिवृत्ति अधिकारियों वे जवानों से आग्रह किया कि वह 10 सितंबर तक अपने कैंटीन कार्ड के लिए ऑनलाइन आवेदन कर लें, क्योंकि इन कार्डों के बनने के बाद ही उन्हें कैंटीन की सुविधा उपलब्ध हो पाएगी और जो पुराने बने हुए कार्डों को रद्द समझा जाए, क्योंकि अब कैंटीन का सामान नए कार्डों पर ही उपलब्ध होगा। वहीं, संगठन के प्रदेश सचिव ज्ञान ठाकुर ने बताया कि जल्द तीन कार्डों के लिए आवेदन कर लें। इस बैठक में पूर्व जिला अध्यक्ष कुलदीप ठाकुर, संतराम, आसाराम, डागु राम, बिशन दास, टेक चंद्र सकलानी सहित लगभग सात दर्जन अधिकारियों और जवानों ने भाग लिया।

---

## रिकॉर्ड समय में क्षतिग्रस्त टावर का वैकल्पिक प्रबंधन कर बिजली संचार लाइन बहाल

**अनंत ज्ञान, मंडी**

हिमाचल प्रदेश स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड लिमिटेड ने हाल ही में भारी बारिश से प्रभावित हुए मंडी के 9 मील के पास बिजली टावर से लाइन को सुचारु कर दिया है।

इससे मंडी शहर की बिजली आपूर्ति अब और अधिक बेहतर हो जाएगी। बोर्ड के प्रवक्ता अनुराग पाराशर ने बताया कि इस बिजली टावर से वैकल्पिक व्यवस्था बनाकर इस पर युद्धस्तर पर कार्य कर बोर्ड के अधिकारियों और कर्मचारियों की दिन-रात की मेहनत ने इस कार्य को सफल बनाया है। हाल ही में भारी बारिश से पंडोह के पास 9 मील में 132 केवी की डबल सर्किट बिजनी लारजी कांगु बिजली संचार लाइन को टावर सहित बहुत नुकसान पहुंचा था और मंडी और आसपास के क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था के लिए 66 केवी शानन बिजनी तथा 33 केवी रत्ती-मेडिकल कॉलेज-बड़सू-बिजनी लाइन से बिजली आपूर्ति की जा रही थी। इसमें अत्यधिक बिजली भार से बिजली विद्युत आपूर्ति में बोर्ड को बहुत समस्या आ रही थी, फिर भी बेहतर प्रबंधन कर बोर्ड ने अपने सभी बिजली उपभोक्ताओं को अधिक समस्या नहीं आने दी। आज इस लाइन के रिकॉर्ड समय में शुरू होने से बोर्ड और उपभोक्ताओं दोनों के समस्या को दूर कर दिया है। अनुराग पाराशर ने कहा कि बोर्ड प्रबंधन ने इस कामयाबी पर बोर्ड के मंडी कार्यरत अधिकारियों और तकनीकी कर्मचारियों की सराहना की है।

---

# गोहर में आरटीओ का अभियान, वाहनों के काटे चालान

### कहा- वाहनों की फिटनेस, परमिट, इंश्योरेंस, लाइसेंस व प्रदूषण का रखें ख्याल

**सुनील शर्मा, अनंत ज्ञान**



**गोहर।** दिन-प्रतिदिन बढ़ रही दुर्घटनाओं व सड़क सुरक्षा को मद्देनजर सोमवार को आरटीओ मंडी ने उपमंडल गोहर के मुख्य बाजार गोहर में अधूरे कागजात व नियमों को ताक पर रखकर चलने वाले दर्जनों चालकों के चालान काटे।

आरटीओ मंडी ने लोगों से आग्रह किया कि वह अपनी गाड़ियों की फिटनेस, पॉल्यूशन, इंश्योरेंस, लाइसेंस आदि बिलकुल सही रखें और जो मालवाहक वाहन चालक अपने वाहनों के फिटनेस, परमिट, इंश्योरेंस, लाइसेंस व प्रदूषण इन चीजों का खास ख्याल रखें। गाड़ी चलाते वक्त मोबाइल का यूज न करें और बेल्ट लगाकर ही गाड़ी चलाएं, अगर कोई भी कमी इन चीजों में पाई गई, तो सड़क सुरक्षा अधिनियम के तहत चालान काटा जाएगा, ताकि हम बढ़ रही दुर्घटनाओं पर अंकुश लगा सकें।

---

अनंत Classifieds

**नाम परिवर्तन**

**मैं, पुनीत** पुत्र गुलाब सिंह निवासी, गांव गुलेला, डाकघर पटड़ीघाट, तहसील बलद्वाड़ा जिला मंडी हिमाचल प्रदेश घोषणा करत हूं कि मेरे पुत्र का वास्तविक और सही नाम जियान ठाकुर के बजाय परीक्षित ठाकुर है। सभी संबंधित नोट करें।

> **मीठे** और विनम्र वचन चारों ओर सुख फैलाते हैं और दूसरों को अपना बना लेते हैं, कठोर वचनों का त्याग करना चाहिए। –**तुलसीदास**

## संपादकीय

# अशांत हुआ नेपाल

**ने**पाल सरकार ने फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब समेत 26 सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर जो बैन लगाया है, उससे वह इस समय गहरे राजनीतिक और सामाजिक संकट से गुजर रहा है। नेपाल पूरी तरह से अशांत हो चुका है। वजह बताई गई कि इन प्लेटफॉर्म्स ने नेपाल के संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में रजिस्ट्रेशन नहीं कराया था। सरकार ने इसके लिए सात दिन की मोहलत भी दी थी, लेकिन जब तक रजिस्ट्रेशन नहीं हुआ, तब तक इन प्लेटफॉर्म्स को बैन करने का फैसला लागू कर दिया गया। सरकार के इस फैसले ने पूरे देश में उथल-पुथल मचा दी है। खासकर युवा वर्ग, जो सोशल मीडिया पर अपने विचार रखते थे, नाराज हो उठा है। नेपाल के नागरिक लंबे समय से भ्रष्टाचार, बड़े घोटालों और सरकारी नियुक्तियों की खरीद-फरोख्त जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं।

ऐसे में सोशल मीडिया उनके लिए आवाज उठाने का सबसे बड़ा माध्यम बन चुका था। 18 से 30 वर्ष के बीच के युवा अपना ज्यादातर समय इंटरनेट पर बिताते हैं और टेक्नोलॉजी के साथ जुड़े रहते हैं। उन्हें डिजिटल नागरिक कहें तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। देश-दुनिया में क्या चल रहा है वह उससे भलि-भांति परिचित रहते हैं। न्याय और समानता क्यों जरूरी है, उसके प्रति भी सचेत रहते हैं। इंस्टाग्राम जैसे मशहूर प्लेटफॉर्म के नेपाल में लाखों यूजर्स हैं जो इंटरटेनमेंट, न्यूज और बिजनेस के लिए उन पर निर्भर हैं। ऐसे में जब इन मंचों पर ही रोक लगा दी गई, तो गुस्सा भड़कना स्वाभाविक था। स्थिति तब और बिगड़ गई, जब गुस्साए प्रदर्शनकारियों ने संसद भवन की ओर कूच किया। सरकार ने प्रदर्शनकारियों को समझाने-बुझाने के बजाय उन पर गोलियां चलवा दीं। नतीजा, कई लोगों की मौत हो गई और सैकड़ों घायल हुए। हालात काबू से बाहर होते देख सरकार को कर्फ्यू लगाना पड़ा, लेकिन सवाल यह है कि क्या यह कोई स्थायी हल है? अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था की आत्मा होती है। नेपाल जैसे लोकतंत्र में यदि जनता अपनी बात भी न कह सके, तो लोकतंत्र का अस्तित्व ही खतरे में पड़ जाता है। सोशल मीडिया ने आम नागरिकों को अपनी बात कहने, सरकार की नीतियों पर सवाल उठाने और भ्रष्टाचार उजागर करने का एक मजबूत मंच दिया है। ऐसे में अचानक उस मंच को बंद कर देना लोकतंत्र की बुनियाद को कमजोर करता है।

नेपाल सरकार का यह तर्क कि सोशल मीडिया कंपनियों ने रजिस्ट्रेशन नहीं कराया, कमजोर नजर आता है। रजिस्ट्रेशन का हल बातचीत से भी निकाला जा सकता था, लेकिन सरकार ने जिस तरह सीधा बैन लगाने और प्रदर्शनकारियों पर गोली चलाने का रास्ता अपनाया, उसने उसकी छवि तानाशाही जैसी बना दी है। यह कोई पहला मौका नहीं है कि सोशल मीडिया बैन के बाद किसी देश में हिंसा हुई हो। बांग्लादेश, श्रीलंका, मॉरिशस, ईरान, इराक, सूडान, पाकिस्तान और सेनेगल जैसे देशों में भी इंटरनेट और सोशल मीडिया बंद करने पर हिंसक प्रदर्शन हुए, लेकिन इन देशों ने जल्दी ही हालात को समझा और पाबंदियां हटाकर बातचीत का रास्ता चुना। शोध बताते हैं कि इंटरनेट शटडाउन से टकराव कम नहीं होता, बल्कि हिंसा और बढ़ जाती है। जब लोगों की आवाज बंद कर दी जाती है, तो वे और ज्यादा उग्र हो जाते हैं। नेपाल की मौजूदा स्थिति यह बता रही है कि कठोर फैसले हालात को काबू में नहीं लाते। सरकार को चाहिए कि वह सबसे पहले शांति बहाल करे और प्रदर्शनकारियों से संवाद शुरू करे। गोली और कर्फ्यू से समस्या का हल नहीं होगा। सरकार को सोशल मीडिया कंपनियों से रजिस्ट्रेशन को लेकर खुली बातचीत करनी चाहिए और एक पारदर्शी ढांचा तैयार करना चाहिए। साथ ही नागरिकों से भी बातचीत कर उनके गुस्से को शांत करना जरूरी है।

लोकतांत्रिक ढांचे में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का सम्मान किया जाना चाहिए। नेपाल सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि किसी भी नागरिक की आवाज को जबरन दबाया न जाए। प्रदर्शन का मूल कारण भ्रष्टाचार और सुशासन की नाकामी है। सरकार को इन मुद्दों पर ठोस कदम उठाने होंगे। पारदर्शी नियुक्तियां, घोटालों की निष्पक्ष जांच और जवाबदेही बढ़ाने से जनता का भरोसा वापस पाया जा सकता है। सरकार को युवाओं और आम जनता का भरोसा जीतना होगा। इसके लिए सोशल मीडिया जैसे मंचों को बैन करने के बजाय उनका जिम्मेदारी से इस्तेमाल सुनिश्चित करना बेहतर होगा। नेपाल का संकट हमें यह सिखाता है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर कोई भी प्रतिबंध जनता को और ज्यादा भड़काता है। लोकतंत्र में जनता की आवाज दबाकर शांति कायम नहीं की जा सकती। नेपाल सरकार को समझना होगा कि इंटरनेट और सोशल मीडिया पर बैन लगाने से समस्याएं सुलझती नहीं, बल्कि और गंभीर हो जाती हैं। असली समाधान है– संवाद, पारदर्शिता और सुशासन। यदि नेपाल ने यही रास्ता अपनाकर रखा तो वह मौजूदा संकट से बाहर कैसे निकल पाएगा और लोकतंत्र की असली भावना को कैसे कायम रख सकेगा? ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

# भारतीय फिल्मों की अभिनेत्री



**हंसिका मोटवानी**
**जन्म : 9 अगस्त 1991**

**हंसिका** मोटवानी एक भारतीय अभिनेत्री हैं जो मुख्य रूप से तमिल और तेलुगु फिल्मों में दिखाई देती हैं। मोटवानी ने हिंदी फिल्मों में एक बाल कलाकार के रूप में अपना करियर शुरू किया और बाद में देसमुदुरु (2007), कांत्री (2008) और मस्का (2009) सहित तेलुगु फिल्मों में मुख्य भूमिकाओं में दिखाई दिए। हंसिका मोटवानी एक सिंधी हिंदू परिवार से हैं और उनका जन्म मुंबई, महाराष्ट्र में हुआ था । उनके पिता प्रदीप मोटवानी एक व्यवसायी हैं, जबकि उनकी मां मोना मोटवानी एक त्वचा विशेषज्ञ हैं । उन्होंने अपनी शिक्षा पोद्दार इंटरनेशनल स्कूल और इंटरनेशनल करिकुलम स्कूल, सांताक्रूज, दोनों मुंबई में स्थित से प्राप्त की । मोटवानी ने अपने टेलीविजन करियर की शुरुआत 'शाका लाका बूम बूम' नामक धारावाहिक से की थी । बाद में उन्होंने भारतीय धारावाहिक 'देस में निकला होगा चांद' में अभिनय किया और 'कोई मिल गया' में एक बच्चे की भूमिका निभाई। उन्होंने 2007 में 15 साल की उम्र में पुरी जगन्नाथ की तेलुगु फिल्म देसमुदुरु में मुख्य भूमिका में अपनी शुरुआत की और अपने प्रदर्शन के लिए सर्वश्रेष्ठ महिला पदार्पण –दक्षिण का फिल्मफेयर पुरस्कार अर्जित किया। ■



कविता


## अब बादलों से डर लगता है

अनन्याश्री ठाकुर, हिम अकादमी, हमीरपुर

*पहले बादल साथी थे, खुशियां खूब बरसाते थे,*
*कागज की कश्तियों के संग, मीठे गीत सुनाते थे।*
*अब जब बादल गरजते हैं, दिल सहम जाता है,*
*कुदरती कहर देखकर सबकुछ थम सा जाता है।*
*हिमाचल, उत्तराखंड की वादियां बर्बस रोती हैं,*
*पंजाब-हरियाणा की सुंदर धरती अपनी खामोशी ही ढोती है।*
*कभी अमृत थी बारिश, अब प्रलय का रूप धरे,*
*लोग, मकान, खेत बह गए सैलाब में परे।*
*विकास की आंधी में काटे पहाड़ बेहिसाब,*
*अब कुदरत बदले में करने लगी है सबको बेनकाब।*
*नदियां भटकी थीं बस, राहें न भूली थीं,*
*अब लौट आई हैं, अपनी धारा लिए वही।*
*पहले बारिश वरदान थी, सबको थी प्यारी,*
*अब बन गई है कष्ट, दुख और दुश्वारी।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# भूपेन दा : एक कालजयी आवाज, जो बहती चली गई




**8** सितंबर का दिन भारतीय संस्कृति और संगीत प्रेमियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह दिन विशेष रूप से असम के लोगों के लिए भावनाओं से भरा हुआ है, क्योंकि आज भारत रत्न डॉ. भूपेन हजारिका की जयंती है।

भूपेन दा केवल एक गायक या संगीतकार नहीं थे, बल्कि वे भारत की आत्मा की आवाज थे। उनकी कला, उनके विचार और उनका संगीत समय और सीमाओं से परे जाकर लोगों के दिलों को जोड़ते रहे हैं। भूपेन दा का संगीत केवल सुर और ताल का समुच्चय नहीं था। उसमें करुणा की गहराई थी, सामाजिक न्याय की मांग थी और मानवता के लिए असीम आत्मीयता थी। वे हर वर्ग के लोगों की पीड़ा को समझते थे और उसे अपनी रचनाओं में व्यक्त करते थे। उनके गीतों में समाज के उन वर्गों की आवाज थी, जिन्हें अक्सर नजरअंदाज किया जाता रहा– नाविक, चाय बागान के मजदूर, महिलाएं, किसान, जनजातीय समुदाय। उनका संगीत इन सभी के स्वप्नों को पंख देता रहा। असम की मिट्टी, वहां की लोकधुनें, मौखिक परंपराएं और किस्सागोई उनके व्यक्तित्व की नींव थीं। बहुत कम उम्र में उन्होंने अपनी प्रतिभा से लोगों को आकर्षित किया।



**नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री

महज पांच वर्ष की आयु में उन्होंने मंच पर गाना शुरू कर दिया था और लक्ष्मीनाथ बेझबरुआ जैसे साहित्यकारों ने उनकी प्रतिभा को पहचाना। किशोरावस्था तक उन्होंने अपना पहला गीत रिकॉर्ड कर लिया था, लेकिन भूपेन दा केवल एक कलाकार नहीं थे; वे एक बौद्धिक व्यक्तित्व भी थे। वे हमेशा सीखने को उत्सुक रहते, नई सोच को आत्मसात करते और स्पष्ट रूप से अपनी बात रखने में संकोच नहीं करते थे। ज्योति प्रसाद अग्रवाला और विष्णु प्रसाद रभा जैसे सांस्कृतिक दिग्गजों का उनके जीवन पर गहरा प्रभाव पड़ा। शिक्षा के लिए वे कॉटन कॉलेज से बनारस हिंदू विश्वविद्यालय पहुंचे। राजनीति शास्त्र उनके विषय का नाम था, लेकिन बनारस की संगीत परंपरा ने उन्हें पूरी तरह संगीत की ओर मोड़ दिया। बतौर काशी का सांसद, मुझे इस बात पर गर्व होता है कि बनारस जैसे सांस्कृतिक नगर ने भूपेन दा को आकार देने में भूमिका निभाई। आगे चलकर वे अमेरिका भी गए, जहां उन्होंने विश्व के महान कलाकारों, चिंतकों और संगीतज्ञों से संवाद किया। वे पॉल रोबसन से प्रभावित हुए, जिनका गीत "OlÓ Man River" भूपेन दा के अमर गीत 'बिश्टीरनो परोरे' की प्रेरणा बना।

अमेरिका की पूर्व प्रथम महिला एलेनॉर रूजवेल्ट ने भी उन्हें भारतीय लोकसंगीत प्रस्तुतियों के लिए गोल्ड मेडल प्रदान किया। हालांकि, भूपेन दा के पास विदेश में जीवन बसाने का विकल्प था, उन्होंने भारत लौटने का निर्णय लिया। उन्होंने रेडियो, रंगमंच, फिल्म, डॉक्यूमेंट्री– हर माध्यम में अपनी कला का विस्तार किया और साथ ही नई प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का मंच दिया। उनकी रचनाएं सुंदरता और सामाजिक चेतना का अद्भुत समन्वय थीं। उन्होंने जनता की आकांक्षाओं को स्वर दिया और लोगों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक किया। वे संगीत के माध्यम से एक बेहतर समाज की कल्पना करते थे। उनके गीतों ने भाषा और क्षेत्रीय सीमाओं को तोड़ते हुए पूरे देश को एक किया।

उन्होंने असमिया, बांग्ला और हिन्दी फिल्मों के लिए संगीत रचा। 'दिल हूम हूम करे' की पीड़ा और 'गंगा बहती है क्यूं' की सवालिया गूंज आज भी दिल को झकझोर देती है। भूपेन दा ने न केवल असम को देश के सामने प्रस्तुत किया, बल्कि विदेशों में बसे असमिया लोगों को भी एक सांस्कृतिक पहचान दी।

वे असम की आत्मा बन गए। राजनीतिक व्यक्ति न होते हुए भी, 1967 में वे असम के नौबोइचा क्षेत्र से निर्दलीय विधायक चुने गए। यह बताता है कि लोग न केवल उनके गीतों से, बल्कि उनके व्यक्तित्व और जीवन मूल्यों से भी गहराई से जुड़े थे। उन्होंने राजनीति को करियर नहीं बनाया, बल्कि लोगों की सेवा को ही अपना धर्म माना। भारत सरकार और जनता ने भी उनके योगदानों को बड़े सम्मान से स्वीकार किया।

पद्मश्री, पद्मभूषण, पद्मविभूषणजयंती पर विशेषा, दादासाहेब फाल्के अवार्ड जैसे कई पुरस्कार उन्हें प्राप्त हुए। 2019 में जब उन्हें भारत रत्न दिया गया, तो वह केवल एक कलाकार का नहीं, बल्कि एक विचार और एक आंदोलन का सम्मान था। 2011 में जब उनका निधन हुआ, तो देशभर में शोक की लहर दौड़ गई। लाखों लोग उनके अंतिम दर्शन के लिए उमड़ पड़े। उन्हें जलुकबाड़ी की पहाड़ी पर ब्रह्मपुत्र की ओर देखते हुए अंतिम विदाई दी गई– वही ब्रह्मपुत्र, जो उनके जीवन और संगीत की प्रेरणा रही थी। आज जब भूपेन हजारिका कल्चरल ट्रस्ट उनके कार्यों को नई पीढ़ी से जोड़ने में लगा है, तो यह देखकर संतोष होता है कि उनका जीवन केवल स्मृति नहीं, बल्कि एक चलती हुई प्रेरणा बना हुआ है। 2017 में जब असम और अरुणाचल प्रदेश को जोड़ने वाले पुल को उनके नाम पर 'भूपेन हजारिका सेतु' समर्पित किया गया, तो यह केवल भौगोलिक दूरी को नहीं, बल्कि भावनात्मक दूरी को भी पाटने वाला कदम था। यह उनके जीवन और उनके मूल्यों को समर्पित श्रद्धांजलि थी।

भूपेन दा का जीवन हमें करुणा, संवेदना, और सच्चाई से जुड़ी रचनात्मकता की शक्ति का एहसास कराता है। उनका संगीत हमें सिखाता है कि कैसे अपने लोगों, अपनी मिट्टी और अपनी जड़ों से जुड़कर भी वैश्विक बन सकते हैं। जब हम उनके जन्म शताब्दी वर्ष की शुरुआत कर रहे हैं, तो यह हमारा कर्तव्य बनता है कि उनके संदेशों को जन-जन तक पहुंचाएं, नई प्रतिभाओं को मंच दें और भारत में रचनात्मकता और सांस्कृतिक चेतना को आगे बढ़ाएं। भूपेन हजारिका केवल एक नाम नहीं, एक युग और एक प्रेरणा हैं–एक ऐसे भारत की कल्पना, जो भावनाओं से जुड़ा है, विविधता में एकता को जीता है, और हर स्वर में करुणा की गूंज रखता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# वर्तनी की अशुद्धियों से कमजोर होती हमारी हिंदी

**भा**षाएं किसी भी संस्कृति के निरंतर विकास में अहम भूमिका निभाती हैं। चिरकाल से ये भाषाएं अपने वजूद की लड़ाई लड़ती रही हैं—चाहे वह क्षेत्रीय हों या फिर जाति-धर्म आधारित। अपने अस्तित्व को बनाए रखने के लिए उन्हें निरंतर संघर्ष करना पड़ता है। चाहे वह बंगला हो या पंजाबी, तमिल हो या तेलुगू, और चाहे वह हमारी राष्ट्रीय भाषा हिंदी। बड़े गर्व से हम हिंदी को राष्ट्रभाषा का दर्जा देते हैं।



**प्रमोद कुमार हर्ष**
सरकाघाट, जिला मंडी

किसी भी भाषा का अस्तित्व उसके व्याकरण पर निर्भर करता है, क्योंकि व्याकरण ही हमें उस भाषा को शुद्ध लिखने और पढ़ने के नियम बताता है। सबसे समृद्ध व्याकरण होने के बावजूद हमारी हिंदी भाषा वर्तनी की अशुद्धियों से जूझ रही है, जो उसे लगातार कमजोर कर रही हैं।

प्राय: देखा जाता है कि जो शब्द या अक्षर दैनिक जीवन में प्रयोग नहीं होते, वे स्वत: ही विलुप्त हो जाते हैं, और उनकी जगह वैकल्पिक चिन्ह या मात्राएं ले लेती हैं। यह प्रवृत्ति शुद्ध अध्ययन और पठन के लिए घातक है। मुझे याद है, हमारे गुरुजी हमें मात्राओं के बारे में समझाते थे—चंद्रबिंदु, ड़ का बिंदु, हलंत इत्यादि, लेकिन जब से स्मार्टफोन आए हैं, इन सबका प्रयोग लगभग बंद हो गया है। उदाहरण के लिए, हम अब 'चांद' ऐसे लिखते हैं,




जबकि शुद्ध रूप 'चांद' है। इसी तरह 'पढ़ाई', 'अंत', 'पति-पत्नी' जैसे अनेक शब्द हम गलत लिखते हैं और आने वाली पीढ़ियों को गलत शब्दकोष सौंप रहे हैं। पूरा वर्ष हम अंग्रेजी के पीछे भागते रहते हैं और सितंबर आते ही हिंदी के लिए भावुक हो उठते हैं।

चाहे हम 'हिंदी' ही क्यों न लिख रहे हों, हमें तो 'हिंदी पखवाड़ा' मनाना है और सोशल मीडिया पर दिखाना है कि हमें अपनी राष्ट्रभाषा की कितनी चिंता है। हाल ही में हिंदी दिवस के एक कार्यक्रम में मैंने देखा कि 'हिंदी दिवस' को "hindi divas" लिखा गया था।

यह हमारी भाषा के लिए सबसे बड़ा दुर्भाग्य है कि अपने ही पर्व को हम अंग्रेजी में लिख रहे हैं। बचपन में जब किसी शब्द की सही वर्तनी पता नहीं होती थी, तो हम पुस्तक खोलकर देखते थे, लेकिन आज किताबें भी अशुद्धियों के बोझ तले दबी हैं, मानो धीरे-धीरे दम तोड़ रही हों। न तो अब वैसी गुणवत्ता वाले अध्यापक बचे हैं और न ही भाषाविद। बची हुई कसर स्मार्टफोन ने पूरी कर दी, जिनके ऑटो-करेक्टर अशुद्ध शब्दों को भी शुद्ध बताने लगे हैं और जो थोड़ी-बहुत उम्मीद थी, वह चैट-ऐप्स ने पूरी तरह समाप्त कर दी।

सच यह है कि वर्तनी की अशुद्धियों के ढेर पर आज हमारी हिंदी खड़ी है, लेकिन इसे सुधारना हम सबका उत्तरदायित्व है। जरूरत है सही वर्तनी सिखाने वाले शिक्षकों और सजग संपादकों की, जो अपना दायित्व निष्ठा से निभाएं। शिक्षाविदों और सरकारों को भी इस दिशा में ठोस कदम उठाने होंगे। साथ ही, सोशल मीडिया और अन्य मंचों पर भी अशुद्ध शब्दों की निगरानी और रोकथाम की जानी चाहिए। हिंदी हिंद के मस्तक की बिंदी है, हिंद का अभिमान है, हिंद की शान है। यह हम सबका नैतिक दायित्व है कि हम इस शान को बनाए रखें, ताकि हमारी हिंदी सदा जीवित रह सके।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**लोग** निजी स्कूलों की फीस पर लोगों का गुस्सा लगातार बढ़ता जा रहा है। हर साल बिना किसी ठोस कारण के फीस में बढ़ोतरी आम बात हो गई है। मध्यमवर्गीय और निम्नवर्गीय परिवारों के लिए अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा देना अब एक आर्थिक बोझ बन चुका है। स्कूलों द्वारा तरह-तरह के फंड और अतिरिक्त शुल्क वसूले जाते हैं, जो पारदर्शिता की कमी दर्शाते हैं। अभिभावकों का कहना है कि शिक्षा को व्यापार बना दिया गया है। महामारी के समय जब ऑनलाइन पढ़ाई हो रही थी, तब भी पूरी फीस ली गई। सरकार से बार-बार अपील के बावजूद इस मुद्दे पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। लोग चाहते हैं कि शिक्षा सुलभ और समान हो, न कि केवल अमीरों के लिए आरक्षित।

**अरविंद कुमार, नूरपुर**

# केंद्र और राज्यों के बीच आपदा प्रबंधन को लेकर तनातनी

**भा**रत की भौगोलिक विविधता इसे प्राकृतिक आपदाओं के प्रति अत्यधिक संवेदनशील बनाती है। बाढ़, भूकंप, भूस्खलन, सूखा, चक्रवात और हीटवेव जैसी आपदाएं हर वर्ष लाखों लोगों को प्रभावित करती हैं। आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 के तहत केंद्र और राज्यों की साझा जिम्मेदारी तय की गई थी, परंतु हालिया घटनाओं ने दिखा दिया है कि इस विषय में केंद्र और राज्यों के बीच तालमेल की कमी अक्सर राजनीतिक विवाद और प्रशासनिक देरी का कारण बन जाती है। हिमाचल प्रदेश पिछले कुछ वर्षों से लगातार भूस्खलन, बादल फटने और बाढ़ जैसी आपदाओं का सामना कर रहा है। 2023 और 2024 में भारी बारिश और भूस्खलन ने सैकड़ों लोगों की जान ली और अरबों की संपत्ति नष्ट हुई।



**विशाल कल्याण**
सहायक प्राध्यापक, सोलन

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने विधानसभा में हिमाचल को 'आपदा प्रभावित राज्य' घोषित किया। उनका कहना था कि राज्य के संसाधन सीमित हैं और इतनी बड़ी आपदा से अकेले निपटना संभव नहीं। राज्य सरकार ने केंद्र से विशेष पैकेज की मांग की, लेकिन राहत राशि के आवंटन में देरी और कटौती को लेकर विवाद खड़ा हुआ। हिमाचल का तर्क है कि पर्वतीय राज्यों की आपदाएं 'राष्ट्रीय आपदा' जैसी होती हैं और इन्हें सामान्य मापदंडों से नहीं आंका जा सकता। पंजाब में आई बाढ़ के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री भगवंत मान को फोन कर हर संभव मदद का भरोसा दिया। राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल की टीमें सक्रिय हुईं, लेकिन राज्य सरकार का आरोप था कि केंद्र से पर्याप्त राहत पैकेज नहीं मिला। इसी तरह उत्तर प्रदेश में 43 जिलों पर बाढ़ का असर हुआ। राहत शिविर और मेडिकल टीमें तैनात की गईं, परंतु यहां भी विशेषज्ञों ने कहा कि दीर्घकालिक बाढ़ प्रबंधन नीति की कमी स्पष्ट दिखाई दी। विधायी बहस और वित्तीय विवाद संसद में पारित आपदा प्रबंधन (संशोधन) विधेयक, 2024 को लेकर भी केंद्र और राज्यों में मतभेद उभर आए।

केंद्र का दावा है कि यह कानून राज्यों और जिलों की जवाबदेही बढ़ाएगा। जबकि विपक्ष और कई राज्य सरकारों का आरोप है कि इससे केंद्रीय नियंत्रण और फंडिंग का केंद्रीकरण और मजबूत होगा। इस विषय से संबंधित बहुत से फंड विवाद के उदाहरण है जैसे; झारखंड पर 1,300 करोड़ रुपए की आपदा राहत राशि का हिसाब न देने के आरोप। कर्नाटक को सूखा राहत न मिलने पर सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। हिमाचल ने बार-बार विशेष राहत पैकेज की मांग, पर केंद्र से सीमित मदद मिली। इसी बीच न्यायपालिका को हस्तक्षेप करना पड़ा, सुप्रीम कोर्ट ने 'स्वराज अभियान बनाम भारत संघ' मामले में साफ कहा कि आपदा प्रबंधन केंद्र और राज्य दोनों की साझा जिम्मेदारी है। कोर्ट ने चेतावनी दी कि आपदा में निष्क्रियता को मानवाधिकार उल्लंघन माना जा सकता है, लेकिन राज्यों का कहना है कि वास्तविक जिम्मेदारी तो उनके कंधों पर है, जबकि वित्तीय और तकनीकी ताकत केंद्र के पास है। यह असंतुलन आपदा राहत को कमजोर कर देता है।



बहुत सी तकनीकी नवाचार और तैयारी भी की गई है, केंद्र ने 'सचेत ऐप' लॉन्च किया है, जो नागरिकों को आपदाओं के बारे में लोकेशन-विशिष्ट अलर्ट देता है। इसके अलावा ऑपरेशन अभ्यास (2025) जैसे मॉक ड्रिल ने यह साबित किया कि तैयारी और नागरिक भागीदारी से आपदा प्रबंधन अधिक प्रभावी हो सकता है। समय पर चेतावनी प्रणाली और स्थानीय स्तर पर संसाधन की कमी अब भी बनी हुई है। संघीय ढांचे में चुनौतियां संविधान के अनुसार आपदा प्रबंधन समवर्ती सूची में आता है। यानी केंद्र और राज्य दोनों को मिलकर काम करना चाहिए, परंतु व्यवहार में केंद्र के पास राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल, राष्ट्रीय फंड और तकनीकी संस्थान हैं। राज्यों के पास केवल राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल है, जो कई बार अपर्याप्त साबित होता है।

हिमाचल, उत्तराखंड और उत्तर-पूर्वी राज्यों के अनुभव दिखाते हैं कि पर्वतीय आपदाओं को मैदानों जैसी मानक नीति से नहीं निपटाया जा सकता। भविष्य की राह हिमाचल जैसे पर्वतीय राज्यों को 'विशेष आपदा संवेदनशील राज्य' घोषित किया जाए। इनके लिए अलग राहत पैकेज और नीति बने। साथ ही पारदर्शी फंड व्यवस्था अपनाई जानी चाहिए, SDRF और NDRF का उपयोग रियल-टाइम पोर्टल पर हो। अग्रिम सहायता बिना राजनीतिक खींचतान के जारी की जाए। साथ ही तकनीकी नवाचार पर काम करना होगा ताकि हिमालयी क्षेत्रों के लिए विशेष चेतावनी प्रणाली और ड्रोन और सैटेलाइट डेटा का उपयोग हो।

अखिर में केंद्र और राज्यों को साझा राजनीतिक इच्छाशक्ति रखनी होगी, केंद्र और राज्यों की संयुक्त राहत समिति बनाई जानी चाहिए । और आपदा राहत को दलगत राजनीति से ऊपर उठाना होगा। पंजाब की बाढ़, उत्तर प्रदेश की आपदा, झारखंड और कर्नाटक के फंड विवाद और हिमाचल की 'आपदा प्रभावित राज्य' की घोषणा—ये सब घटनाएं दिखाती हैं कि भारत का आपदा प्रबंधन तंत्र केवल प्राकृतिक संकट नहीं, बल्कि संघीय राजनीति की परीक्षा भी है। जब तक फंड वितरण पारदर्शी नहीं होगा, राज्यों की विशेष परिस्थितियों को मान्यता नहीं मिलेगी और केंद्र-राज्य सहयोग की वास्तविक भावना नहीं बनेगी, तब तक आपदा राहत केवल तनातनी और आरोप-प्रत्यारोप का मुद्दा बनी रहेगी। हिमाचल का उदाहरण यह सिखाता है कि अगर केंद्र और राज्य समय पर एकजुट होकर काम करें, तो आपदाओं को मानव त्रासदी से मानव सहयोग में बदला जा सकता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# पंजाब में बाढ़ के लिए क्या प्रकृति जिम्मेदार या मानव?

**पं**जाब, जिसे देश की अन्नदाता भूमि कहा जाता है, आज बाढ़ की विभीषिका से बार-बार जूझ रहा है। खेत जलमग्न हो जाते हैं, गांव डूब जाते हैं, सड़कें और मकान ढह जाते हैं।



**प्रियंका सौरभ**
कवयित्री, स्वतंत्र लेखिका

हर बार यह सवाल उठता है कि आखिर पंजाब में बाढ़ क्यों आती है? क्या यह केवल प्रकृति की रुष्टता है या फिर इसके पीछे कहीं न कहीं हमारी अपनी भूलें भी जिम्मेदार हैं? सच यह है कि प्रकृति कभी किसी से नाराज नहीं होती, वह केवल अपने नियमों और संतुलन के आधार पर काम करती है। जब हम इंसान उसकी मर्यादाओं को लांघते हैं, तो परिणाम हमें बाढ़, सूखा, प्रदूषण और आपदा के रूप में भुगतने पड़ते हैं। पंजाब की धरती पांच नदियों की भूमि कहलाती है। सतलुज, ब्यास, रावी, चिनाब और झेलम ने इस राज्य की पहचान बनाई। इनमें से अधिकांश नदियां हिमालय से निकलती हैं और मानसून के मौसम में बर्फ पिघलने व वर्षा के कारण जलस्तर अचानक बढ़ा देती हैं।

नदियों की धाराएं तेज होती हैं और जब वे मैदानों में प्रवेश करती हैं तो पानी फैलकर बाढ़ का रूप ले लेता है।



भाखड़ा, पैंग और रणजीत सागर जैसे बड़े बांध भले ही बाढ़ नियंत्रण और सिंचाई के लिए बने हों, लेकिन जब इनसे अचानक पानी छोड़ा जाता है तो आसपास के इलाके जलमग्न हो जाते हैं।

यह प्राकृतिक कारणों के साथ-साथ प्रबंधन की कमी को भी उजागर करता है। पिछले कुछ वर्षों में मानसून का पैटर्न काफी बदल गया है। पहले जहां बरसात धीरे-धीरे और लंबे समय तक होती थी, अब अचानक भारी वर्षा कम समय में हो जाती है। इससे नदियों और नालों में पानी का दबाव तेजी से बढ़ता है और फ्लैश फ्लड जैसी स्थिति पैदा हो जाती है। जलवायु वैज्ञानिक मानते हैं कि ग्रीनहाउस गैसों का बढ़ना और ग्लोबल वार्मिंग इसका बड़ा कारण है। इससे हिमालयी ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं।

परिणामस्वरूप गर्मियों और बरसात के मौसम में नदियों का जलस्तर अनियंत्रित ढंग से बढ़ जाता है। प्राकृतिक बाढ़ को विनाशकारी बनाने में सबसे बड़ी भूमिका इंसानी हस्तक्षेप की है। नदियों के किनारों और तलहटी में अंधाधुंध निर्माण कार्य हुए। गांव और शहर नालों व पुरानी जलधाराओं पर बस गए।

रेत और बजरी का अत्यधिक खनन नदियों की गहराई और धार बदल देता है। जब पानी का मार्ग रुकता है तो वह आसपास की बस्तियों में घुस आता है। पंजाब में ड्रेन और नहरों का जाल तो है, लेकिन अधिकांश जगह इनकी सफाई व मरम्मत समय पर नहीं होती। पंजाब में बाढ़ का संकट केवल प्राकृतिक कारणों से नहीं है। यह हमारी विकास नीतियों की असंतुलित दिशा का परिणाम है। यदि हमने अभी भी सबक नहीं लिया तो आने वाले वर्षों में बाढ़ और भयावह हो सकती है। प्रकृति हमें बार-बार चेतावनी दे रही है कि उसके साथ छेड़छाड़ मत करो। हमें याद रखना होगा कि प्रकृति से लड़ाई नहीं, बल्कि उसके साथ तालमेल ही स्थायी समाधान है। पंजाब में बाढ़ केवल आपदा नहीं, बल्कि हमारी नीतियों, आदतों और प्राथमिकताओं की परीक्षा है।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# भूस्खलन से 17 घरों में आई दरारें

## बालीचौकी के शिहल, थलौट और जौऊणी की घटना, खाली करवाए सभी घर

**नूतन ठाकुर, अनंत ज्ञान**



> भूस्खलन से घरों के क्षतिग्रस्त होने की सूचना मिली है। विभिन्न जगह के पटवारी को उक्त क्षेत्र का निरीक्षण कर नुकसान की रिपोर्ट बनाने के आदेश दिए हैं। पीड़ितों की हर संभव मदद प्रशासन की तरफ से की जा रही है।
> **-देवी राम, एसडीएम बालीचौकी।**

**बालीचौकी।** उपमंडल में भारी बारिश से पहाड़ी दरकने और बार बार भूस्खलन से घरों के ढहने का सिलसिला जारी है। ग्रामीणों को न चाहते हुए भी अपने आशियानों को छोड़कर अन्य जगह जाना पड़ रहा है।

उपमंडल बालीचौकी में सोमवार को 3 अलग-अलग जगह पर भूस्खलन से 17 घर क्षतिग्रस्त हुए हैं, जो अब रहने लायक ही नहीं बचे हैं। इनमें 2 घर ऐसे भी हैं जो पूरी तरह से जमींदोज हो गए है। जिसकी चपेट में आने से एक गाय की मौत हुई है, जबकि 4 गाय को लोगों ने सुरक्षित बाहर निकला है। ग्रामीणों के अनुसार माणी के शिहल में शील नाले की कारण हुए भूस्खलन से 9 घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं, जिनमें रहना पीड़ितों के लिए खतरे से खाली नहीं है।

इसमें सरदार सिंह, सूरज सिंह, केशव राम, बीर सिंह, यशवंत कुमार, बाले राम, भीम सैन व गीता देवी मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं। थलौट के ताहुंला में पांच घर जमीन खिसकने के कारण क्षतिग्रस्त हुए हैं, जिन्हें प्रशासन ने सुरक्षा की दृष्टि से खाली करवा दिया है। फोरलेन निर्माण से पहाड़ की अवैध ढंग से हुई कटाई के कारण ऊपर की जमीन धंस गई। ऐसे में अन्य घरों के ढहने का खतरा भी बढ़ गया है। वहीं कांढी के जौऊनी में भी 3 मकान जमींदोज हुए हैं, जो चरण दास, टिक्कम राम व ऐल राम के थे। मकान के गिरने से नीचे की मंजिला में रखी एक गाय की आकर मौत हुई है।

## कांग्रेस सरकार ने तोड़ा कर्मियों का भरोसा: गांधी

**अनंत ज्ञान, मंडी।** भाजपा विधायक इंद्र सिंह गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लागू किए गए जीएसटी रिफॉर्मर्स 2.0 ऐतिहासिक और दूरगामी प्रभाव डालेंगे। उन्होंने बताया कि यह सुधार आम जनता को सस्ती वस्तुएं उपलब्ध कराने, उद्योग जगत को प्रतिस्पर्धात्मक बनाने और देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने वाला साबित होगा। घरेलू सामान, ऑटोमोबाइल और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स पर टैक्स घटने से आम परिवारों को सीधे लाभ मिलेंगे। सीमेंट और निर्माण क्षेत्र में तेजी से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, जबकि टीवी, फ्रिज, एसी और वॉशिंग मशीन जैसी वस्तुएं सस्ती होंगी। गांधी ने कहा कि त्योहारों के मौसम में यह आम जनता के लिए दिवाली का तोहफ़ा है। उन्होंने कहा कि वह अपने वादों को निभाने में विफल रही और जनता तथा कर्मचारियों के भरोसे को तोड़ दिया।

## कीरतपुर-मनाली फोरलेन पर सुंदरनगर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# दिल्ली के युवक-युवती 249 ग्राम चरस सहित गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

कीरतपुर-मनाली फोरलेन पर पुलिस थाना सुंदरनगर की टीम ने नशा तस्करी के खिलाफ जारी विशेष अभियान के तहत एक और मामले में युवक और युवती से 249 ग्राम चरस बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार कीरतपुर-मनाली फोरलेन पर स्थित पुंघ में पुलिस थाना सुंदरनगर की टीम हेड कांस्टेबल हंसराज के नेतृत्व में कांस्टेबल सतीश कुमार व महिला कांस्टेबल रीमा के साथ सोमवार दोपहर नाकाबंदी पर मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस टीम ने मंडी की ओर से मौके पर आ रही कार नंबर डीएल-7सीक्यू-3551 को चेकिंग के लिए रोका गया। इस पर चेकिंग के दौरान उक्त कार में ड्राइवर की सीट के नीचे से 249 ग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस ने कार में बैठे युवक व युवती को गिरफ्तार कर आगामी जांच शुरू कर दी है। आरोपियों की पहचान समर्थ हटोज पुत्र मनोज हटोज निवासी डी-14 दयानंद ब्लॉक नजदीक रिलायंस फ्रैश सकरपुर गांधीनगर पूर्व दिल्ली और वंशिका पुत्री राज कुमार निवासी डी-122 तीसरी मंजिल गली नंबर एक नजदीक शक्ति मंडल मंदिर सकरपुर गांधीनगर पूर्व दिल्ली के तौर पर हुई है। पुष्टि करते हुए डीएसपी भारत भूषण ने बताया कि पुलिस ने दोनों आरोपियों को चरस सहित गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया कि आरोपियों को नियमानुसार न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा।


चरस के साथ पकड़े आरोपी पुलिस टीम के साथ।

## न्यूज ब्रीफ

### दो मामलों में 17 ग्राम हेरोइन बरामद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** मंडी पुलिस ने दो अलग अलग मामलों में 17 ग्राम हेरोइन बरामद की है। पहले मामले में पुलिस थाना औट के अंतर्गत गश्त के दौरान नवनीत गर्ग पुत्र राकेश गर्ग निवासी वार्ड न0 12 बैंक बाजार जिला बठिंडा पंजाब से 14 ग्राम हेरोइन/चिट्टा बरामद किया गया है। आरोपी के विरुद्ध पुलिस थाना औट में एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत करके नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया गया है। दूसरे मामले में पुलिस थाना हटली के अंतर्गत गुप्त सूचना के आधार पर रणजीत सिंह निवासी डाकघर खुडला तहसील बल्द्वाड़ा जिला मंडी, चंद्र मोहन उर्फ मनु निवासी डाकघर खुडला तह. बल्द्वाड़ा जिला मंडी व रोहित उर्फ रोहटु निवासी डाकघर दलवाण तहसील बल्द्वाड़ा से 3 ग्राम हेरोइन/चिट्टा बरामद किया गया है। आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज है। मामले की पुष्टि एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने की है।

### सॉफ्ट टॉयज बनाने का प्रशिक्षण शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) मंडी द्वारा विकास खंड बल्ह की ग्राम पंचायत समलोण के गांव खखरियाना में सॉफ्ट टॉयज बनाने का 14 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 8 से 22 सितंबर तक आयोजित किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण पूर्णतया निःशुल्क है। कार्यक्रम का शुभारंभ आरसेटी निदेशक सुरेंद्र कुमार ने किया, इस अवसर पर संकाय स्वाति शर्मा भी उपस्थित रहीं। इस प्रशिक्षण में 35 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। निदेशक ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान सॉफ्ट टॉयज निर्माण के साथ-साथ व्यक्तित्व विकास, बाजार प्रबंधन, लागत व लाभ का आकलन, परियोजना रिपोर्ट तैयार करना, बहीखातों का रख-रखाव और समय प्रबंधन जैसे विषयों पर भी मार्गदर्शन दिया जाएगा। प्रशिक्षण उपरांत युवाओं को स्वयं का व्यवसाय शुरू करने के लिए बैंकों से ऋण सुविधा भी उपलब्ध करवाई जाएगी।

### भाषण में शिवानी व पोस्टर मेकिंग में मंजुल अव्वल

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** रविंद्रनाथ टैगोर राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट में एंटी रैगिंग समिति के द्वारा एक दिवसीय एंटी रैगिंग विषय पर प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमे पोस्टर मेकिंग एवं भाषण प्रतियोगिता शामिल थे। इस प्रतियोगिता में भाषण में शिवानी प्रथम अभिनव द्वितीय एवं तृतीय रहे। पोस्टर मेकिंग मे मंजुल प्रथम कविता तृतीय एवं साक्षी तृतीय रहे। इसका उद्देश्य उच्च शिक्षण संस्थानों में रैगिंग की समस्या के खिलाफ छात्रों को जागरूक करना, सुरक्षित शैक्षणिक माहौल बनाना और रैगिंग को पूरी तरह खत्म करने के लिए कड़े नियम लागू करना है। यह दिवस रैगिंग के खिलाफ जागरूकता अभियान का एक हिस्सा है, जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य आरआर कोंडल मुख्य अतिथि रहे। मुख्य रूप से रैगिंग एवं नशे से कैसे बचना इसकी जानकारी दी।

### आईटीआई में दाखिले की तारीख 20 तक बढ़ी

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** आईटीआई जोगिंद्रनगर में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए दाखिले की प्रक्रिया अब 20 सितंबर तक जारी रहेगी। तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा एवं औद्योगिक प्रशिक्षण निदेशालय, हिमाचल, सुंदरनगर ने जानकारी दी कि एससीवीटी के अंतर्गत संचालित व्यावसायों में प्रवेश की तिथि बढ़ा दी गई है। संस्थान में इलेक्ट्रिशियन और फिटर ट्रेड में 20-20 तथा एमएमवी में 24 सीटें उपलब्ध हैं। संस्थान की प्रधानाचार्य नवीन कुमारी ने बताया कि इच्छुक विद्यार्थी सुबह 9:30 से दोपहर 12:30 बजे तक स्वयं उपस्थित होकर आवेदन कर सकते हैं। आवेदकों का पहले तकनीकी शिक्षा बोर्ड की वेबसाइट पर ऑनलाइन पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। संस्थान में हेल्प डेस्क भी स्थापित किया गया है। आवेदन के समय 10वीं कक्षा का प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, हिमाचली प्रमाण पत्र (यदि लागू हो), श्रेणी प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र और नवीनतम रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो अनिवार्य है। मेरिट सूची तैयार कर नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित की जाएगी और सूची अनुसार प्रवेश प्रक्रिया शुरू होगी।

### अस्टाम विक्रेता के पद के लिए करें आवेदन

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** एसडीएम सरकाघाट स्वाति डोगरा ने बताया कि उपमंडल सरकाघाट की उप-तहसील बलद्वाड़ा में अस्टाम विक्रेता का रिक्त एक पद भरा जाना है। उन्होंने बताया कि रिक्त पद को भरने के लिए इच्छुक उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित हैं। उन्होंने बताया कि इच्छुक उम्मीदवार सादे कागज पर अपने पूर्ण विवरण सहित 12 सितंबर को सायं 5 बजे तक उनके कार्यालय में आवेदन जमा करवा सकते हैं। अभ्यर्थी को आवेदन पत्र के साथ शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, चरित्र प्रमाण पत्र व हिमाचली प्रमाण पत्र आदि दस्तावेज भी जमा करवाने अनिवार्य हैं।

### कहानी लेखन, कविता वाचन स्पर्धा 16 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** जिला भाषा अधिकारी मंडी रेवती सैनी ने बताया कि भाषा एवं संस्कृति विभाग जिला मंडी हिमाचल प्रदेश द्वारा हिंदी पखवाड़े के उपलक्ष्य पर दिनांक 16 सितंबर को प्रातः 10 बजे संस्कृति सदन भवन कांगणीधार मंडी के सेमिनार हॉल में विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी पाठशालाओं के विद्यार्थियों की कहानी लेखन एवं कविता वाचन प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बच्चों में हिंदी भाषा और साहित्य के प्रति रुझान पैदा करने के उद्देश्य से कहानी लेखन और कविता पाठ प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया जा रहा है। जिससे भावी पीढ़ी में मातृभाषा हिंदी के प्रति रुझान पैदा होने के साथ-साथ उनकी साहित्य में भी रूची पैदा हो सके।

## सड़कों पर उतरने की तैयारी में सरकार के निर्णय से नाराज प्रशिक्षित फिटर कर्मी

**अनंत ज्ञान, मंडी**

- जल शक्ति विभाग में टूल डाउन स्ट्राइक की चेतावनी

जल शक्ति विभाग में आईटीआई प्रशिक्षित राज्य फिटर एसोसिएशन ने सरकार के 6 सितंबर को लिए फैसले पर नाराजगी जताते हुए टूल डाउन स्ट्राइक की चेतावनी दी है। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष तेज राम ने बताया कि यदि सरकार ने मांगों को अनदेखी की तो अन्य संगठनों के साथ मिलकर कर्मचारी सड़कों पर उतरेंगे।

तेज राम ने कहा कि विभाग में जूनियर टेक्नीशियन फिटर वर्षों से कम वेतन पर सेवाएं दे रहे हैं। पानी की योजनाएं, स्कीमें और सप्लाई संभालने वाले इन कर्मचारियों की स्थिति इतनी खराब है कि वे दिन-रात काम करके भी न्यूनतम वेतनमान से वंचित हैं। सरकार द्वारा इनकी वेतनवृद्धि पर बार-बार रोक लगाई जा रही है, जिससे कर्मचारियों में आक्रोश है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में इनका मासिक वेतन मात्र 1800 से 2000 रुपए की बढ़ोतरी तक सीमित है, जबकि अन्य समकक्ष श्रेणियों को उच्च वेतनमान और भत्तों का लाभ मिल रहा है। कई बार सरकार और विभागीय अधिकारियों को ज्ञापन सौंपे गए, लेकिन कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया।

एसोसिएशन ने चेताया है कि अगर मांगें नहीं मानी गईं तो प्रदेश भर में आंदोलन तेज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई केवल वेतन की नहीं, बल्कि सम्मान और अस्तित्व की है।

# आपदा राहत में प्रशासन के दावों की खुली पोल

## बालीचौकी की एक भी पंचायत में नहीं हुई आपदा पीड़ितों को राशन की आपूर्ति

**नूतन प्रकाश ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बालीचौकी।** इस बार की बरसात में जिला मंडी का सराज विधानसभा क्षेत्र आपदा के केंद्र में रहा है। शुरुआती दौर में जहां थुनाग एवं जंजैहली सर्वाधिक प्रभावित क्षेत्रों में शामिल रहे, वहीं अगस्त माह के अंतिम पखवाड़े में बरसात ने विधानसभा के बालीचौकी तहसील क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लिया। इस पूरे दुखदाई दौर में बेशक स्थानीय प्रशासन अपनी पीठ ठोंक रहा है, लेकिन जमीनी सच यह है कि पूरा प्रशासनिक अमला तब तक ही सक्रिय रहा, जब तक सड़क सेवा चालू थी। सड़क मार्ग बंद होने ने बाद प्रशासन ने लोगों को उनके हाल पर छोड़ दिया।

आलम यह है कि सड़क मार्ग बंद होने के बाद आज दिन तक लोगों को कई कई किलोमीटर का पैदल सफर तय कर अपने लिए रोजमर्रा की आवश्यक चीजें जुटानी पड़ रही है। हालांकि प्रशासन दावे कर रहा है कि उन्होंने प्रभावित लोगों को राशन मुहैया करवाया है, लेकिन समाचार लिखे जाने तक बालीचौकी की एक भी पंचायत में प्रशासन द्वारा राशन उपलब्ध नहीं करवाया गया था। ग्राम पंचायत माणी, खणी और देवधार जो आपदा के दौरान सबसे ज्यादा प्रभावित रहे उनमें सिर्फ शुरुआती दौर में भेला गांव के प्रभावितों को राशन की आपूर्ति की गई, लेकिन सितंबर माह के पहले प्रभावी सप्ताह में लोगों को उनके हाल पर छोड़ दिया गया।

ग्राम पंचायत माणी के निवासी वीर सिंह ने बताया कि उनके गांव कांढी से प्रशासन को 115 लोगों की सूची दी गई है, लेकिन उन्हें आज दिन तक राशन नहीं मिल पाया है। यही हाल क्षेत्र की बाकि पंचायतों के भी हैं। सड़कें बंद है और पैदल रास्ते बदहाल है, लेकिन प्रशासन दावे कर रहा है कि लोगों को माकूल मात्रा में राशन की आपूर्ति कर दी गई है।

### स्थानीय स्तर पर स्वयं जुटाई राहत सामग्री

**बालीचौकी** के थाची क्षेत्र की लगभग आधा दर्जन पंचायतों में स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता बलदेव ठाकुर ने नैरचौक आदि बाजारों से राशन लाकर लोगों को उपलब्ध करवाया। वहीं थाटा, डीडर व आधा दर्जन अन्य पंचायतों के लोगों ने सामूहिक रूप से चैलचौक इत्यादि बाजारों से अपने लिए राशन लाकर प्रशासन के दावों की पोल खोल दी। बालीचौकी एवं उसके साथ लगती पंचायतों के लोगों ने अपने स्तर पर जान जोखिम में डालकर अपनी रोजमर्रा की चीजें कई किलोमीटर का पैदल सफर तय कर जुटाई है।

> राशन डिपो में पर्याप्त मात्रा में राशन उपलब्ध है, और उपभोक्ता संबंधित डिपो से राशन एवं अन्य सामान ले सकते हैं।
> **- जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक मंडी।**

> हमने सभी डिपो होल्डर्स को राशन की आपूर्ति के निर्देश दे दिए हैं और सभी जगह राशन की सप्लाई करवा दी है।
> **- देवी राम, उपमंडल अधिकारी नागरिक, बालीचौकी।**

# सजाओपिपलु में नशे के खिलाफ महिलाओं का उद्घोष

## बच्चों पर नजर रखने के लिए बनाई जाएंगी निगरानी समितियां: डॉ. राठौर

**रितेश, अनंत ज्ञान**

**सरकाघाट।** अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस के मौके पर सजाओपिपलु के अंबेडकर भवन में महिलाओं ने नशे के खिलाफ सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से जनजागरण अभियान की शुरुआत की। धर्मपुर नशा मुक्ति अभियान समिति, हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति और मंडी साक्षरता एवं जन विकास समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में 30 महिला मंडलों ने भाग लिया। कार्यक्रम में 'नशा भगाओ-युवा बचाओ' थीम पर समूहगान, लघु नाटक, कविताएं और एकल गीत प्रस्तुत किए गए।

मुख्य अतिथि डॉ. विना राठौर ने कहा कि नशे के विरुद्ध महिलाओं की सक्रियता सामाजिक परिवर्तन की कुंजी है। उन्होंने कहा कि गांवों में निगरानी समितियां बनाई जाएंगी और सभी अभिभावकों को बच्चों पर नजर रखने और संवाद बढ़ाने की जरूरत है। विशेष अतिथि लोकगायक जगदीश सनवाल, विपिन सकलानी और ब्लॉगर प्रियंका शर्मा ने प्रेरणादायक प्रस्तुतियां दीं। समिति के संस्थापक भूपेंद्र सिंह ने अगले छह माह का अभियान कार्यक्रम साझा करते हुए बताया कि 2 अक्तूबर को नशा मुक्ति दिवस, 15 अक्तूबर को ग्रामीण महिला दिवस व 10 दिसंबर को मानवाधिकार दिवस के मौके पर विशेष कार्यक्रम होंगे। प्रतियोगिता में सजयोड़ी महिला मंडल ने समूहगान में प्रथम स्थान पाया, जबकि लघु नाटक में जोढन महिला मंडल विजेता रहा। कार्यक्रम में 50 वर्ष से अधिक आयु के उन पुरुषों को भी सम्मानित किया गया, जिन्होंने जीवन में कभी नशा नहीं किया।


प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करने के बाद महिला मंडल सदस्य व अन्य।

## डीएवी जोगिंद्रनगर में हर्षोल्लास के साथ किया हिंदी सप्ताह का शुभारंभ

# शिक्षकों ने हिंदी भाषा को अपनाने पर दिया जोर

**अभिषेक, अनंत ज्ञान**

**जोगिंद्रनगर।** डीएवी विद्यालय जोगिंद्रनगर में आज बड़े हर्ष और उल्लास के साथ हिंदी सप्ताह का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई, जिसमें प्रधानाचार्य संजय ठाकुर, शिक्षक गण एवं विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रधानाचार्य संजय ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि हमें गर्व है कि हम हिंदी जैसी भाषा के संवाहक हैं, जो हमारी सांस्कृतिक धरोहर होने के साथ-साथ करोड़ों लोगों की अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम भी है। उन्होंने कहा कि हिंदी हमारी राष्ट्र की आत्मा है, जिसकी मिठास और गहराई हमें एक-दूसरे से जोड़ती है। इस अवसर पर कक्षा पहली और दूसरी के बच्चों ने मनमोहक कविताएं प्रस्तुत कीं। बच्चों की मधुर वाणी और आत्मविश्वास ने सभी का मन मोह लिया और यह स्पष्ट कर दिया कि अगली पीढ़ी में भी हिंदी भाषा के प्रति गहरी रुचि और सम्मान है।

कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने भी हिंदी भाषा की महत्ता पर प्रकाश डाला और विद्यार्थियों को इसमें निपुण होने के लिए प्रेरित किया। हिंदी सप्ताह के अंतर्गत विद्यालय में हस्तलेखन, भाषण प्रतियोगिता, नारा लेखन, पहेलियां, शब्द श्रृंखला, भूमिका निर्वहन और पोस्टर मेकिंग जैसी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। यह आयोजन न केवल हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार का माध्यम बना, बल्कि बच्चों को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का भी एक सुंदर प्रयास रहा।


डीएवी जोगिंद्रनगर में हिंदी सप्ताह के शुभारंभ के दौरान ज्योति प्रज्वलित करते हुए।

## एनएच की दुर्दशा सुधारने के लिए सामाजिक कार्यकर्ता रमेश की सांकेतिक हड़ताल शुरू

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

सामाजिक कार्यकर्ता रमेश चंद भारद्वाज ने सोमवार से राष्ट्रीय उच्च मार्ग 03 की खराब गुणवत्ता को लेकर आंखें खोलो सरकार सांकेतिक हड़ताल शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि वो सड़क परिवहन मंत्रालय को पत्र लिख लिख कर थके तो नहीं, लेकिन फिर 3 वर्ष बीतने के बात भी कोई परिणाम नजर नहीं आ रहे हैं।

उन्होंने नितिन गडकरी की उस टिप्पणी पर गैर राजनीतिक हैरानी जताई है, जिसमें उन्होंने ये कहा है कि खराब एनएच की वजह डी.पी.आर है और इसके लिए डी.पी.आर. बनाने वाले अधिकारी जिम्मेवार हैं। रमेश चंद भारद्वाज ने बताया कि पहले डीपीआर बनती हैं, फिर कॉन्ट्रैक्ट एग्रीमेंट इत्यादि इत्यादि। डीपीआर को जब अंतिम रूप दिया जा रहा होता है, तो उस समय संबंधित नेताओं और मंत्रियों को इसे देखना और समझना चाहिए। 60 सूत्रीय मांगों को लेकर उन्होंने सेंट्रल पार्क में प्रदर्शित किया। इस मौके पर अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक संयुक्त संघर्ष मोर्चा के पदाधिकारियों में प्रधान अमी चंद, महासचिव रणजीत सिंह, कोषाध्यक्ष प्रताप भारद्वाज तथा हिमाचल दिव्यांग कल्याण समिति के प्रदेशाध्यक्ष हरिदास प्रजापति इत्यादि मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि हड़ताल 12 तारीख तक जारी रहेगी।


सांकेतिक भूख हड़ताल पर बैठे रमेश चंद व अन्य।

## जंगली जानवर कर रहे फसलों को तबाह, किसान परेशान

**भीम बसेड़ू, अनंत ज्ञान, महादेव।** नाचन विधानसभा क्षेत्र की ऊंचाई वाले क्षेत्रों में जंगली जानवरों द्वारा फसलों को नुकसान पहुंचाने का सिलसिला पिछले कई वर्षों से जारी है। बंदर और अन्य जंगली जानवर किसानों की मक्की और अन्य फसलों को तबाह कर रहे हैं, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान हो रहा है। किसानों का कहना है कि लगातार फसलों के नुकसान और बेसहारा पशुओं के हमलों के कारण वे अब पारंपरिक अन्न फसल उगाने में रुचि नहीं दिखा रहे। अधिक मुनाफा कमाने के लिए नकदी फसलें उगाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन इससे भी खेतों का नुकसान नहीं रुक रहा। कई ग्राम पंचायतों जैसे महादेव, पलाहोटा, चांबी और भनवाड़ की कृषि योग्य भूमि बंजर पड़ चुकी है और जहरीली नीली फुलणू और अन्य खरपतवारों से घिर गई है। किसानों और स्थानीय लोगों ने उपायुक्त मंडी से अपील की है कि फसल सुरक्षा और जन सुरक्षा के मद्देनज़र बेसहारा पशुओं और जंगली जानवरों को नियंत्रित करने के लिए त्वरित और प्रभावी कदम उठाए जाएं। उनका कहना है कि अन्यथा फसल सलामती और ग्रामीण जीवन पर गंभीर खतरा उत्पन्न होगा।

## आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के युग में व्यवसाय और नेतृत्व पर हुई चर्चा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

- आईआईटी मंडी में एआईएक्सेलरेट 3.0 का सफल आयोजन

आईआईटी मंडी के स्कूल ऑफ मैनेजमेंट (एसओएम) ने अपने वार्षिक प्रबंधन सम्मेलन एआईएक्सेलरेट 3.0 का सफल आयोजन किया। इस दो दिवसीय सम्मेलन का विषय था डिजिटल युग में नवाचार और नेतृत्व को प्रज्वलित करना। इसमें देशभर के उद्योग विशेषज्ञों, शिक्षाविदों और छात्रों ने भाग लिया और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के बदलते कारोबारी परिदृश्य पर विचार साझा किए।

सम्मेलन का उद्देश्य भविष्य के प्रबंधन नेताओं को तैयार करना था जो एआई और डिजिटल नवाचार को जिम्मेदारी से अपनाकर समाज और अर्थव्यवस्था में सार्थक योगदान दे सकें। वक्ताओं ने बताया कि किस प्रकार विपणन, मानव संसाधन, संचालन, रणनीति, वित्त और उद्यमिता जैसे क्षेत्र एआई के माध्यम से रूपांतरित हो रहे हैं। कार्यक्रम में दस प्रमुख उद्योग विशेषज्ञों ने विचार रखे। इनमें शिव कुमार, मनीष, लोकेश शर्मा, अभिजीत शाह, डॉ. ऋषि, स्वप्निल तांबी, रितेश अग्रवाल, निखिल, सोमजीत अमृत व राम श्रीनिवासन शामिल रहे। समापन सत्र में प्रो. अंजन ने कहा कि यह सम्मेलन भविष्य के प्रबंधकों को एआई के जिम्मेदार उपयोग के लिए प्रेरित करेगा। निदेशक प्रो. लक्ष्मीधर ने आयोजन की सराहना करते हुए नवाचार को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया।

# सवा लाख मजदूरों को मिलेगी लंबित वित्तीय सहायता

## दिसंबर तक पंचायत वाइज होगी वेरिफिकेशन: भूपेंद्र

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

राज्य श्रमिक कल्याण बोर्ड की 51वीं बैठक नरदेव सिंह कंवर की अध्यक्षता में शिमला में आयोजित की गई, जिसमें बोर्ड के सचिव राजीव कुमार और विभागीय अधिकारियों के अलावा सीटू मजदूर संगठन की ओर से बोर्ड सदस्य भूपेंद्र सिंह एटक के जगदीश भारद्वाज टीयूसीसी के रविंद्र कुमार बीएमएस के प्रदीप कुमार सहित 15 सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में सवा लाख मजदूरों की पांच सौ करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता पिछले तीन साल से जारी न होने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया व लंबी चर्चा के बाद इसे 31 दिसंबर तक जारी करने का प्रस्ताव पारित किया गया।

सीटू के राज्य उपाध्यक्ष एवं बोर्ड के गैरसरकारी सदस्य भूपेंद्र सिंह ने बोर्ड द्वारा लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में 1.12 लाख मजदूरों की वित्तिय सहायता रुकी हुई है, इसमें 95704 मजदूरों के बच्चों की छात्रवृति 9656 की विवाह शादी 1283 चिकित्सा सहायता 321 की मृत्यु व अंतिम संस्कार सहायता 3467 की प्रसूति सहायता 354 की आवास 423 की बालिका जन्म सहायता 671 की बुढ़ापा पेंशन के क्लेम लंबित हैं। जिन्हें अगले दो माह में जारी करने का निर्णय लिया गया व उससे पहले इनकी पंचायत वॉर वेरिफिकेशन व इकेवाईसी भी कंप्लीट की जाएगी। उन्होंने बताया कि बोर्ड में पंजीकृत कुल 4.70 लाख मजदूरों में से मात्र 61939 की ही इकेवाईसी अभी तक हो पाई है जिसे पूर्ण करने के लिए किसी गैर सरकारी संस्था की मदद ली जाएगी। भूपेंद्र ने मंडी जिला के करसोग और धर्मपुर में बोर्ड का उप कार्यालय खोलने का भी प्रस्ताव रखा व उन्होंने नए कार्यालय खोलने के लिए नियम निर्धारित करने की भी मांग उठाई।


हिमाचल प्रदेश राज्य श्रमिक कल्याण बोर्ड की 51वीं बैठक के दौरान।

**परेशानी** सभी वाहनों की आवाजाही ठप, लोक निर्माण विभाग की जेसीबी और बड़ी मशीनों से बहाली कार्य जारी

# बरोट-घटासनी मुख्य सड़क आठ दिन से अवरुद्ध

**रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान**

- थल्टूखोड़-ग्रामण, बरोट-मियोट सड़क छोटे वाहनों के लिए बहाल

**बरोट।** क्षेत्र में हाल ही में हुई भारी बारिश के कारण चौहार और छोटा भंगाल घाटियों को जोड़ने वाला मुख्य बरोट-घटासनी सड़क मार्ग बीते आठ दिनों से पूरी तरह अवरुद्ध है। इस कारण सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही पूरी तरह ठप है।

हालात ऐसे हैं कि पैदल चलने वाले राहगीरों को भी जान जोखिम में डालकर रास्ता पार करना पड़ रहा है। चौहार घाटी के थल्टूखोड़-ग्रामण, थल्टूखोड़-मढ़, बरोट-मियोट सड़कें और छोटा भंगाल घाटी की मुल्थान-बड़ा ग्रां, मुल्थान-लोहारडी व बीड़ वाया विलिंग-राजगुन्धा-बड़ा ग्रां सड़कें भी अब तक पूरी तरह बहाल नहीं हो सकी हैं। इससे बरोट-खलैहल पंचायतों सहित छोटाभंगाल घाटी की सातों पंचायतों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। लोक निर्माण विभाग के झटिंगरी उपमंडल द्वारा चौहार घाटी और बीड़ उपमंडल द्वारा छोटा भंगाल क्षेत्र में जेसीबी व बड़ी मशीनों से सड़क बहाली का कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है। विभागीय अधिकारी देश राज के अनुसार थल्टूखोड़-ग्रामण व मढ़ मार्ग को जीप योग्य व बरोट-मियोट सड़क को छोटे वाहनों के लिए बहाल कर दिया गया है। वहीं बरोट-घटासनी सड़क मार्ग के गुराहला व आरके पैलेस क्षेत्र में ल्हासे गिरने का क्रम जारी है।

बीड़ उपमंडल के अभियंता दिनेश कुमार ने बताया कि छिछड व खडोल में बड़ी मशीनें लगाई गई हैं। मुल्थान-बड़ा ग्रां मार्ग छोटे वाहनों के लिए चालू है, जबकि मुल्थान-लोहारडी सड़क पर भी बहाली कार्य अंतिम चरण में है। मौसम अनुकूल रहा तो दो दिन में सभी मार्गों को पूर्ण रूप से बहाल कर दिया जाएगा।



घटासनी मुख्य सड़क मार्ग के बीच गुराहला नामक स्थान पर सड़क बहाली में जुटी पोकलेन मशीन।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रधान ने दी शिकायत, छवि धूमिल करने का आरोप

**अनंत ज्ञान, बड़ूही (ऊना)।** उपमंडल अंब के तहत धुसाड़ा पंचायत की प्रधान नीरू बाला ने सोशल मीडिया पर उनकी छवि धूमिल करने का आरोप लगाते हुए थाना अंब में लिखित शिकायत दर्ज करवाई है। प्रधान ने शिकायत में कहा कि आपदा के समय जब सभी लोग एकजुट होकर राहत कार्यों में जुटे हैं, उसी दौरान कुछ लोग अफवाहें फैलाकर उनकी साख को नुकसान पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं। हाल ही में सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो में उनके खिलाफ भ्रामक बातें फैलाई गईं और पंचायत कार्यों को गलत तरीके से प्रस्तुत किया गया। प्रधान ने बताया कि इस तरह की अफवाहों से उनका स्वाभिमान गहराई से आहत हुआ है। आरोप लगाया कि जब उन्होंने इस विषय पर संबंधित व्यक्ति से मोबाइल पर बात करनी चाही तो उसने अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया। गांव के कई ग्रामीणों ने भी प्रधान का समर्थन किया है। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत स्तर पर राजनीति या व्यक्तिगत दुश्मनी निकालने के लिए अफवाहें फैलाना बेहद अनुचित है। 'जनप्रतिनिधि हमारी पंचायत के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। ऐसे में अफवाहें फैलाना न सिर्फ उनके लिए बल्कि पूरी पंचायत के लिए नुकसानदेह है। थाना अंब प्रभारी अनिल उपाध्याय का कहना है कि शिकायत प्राप्त हो गई है, मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

### धुंदला में चलाया 'एक पौधा मां के नाम' अभियान



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** बंगाणा तहसील के गांव धुंदला के कौशल परिवार द्वारा 'एक पौधा मां के नाम' अभियान के तहत फलदार पौधे लगाए गए हैं। इसमें आम, कचनार, आमला, बहेड़ा पौधे आदि शामिल हैं। परिवार के सदस्यों में जमासनी देवी मंदिर कमेटी के प्रधान और धुंदला पंचायत के पूर्व उपप्रधान निर्मल कौशल और उनके छोटे भाई पवन कौशल, भतीजे समाजसेवी अरुण कौशल, बेटे वैभव द्वारा अपनी माता/दादी कमला देवी के द्वारा पौधरोपण किया गया। माता कमला देवी द्वारा क्षेत्र के लोगों से कहा कि वे पर्यावरण की रक्षा करें जो समृद्ध भविष्य के निर्माण में भी योगदान देगा।

### नशा मुक्ति पर 'वक्तृत्व' प्रतियोगिता का आयोजन

**अनंत ज्ञान, जोल।** राजकीय महाविद्यालय चौकीमन्यार की एनएसएस इकाई एवं रेड रिबन क्लब के द्वारा 'नशे को न कहें- जीवन को हां' विषय पर एक वक्तृत्व प्रतियोगिता का आयोजन कॉलेज परिसर में किया गया। कई वक्ताओं ने शिक्षा, पारिवारिक सहयोग और सामाजिक भागीदारी की भूमिका को नशे की रोकथाम में महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम का उद्घाटन एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राम सिंह द्वारा किया गया। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए एनएसएस इकाई के इस सामाजिक सरोकार की सराहना की। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बलविंदर सिंह राणा ने भी सभी प्रतिभागियों के प्रशंसा की और छात्रों को समाज में बदलाव लाने के लिए प्रेरित किया। इस प्रतियोगिता में बीए द्वितीय वर्ष के छात्र सूर्यवीर ने प्रथम, बीकॉम प्रथम वर्ष के विद्यार्थी अंकित ने द्वितीय एवं बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा सेजल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। प्रो. कविता कौशल, डॉ. रामकुमार नेगी ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। कार्यक्रम का समापन छात्रों द्वारा एक नशा मुक्त जीवन जीने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने की शपथ के साथ किया गया। इस कार्यक्रम में डॉ. रामकुमार नेगी, प्रो. कविता कौशल, डॉ. शगुन डोगरा, प्रो. नवीन शर्मा भी उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री सुक्खू कर्मचारी वर्ग के सच्चे हितैषी : राजन

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** हिमाचल प्रदेश स्कूल लेक्चरर संघ के प्रांतीय मुख्य मीडिया प्रभारी राजन शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह कर्मचारी वर्ग के सच्चे हितैषी हैं। हिमाचल प्रदेश के कर्मचारी ओल्ड पेंशन को कभी नहीं भूलेंगे। राजन शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री के पास कर्मचारी जब भी अपनी किसी समस्या को लेकर जाते हैं तो वह समस्या का समाधान सदैव करते हैं। राजन शर्मा ने बताया कि आज आपदा का दौर चल रहा है और आपदा की स्थिति में प्रदेश के कर्मचारी सरकार के साथ हैं। मुख्य मीडिया प्रभारी राजन शर्मा ने बताया कि लेक्चरर संघ ने अपनी मांगों का एजेंडा तैयार किया है और काफी समय से लंबित पड़ी मांगों डीए प्रिंसिपल पदोन्नति एवं अनेक लंबित पड़ी मांगों के बारे में एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेश प्रधान अजय नेगी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री से भेंट करेगा।

### विक्रम ने पंचायत चुनाव में बेहतर प्रदर्शन के दिए टिप्स



**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** पूर्व मंत्री एवं विधायक जसवां-परागपुर विक्रम सिंह ठाकुर ने सोमवार को चिंतपूर्णी के पास गंगोट पंचायत के मोईन में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे एकजुट होकर अपने क्षेत्र में बारिश से प्रभावित लोगों की मदद करें। इस मौके पर बीडीसी सदस्य एवं भाजपा कार्यकर्ता डॉक्टर केशव शर्मा, उप प्रधान सौरभ पाराशर, पूर्व इंडस्ट्री डायरेक्टर डीके शर्मा एवं भाजपा प्रधान समलोती कुलदीप शर्मा आदि उपस्थित रहे। विक्रम सिंह ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में इस बार भारी बारिश हुई है, जिसके कारण उनके विधानसभा क्षेत्र जसवां-परागपुर में भी व्यापक नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि भाजपा कार्यकर्ता प्रभावित लोगों की मदद कर रहे हैं और विभाग के माध्यम से भी राहत कार्यों में तेजी लाने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। पंचायत चुनावों को लेकर विक्रम सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा हमेशा पंचायत चुनावों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करती है और इस बार भी अधिक से अधिक भाजपा समर्थित उम्मीदवारों को जिताने के लिए पार्टी और उनके द्वारा हरसंभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पंचायत चुनावों में पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए एकजुट होकर काम करने का आह्वान किया।

### भरमौर के लिए भेजी आपदा राहत सामग्री

**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** कठिन समय में मानवता की मिसाल पेश करते हुए ग्राम पंचायत कुठ्याड़ी और कटोहड़कलां के ग्रामीणों, भाजपा कार्यकर्ताओं तथा इंजीनियर रामपाल के सहयोग से दो गाड़ियों में राहत सामग्री जिला चंबा के भरमौर क्षेत्र को भेजी गई। इनमें राशन, तिरपाल, कंबल, कपड़े, जूते, दवाइयां व सैनिटरी पैड्स शामिल थे। सामग्री जुटाने में युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इंजीनियर रामपाल ने इसे सामाजिक जिम्मेदारी बताया। ग्रामीणों ने कहा कि वे भविष्य में भी हर आपदा में इसी तरह एकजुट होकर मदद करेंगे। सभी ने प्रभावितों के शीघ्र पुनर्वास की कामना की।

## गरीब बेटियों के लिए वरदान बनी मुख्यमंत्री कन्यादान योजना
# जिले में 14 परिवारों को मिला सहारा

**राजेश शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**ऊना।** हिमाचल सरकार की मुख्यमंत्री कन्यादान योजना गरीब परिवारों की बेटियों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को उनकी बेटियों के विवाह को गरिमा और सम्मान के साथ संपन्न कराने में महत्वपूर्ण सहारा देती है। योजना के तहत पात्र परिवारों को 51 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है, जो केवल विवाह के खर्चों में मदद नहीं करती, बल्कि बेटियों के जीवन की नई शुरुआत को खुशहाल और उज्ज्वल बनाने में भी सहायक होती है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी (आईसीडीएस) ऊना, नरेंद्र कुमार का कहना है कि मुख्यमंत्री कन्यादान योजना गरीब परिवारों की बेटियों की शादी में संबल का काम कर रही है। उन्होंने बताया कि बीते डेढ़ साल में ऊना जिले के 14 पात्र परिवारों को कुल 7 लाख 14 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जा चुकी है। उनका कहना है कि योजना का लाभ हर पात्र लाभार्थी तक पहुंचे, इसके लिए विभाग निरंतर प्रयासरत है। विभागीय अधिकारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और पर्यवेक्षक सामूहिक रूप से फील्ड स्तर पर सक्रियता से काम कर रहे हैं।

**गरीब परिवारों के लिए मजबूत संबल :** ऊना उपमंडल के बहडाला गांव की सुषमा देवी, जिनकी बेटी शालिनी की दिसंबर 2023 में शादी हुई है, बताती हैं कि उनका परिवार बीपीएल श्रेणी में आता है। पति के निधन के बाद चार बच्चों की पढ़ाई और परवरिश की पूरी जिम्मेदारी उनके कंधों पर आ गई थी। बेटी की शादी का खर्च जुटाना उनके लिए सबसे बड़ी चिंता थी। इस दौरान उन्हें पता चला कि बीपीएल परिवारों की बेटियों की शादी के लिए प्रदेश सरकार की ओर से 51 हजार रुपए की आर्थिक मदद दी जाती है। उन्होंने स्थानीय आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से संपर्क कर योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन किया और मुख्यमंत्री कन्यादान योजना से मिली यह सहायता उनके लिए किसी संजीवनी से कम नहीं रही।



योजना का लाभ प्राप्त करने वाले लाभार्थी।

सुषमा देवी कहती हैं कि यह योजना गरीब परिवारों की बेटियों के लिए सम्मान से जुड़ा बड़ा सहारा है। इसके लिए वह मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का दिल से धन्यवाद करते नहीं थकतीं। वहीं, लाभार्थी शालिनी कहती हैं कि सरकार की इस मदद से शादी का खर्च आसानी से पूरा हुआ। यह देखकर और भी खुशी हुई कि प्रदेश सरकार उनकी तरह के सब गरीब परिवारों की बेटियों के लिए अभिभावक की तरह संवेदनशील है।

**आवेदन की प्रक्रिया :** जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि पात्र लाभार्थी जिला कार्यक्रम अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षक या आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से संपर्क कर सकते हैं। आवेदन विवाह की तिथि से दो माह पूर्व से लेकर विवाह की तिथि के बाद छह माह के भीतर किया जा सकता है।

**डीसी बोले-योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वन के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध :** ऊना केडीसी जतिन लाल का कहना है कि मुख्यमंत्री सुक्खू के निर्देशानुरूप जिला प्रशासन मुख्यमंत्री कन्यादान योजना समेत सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र लाभार्थी तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। गरीब परिवारों की बेटियों के विवाह में आर्थिक संबल देने के लिए यह योजना सक्रिय रूप से लागू की जा रही है और प्रशासन लगातार आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को लाभान्वित करने में जुटा है।

**मुख्यमंत्री कन्यादान योजना?**

नरेंद्र कुमार बताते हैं कि मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत बेसहारा लड़कियां जिनके पिता की मृत्यु हो चुकी हो, नारी सेवा सदन की पूर्व प्रवासिनियां या उपेक्षित हों, परित्यक्त, तलाकशुदा महिलाओं की पुत्रियां अथवा जिनके पिता शारीरिक या मानसिक विकलांगता के कारण अपनी आजीविका कमाने में असमर्थ हों तथा कन्याओं के संरक्षकों की वार्षिक आय 50 हजार रुपए से अधिक न हो। इस योजना के तहत आवेदन करने के उपरांत सरकार द्वारा 51 हजार रुपए की राशि प्रदान की जाती है।

# मिठाई की दुकान पर डीजल का जनरेटर बना सबके लिए सिरदर्द

**संजीव जसवाल, अनंत ज्ञान**

- प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने तीन दिन का दिया अल्टीमेटम
- प्रतिदिन हो सकता है 10 से 15 हजार रुपए का जुर्माना

**पंजावर।** गगरेट नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर-5 में स्थित एक मिठाई की दुकान पर लगाया गया डीजल जनरेटर (डीजी सेट) अब स्थानीय लोगों के लिए सिरदर्द बन गया है। लगातार उठ रही शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने दुकान संचालक को कड़ी चेतावनी देते हुए तीन दिनों के भीतर सुधारात्मक कदम उठाने का आदेश दिया है।

मामला सीएम सेवा संकल्प शिकायत संख्या 119883 से जुड़ा है, जिसे 13 अगस्त 2025 को दर्ज कराया गया था। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि मिठाई की दुकान पर लगाया गया डीजी सेट लगातार शोरगुल पैदा कर रहा है और क्षेत्रवासियों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। जांच के दौरान बोर्ड ने पाया कि डीजी सेट बिना साउंड प्रूफिंग, एकॉस्टिक कवर और मफलर के चलाया जा रहा है, जो न केवल नियमों का उल्लंघन है बल्कि आसपास के वातावरण और लोगों की सेहत पर भी प्रतिकूल असर डाल रहा है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट के अनुसार, यह स्थिति 'एयर (प्रिवेंशन एंड कंट्रोल ऑफ पॉल्यूशन) एक्ट 1981' और 'एनवायरनमेंट (प्रोटेक्शन) एक्ट 1986' का खुला उल्लंघन है। नियमों का पालन न करने पर संचालक पर 10 से 15 हजार रुपए तक का प्रतिदिन जुर्माना लगाया जा सकता है।

वहीं, मामला गंभीर होने पर एक लाख तक का आर्थिक दंड और पांच साल तक की कैद का भी प्रावधान है। क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ऊना, इंजीनियर प्रवीन कुमार ने कहा है कि 'नॉन-कंप्लाइंग डीजी सेट को तुरंत हटाया या बंद किया जाए और उसकी जगह नियमों के अनुरूप डीजी सेट लगाया जाए। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि यदि तीन दिनों में नियमों का पालन नहीं किया गया, तो दुकान के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही नोटिस की प्रति नगर पंचायत गगरेट को भी भेजी गई है ताकि मामले की निगरानी की जा सके।

# नपं अंब में बरसाती पानी की समस्या का होगा स्थायी समाधान : इंदू धीमान

**विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान**

**अंब।** नगर पंचायत अंब में आने वाले समय में बरसाती पानी का कहर लोगों को नहीं सताएगा। इस समस्या का पुख्ता समाधान निकालने के लिए नगर पंचायत ने आवश्यक कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। पानी की समुचित निकासी के लिए एक विस्तृत योजना बनाकर उसे डायरेक्टर यूआरडी से अनुमोदन हेतु भेजने का प्रस्ताव पारित कर दिया गया है। दरअसल, चालू मानसून सीज़न में हुई भारी बारिश के चलते लोगों के घरों और दुकानों में पानी घुसने की समस्या सामने आई। इसे देखते हुए नगर पंचायत की अध्यक्षा इंदू धीमान ने एक विशेष बैठक बुलाई।



इस बैठक में उपाध्यक्ष उपदेश कुमार, पार्षद कुलदीप सिंह, अनसूया रानी, अंजली सूद, अर्चना कुमारी, नरेश कुमारी, अशोक कुमार, मेला राम और मनोनीत सदस्य सतीश कुमार गोस्वामी ने भाग लिया। बैठक में बरसाती पानी की समस्या पर विस्तार से चर्चा की गई और इसके स्थायी समाधान के लिए एक योजना बनाने का प्रस्ताव रखा गया। इस प्रस्ताव को सभी पार्षदों ने ध्वनि मत से पारित कर दिया। हालांकि, वर्तमान मानसून सीजन शुरू होने से पहले ही नगर पंचायत ने सतर्कता दिखाई थी। न केवल खड्डों और नालों की सफाई कराकर पानी की निकासी सुनिश्चित की गई, बल्कि एनएच अथॉरिटी को पत्र लिखकर उनके अधिकार क्षेत्र में आने वाले नालों की सफाई की भी मांग की गई थी।

इसी का परिणाम है कि जहां अन्य क्षेत्रों में बरसात ने भारी नुकसान पहुंचाया, वहीं नगर पंचायत अंब में लोगों को अपेक्षाकृत कम नुकसान झेलना पड़ा। अब नगर पंचायत लोगों को इस थोड़े से नुकसान से भी पूरी तरह निजात दिलाना चाहती है। अध्यक्षा द्वारा बुलाई गई इस बैठक में पार्षदों ने न केवल प्रस्ताव पारित किया, बल्कि नगर पंचायत के तकनीकी स्टाफ को जल्द से जल्द विस्तृत योजना तैयार करने के निर्देश भी दिए।

# टकारला मंडी में माल ढुलाई विवाद गहराया

**अनंत ज्ञान, बड़ूही ( ऊना )**



विवाद के चलते मंडी में मक्का की फसल खराब हो गई है।

- मक्का का स्टॉक सड़ने पर किसानों ने लगाई प्रशासन से गुहार

उपमंडल अंब की टकारला अनाज मंडी में माल ढुलाई को लेकर जोरदार विवाद ने विकराल रूप ले लिया है। ढुलाई का झगड़ा इतना बढ़ गया है कि किसानों की मेहनत से उगी मक्का फसल मंडी में ही सड़ने और खराब होने लगी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अंब से पहुंचे कुछ ट्रक चालक मंडी में आढ़तियों को अपनी निजी गाड़ियों से माल ढुलाई करने से जबरन रोक रहे हैं। ड्राइवरों का दबंगई भरा कहना है कि टकारला मंडी अंब ट्रक यूनियन के अधीन आती है और यहां केवल यूनियन की गाड़ियां ही ढुलाई कर सकती हैं। व्यापारी बताते हैं कि ये ड्राइवर सुबह से ही मंडी में डेरा डालकर बैठ जाते हैं और जब व्यापारी अपनी गाड़ियों में अनाज लोड करने लगते हैं तो उन्हें रोककर हाथापाई पर उतारु हो जाते हैं।

आढ़ती राज कुमार, सुरिंदर खन्ना और पवन कुमार ने साफ कहा कि अंब की कोई ट्रक यूनियन विधिवत पंजीकृत ही नहीं है, न ही उनके पास इसके समर्थन में कोई दस्तावेज हैं। आरोप है कि यूनियन का दबाव बनाने के चक्कर में ट्रक चालकों ने उनके एक नौकर के साथ मारपीट तक कर डाली। इस संबंध में थाना अंब में शिकायत दर्ज करवाई गई है। आढ़तियों का कहना है कि निजी गाड़ियों से ढुलाई करने पर खर्च काफी कम आता है, जबकि यूनियन की गाड़ियों से यही खर्चा तीन गुना तक बढ़ जाता है।

इससे सीधा नुकसान किसानों और व्यापारियों की जेब पर पड़ रहा है। स्थिति यह है कि कई क्विंटल मक्का मंडी में पड़ी-पड़ी खराब हो रही है। नमी और बारिश के चलते दाने काले पड़ गए हैं और अंकुरण शुरू हो गया है, जिससे किसानों का दर्द साफ झलक रहा है। उन्होंने कहा कि सालभर की मेहनत इस विवाद की भेंट चढ़ रही है। किसानों ने सरकार और प्रशासन से सख्त हस्तक्षेप कर तुरंत समाधान की मांग की है।

इस बीच ट्रक यूनियन अंब के प्रधान गुरदेव सिंह और सचिव हरदेव सिंह का कहना है कि वे किसी को ढुलाई से नहीं रोकते और अगर कुछ ड्राइवरों ने मनमानी की है तो उनसे जवाब तलब किया जाएगा, लेकिन उपप्रधान अख्तर खान ने कहा कि व्यापारी अपनी निजी गाड़ी में माल ले जाएं तो कोई आपत्ति नहीं, परंतु अन्य गाड़ियों से ढुलाई की कोशिश की जाएगी तो रोकना ही पड़ेगा। अंब थाना प्रभारी ने कहा कि शिकायत मिली है और मामले की गहन जांच जारी है।

# भरवाईं उपतहसील में निजी संपदा का हुआ भारी नुकसान

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र की उपतहसील कार्यालय भरवाईं में मानसून की बारिश ने भारी तबाही मचाई है। तहसीलदार अरुण संख्यान ने बताया कि कल 12,49,000 रुपए का नुकसान हुआ है।

**नुकसान का ब्यौरा :** एक पशु की मृत्यु हो गई, एक कच्चा मकान पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया, एक पक्के मकान को 15,000 रुपए का नुकसान हुआ। अन्य कच्चे मकानों को भी भारी नुकसान पहुंचा है। इसको लेकर प्रशासन राहत कार्य में जुट गया है और प्रभावित लोगों को तिरपाल और फौरी राहत प्रदान की जा रही है। तहसीलदार ने लोगों से अपील की है कि वे पैनिक न करें और किसी भी स्थिति में विभाग को सूचित करें। विभाग लोगों की सहायता के लिए तत्पर है।

**मानसून की स्थिति :** मानसून अभी भी सक्रिय है, इसलिए लोगों को सतर्क रहने की आवश्यकता है। प्रशासन और विभाग मिलकर लोगों की सुरक्षा और सहायता के लिए काम कर रहे हैं।

# मैहतपुर एसबीआई शाखा की शिफ्ट

**अनंत ज्ञान, मैहतपुर।** एसबीआई मैहतपुर की शाखा मुख्य बाजार से दूसरी जगह शिफ्ट कर दी गई है। जानकारी देते हुए शाखा के मुख्य प्रबंधक राहुल सूरी ने बताया कि एसबीआई मुख्य ब्रांच को शिफ्ट करके इंडस्ट्रियल एरिया चौक के पास शिफ्ट कर दिया है। उन्होंने बताया कि शाखा को चेंज करने का मुख्य कारण छत का लीकेज होना है। उन्होंने बताया कि आजकल बरसात के कारण छत से पानी टपकने लगा था, जिससे वहां पर रखे सामान को खतरा पैदा हो गया था।

उन्होंने बताया कि पुलिस की निगरानी में पुरानी शाखा से नई शाखा में बैंक का सामान व लॉकर को लाया गया व शिफ्ट किया गया। राहुल सूरी ने बताया कि नई शाखा में पार्किंग की भी कोई दिक्कत नहीं है। उन्होंने बताया कि अब सभी तरह की सुविधाएं यहां नए स्थान पर मिलेंगी।

# घर, दुकानों व स्कूलों में घुसे पानी की लोनिवि ने शुरू की साफ-सफाई

**अनंत ज्ञान, बड़ूही, ऊना**

- नालियां बंद होने से घुस गया था बारिश का पानी

उपमंडल अंब के तहत बड़ूही-टकारला, चक्सराय, पंजोआ व धर्मशाला (कांगड़ा) को जोड़ने वाली मुख्य सड़क पर भारी बरसात के चलते नालियां बंद हो गई थीं। नालियों के जाम होने से पानी की निकासी ठप पड़ गई और सड़क किनारे बने घरों, दुकानों तथा स्कूलों में पानी घुस गया था। अचानक आई इस परेशानी से स्थानीय लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा था।

जानकारी के अनुसार, नालियों के अवरुद्ध होने से बरसाती पानी सड़क पर बहने लगा और साथ ही मलबा भी जमा हो गया। इससे न केवल यातायात बाधित हुआ, बल्कि दुकानदारों को अपना सामान बचाने में भी काफी मशक्कत करनी पड़ी। वहीं, स्कूल में पानी घुस जाने से बच्चों और स्टाफ को भी खासी परेशानी झेलनी पड़ी। स्थिति को गंभीर होता देख लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) का स्टाफ सक्रिय हुआ और राहत कार्य शुरू किए। विभाग ने टकारला मुख्य सड़क पर जमा मलवा हटाने और नालियों की सफाई का कार्य युद्ध स्तर पर शुरू कर दिया है। विभाग का कहना है कि भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा न बने, इसके लिए नालियों की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाएगी।

स्थानीय ग्रामीणों ने विभाग द्वारा तुरंत कार्रवाई करने पर राहत की सांस ली है। उनका कहना है कि यदि समय रहते नालियां खोली जातीं तो हालात नही बिगड़ सकते थे। ग्रामीणों ने विभाग से आग्रह किया कि बारिश से पहले नालियों की समय-समय पर सफाई की जाए ताकि ऐसी समस्या दोबारा उत्पन्न न हो।

# आपदा राशि को लेकर झूठ बोल रही कांग्रेस : भाजपा

**अनंत ज्ञान, ऊना**

भाजपा के ऊना मंडल अध्यक्ष दविंद्र कौशल एवं मैहतपुर बसदेहड़ा मंडल अध्यक्ष राहुल देव शर्मा ने कहा कि प्रदेश की वर्तमान कांग्रेस सरकार एवं कांग्रेस के नेता और ब्लॉक अध्यक्ष हिमाचल की जनता में एक झूठी धारणा पैदा करने का प्रयास कर रही है। हम स्पष्ट रूप से कहना चाहेंगे कि केंद्र सरकार लगातार हिमाचल सरकार के साथ खड़ी है और खड़ी रहेगी। केंद्र सरकार ने आपदा से निपटने के लिए हिमाचल को 5000 करोड़ से अधिक की राशि दी, जिस पर कांग्रेस और उनके मंत्री झूठ बोल रहे हैं।



उन्होंने कहा कि एक अक्तूबर 2024 को प्रदेश को एनडीआरएफ से मिली 189 करोड़ की मदद मिली थी। गृह मंत्रालय ने राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष (एसडीआरएफ) से केंद्रीय हिस्से के रूप में और राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष से अग्रिम राशि के रूप में 14 बाढ़ प्रभावित राज्यों को 5858.60 करोड़ जारी किए थे। 3 अगस्त 2024 को केंद्र ने हिमाचल को दी 61 करोड़ की वित्तीय सहायता दी थी। यह वित्तीय सहायता वर्ष 2021 में शेष रह गई थी, जिसे अब केंद्र सरकार ने जारी किया है। 26 नवंबर, 2024 को केंद्र सरकार ने विभिन्न राज्यों के लिए आपदा न्यूनीकरण और क्षमता निर्माण परियोजनाओं के लिए 1115.67 करोड़ रुपए की राशि मंजूर की है, जिसमें से हिमाचल प्रदेश को 139 करोड़ रुपए मिलेंगे। 30 अप्रैल, 2025 को केंद्र सरकार के वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग ने राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया निधि (एनडीआरएफ) के तहत हिमाचल प्रदेश को 107.15 करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता जारी की थी।

राज्य आपदा न्यूनीकरण निधि-1 के अंतर्गत 42 करोड़ 80 लाख रपुए 16 मई-एम 2023 को प्राप्त गए थे। राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष (एनडीआरएफ)-1 के अंतर्गत 189 करोड़ 27 लाख रुपए 7 अगस्त, 2023 को प्राप्त हुई थी। राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया फंड(एनडीआरएफ)-2 के अंतर्गत 200 करोड़ रुपए 21 अगस्त 2023 को प्राप्त हुए थे। 12 दिसंबर 2024 को गृह मंत्रालय ने हिमाचल प्रदेश के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष से 633.73 करोड़ रुपए की अतिरिक्त वित्तीय सहायता को मंजूरी दी थी। 6 अक्तूबर 2024, हिमाचल सरकार के खाते में एनडीआरएफ और एसडीआरएफ के मंजूर 189.20 करोड़ रुपए आ गए थी।

हिमाचल में आपदा के दौरान मैं 3 बार केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री गिरिराज सिंह ने मिलकर भाजपा नेता अनुराग ठाकुर ने केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा की मदद से प्रदेश के लिए 16,206 हजार घर आवास योजना के अंतर्गत व 2373 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली 2700 किमी की सड़कें प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत मजूर करवाई थी। उन्होंने कहा कि 18 जुलाई, 2025 को देवभूमि में संकट से निपटने तथा आपदा पीड़ितों को केंद्र सरकार से 2006.40 करोड़ मिले थे। उन्होंने कहा कि इसके इलावा भाजपा कार्यकर्ता भाजपा नेता एवं जनता अपनी और से आपदा प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता प्रदान करवाने को प्रयासरत हैं।

# वित्त आयोग से प्राप्त राशि प्रदेश का संवैधानिक अधिकार : पुरी

**अनंत ज्ञान, ऊना**

जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव वरुण पुरी ने कहा है कि जिस राशि की बात भाजपा के स्थानीय नेता कर रहे हैं, उनको यह मालूम होना चाहिए कि यह एनडीआरएफ और एसडीआरएफ के तहत सभी राशि 15वें वित्तायोग की सिफारिशों के अनुरूप आई हैं और वित्तयोग एक संवैधानिक संस्था है और सभी राज्यों का यह एक संवैधानिक अधिकार है। इसमें भी केंद्र सरकार ने हिमाचल के साथ भेदभाव का रवैया अपनाया है।

उन्होंने कहा कि इसी प्रकार प्रधान मंत्री आवास योजना, प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजन इत्यादि अन्य केंद्रीय प्रायोजित कार्यक्रमों में भी यह सहायता सभी राज्यों को संघीय सहकार के अंतर्गत समान राशि दी जाती है। कोई अतिरिक्त राशि नहीं दी गई है, जो 2006.40 करोड़ की राशि है वह पीडीएनए के अंतर्गत मांगी गई कुल राशि 10,000 करोड़ रुपए की तुलना में बहुत कम है। ये राशि भी 2 साल बाद जारी की गई है। इस से पहले प्रदेश सरकार 4500 करोड़ का एक राहत पैकेज जारी कर चुकी थी। इतनी ज्यादा तबाही को देखते हुए यह ऊंट के मुंह में जीरा है। वरुण ने कहा कि भाजपा नेता सिर्फ और सिर्फ जुमले फेंकने और झूठ की बुनियाद पर टिके हुए हैं। यह सिर्फ आंकड़ों के खेल में जनता को उलझाना जानते हैं लेकिन असलियत भाजपाइयों को भी पता है कि आपदा में प्रदेश को केंद्र सरकार ने कुछ नहीं दिया और न ही कोई भाजपा सांसद कहीं आपदा में हिमाचल में दिखाई पड़ा है, न ही किसी सांसद ने हिमाचल का प्रतिनिधित्व करते हुए केंद्र में जाकर हिमाचल के लिए पैकेज की मांग करने की जहमत उठाई है।

हिमाचल के सभी सांसद हिमाचल के हितों से मुंह मोड़ कर बैठे हैं और अपने झूठ व कृत्यों को छिपाने के लिए अन्य नेताओं को गुमराह करके अपनी पैरवी के लिए आगे कर रहे हैं, जबकि असलियत सभी को पता है कि केंद्र किस तरह से हिमाचल की अनदेखी कर रहा है और सांसद किस तरह से केंद्र में चुप्पी साधकर हिमाचल के साथ सौतेला व्यवहार होते देख रहे हैं।

**आयोजन** सिद्ध बाबा बालक नाथ मंदिर में कृतिका कौंडल बनी मेले की शान

# पुरुष पहलवान को दी पटकनी, रचा इतिहास

**हीना पठानिया, अनंत ज्ञान**

**बड़ूही।** उपतहसील जोल के गांव बगलाना में प्रसिद्ध एंव ऐतिहासिक मंदिर सिद्ध बाबा बालक नाथ मंदिर में हर साल की भांति इस वर्ष भी रविवार को विशाल दंगल मेले का आयोजन किया गया। इसमें हिमाचल, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली सहित अन्य राज्यों के पहलवान भी दंगल में पहुंचे और अपना दमखम दिखाया। लड़कियों ने भी दंगल में अपना कौतुक दिखाया। फाइनल मुकाबला देर रात तक चला, जिसे देखने के लिए दर्शकों का हुजूम लगा रहा।

मंदिर कमेटी की ओर से दर्शकों ले लिए विशेष इंतजाम किए गए थे। फाइनल मुकाबला 31 हजार रुपए नकद और माली दे दंगल का समापन किया। फाइनल मुकाबले में प्रिंकल चौकी और पीटी कैथल के बीच खेला गया, जिसमें पीटी कैंथल ने बाजी मारी।



बगलाना में स्थित सिद्ध बाबा बालक नाथ मंदिर में कुश्ती करने वाले पहलवान व अन्य।

क्षेत्र के प्रसिद्ध समाजसेवी योगराज जोगी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

दंगल में सीताराम चौधरी, मेहर चंद चौधरी, रविंद्र सिंह, समाजसेवी अशोक चौधरी, मुकेश चौधरी, गुरविंदर सिंह, लाइनमैन सचिन चौधरी, सतनाम चौधरी, राकेश चौधरी, रविंद्र चौधरी, वाटर गार्ड, हैपी स्याल, कमेंटेटर सुशील कुमार सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। मेले में महिला पहलवान कृतिका चौधरी की कुश्ती मुख्य आकर्षण का केंद्र रही, जैसे ही पहलवान अखाड़े में पहुंची, दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका स्वागत किया।

पुरुष पहलवान वर्ग में कोई भी कृतिका से दंगल करने के लिए राजी न हुआ लेकिन युवा पहलवान रोहित दिली ने लड़ने की इच्छा जताई। 15 मिनट के करीब चले दंगल में कृतिका ने रोहित को पटखनी दी। स्थानीय लोगो ने कृतिका को पैसों की बौछार कर बेटी का हौसला बढ़ाया। हमीरपुर जिले की कृतिका कौंडल मौजूदा समय मे प्रदेश पुलिस में सेवाएं दे रही है। कृतिका ने बताया के महज 17 वर्ष की उम्र से गांव में चल रहे एक दंगल से पहलवानी का शोक उजागर हुआ और मेट पर नेशनल लेबल की कुश्तियां लड़ने के बाद अखाड़े तक ले आया।

कृतिका ने बताया कि उनके पास 10 नेशनल लेवल के मेडल सहित स्टेट लवल के मेडल हैं। उन्होंने बताया कि जब भी अखाड़े में दंगल लड़ती है तो उनका ध्यान सिर्फ दंगल जीतने की तरफ ही होता है। उन्होंने कहा कि दंगल जीतने के बाद जोल की क्षेत्रीय जनता ने जो प्यार दिया है उसके लिए वह हमेशा ऋणी रहेंगी।

# भाजपा नेता भुट्टो ने पीड़ित परिवारों को बांटी राशन किटें

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने आपदा से प्रभावित परिवारों के बीच राहत सामग्री और आर्थिक सहयोग प्रदान कर मानवीय संवेदनाओं का परिचय दिया है। उन्होंने क्षेत्र के बुढ़वार, बराली, कोलका, रायपुर, परोइयां और दोबड़ गांवों में जाकर प्रभावित लोगों को 100 से अधिक राशन किटें, तिरपाल और अन्य आवश्यक सामग्री वितरित की, साथ ही कई परिवारों को आर्थिक मदद भी दी गई।

भुट्टो ने आश्वस्त किया कि आपदा की इस घड़ी में प्रभावित परिवारों को अकेला नहीं छोड़ा जाएगा और आगे भी राहत कार्यों का सिलसिला लगातार जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि संकट की घड़ी में समाज के सभी वर्गों को आगे आकर पीड़ित परिवारों की मदद करनी चाहिए, ताकि उनका दुख कुछ हद तक कम हो सके। इस मौके पर भाजपा नेता भुट्टो ने बुढ़वार युवक मंडल को प्रोत्साहित करते हुए जिम बनाने के लिए 20 हजार रुपए की विशेष घोषणा की। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को नशे से दूर रहकर खेलों और स्वास्थ्यवर्धक गतिविधियों की ओर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे समाज सेवा और सकारात्मक गतिविधियों में अपनी भूमिका निभाएं, ताकि क्षेत्र का नाम रोशन हो।

भुट्टो ने कहा कि कुटलैहड़ क्षेत्र आपदा की मार झेल रहा है और कई परिवार बेघर हुए हैं, ऐसे में राहत सामग्री के साथ-साथ सभी को मिलकर स्थायी समाधान की दिशा में भी काम करना होगा। उन्होंने प्रशासन से भी आग्रह किया कि प्रभावित परिवारों के पुनर्वास की प्रक्रिया तेज की जाए, ताकि लोग सुरक्षित आवास और जीवन की मूलभूत सुविधाओं का लाभ उठा सकें। इस अवसर पर ग्रामीणों ने पूर्व विधायक भुट्टो का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र मलांगड़, पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष मनोहर लाल शर्मा, सूरम सिंह, अजय शर्मा के अलावा युवक मंडल मौजूद रहा।

## न्यूज ब्रीफ

### बंजार बाजार में एयरटेल की कनेक्टिविटी बहाल

**अनंत ज्ञान, बंजार।** डीसी तोरुल एस रवीश ने कहा कि लारजी से बंजार सड़क को बालीचौकी से आगे बंजार तक हल्के वाहनों की आवाजाही के लिए बहाल कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि एक पोकलेन व एक जेसीबी मशीन को जीभी की तरफ के लिए भेऊट मोड़ के लिए सोमवार सुबह रवाना किया गया है तथा सड़क को बहाल करने का कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है। डीसी ने बताया कि सड़कों की बहाली के साथ ही विभिन्न क्षेत्रों की बिजली व पानी की आपूर्ति बहाल करने के लिए भी प्रशासन रात-दिन प्रयास कर रहा है। डीसी ने कहा कि बंजार बाजार में एयरटेल की कनेक्टिविटी बहाल कर दी गई है, जिससे लोगों को अपनी समस्याओं के बारे में सूचना भेजने में मुश्किल न हो।

### 24 को होगी जिला परिषद कुल्लू की बैठक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला पंचायत अधिकारी व सचिव जिला परिषद दयाराम ने कहा कि 9 सितंबर को निर्धारित जिला परिषद की बैठक को फिलहाल रद्द कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि जिला कुल्लू में भारी बारिश होने के कारण, विकास खंड आनी, निरमंड तथा बंजार की सड़कें बंद हो चुकी हैं। इस कारण जिला परिषद बैठक को करवाया जाना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि इसलिए 9 सितंबर को निर्धारित बैठक को रद्द किया गया है, अब यह बैठक 24 सितंबर को निर्धारित की गई है।

### मांडव कल्याण सभा ने मनाया 25वां स्थापना दिवस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** मांडव कल्याण सभा भुंतर द्वारा सोमवार को 25वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर सभा की ओर से क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में अन्नपूर्णा लंगर सेवा में मरीजों के तीमारदारों व जरूरतमंद लोगों के लिए निशुल्क भोजन की व्यवस्था की गई। इस दौरान सभा के सदस्यों ने यहां पर भोजन वितरित कर अपनी निशुल्क निस्वार्थ सेवाएं प्रदान की। मांडव कल्याण सभा द्वारा हर साल अपने स्थापना दिवस पर अन्नपूर्णा लंगर सेवा में भोजन की व्यवस्था की जाती है। इसी कड़ी में इस बार भी मांडव कल्याण सभा के सदस्यों ने 5000 की सहयोग राशि भी अन्नपूर्णा लंगर सेवा के लिए भेंट की। अन्नपूर्णा लंगर सेवा के अध्यक्ष विनीत सूद ने मांडव कल्याण सभा के सभी सदस्यों का इस नेक कार्य के लिए दिल से आभार व्यक्त किया है व सभी लोगों से अपील की है कि वह अन्नपूर्णा लंगर सेवा में अपनी सेवाएं प्रदान करते रहें, ताकि यहां पर जरूरतमंदों और मरीजों के तिमारदारों को भोजन की व्यवस्था किया जा सके।

### किसानों ने पीएम से राहत पैकेज की मांग की

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** जुजुराना फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी के डायरेक्टर महेंद्र उपाध्याय व भोला राम नेगी ने हिमाचल में हाल ही में आई भारी बारिश व बाढ़ से प्रभावित किसानों व बागवानों की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र लिखा है। पत्र में किसानों ने तत्काल राहत उपाय, ब्याज माफी और ऋण स्थगन की मांग की है, ताकि वे इस गंभीर आर्थिक संकट से उबर सकें। कंपनी ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि मंडी, कुल्लू, मनाली और लाहौल-स्पीति जैसे क्षेत्रों में भारी बारिश और बाढ़ से भयंकर तबाही हुई है। कई सड़कें बह गई हैं, जिससे परिवहन व्यवस्था पूरी तरह ठप हो गई है। सेब के बागान और अन्य फल-सब्जियों की फसलें भी बर्बाद हो गई हैं। किसानों के अनुसार, जो फल और सब्जियां ट्रकों में भरकर एपीएमसी की मंडियों तक पहुंचने के लिए तैयार थीं, वे सड़कों के खराब होने के कारण वहीं सड़ रही हैं। इससे उन्हें भारी नुकसान हो रहा है। इस प्राकृतिक आपदा ने पूरे कृषि समुदाय को एक गहरे आर्थिक संकट में धकेल दिया है। इस स्थिति में, मौजूदा फसल ऋणों का भुगतान करना असंभव हो गया है और ब्याज बढ़ने से उनकी परेशानी और बढ़ गई है। पत्र में जुजुराना फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी ने पीएम से बागवानी और कृषि क्षेत्रों के लिए एक विशेष राहत पैकेज की घोषणा की है। किसानों द्वारा लिए गए सभी फसल ऋणों पर ब्याज की पूर्ण माफी, किसानों के लिए कम से कम एक वर्ष के लिए ऋण पुनर्भुगतान स्थगन, फसलों के नुकसान का उचित मूल्यांकन करने के बाद पर्याप्त मुआवजा, समय पर बाजार तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए सड़कों व परिवहन सुविधाओं की तत्काल बहाली, प्रभावित किसानों के लिए फसल बीमा दावों का तेजी से निपटान के लिए तत्काल कदम उठाने का विनम्र अनुरोध किया है।

### सैंज के निहारनी में 30 क्विंटल राशन का एयरड्रॉप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश ने बताया कि सोमवार को बंजार उपमंडल के दूरदराज क्षेत्र निहारनी में 30 क्विंटल राशन का एयरड्रॉप किया गया। उन्होंने कहा कि आज कई अन्य क्षेत्रों में भी राशन एयरड्रॉप किया जाना था, लेकिन मौसम खराब होने के कारण यह संभव नहीं हो सका। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा अभी तक शांघड़, दूंखरा, शाकटी, मरोड़, बंजार सहित विभिन्न स्थानों पर 155 क्विंटल राशन एयरड्रॉप किया गया है। रविवार को भी बंजार, श्रीकोट, निहारनी में 78 क्विंटल राशन राशन का एयर ड्रॉप किया गया। उन्होंने बताया कि एयर फोर्स के एमआई-17 हेलिकॉप्टर से यह राशन ड्रॉप किया गया। जिला प्रशासन की ओर से अन्य स्थानों में भी राशन की आपूर्ति के प्रयास किए जा रहे हैं। प्रभावित क्षेत्रों तक राहत सामग्री पहुंचाने का प्रयास लगातार जारी है। डीसी ने कहा कि प्रशासन को जिन भी क्षेत्रों से राशन की कमी की सूचना प्राप्त हो रही है, ऐसे स्थानों के लिए प्राथमिकता के आधार पर सामग्री पहुंचाई जाएगी, ताकि किसी भी परिवार को कठिनाई न झेलनी पड़े।

### फसलों को पहुंचे नुकसान का किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** डीसी लाहौल-स्पीति किरण भड़ाना ने कृषि व राजस्व विभाग के अधिकारियों की टीम के साथ घाटी के गांव पियुकर का दौरा किया। इस दौरान टीम ने हालिया वर्षा व आपदा से गांव के किसानों की फसलों तथा सब्जियों को पहुंची भारी क्षति का भौतिक निरीक्षण किया और प्रभावित परिवारों से बातचीत की। डीसी ने स्थानीय किसानों व ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन द्वारा सभी जरूरी कदम उठाए जाएंगे और नुकसान का आकलन कर जल्द मुआवजा प्रदान किया जाएगा। इस दौरान महिला मंडल की सदस्यों ने अपने भवन के पुनर्निर्माण व सहायता के संबंध में ज्ञापन सौंपा, जिस पर डीसी ने हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। दौरे के उपरांत डीसी ने स्थानीय पयुकर गोंपा पहुंचकर, वहां लामागण व चोमोओं से भेंट कर उनके आतिथ्य के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने गोंपा में भगवान के दर्शन किए और आशीर्वाद प्राप्त किया और क्षेत्र की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर गोंपा के लामा ने डीसी से गोंपा में आवश्यक निर्माण व जीर्णोद्धार की मांग की।

# केंद्रीय टीम ने आपदा प्रभावित क्षेत्रों का किया दौरा, ग्रामीणों से ली जानकारी

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**



अंतर-मंत्रालयी केंद्रीय टीम आपदा से हुए नुकसान का जायजा लेती हुई।

**कुल्लू।** जिला मुख्यालय के बहुउद्देशीय भवन में सोमवार को अंतर-मंत्रालयी केंद्रीय टीम (आईएमसीटी) ने जिला प्रशासन और विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर जिले में आपदा के दौरान हुए नुकसान की समीक्षा की।

केंद्रीय टीम में गृह मंत्रालय के संयुक्त सचिव जी. पार्थसारथी, केंद्रीय जल निगम (जल शक्ति मंत्रालय) के निदेशक वसीम अशरफ, सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय के मुख्य अभियंता अनिल कुमार कुशवाहा, प्रदेश सरकार की ओर से संयुक्त सचिव (डिजास्टर मैनेजमेंट) निशांत ठाकुर, एचआरटीसी के कार्यकारी निदेशक मुरारी लाल और टीसीबी स्पेशलिस्ट डॉ. कृष्ण चंद शामिल रहे। बैठक में लोक निर्माण विभाग, जल शक्ति, बिजली, कृषि, बागवानी, ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज, शिक्षा, स्वास्थ्य, राष्ट्रीय उच्च मार्ग और अन्य विभागों से नुकसान संबंधित विस्तृत जानकारी हासिल की। बैठक में केंद्रीय कमेटी को जिले में विभागनुसार हुए नुकसान की जानकारी प्रस्तुत की गई। बैठक में डीसी कुल्लू तोरुल रवीश ने जिले में सड़कों, पुलों, बिजली लाइनों, ट्रांसफॉर्मरों, पेयजल योजनाओं, शिक्षण संस्थानों, कृषि व बागवानी भूमि तथा विभिन्न सरकारी भवनों को हुए नुकसान की सचित्र जानकारी उपलब्ध करवाई। केंद्रीय टीम ने बैठक के उपरांत मानसून के दौरान विभिन्न आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। इस दौरान टीम ने सोलंग गांव, बाहंग, ओल्ड मनाली स्थित मनालसु नाले, अलेयू, ग्रीन टैक्स बैरियर के नजदीक वियनिमित उपसब्जी मंडी चौरीबिहाल, आलू ग्राउंड, पतलीकूहल, छरुडु, लंका बेकर, इनर अखाड़ा बाजार और सुम्मा में जाकर हालात और नुकसान का जायजा लिया।

टीम ने प्रभावित ग्रामीणों से भी बातचीत कर उनकी समस्याएं और नुकसान की जानकारी ली। कुल्लू जिला प्रशासन ने केंद्रीय दल को मानसून के दौरान आई आपदाओं से सैकड़ों परिवार प्रभावित हुए हैं। सड़क मार्ग, बिजली-पानी की सप्लाई, स्कूल, स्वास्थ्य केंद्र और कृषि-बागवानी को भारी नुकसान पहुंचा है। टीम ने स्थिति का संज्ञान लेते हुए आश्वासन दिया कि वास्तविक नुकसान के आंकड़ों को केंद्र सरकार के समक्ष रखा जाएगा, ताकि राहत व पुनर्वास कार्यों को गति मिल सके। बैठक में डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश, अतिरिक्त उपायुक्त अश्वनी कुमार सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# बाढ़ से आई करोड़ों की वन संपदा को अपने अधिकार में ले वन विभाग

**मोहन कपूर, अनंत ज्ञान**



**पतलीकूहल।** कुल्लू जिले में आई विनाशकारी बाढ़ के बाद नदी के किनारे देवदार और काईल जैसे कीमती पेड़ों के विशाल ढेर लग गए हैं। माना जा रहा है कि इन पेड़ों की कीमत करोड़ों रुपए में है। वन विभाग (जंगलात महकमा) को बहकर आई वन संपदा को अपने अधिकार में लेना चाहिए, ताकि इसे वन माफिया व अवैध रूप से लकड़ी का उपयोग करने वालों से बचाया जा सके।

पतलीकूहल क्षेत्र के कुछ बुद्धिजीवियों, जैसे जीतेंद्र उपाध्याय और अमन शर्मा ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि भूस्खलन के कारण बहकर आने वाली इन कीमती लकड़ियों को अक्सर वन माफिया द्वारा ऊंचे दामों पर बेच दिया जाता है। इसके अलावा, कुछ स्थानीय लोग भी इसे जलाने के लिए अपने घरों में ले जा रहे हैं। लोगों का मानना है कि सरकार को इस बहकर आई लकड़ी को उन लोगों को देना चाहिए, जिन्होंने बाढ़ में अपना घर-बार खो दिया है। उन्होंने सुझाव दिया कि इन पेड़ों पर सरकारी मुहर लगाई जानी चाहिए, ताकि सरकारी संपत्ति की खुलेआम हो रही लूट को रोका जा सके। कुल्लू के डिविजनल फॉरेस्ट ऑफिसर (डीएफओ) प्रवीण ठाकुर ने बताया कि नदी किनारे पड़ी यह सारी वन संपदा सरकारी संपत्ति है और किसी को भी इस पर अधिकार जताने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। डीएफओ ने बताया कि विभाग ने सभी वन मंडलों को ऐसे मामलों पर कड़ी नजर रखने के आदेश दिए हैं, जो भी पेड़ नदी किनारे से निकाले जा सकते हैं, उन्हें जल्द से जल्द निकालकर वन विभाग के डिपो में जमा किया जाएगा। उन्होंने लोगों से सहयोग करने और ऐसे मामलों की जानकारी विभाग तक पहुंचाने का आग्रह किया है। यह कदम यह सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है कि बाढ़ से आई इस वन संपदा का सही उपयोग हो और इसे अवैध तरीकों से लूटा न जा सके।

# भूस्खलन से तलाडा के 85 घरों में दरारें

**अनंत ज्ञान, सैंज**



जिला कुल्लू के अंतर्गत आने वाली तलाडा पंचायत के न्यूल, टीलरा, कठाईर, सारी, शडऊण, जूही, कांडा, धारा, टोटहिडा, टिपरीधार, बिहाली, खनोरु, पनहवी आदि गावों में बीते दो माह से लगातार हो रहे भूस्खलन के कारण 85 रिहायशी मकानों में भारी दरारें आ गई हैं। खतरे को देखते हुए लोगों ने रिहायशी मकानों को छोड़कर असुरक्षित जगह में टेंट, सामुदायिक भवन, गोशाला तथा स्कूल भवन में शरण ली है तथा कई परिवार जान जोखिम में डालकर अभी भी उन्ही घरों में रहने को मजबूर हैं, जिन घरों में रहना खतरे से खाली नहीं है।

लोगों की मजबूरी है कि उनके पास दूसरा कोई विकल्प न होने के कारण उन्हें अपनी जान की परवाह किए बिना खतरे को न्यौता दे रहे रिहायशी मकानों में अपने परिवार का पालन पोषण करना पड़ रहा है। बता दें धारा कांडा से न्यूल गांव तक के सभी रिहायशी मकान खतरे की जद में आ गए हैं। धारा कांडा से न्यूल तक जहां लोगों के रिहायशी मकानों में भयंकर दरारें आ गई हैं। वहीं, लोगों की जमीन का एक भी टुकड़ा ऐसा नहीं बचा है, जिस पर दरारें न आई हो। इसके बावजूद प्रशासन ने इन लोगों को राम भरोसे छोड़ रखा है। तलाडा पंचायत के पूर्व प्रधान नरेंद्र कुमार ने कहा कि प्रशासन ने भूस्खलन की चपेट में आए चंद परिवारों को सिर्फ घर छोड़ कर बाहर रहने के निर्देश दिए हैं और चंद परिवारों को फौरी राहत दी है, जबकि दर्जनों परिवारों ने इन रिहायशी मकानों की खराब हालत को देखते हुए इन मकानों में रहना बंद कर दिया है। पंचायत के इन गांवों को जोड़ने वाली सड़क का नामोनिशान मिट गया है और पैदल चलने वाले रास्ते भी पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गए हैं। नरेंद्र ने कहा कि यहां राशन की भारी किल्लत चल रही है। लोग हर रोज किलो-किलो राशन लेकर अपने परिवार का पालन-पोषण बड़ी मुश्किल से कर रहे हैं, जबकि प्रशासन की ओर से अभी तक इन लोगों के लिए न तो कोई आपदा केंद्र बनाया है और न ही खाद्य सामग्री की व्यवस्था की गई है। मुख्य सड़क से धारा गांव तक पहुंचाने के लिए इन दिनों खाली पैदल चलने के लिए ही लगभग चार घंटे का समय लग रहा है। उधर, स्थानीय पंचायत के प्रधान मोहर सिंह व देवता गर्गाचार्य के कारदार मेहर सिंह ने कहा कि तलाडा पंचायत के विभिन्न गांवों के लोग सहमे हुए हैं और इन्हें भविष्य की चिंता सताने लगी है। मेहर सिह कारदार ने कहा कि तलाडा पंचायत में लगातार हो रहे भूस्खलन के लिए एनएचपीसी जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि पार्वती पावर स्टेशन चरण 3 ने अगर अपनी आवासीय कॉलोनी सपांगनी के पास नदी को तलाडा पंचायत की ओर डायवर्ट न किया होता, तो शायद लोगों को ये दिन न देखने पड़ते।

# टीम 'सहभागिता' ने आपदा प्रभावित बागन गांव में बांटा ग्रामीणों का दुख-दर्द

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला कुल्लू की लगघाटी के बागन गांव में हाल ही में भूस्खलन व प्राकृतिक आपदा ने खूब कहर बरपाया है।

इस घटना में कई मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए हैं। इससे कई परिवार बेघर हो गए हैं। फिलहाल इन्हें नजदीकी राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, बागन में अस्थायी रूप से शिफ्ट किया गया है। बागन गांव के लोगों की इस दुख की घड़ी में टीम 'सहभागिता' और स्नो लैंड स्काउट्स ने संयुक्त रूप से गांव का दौरा कर वहां की मौजूदा स्थिति का जायजा लिया। टीम ने न केवल प्रभावित परिवारों से बातचीत कर उनका दुख-दर्द बांटा, बल्कि उनकी तत्काल आवश्यकताओं और भविष्य की चुनौतियों पर भी विस्तृत जानकारी जुटाई, ताकि उनकी मदद की जा सके। 'सहभागिता' के अध्यक्ष बीजू हिमदल ने बताया कि संस्था ने आपदा राहत अभियान की शुरुआत की है। इस अभियान के अंतर्गत प्रभावित परिवारों को खाद्य सामग्री व अन्य आवश्यक सामान उपलब्ध करवाने की योजना बनाई गई है।

संस्था ने दानी सज्जनों, स्वयंसेवकों और समाजसेवी संगठनों से सहयोग की अपील की है। उन्होंने कहा कि, इस संकट की घड़ी में हमारी प्राथमिकता प्रभावित परिवारों को जल्द राहत पहुंचाना है। बहुत जल्द आवश्यक सामग्री गांव में पहुंचाई जाएगी, ताकि ग्रामीणों को असुविधा का सामना न करना पड़े। टीम 'सहभागिता' और स्नो लैंड स्काउट्स ने यह भी स्पष्ट किया कि केवल सरकारी प्रयास पर्याप्त नहीं होंगे। ऐसे में समाज के सभी वर्गों को आगे आकर सहयोग की भावना से हाथ बढ़ाना होगा, ताकि पीड़ित परिवार जल्द से जल्द अपने जीवन को सामान्य रूप से आगे बढ़ा सकें।

# हर घर पानी पहुंचाने में जुटा जल शक्ति विभाग

**अनंत ज्ञान, मनाली।** जल शक्ति विभाग ने पाइप बिछाने का कार्य पूरा कर लिया है, अब हर घर को पानी पहुंचाने में जुट गया है। गत 26 अगस्त को मनालसु नाले में आई बाढ़ ने जल शक्ति विभाग को भारी नुकसान पहुंचाया है। पाइपों का तो नामोनिशान तक नहीं रहा, जबकि प्लांट को भी नुकसान पहुंचा। विभाग का दावा है कि कुछ ही दिनों में शहर में भी पानी की आपूर्ति सुचारु हो जाएगी। पानी की आपूर्ति बाधित होने से मनाली शहर के लोगों को सबसे अधिक मुश्किलों का सामना करना पड़ा है। गत 26 अगस्त से लोग पानी के लिए तरस रहे हैं, लेकिन अब लोगों को पानी मिलने लगा है। जल शक्ति विभाग के सहायक अभियंता दीक्षांत शर्मा ने बताया कि बाढ़ से विभाग को भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि अधिकतर काम कर लिया है तथा हर घर को पानी पहुंचाना भी शुरू कर दिया है। उन्होंने माना कि कुछ दिन लोगों को दिक्कत हुई है, लेकिन अब स्थिति सामान्य होने लगी है। शर्मा ने बताया कि जल्द ही शहर में पानी आपूर्ति सुचारु हो जाएगी।

# बाढ़ व भूस्खलन से मनाली-लेह मार्ग को भारी नुकसान : राजीव

**एम बोकटापा, अनंत ज्ञान**



**मनाली।** सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के चीफ इंजीनियर राजीव कुमार ने सोमवार को मनाली-लेह मार्ग को बहाल करने के कार्य का जायजा लिया। वह 31 अगस्त से इस मार्ग का निरीक्षण कर रहे है।

उन्होंने किन्नौर होते हुए इस मार्ग का बारिकी से निरीक्षण किया। उदयपुर होते हुए वह सोमवार को समाहन पहुंचे। उन्होंने कहा कि भारी बारिश ने इस साल पिछले सारे रिकार्ड तोड़े हैं। बाढ़ व भूस्खलन से मनाली-लेह मार्ग को भारी नुकसान हुआ है। बीआरओ के अधिकारी व कर्मचारी युद्धस्तर पर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि लाहौल के पागल नाला, तेलिंग नाला, तांदी-संसारी नाला और अटल टनल केंसॉठ पोर्टल में भारी नुकसान हुआ है। मनाली-लेह मार्ग पर तो कई जगह 200 मीटर सड़क गायब हो गई है, लेकिन कड़ी मेहनत से बीआरओ ने इस चुनौती को पार कर लिया है। रोहतांग होते हुए सड़क बड़े वाहनों के लिए खोल दी गई है। अटल टनल होकर भी छोटे वाहन शुरू किए गए हैं। मनाली के समीप समाहन में काम जारी है। जल्द इस सड़क को भी छोटे वाहनों के लिए खोल दिया जाएगा। मौसम ने साथ दिया तो दो-तीन दिन में इस मार्ग पर बड़े वाहन भी चलने शुरू हो जाएंगे। समाहन में सड़क खुलने के बाद रोहतांग दर्रा होकर यह सड़क सरचू तक खुल जाएगी। उन्होंने कहा कि इस सड़क को जल्द से जल्द खोलना बीआरओ की प्राथमिकता है।

# 12 को देवसदन में होंगी प्रतियोगिताएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला भाषा अधिकारी प्रोमिला गुलेरिया ने कहा कि भाषा एवं संस्कृति विभाग जिला कुल्लू हिमाचल प्रदेश द्वारा हिंदी पखवाड़े के उपलक्ष्य पर 12 सितंबर को देव सदन में विभिन्न सरकारी व गैर-सरकारी पाठशालाओं के विद्यार्थियों की भाषण, निबंध लेखन व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया जा रहा है। इन प्रतियोगिताओं में 9वीं से 12वीं कक्षा के स्टूडेंट्स भाग ले सकते हैं। हिंदी भाषण प्रतियोगिता के विषय रहेंगे जन भाषा और राजभाषा के रूप में हिंदी की दशा और दिशा तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता और हिंदी भाषा का भविष्य। वहीं, हिंदी निबंध लेखन प्रतियोगिता विषय रहेंगे। वैश्विक भाषा के रूप में हिंदी की स्थिति और संभावनाएं तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता की भूमिका हिंदी भाषा के संदर्भ में। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रतिभागी को हिंदी साहित्य व हिंदी व्याकरण के आधार पर वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिए जाएंगे। इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए इच्छुक पाठशालाएं अपना पंजीकरण भाषा व संस्कृति विभाग में 11 सितंबर तक करवा सकते हैं। विजेता विद्यार्थियों को विभाग द्वारा प्रमाण पत्र और मोमेंटो से सम्मानित किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए दूरभाष नंबर 01902222406, 9857065800 पर संपर्क कर सकते हैं।

# निरमंड में 20 मकान ध्वस्त, 260 मकानों को आंशिक क्षति, 15 मवेशियों की गई जान

**अनंत ज्ञान, आनी**



निरमंड के प्रांतला गांव में भूस्खलन के कारण हुआ नुकसान।

निरमंड उपमंडल में इस बार मानसून आफत के रूप में बरसी है। 20 जून से 7 सितंबर तक हुई प्राकृतिक आपदाओं ने निरमंड उपमंडल को भारी नुकसान पहुंचाया है। हालांकि, राहत की बात यह रही कि इस दौरान किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

प्रशासनिक आंकड़ों के अनुसार निरमंड उपमंडल में 20 मकान पूरी तरह से ध्वस्त हो गए, जबकि 260 मकानों को आंशिक क्षति पहुंची है। इसके अलावा 56 गोशालाएं प्रभावित हुईं, जिनमें से 19 पूरी तरह और 37 आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुईं। 15 मवेशियों की जानें गई हैं। इनमें 4 गाएं और 11 भेड़-बकरियां शामिल हैं। करीब 12 दुकानों का सामान भी बरसातों के कारण प्रभावित हुआ है। वहीं, 4 दोघरे मकान व 5 घराट भी क्षतिग्रस्त हुए हैं। एसडीएम निरमंड मनमोहन सिंह ने बताया कि आपदा राहत वितरण के अंतर्गत अब तक प्रभावित परिवारों को 195 तिरपाल, 37 राशन किट, 14 बर्तन किट, 16 कंबल और 2 बाल्टियां वितरित की गई हैं। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों को देखते हुए सतर्क रहें और सुरक्षित स्थानों पर बने रहें। कुल्लू जिले के अंतर्गत विकास खंड निरमंड के प्रांतला गांव में भारी बारिश और भूस्खलन के कारण तबाही हुई है। कई घर टूटे, बगीचे बर्बाद, परिवार बेघर, लगभग 7 बीघा जमीन भूस्खलन की चपेट में आई है। इसमें 200 से भी अधिक सेब के पेड़ थे। भूस्खलन ने इस गांव के लोगों की खुशियां छीनने के साथ ही जहां उनके सिर से घर छत भी छीन दी है। वहीं, जमीनें भी भूस्खलन की चपेट में आने से लोगों के रोजगार का एकमात्र साधन फसलें व अन्य उत्पाद भी नहीं बचे हैं। ऐसे में अब इन लोगों को यह चिंता सताने लगी है कि कहां रहेंगे, क्या करेंगे।

### पूर्व छात्र संघ कटराईं 25 सितंबर को मनाएगा रजत जयंती समारोह

# अंडर-15 वर्ग में शुभांगी व शुभ विजेता



बैडमिंटन प्रतियोगिता की विजेता टीम मुख्यातिथि व आयोजकों के साथ। नग्गर ब्लॉक के 70 महिला और पुरुष खिलाड़ी हुए शामिल।

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

पूर्व छात्र संघ कटराईं ने गठन की 25वीं सालगिरह पर आगामी 25 सितंबर को होने वाले मुख्य कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत सोमवार को रजत जयंती बैडमिंटन चैंपियनशिप का आयोजन किया।

शनिवार को पूर्व छात्र संघ के वरिष्ठ सदस्य नारायण सिंह ठाकुर ने प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया। इस दौरान पूर्व छात्र संघ की कार्यकारिणी के सभी सदस्य मौजूद रहे। इस टूर्नामेंट में नग्गर ब्लॉक के लगभग 70 महिला और पुरुष खिलाड़ी शामिल हुए। दो दिवसीय इस बैडमिंटन टूर्नामेंट में अंडर-14 से लेकर 50 प्लस आयु वर्ग के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। लड़कियों के अंडर-15 वर्ग में विजेता शुभांगी, उपविजेता मीनाक्षी रहीं। लड़कों के अंडर-15 एकल वर्ग में विजेता शुभ और उपविजेता मुकुल, अंडर-15 लड़कों के डबल्स विजेता निपुण और शुभ उपाध्याय व उपविजेता काव्या व्यास तथा मुकुल। अंडर-19 एकल वर्ग में आदित्य शर्मा विजेता तथा शुभ उपाध्याय उपविजेता रहे तथा इसी वर्ग के डबल्स में आदित्य शर्मा व शुभ की युगलबंदी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और गौरव व बलजिंदर द्वितीय स्थान पर रहे। 50 प्लस आयु वर्ग में मंगत राम विजेता और उपविजेता हीरा लाल रहे, जबकि इसी वर्ग के डबल्स के मुकाबलों में विजेता हीरा लाल और मंगत राम की जोड़ी तथा बीर सिंह और प्रेम नाथ उपविजेता रहे। रविवार देर शाम आयोजित हुए समापन समारोह में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कटराईं के प्रधानाचार्य मंगल नेगी बतौर मुख्यातिथि उपस्थित हुए। उन्होंने टूर्नामेंट के दौरान विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में अव्वल रहने वाले खिलाड़ियों को ट्रॉफी तथा प्रमाणपत्र वितरित किए और विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।

**देव पूछ** माता हिडिंबा व देवी-देवताओं ने देव स्थलों में पर्यटकों के जाने पर प्रतिबंध लगाने के दिए आदेश

# गुप्त पूजा स्थल व पवित्र सरोवर को पर्यटन के लिए करें बंद

**अनंत ज्ञान, मनाली**



मनाली के ढूंगरी स्थित माता हिडिंबा के मंदिर में देव पूछ ( देव कारज) का आयोजन किया गया। हिडिंबा माता के कारदार रघुवीर नेगी ने कहा कि बीते दिन माता हिडिंबा के मंदिर में देवली देव पूछ ( देव कारज) कार्यकम हुआ।

इसमें देवता शांडिल्य ऋषि, बाबा बीरनाथ, कार्तिकस्वामी, माता जोगिनी सियाली महादेव, शंख नारायण, देवता जम्लू, बुरुआ देवता कंचन नाग, कुलंग पराशर ऋषि, सृष्टि नारायण, प्राणी फाई नाग व तक्षक नाग आदि देवताओं के कारदार, गुरू, पुजारी व देवलुओं ने भाग लिया। आपदा के कारण व इससे निपटने के बारे में गुरु के माध्यम से पूछ डाली गई। उन्होंने बताया कि इस देव कारज में माता हिडिंबा सहित सभी उपस्थित देवी-देवताओं ने अपने-अपने गूरों के माध्यम से भविष्यवाणी की और मनाली सहित जिले में गुप्त पूजा स्थल व पवित्र सरोवर को पर्यटन के लिए बंद करने के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि देवी-देवताओं ने चेताया भी है कि यदि ऐसा नहीं किया, तो अंजाम भयानक होगा। देवी-देवताओं के आदेशानुसार कारदार संघ मनाली ने धार्मिक पवित्र स्थलों को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित न करने की मांग की है। संघ का कहना है कि उन्होंने माता हिडिंबा के आदेशानुसार गुप्त पूजा स्थल व पवित्र सरोवर को पर्यटन के लिए बंद करने का निर्णय लिया है। सोमवार को संघ ने एसडीएम मनाली रमण के माध्यम से प्रदेश सरकार को ज्ञापन भेजा। संघ ने कहा कि वर्तमान में पूरे कुल्लू जिले में प्राकृतिक आपदा का भयंकर समय चल रहा है। सदियों पुरानी यह परंपरा रही है कि जब भी इस तरह की कोई भी आपदा हमारे क्षेत्र में आती है, तो पूरी मनाली घाटी के लोग अपने-अपने देवी-देवता के साथ माता के साथ माता हिडिंबा के मंदिर में इकठ्ठा होकर देवी-देवताओं से जनता की रक्षा करने की अपील करते हैं।

इसी कड़ी में बीते दिन देव पूछ का आयोजन हुआ। इस दौरान सभी देवताओं ने अपने-अपने गूर के माध्यम से देवी-देवताओं के गुप्त पूजा स्थल व इनके पवित्र सरोवर जैसे भूगृ दशोहर, व्यास कुंड, जोगिनी वाटरफॉल, रानी सुई, नीली आल आदि पर स्थानीय लोगों व पर्यटकों का जाना और वहां गंदगी फैलाना साथ ही वहां शोर शराबे को इसका मुख्य कारण बताया। माता हिडिंबा ने अपने गुरु के माध्यम से लोगों को चेतावनी देते हुए यह सख्त आदेश दिया कि इन स्थानों पर जाना व किसी भी पर्यटक को ले जाना बंद कर दें, अन्यथा इसका अंजाम और भी भयानक हो सकता है। इसके साथ ही माता ने गोवंश पर हो रहे अत्याचार व गो तस्करी रोकने के लिए भी लोगों को आदेश दिया। वहीं, मनाली में रह रहे कुछ बाहरी लोग देखा-देखी में गणपति व दुर्गा विसर्जन जैसे उत्सव मना रहे हैं, जो कि हमारे यहां के देव समाज में बिलकुल वर्जित है। इतना ही नहीं इससे पर्यावरण भी दूषित होता है। कारदार संघ नग्गर खंड के उपाध्यक्ष हरि चंद ने बताया कि संघ ने एसडीएम के माध्यम से सरकार को ज्ञापन देकर धार्मिक पवित्र स्थलों को पर्यटकों के लिए बंद करने का आग्रह किया है।

### बिना तथ्य देव समाज से जुड़ी जानकारी सोशल मीडिया पर डालने पर भी जताई चिंता

सोशल मीडिया में देवी-देवताओं के नाम से फेसबुक पेज बनाने व देव समाज से जुड़ी जानकारी बिना किसी तथ्य के डालने पर भी देव समाज चिंतित है। कारदारों ने मनाली थाना में शिकायत सौंपकर फेसबुक पेज बंद करने और देवताओं के नाम पर गलत टिप्पणी कर लोगों को डराने वाली पोस्ट डालने वालों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। माता हिडिंबा के कारदार रघुवीर नेगी ने अपील की है कि **देव** कार्रवाई से जुड़ी कोई पोस्ट या आदेश सोशल मीडिया में न डालें।

# पटारना में प्रभावित परिवारों को दी आर्थिक सहायता

**अनंत ज्ञान, आनी।** ग्राम पंचायत कराड़ के पटारना गांव में हाल ही में हुई भयंकर त्रासदी से प्रभावित परिवारों की मदद के लिए सामाजिक व आध्यात्मिक संगठन लगातार आगे आ रहे हैं।

इसी क्रम में स्पोर्ट्स एवं कल्चरल क्लब आनी की सिराज कप क्रिकेट टूर्नामेंट कमेटी ने प्रभावित परिवारों को 27,100 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की। सिराज कप क्रिकेट टूर्नामेंट कमेटी के संयोजक विपिन ठाकुर ने बताया कि कमेटी की ओर से वे और अनिल ठाकुर 'रोनू' ने पैदल पहुंचकर पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी और इस कठिन घड़ी में हिम्मत से काम लेने का आग्रह किया। गांव के दो परिवारों को लैंडस्लाइड की त्रासदी में अपनों को खोना पड़ा है। इस हादसे में शारदा पत्नी जयचंद और लीला देवी पत्नी कृष्ण चंद की मलबे में दबकर दर्दनाक मौत हो गई थी। घटना के बाद से परिजन गहरे सदमे में हैं। विपिन ने कहा कि यह धनराशि उन्होंने सीधा पीड़ित परिवारों को सौंपी है। साथ ही सिराज कप क्रिकेट कमेटी ने बताया कि इस दौरान उन्होंने कोई फोटो नहीं लिया, साथ अन्य मददगारों से भी किसी प्रकार की सहायता के दौरान पीड़ित व्यक्तियों के साथ फोटो लेकर उसे सोशल मीडिया पर या समाचार में न डालने की भी सलाह दी है।

## न्यूज ब्रीफ

### मिल्लाह की प्रधान को पद से हटाने के आदेश

**अनंत ज्ञान, नाहन।** डीसी सिरमौर प्रियंका वर्मा ने विकास खंड शिलाई की ग्राम पंचायत मिल्लाह की प्रधान देवो देवी को अपने कर्तव्यों के निर्वहन में अवचार का दोषी पाए जाने पर ग्राम पंचायत मिल्लाह के प्रधान पद से तत्काल हटाने के आदेश जारी किए हैं। छह वर्ष की कालावधी के लिए पंचायत के पदाधिकारी के रूप में निर्वाचित होने के लिए निरहित (अयोग्य) करने के भी आदेश जारी किए हैं। डीसी ने यह आदेश जारी किए हैं कि वह दुरुपयोग की गई 4,70,471 की धनराशि को तुरंत पंचायत निधि खाते में जमा करवाना सुनिश्चित करें।

### मेधावी छात्राओं को छात्रवृत्तियां प्रदान की

**अनंत ज्ञान, सराहां।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सराहां में एक भव्य छात्रवृत्ति वितरण समारोह का आयोजन सोमवार को किया गया। इस अवसर पर वर्ष 2025-26 के लिए डॉ. वीके गुप्ता छात्रवृत्ति योजना, मनोहरी देवी गर्ग चैरिटेबल ट्रस्ट, ओम प्रकाश गुप्ता व प्रेमलता गुप्ता चैरिटेबल ट्रस्ट तथा अनिशा गुप्ता छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत योग्य एवं मेधावी छात्राओं को छात्रवृत्तियां प्रदान की गई। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन समिति की प्रधान शीतल शर्मा सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। सभी ने छात्राओं को उनकी उपलब्धियों के लिए बधाई दी और शिक्षा के प्रति समर्पित रहने के लिए प्रेरित किया। समारोह के अंत में स्कूल के प्रधानाचार्य प्रदीप सिंह ने अतिथियों का हार्दिक आभार प्रकट किया और छात्राओं को मेहनत, अनुशासन व लगन से अपने लक्ष्य को प्राप्त करने का संदेश दिया।

### उद्योग मंत्री व विस उपाध्यक्ष आज सिरमौर के प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, नाहन।** उद्योग, संसदीय कार्य तथा श्रम व रोजगार मंत्री हर्षवर्धन चौहान तथा विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार 9 सितंबर को जिला सिरमौर के प्रवास पर रहेंगे। यह जानकारी एक सरकारी प्रवक्ता ने देते हुए बताया कि उद्योग मंत्री तथा विधानसभा उपाध्यक्ष 9 सितंबर को प्रातः 11 बजे डीसी कार्यालय नाहन में प्राकृतिक आपदा/मानसून से संबंधित सिरमौर जिले में आपदा व राहत कार्य की समीक्षा बैठक में भाग लेंगे।

### कर्मचारियों का हायर पे ग्रेड वापस लेना गलत

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** हिमाचल में कर्मचारियों की 89 श्रेणियों के हजारों कर्मचारियों के वेतन का पुनः निर्धारण किया जा रहा है। राज्य सरकार ने 2022 में कर्मचारियों को दो वर्ष बाद हायर पे ग्रेड देने का प्रावधान किया था। उसे सरकार ने वापस ले लिया है। इससे हजारों कर्मचारियों को आर्थिक नुकसान होगा। यह बात पेंशनर कल्याण संघ सायरी के सचिव जगदीश कश्यप ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कही। उन्होंने कहा कि हायर पे ग्रेड देने के अनेक श्रेणियों के कर्मचारियों के वेतन में 10 से 15 हजार की वृद्धि हो गई थी। इससे अब महरूम होना पड़ेगा। उन्होंने राज्य सरकार के प्रधान सचिव का प्रदेश सिविल सेवाएं संशोधित वेतन द्वितीय संशोधन नियम 2025 की अधिसूचना का हवाला दिया। इसमें नए संशोधित वेतन द्वितीय संशोधन नियम 2022 के नियम 7(क) शून्य कर दिया है, जिसे 3 जनवरी, 2022 से ही शून्य समझा जाएगा।

### आपदा राहत कोष के लिए 50 हजार का चेक दिया

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सीनियर सीटिजन एसोसिएशन सोलन द्वारा यहां आपदा राहत कोष में योगदान स्वरूप 50 हजार रुपए का चेक भेंट किया गया। एसोसिएशन ने सोलन के डीसी मनमोहन शर्मा को यह चेक भेंट किया। मनमोहन शर्मा ने आपदा की इस घड़ी में प्रदेशवासियों के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष में योगदान देने के लिए एसोसिएशन का आभार व्यक्त किया। उन्होंने आशा जताई कि एसोसिएशन के यह प्रयास अन्य को भी इस दिशा में प्रेरित करेंगे। इस अवसर पर सीनियर सीटिजन एसोसिएशन सोलन के अध्यक्ष डॉ. पंकज खुल्लर, उपाध्यक्ष रमेश कुमार, कोषाध्यक्ष विजय शर्मा, वरिष्ठ सदस्य एसएन कपूर व हरीश शर्मा भी उपस्थित रहे।

### वीरेंद्र वर्मा के निधन से नौहराधार में शोक की लहर

**अनंत ज्ञान, नाहन।** वरिष्ठ पत्रकार जितेंद्र चौहान के पिता और सेवानिवृत्त शिक्षक वीरेंद्र वर्मा का सोमवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन से नौहराधार सहित पूरे सिरमौर जिले में शोक की लहर है। करीब 81 वर्षीय वीरेंद्र वर्मा नौहराधार के एक जाने-माने व्यक्ति थे। सेवानिवृत्त शिक्षक के रूप में उनका काफी सम्मान था। उन्होंने कई सामाजिक क्षेत्र में भी उनका काफी योगदान रहा है। उन्हें क्षेत्र में मछली पालन शुरू करने और चौहान ट्रांसपोर्ट के नाम से निजी बसें चलाने के लिए भी जाना जाता था। उनके निधन पर स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों, पत्रकार संघ, व्यापार मंडल नौहराधार और सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ ने गहरी संवेदना व्यक्त की है।

### 80 पदों के लिए कैंपस इंटरव्यू 12 सितंबर को

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला रोजगार अधिकारी सिरमौर जगदीश कुमार ने बताया कि जिला रोजगार कार्यालय नाहन द्वारा मैसर्स ब्लू स्टार लि, गांव रामपुर जटान, कालाअंब में 80 पद आपरेटर के भरे जाने हैं। इसके लिए उपरोजगार कार्यालय राजगढ़ में 12 सितंबर को भर्ती शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इन पदों के लिए 18 से 23 वर्ष की आयु के आईटीआई (फिटर, आरएसी, टर्नर, इलेक्ट्रीशियन, इलेक्ट्रोनिक्स, मोटरमैकेनिक, पंपआपरेटर तथा वेल्डर) शैक्षणिक योग्यता रखने वाले इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। रोजगार अधिकारी ने बताया कि अपने साथ दो पासपोर्ट साइज फोटो मूल प्रमाण-पत्र, बायोडाटा व अनुभव प्रमाण-पत्र यदि हो तो अवश्य साथ लाएं। उन्होंने बताया कि eemis.nic.in पोर्टल पर इच्छुक आवेदक ऑनलाइन तरीके से आवेदन कर सकते हैं।

### त्रिलोकपुर मेले में मांस-मछली की बिक्री पर प्रतिबंध

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला दंडाधिकारी सिरमौर प्रियंका वर्मा ने आदेश जारी करते हुए बताया कि 22 सितंबर से 7 अक्टूबर तक चलने वाले श्री महामाया बाला सुंदरी आश्विन नवरात्र मेला त्रिलोकपुर के दौरान कालाअंब पुलिस स्टेशन और मेला क्षेत्र की सीमाओं में किसी भी प्रकार के आग्नेयास्त्र, घातक हथियार व विस्फोटक सामग्री आदि लाने ले जाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने आदेश जारी किए हैं कि मेला अवधि के दौरान कोई भी तीर्थयात्री मंदिर में नारियल नहीं चढ़ाएगा तथा मेला क्षेत्र में शराब पीकर/लेकर कोई भी गैर कानूनी गतिविधि नहीं करेगा। जिला दंडाधिकारी ने यह भी आदेश जारी किए हैं कि कालाअंब से त्रिलोकपुर रोड पर 22 सितंबर से 7 अक्टूबर तक यातायात व्यवस्था को सुचारु रूप से बनाए रखने के लिए प्रातः 6 से रात्रि 10 बजे तक उद्योगों में प्रयुक्त होने वाले सूली अथवा भूसा आदि से लदे ट्रक व ट्रैक्टर चलाने पर प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने मेला अवधि के दौरान धार्मिक भावना व आस्था के मद्देनजर यह आदेश जारी किए हैं कि मेला अवधि के दौरान संपूर्ण मेला क्षेत्र त्रिलोकपुर में मांस व मछली आदि की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा, ताकि मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं में किसी प्रकार का जनाक्रोश उत्पन्न न हो। कालाअंब से त्रिलोकपुर सड़क के साथ लगती मांस व मछली की दुकानों में विक्रेताओं को केवल दुकान के अंदर ही (पर्दे में) मांस व मछली का विक्रय करना होगा। इन आदेशों का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति पर कानून के तहत कार्रवाई की जाएगी।

### केंद्र सरकार ने शुरू की मानस हेल्पलाइन 1933

**अनंत ज्ञान, सोलन।** जन-जन को नशे के खिलाफ अभियान में सहभागी बनाने और नागरिकों द्वारा मादक पदार्थों के संबंध में सूचना देने के लिए केंद्र सरकार ने टोल फ्री नंबर के साथ मानस हेल्पलाइन आरंभ की है। यह जानकारी आज यहां उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने दी। मनमोहन शर्मा ने कहा कि मादक पदार्थ निषेध सूचना केंद्र हेल्पलाइन मानस पर टोल फ्री नंबर 1933 के माध्यम से नशीले पदार्थों की तस्करी, मादक द्रव्यों की अवैध खेती और अन्य संबंधित अपराधों की जानकारी दी जा सकती है। उन्होंने कहा कि इस हेल्पलाइन पर जानकारी देने वाले नागरिक की पूरी सूचना गुप्त रखी जाती है। मानस हेल्पलाइन 1933 के माध्यम से मादक पदार्थों व नशे के विरुद्ध परामर्श व पुनर्वास के लिए सहायता भी प्रदान की जाती है। सूचना के इस आदान-प्रदान से नशाखोरी व नशीली दवाओं के खतरे से निपटने में नागरिकों की बेहतर भागीदारी सुनिश्चित होती है। यह एक एकीकृत व सुरक्षित डिजिटल प्लेटफार्म है। यह प्लेटफार्म नागरिकों को नशीली दवाओं के मामलों की रिपोर्ट करने, पुनर्वास संसाधनों की जानकारी प्राप्त करने के लिए सहज एवं गोपनीय माध्यम प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि मानस हेल्पलाइन का उपयोग टोल फ्री नंबर 1933 के साथ-साथ अधिकारिक वेब पोर्टल www.ncbmanas.gov.in, ई-मेल info.ncbmanas@gov.in तथा उमंग ऐप के माध्यम से किया जा सकता है। नागरिकों से आग्रह किया कि मानस हेल्पलाइन 1933 के माध्यम से गुप्त रूप से नशीली दवाओं की तस्करी, भंडारण, विनिर्माण अथवा खेती से संबंधित जानकारी रिपोर्ट करें और नशा मुक्त समाज की परिकल्पना को साकार करने में सहयोग दें।

### एक अनकही कहानी थीम पर कविता प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान, सोलन।** राजकीय महाविद्यालय सोलन में हिंदी पखवाड़े का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर एक अनकही कहानी थीम पर कविता प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें रश्मिरथी और कनुप्रिया जैसे महाकाव्य पर लगभग 200 छात्रों ने सामूहिक कविता पाठ किया। विनीत और मोहित चौहान ने इस थीम पर पोस्टर बनाए, जिसकी काफी सराहना की गई, जबकि 18 छात्रों ने एकल कविता पाठ में हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम की मुख्यातिथि प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय सोलन, प्रोफेसर मनीषा कोहली रहीं। इस काव्य- पाठ प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल के रूप में प्रोफेसर निवेदिता पाठक, प्रो. रेणु बाला, प्रोफेसर चमन शर्मा और प्रोफेसर प्रमोद शामिल थे।

# चंबाघाट-कैथलीघाट फोरलेन में रेनफोर्स मैट लगाने का कार्य युद्धस्तर पर जारी

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

सोलन। नेशनल हाईवे-5 में चंबाघाट-कैथलीघाट फोरलेन स्ट्रेच में बरसात के दौरान पहाड़ी से कई जगहों पर लैंडस्लाइड से आए मलबे के चलते जगह-जगह सड़क का डायवर्जन किया गया है। पहाड़ों से पत्थर व मलबा आने के खतरे को देखते हुए सोलन और चंबाघाट के बीच सिंगल लेन से वाहनों को भेजा जा रहा है। इससे वाहन चलाना जोखिम भरा हो गया है। ऐसे में वाहन चालकों को सावधानी बरतने की जरूरत है। हालांकि, फोरलेन निर्माण कंपनी ने सड़क में आए मलबे को हटाने का कार्य तेज कर दिया है। मौसम ने साथ दिया, तो इसी सप्ताह यह कार्य पूरा हो जाएगा। वहीं, लैंड स्लाइड के जोखिम को कम करने के लिए इस मार्ग पर चंबाघाट से कैथलीघाट तक एनएचएआई की तरफ से लैंडस्लाइड रोकने में रेनफोर्स मैट तकनीक अपनाई जा रही है। खासबात यह है कि लैंड स्लाइड की दृष्टि से खतरा बनी पहाड़ियों में रेनफोर्स मैट लगाने का कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है पर दरकती पहाड़ियों से जोखिम भी बड़ा है। निर्माण कंपनी लैंड स्लाइड की दृष्टि से अति संवेदनशील सलोगड़ा, मनसार और कंडाघाट की पहाड़ियों में पर रेनफोर्स मैट लगाने का कार्य कर रही है।



सोलन से कैथलीघाट फोरलेन में पहाड़ों से लैंडस्लाइड रोकने को लगाई जा रही रेनफोर्स मैट।

### लैंडस्लाइड का खतरा बरकरार

**पहाड़ियों** से गिरते पत्थर वाहनों में यात्रा कर रहे लोगों के लिए खतरा बन चुके हैं। हाईवे में चक्की मोड़ से लेकर कैथलीघाट तक कई ऐसी जगहें हैं, जहां कभी भी लैंड स्लाइड हो सकता है। हाईवे अथॉरिटी इन पहाड़ियों को दरकने से रोकने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। लिहाजा हाइवे पर लैंड स्लाइड कंट्रोल करना एनएच सहित हाइवे निर्माता कंपनी के लिए सिर दर्द बन गया है।

**पहाड़ियों** से भूस्खलन रोकने के लिए रेनफोर्स मैट लगाने का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। काम पूरा होने के बाद लेंड स्लाइडिंग पर काफी हद तक काबू पा लिया जाएगा। फिलहाल खतरे वाली जगहों में सिंगल लेन से ट्रैफिक चल रहा है।

**आनंद दहिया, प्रोजेक्ट मैनेजर, एनएचएआई।**

### सिंगल लेन से वाहनों को आवाजाही से खतरा

**चंबाघाट**-कैथलीघाट फोरलेन में मलबा पड़ा होने के चलते अभी भी सिंगल लेन के सहारे ही वाहनों की आवाजाही हो रही है। इससे वाहन दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ है। फोरलेन पर अब भी कई जगह पर एनएचएआई डबल लेन सड़क को नहीं खोल पाया है। इसी तरह परवाणू से सोलन तक भी कई जगह सिंगल लेन ही चल रही है। इन जगहों पर सड़क हादसों का खतरा तो बना ही है, साथ ही चालकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# नाहन खैरी उठाऊ पेयजल योजना पर हुआ लैंडस्लाइड

**एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान**

**नाहन।** भारी बारिश के कारण लगातार हो रहे लैंडस्लाइड से शहर को पेयजल आपूर्ति करने वाली गिरि व खैरी लिफ्ट वाटर स्कीम चपेट में है। बीती रात अचानक हुए लैंड स्लाइड से खैरी पेयजल आपूर्ति योजना लाइन का भोगरिया घाटचा के नजदीक जंगल मे करीब 250 फुट हिस्सा भारी लैंडस्लाइड की जद में आकर ध्वस्त हो गया है।

इस कारण नाहन शहर के लिए लिफ्टिंग बंद हो गई है। दूसरी तरफ गिरि योजना जो पिछले कई दिनों से ध्वस्त पड़ी है, उसके बारे में विभाग के सूत्रों के अनुसार आने वाले 15 दिनों तक स्टेबल होने की उम्मीद है। पाइप लाइनों पर लैंड स्लाइड हो रहा है। ऐसे में दोनों योजनाओं के रखरखाव को लेकर विभाग की मुश्किलें कम नहीं हुई है, लेकिन विभाग के अफसर व तमाम फील्ड स्टाफ अपनी जानजोखिम में डाल कर दिन-रात युद्धस्तर पर लगे हैं। उधर, पिछले 15 दिनों से पेयजल संकट से जूझ रहे हजारों लोगों के लिए विभाग राशनिंग के जरिए आपूर्ति कर रहा है। आईपीएच विभाग के एसई राजीव महाजन ने बताया कि खेरी योजना भी बीती रात लैंडस्लाइड से ध्वस्त हुई है। एक्सीयन को मौके पर भेजा गया है। रात से ही मलबे में दबी लाइनों को जोड़ने का प्रयास जारी है, लेकिन लैंडस्लाइड रुक नहीं रहा है। खेरी योजना के बरसात से बंद ट्यूबबेल की मरम्मत की जा रही है। महाजन ने बताया कि खेरी योजना को समय-समय पर टेस्ट करते रहते हैं। इसको बंद नहीं किया गया है। गिरि योजना से शहर को माकूल पानी मिल रहा है। वर्तमान में नाहन शहर में रोजाना 45 से 50 लाख लीटर पानी की खपत होती है। नहर सवार व खैरी योजनाओं से करीब 35 लाख लीटर पानी लिफ्ट हो जाता है। एसई ने बताया कि गिरि योजना लैंडस्लाइड की जद में आई है, जब तक बारिश बंद नहीं होती, तब तक इसकी लाइने स्टेबल नहीं हो सकती। लैंड स्लाइड के बीच विभाग के कर्मी लाइनों को जोड़ रहे हैं, लेकिन लैंड स्लाइड से पाइपें टूट रही हैं। खेरी योजना जल्द सामान्य होगी, मरम्मत जारी है। सोमवार को शहर में राशनिंग के जरिए आपूर्ति की गई है।

## इग्नू प्रवेश की तिथि 15 तक बढ़ी

**अनंत ज्ञान, सोलन।** राजकीय महाविद्यालय सोलन स्थित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) अध्ययन केंद्र (कोड 1103) में प्रवेश की अंतिम तिथि अब 15 सितंबर तक बढ़ा दी गई है। यह जानकारी केंद्र के समन्वयक डॉ. दीपक गुप्ता ने दी। उन्होंने बताया कि जो विद्यार्थी इग्नू में नए सिरे से प्रवेश लेना चाहते हैं या पहले से जुड़े हुए छात्र आगामी शैक्षणिक सत्र के लिए पंजीकरण नहीं कर पाए हैं, वे अब निर्धारित तिथि तक पंजीकरण प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। डॉ. गुप्ता ने कहा कि विद्यार्थी इग्नू से स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा तथा प्रमाणपत्र पाठ्यक्रमों जैसे बीए, बीकॉम, बीएससी, एमकॉम आदि में प्रवेश ले सकते हैं। नए पंजीकरण और पुनः पंजीकरण के लिए विद्यार्थी इग्नू की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

# चिट्टे की तस्करी से अर्जित 86 लाख की अवैध संपत्ति जब्त

**अनंत ज्ञान, सोलन**

सोलन जिला पुलिस ने नशे के कारोबार में संलिप्त आरोपियों की नशा तस्करी से अर्जित 86 लाख रुपए की अवैध संपत्तियों को जब्त करने की कार्रवाई की है। जिला पुलिस द्वारा एनडीपीएस एक्ट के तहत पुलिस थाना परवाणू में दर्ज किए एक मामले में की फाइनेंसियल इन्वेस्टिगेशन के दौरान उक्त मामले में संलिप्त आरोपियों/सहयोगियों की लगभग 86 लाख रुपए की संपत्ति जब्त की।

इसमें मकान, जमीन, प्लॉट्स, लग्जरी गाड़ी व नकदी आदि शामिल है। एसडीपीओ परवाणू मेहर पंवर (आईपीएस) ने सोलन में कहा कि 8 जुलाई की रात्रि को जब पुलिस थाना परवाणू की पुलिस टीम थाना क्षेत्र में गश्त व अपराधों की रोकथाम के लिए मौजूद थी, तो इसी दौरान उक्त टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी रॉकी कुमार पुत्र राकेश कुमार निवासी समीप शनिदेव मंदिर भेरो की सेंर टिप्परा कालका तह. कालका जिला पंचकूला हरियाणा उम्र 23 वर्ष जो परवाणू क्षेत्र में युवाओं को चिट्टा बेचने की फिराक में था। उसको परवाणू में उक्त टीम द्वारा 25 ग्राम हेरोईन/चिट्टा सहित गिरफ्तार किया गया था। इस पर पुलिस थाना परवाणू में अभियोग पंजीकृत किया गया था। इस अभियोग की आगामी जांच, भौतिक और तकनीकी साक्ष्यों के अन्वेषण के दौरान पाया गया उक्त आरोपी से जो चिट्टे की खेप बरामद की गई थी, वह उसने जीरकपुर पंजाब से संदीप नामक व्यक्ति से खरीद किया था, जो चिट्टे का बहुत बड़ा सप्लायर है, यह आरोपी पिछले एक वर्ष से संदीप से चिट्टा खरीद रहा था, जिसे वह तस्करों/ग्राहकों को बेच देता था। आरोपी ने चिट्टा खरीदने के लिए उसके खातों में लाखो रुपए जमा किए थे। इस पर पुलिस थाना परवाणू की टीम ने 4 अगस्त को उक्त मामले में चिट्टे के मुख्य सप्लायर संदीप कुमार पुत्र जयसिंह निवासी एकता कलौनी भैरों की सेर कालका तहसील कालका जिला पंचकूला हरियाणा, मूल निवासी हिसार हरियाणा, उम्र 28 वर्ष को बैकवार्ड लिंकेज के आधार पर गिरफ्तार किया। अन्वेषण के दौरान पाया गया कि ड्रग तस्करी के इस नेटवर्क को संचालित करने के लिए आरोपी जानबूझकर किसी दूसरे व्यक्ति के नाम की सिम का उपयोग करता था। यह आरोपी चिट्टे का एक बहुत बड़ा सप्लायर है, जो पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ सहित हिमाचल में लंबे समय से चिट्टे की सप्लाई कर रहा था। इसके खिलाफ पुलिस थाना पुलिस थाना ढली में भी चिट्टा/हेरोईन का एक मामला दर्ज है तथा यह आरोपी सोलन, शिमला जिलों के तस्करों/उपयोगकर्ताओं को काफी समय से चिट्टा/हेरोइन की पूर्ति कर रहा था। संदीप ने तस्करी की कमाई से अपने व अपने परिवारजन के नाम पर रेजिडेंशियल प्लॉट्स, लग्जरी गाड़ियां व नकदी (जिनमें एक विटारा ब्रेजा एक हुंडई क्रेटा, एक मोटर साइकिल रॉयल एनफील्ड 350 सीसी, एक प्लाट 50 वर्ग गज, जिसमें निर्मित मकान है, जो भेरों की सेर में स्थित है, लगभग 100 वर्ग गज का एक अन्य प्लाट जो डेराबस्सी पंजाब में हैं, जिसमें भी एक निर्मित मकान है) अर्जित की है। उक्त मामले में फाइनेंसियल इन्वेस्टीगेशन के दौरान यह भी पाया गया कि आरोपी व उसकी माता द्वारा नशे के कारोबार से अर्जित की गई संपत्ति उनकी आय के ज्ञात स्त्रोतों से मेल नहीं खा रही है क्योंकि उनके पास ड्रग तस्करी के अवैध व्यापार के ईलावा कोई भी वैध आय का स्रोत नहीं है आरोपी द्वारा नशा तस्करी से अर्जित की गई संपत्ति जिसकी कुल कीमत 86 लाख रुपए है, उसको जब्त किया गया। एसडीपीओ परवाणू मेहर पंवर ने कहा कि पिछले दो वर्षों में बाहरी राज्यों के तस्करों द्वारा हिमाचल प्रदेश में चालए जा रहे चिट्टा तस्करी के 61 बड़े अंतरराज्यीय नेटवर्को को डिस्मेंटल कर दिया गया है।



पत्रकार वार्ता करती एसडीपीओ परवाणू मेहर पंवर।

## भावना भारतीय गायन के फाइनल में पहुंची

**अनंत ज्ञान, नाहन।** नाहन की भावना रतन ने भारत के इनर व्हील क्लबों की अखिल भारतीय गायन प्रतियोगिता, इनर व्हील आइडल के फाइनल में पहुंचकर न केवल नाहन, बल्कि हिमाचल प्रदेश का नाम रोशन किया है। वह शिक्षाविद स्वर्गीय सुरेश कुमार रतन की पुत्रवधू हैं, जबकि उनके पति विकास रतन स्वयं रोटरी क्लब ऑफ नाहन सिरमौर हिल्स के सदस्य हैं। पहले राउंड की शुरुआत क्लबों में आंतरिक प्रतियोगिताओं से हुई और दूसरे राउंड में जिला स्तरीय प्रतियोगिता हुई, जहां उन्होंने जिला 308 में शीर्ष स्थान प्राप्त किया। इसमें चंडीगढ़, पंचकूला और उत्तर भारत के अन्य प्रमुख शहरों और कस्बों के क्लब शामिल थे। सेमीफाइनल में, उत्तरी क्षेत्र के 8 विजेताओं ने 5 सितंबर को पंचकूला के रामगढ़ स्थित 'द पैलेस' में एक-दूसरे के खिलाफ प्रतिस्पर्धा की। इसमें भावना रतन अब महाराष्ट्र के कोल्हापुर में होने वाले फाइनल में पहुंच गई हैं।

## रामलीला व दुर्गा पूजा की तैयारियों पर चर्चा

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** यूथ फार्मर क्लब स्यार की ओर से सोमवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी रामलीला व दुर्गा पूजा की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान यह निर्णय लिया गया कि मंच की समस्त तैयारियां समय पर पूरी की जाएंगी और सभी सदस्य सक्रिय भूमिका निभाएंगे। सभी सदस्य प्रतिदिन सुबह 10 बजे तक अनिवार्य रूप से मंच स्थल पर उपस्थित रहेंगे। साथ ही विभिन्न जिम्मेदारियां आपसी सहयोग से बांटी जाएंगी, ताकि कार्यक्रम सफल और सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हो सके। क्लब के सदस्यों ने कहा कि रामलीला व दुर्गा पूजा न केवल धार्मिक व सांस्कृतिक आयोजन हैं, बल्कि सामाजिक एकता व भाईचारे का प्रतीक भी हैं। इस अवसर पर यह संकल्प लिया गया कि आयोजन को भव्य बनाने के लिए सभी मिलकर पूरी मेहनत और निष्ठा से कार्य करेंगे। बैठक में भरत गौतम, विकास शर्मा, हेमराज, हेमंत, पवन शर्मा, अतुल चंदेल आदि मौजूद रहे।

# पंचायत सचिव ने स्कूल को दिए कमरे में जड़ दिया ताला

**अनंत ज्ञान, सोलन**

सोलन के तहत राजकीय उच्च विद्यालय चामत भड़ेच को पंचायत भवन में दिए कमरे में पंचायत सचिव ने ताला जड़ दिया।

इसके बाद स्कूली बच्चे स्कूल के बाहर बैठने को मजबूर हो गए। ग्रामीणों ने इसे लेकर सोमवार सुबह हंगामा किया व प्रशासन को इसके बारे में सूचित किया। इसके बाद डीसी के आदेशों पर बीडीओ ने मौके पर पहुंच कर ताला खुलवाया और कमरे की चाबियां स्कूल के अध्यापकों को दी। प्रदेश में भारी बारिश के चलते शिक्षा विभाग ने सभी शिक्षण संस्थानों को 7 सितंबर तक बंद कर दिया था। सोमवार सुबह जब चामत भड़ेच स्कूल खुला और अध्यापकों ने पंचायत द्वारा स्कूल को कक्षाएं लगाने के लिए दिए गए कमरे को खोलने का प्रयास किया, तो पाया कि उनका ताला तोड़कर, इसमें दूसरा ताला लगाया गया था। इसके बाद स्कूली बच्चे स्कूल के बाहर बैठकर पढ़ाई करने को मजबूर हो गए। इसके बारे में स्कूल अध्यापकों ने विभाग के उच्चाधिकारियों व एसएमसी को अवगत करवाया। एसएमसी सहित अन्य ग्रामीणों को पता चला कि कमरे में ताला लगा है और बच्चों को बाहर बैठने पर मजबूर होना पड़ रहा है। इसके बाद बहुत से ग्रामीण यहां एकत्र हो गए और हंगामा करना शुरू कर दिया। ग्रामीणों ने पंचायत सचिव से जब इसका कारण जानना चाहा, तो उनका कहना था कि स्कूल को यह कमरा कुछ समय के लिए दिया गया था। कमरा बंद करने से पहले उन्होंने स्कूल को नोटिस भी दिया था। बता दें कि राजकीय उच्च विद्यालय चामत भड़ेच वर्ष 2022 में अपग्रेड हुआ था, स्कूल भवन की कमी के चलते यहां कक्षाएं शुरु करने के लिए पंचायत भवन में कमरे उपलब्ध करवाए गए। समस्या प्रशासन के पास पहुंचने के बाद डीसी ने जिला पंचायत अधिकारी को तुरंत मामले की जांच के आदेश दिए।

## लोगों ने स्वयं ही गड्ढे भरकर सुधारी सड़क की हालत

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** दाड़लाघाट की सड़कों पर जगह-जगह पड़े गहरे गड्ढों ने लोगों की परेशानी बढ़ा रखी थी।

इन गड्ढों से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता था। हालात देखकर स्थानीय युवाओं में ईश्वर ठाकुर, बॉबी कुमार, संतोष कुमार, नरेश शर्मा और दाड़लाघाट थाने में तैनात ट्रैफिक कंट्रोल कर्मी चंद्रमोहन से रहा नहीं गया और वे स्वयं ही सड़कों पर गड्ढे भरने निकल पड़े। इन युवाओं ने दाड़लाघाट अंबुजा चौक पर खतरनाक गड्ढों को पत्थरों से भर दिया, ताकि कोई बड़ा वाहन या दोपहिया चालक दुर्घटना का शिकार न हो। स्थानीय लोगों ने बताया कि जब सरकार व विभाग ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया, तो इन युवाओं ने पहल कर सड़क को सुरक्षित बनाने का प्रयास किया। उनकी इस सामाजिक जिम्मेदारी की सभी लोग प्रशंसा कर रहे हैं।

# 'आप' ने की मांग, हिमाचल को मिले विशेष राहत पैकेज



सोलन में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी के नेता।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

आम आदमी पार्टी ने हिमाचल प्रदेश ने मंडी जिले और आसपास के क्षेत्रों में हाल ही में आई भीषण प्राकृतिक आपदा पर गहरी चिंता व्यक्त की है।

पार्टी ने केंद्र व राज्य सरकारों से एकजुट होकर प्रभावित लोगों को तुरंत राहत पहुंचाने के लिए एक विशेष राहत पैकेज की मांग की है। आप के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुरजीत सिंह ठाकुर ने कहा कि बाढ़ व भूस्खलन ने प्रदेश में जान-माल, पशुधन और आधारभूत संरचना को भारी क्षति पहुंचाई है। उन्होंने कहा, यह समय राजनीति का नहीं, बल्कि मिलकर काम करने का है। सुक्खू सरकार बहाने न बनाए और केंद्र से एक बड़ा विशेष राहत पैकेज दिलाए। सुरजीत सिंह ने कहा, यह आपदा इतनी गंभीर है कि इससे अकेले निपटना संभव नहीं है। मोदी को हिमाचल की इस आपदा के लिए विशेष पैकेज लेकर आना चाहिए। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों में भोजन, पानी, दवाइयां और चिकित्सा शिविरों की तत्काल व्यवस्था किए जाने की मांग की है। इस अवसर पर रीता ठाकुर, जतिन मुसाफिर, रणबीर मंधोत्रा, सुशील पंवर, चेतन कुमार और अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित हुए अर्की के राज कुमार पाल

**कृष्ण रघुवंशी, अनंत ज्ञान**

**अर्की।** अर्की उपमंडल की ग्राम पंचायत डुमैहर निवासी राज कुमार पाल, जो वर्तमान में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डुमैहर में शारीरिक शिक्षक के तौर पर सेवाएं दे रहे हैं, उनको उनके असाधारण योगदान के लिए 5 सितंबर को विजन वेलनेस फाउंडेशन ट्रस्ट (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार से संबद्ध संस्था) द्वारा राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार और साथ ही हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। राज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त बास्केटबॉल प्रशिक्षक हैं।



उन्होंने विशेष ओलंपिक विश्व खेल 2023, बर्लिन में भारतीय टीम के मुख्य प्रशिक्षक के रूप में देश का प्रतिनिधित्व किया, जहां उनकी कोचिंग में भारत ने स्वर्ण पदक हासिल किया। इससे पहले भी वे विशेष ओलंपिक 2019, अबू धाबी में भारतीय टीम के साथ रह चुके हैं, जहां भारत ने रजत पदक जीता। उन्होंने विशेष छात्र अवनीश कोंडल को भी प्रशिक्षित किया, जिसने बर्लिन ओलंपिक में कप्तान के तौर पर देश को स्वर्ण पदक दिलाया। इसके अतिरिक्त राज कुमार पाल स्कूल खेल महासंघ (एसजीएफआई) में हिमाचल की कई बार अंडर-19 टीमों के प्रशिक्षक रह चुके हैं और भारतीय बास्केटबॉल महासंघ (बीएफआई) के ए-पैनल के पात्र निर्णायक हैं।

विद्यालय के विकास में भी उनका योगदान उल्लेखनीय रहा है। उन्होंने डुमैहर स्कूल को विद्यालय गोद लेने की योजना के अंतर्गत अपनाया और वर्ष 2011 में ग्रामीणों के सहयोग से विद्यालय का बास्केटबॉल मैदान बनवाया। राज को इससे पहले भी कई अवसरों पर सम्मानित किया जा चुका है। वर्ष 2011 की जनगणना के दौरान उत्कृष्ट सेवाओं के लिए उन्हें राष्ट्रपति द्वारा कांस्य पदक प्रदान किया गया था। इसी वर्ष उन्हें शान-ए-भारत पुरस्कार तथा हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल द्वारा भी सम्मानित किया गया।

**आरोप** भाजपा का हस्ताक्षर अभियान, मेयर ने बताया 'राजनीति चमकाने का तरीका'

# पेयजल संकट पर भाजपा-कांग्रेस आमने-सामने

**अनंत ज्ञान, सोलन**

शहर में पिछले 2 महीनों से चल रही पेयजल किल्लत को लेकर अब भाजपा-कांग्रेस ने राजनीतिक रंग दे दिया है।

राजनीति गर्माने से दोनों पार्टियां एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगा रही हैं पर समस्या का समाधान किसी के पास नहीं है। एक तरफ भाजपा के पार्षदों ने सोमवार शाम हस्ताक्षर अभियान चलाकर नगर निगम के खिलाफ मोर्चा खोला। वहीं, दूसरी ओर मेयर उषा शर्मा ने दोपहर में ही एक प्रेस बयान जारी कर भाजपा पार्षदों को कड़ी नसीहत दे डाली। मेयर उषा शर्मा ने भाजपा पार्षदों पर निशाना साधते हुए कहा कि, पूरा हिमाचल इस समय प्राकृतिक त्रासदी से जूझ रहा है। कई लोगों के घर उजड़ गए हैं, सड़कें टूट गई हैं, लेकिन भाजपा पार्षद इसमें भी राजनीति ढूंढ रहे हैं। उन्होंने कहा कि गिरि और अश्विनी पेयजल योजनाओं में गाद आने के चलते जलापूर्ति प्रभावित हुई है। इसके बावजूद जल शक्ति विभाग की टीमें लगातार कार्य में लगी हैं और नगर निगम उपलब्ध जल का सही ढंग से वितरण कर रहा है।

मेयर ने कहा, भाजपा पार्षद हस्ताक्षर अभियान या मटकी फोड़ प्रदर्शन कर केवल राजनीति चमकाना चाहते हैं, जबकि सही मंच नगर निगम है, जहां सभी मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जा सकता है। यदि कोई समस्या है, तो पार्षदों को निगम की बैठक में चर्चा करनी चाहिए थी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा पार्षद लोगों को भ्रमित कर रहे हैं और केवल लाइमलाइट में रहने के लिए इस तरह की गतिविधियां कर रहे हैं।



सोलन में पानी की समस्या को लेकर हस्ताक्षर अभियान चलाती भाजपा।

### डिप्टी मेयर भी बीजेपी की, फिर क्यों टकराव

**मेयर** ने यह भी सवाल उठाया कि जब नगर निगम में डिप्टी मेयर भाजपा से हैं, तो ऐसे में उनकी जिम्मेदारी बनती है कि वे निगम के भीतर मुद्दे उठाएं, लेकिन इसके बजाय भाजपा पार्षद सड़कों पर प्रदर्शन कर रहे हैं। मेयर ने भाजपा पार्षदों के प्रदर्शन व हस्ताक्षर अभियान को जनता को गुमराह करने की रणनीति बताया। उन्होंने कहा कि यदि किसी वार्ड में जल संकट है, तो उसे समाधान की दिशा में संयुक्त प्रयासों से हल किया जाना चाहिए, न कि राजनीति का मुद्दा बनाया जाए।

## जहां होगी पेयजल समस्या, वहां भाजपा पार्षद रहेंगे खड़े: शैलेंद्र

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सोलन में पेयजल समस्या को लेकर भाजपा ने देर शाम सोमवार को एक हस्ताक्षर अभियान चलाया।

इसमें लोगों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। भाजपा शहरी मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता की अगुवाई में हुए इस अभियान में पार्टी के सभी पार्षद मौजूद रहे। गुप्ता ने कहा कि यह हस्ताक्षर अभियान आम जनता के सहयोग से सार्वजनिक स्थान पर सफलतापूर्वक आयोजित किया गया है। उन्होंने नगर निगम को चेताते हुए कहा कि यदि तीन से चार दिनों के भीतर पानी की स्थिति में सुधार नहीं होता, तो पार्टी आमजन के सहयोग से सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेगी। गुप्ता ने नगर निगम पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पहले कहा गया था कि प्रति व्यक्ति 100 लीटर पानी दिया जाएगा, लेकिन अब तो लोगों को पानी मिलना ही बंद हो गया है। निगम सिर्फ जल शक्ति विभाग की योजनाओं में सिल्ट आने का बहाना बनाकर जिम्मेदारी से बच रहा है। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा के पार्षद हर उस स्थान पर खड़े होंगे जहां जन समस्याएं होंगी।

## न्यूज ब्रीफ

### बैठक में बाढ़ पीड़ितों की मदद का लिया संकल्प

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ नारी एकता संगठन ने तीन वर्ष सफलता पूर्वक संगठन को चलाया। इसमें मंनोरंजन के इलावा बहुत से समाज सेवा के कार्य भी किए गए। संगठन की चौथे वर्ष की यह पहली मीटिंग हुई। अत्याधिक बारिश के कारण बने हुए बाढ़ के हालातों को देखते हुए फाऊंडर व अध्यक्ष राजेश कुमारी ने इस स्वागत समारोह में बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए आर्थिक सहयोग की खास तौर पर अपील की और कहा कि जो भी धन इकट्ठा होगा, उसे जरूरतमंदों तक पहुंचाया जाएगा। समारोह के मुख्यातिथी बीरेंद्र सिंह रावत रहे। सफलतापूर्वक मंच संचालन लेखिका विमला गुगलानी ने किया और डॉ. अनीता अग्रवाल ने कोषाध्यक्ष होने के नाते पिछले साल का आमदन खर्च का ब्यौरा दिया। नए सदस्यों को संगठन की ओर से ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। राखी के भजन से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया और शशि, रिंपी ने दिल का दिया जला के गाना गाया। भाई अजीत, राजेश कुमारी, मीनाक्षी, सुनीता, सुदेश, कांता, मधु, संतोष, रेखा, सरिता, निशा, किरण सेतिया, पल्लवी रामपाल आदि ने मनोरंजक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यकारिणी सदस्यों सरला, मीनू, राज, शशि, गुरदीप कौर, आरती, किरण वालिया व नेहा का विशेष सहयोग रहा।

### पंजाब बाढ़ पीड़ितों के लिए दिया एक माह का वेतन

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** बावल के विधायक डॉ. कृष्ण कुमार ने पंजाब में आई बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए अपने एक माह के वेतन को मुख्यमंत्री राहत कोष में दान दिया है। डॉ. कृष्ण कुमार ने सोमवार को बताया कि वे किसी सामाजिक संगठन या सामाजिक कार्यकर्ता से बाढ़ पीड़ितों की हर संभव मदद करने के लिए तभी अपील कर सकते हैं, जब उन्होंने खुद इस दिशा में कोई पहल की हो इसलिए मैंने अपने एक माह के वेतन को एक छोटी सी आहुति के रूप में इस महायज्ञ में अर्पित किया है, ताकि प्रदेश व देश के सभी सामाजिक संगठन व सामाजिक कार्यकर्ता बढ़-चढ़कर बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए आगे आएं। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार की ओर से हरियाणा प्रदेश में बाढ़ प्रभावितों की मदद के लिए विभिन्न श्रेणियों में आर्थिक सहायता राशि निर्धारित की है। यह सहायता राशि बाढ़ प्रभावित लोगों को राहत पहुंचाने व पुनर्वास में मदद करने के उद्देश्य से दी जा रही है। हरियाणा सरकार की ओर से मृत्यु पर चार लाख रुपए, अंग हानि 40 से 60 प्रतिशत पर 74 हजार रुपए, अंग हानि 60 प्रतिशत से अधिक पर दो लाख 50 हजार रुपए, मैदानी क्षेत्र में क्षतिग्रस्त मकान पर एक लाख 20 हजार रुपए, पहाड़ी क्षेत्र में क्षतिग्रस्त मकान पर एक लाख 30 हजार रुपए, आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त पक्के मकान 15 प्रतिशत तक 10 हजार रुपए आर्थिक सहायता राशि निर्धारित की गई है।

### यमुना कटाव रोकने को विधायक व डीसी ने दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** गन्नौर विधायक देवेंद्र कादियान व डीसी सुशील सारवान ने पबनेरा घाट का दौरा कर यमुना नदी की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने किसानों से बातचीत कर समस्याएं सुनीं और राहत व सुरक्षा संबंधी कदम तेज करने के निर्देश दिए। विधायक ने सिंचाई विभाग को आदेश दिए कि यमुना किनारे नई ठोकरों का प्रस्ताव तैयार किया जाए, ताकि भविष्य में बाढ़ जैसी स्थिति आने पर भूमि कटाव रोका जा सके। उन्होंने कहा कि किसानों की जमीन व फसलों की सुरक्षा प्रशासन की प्राथमिकता है। साथ ही किसानों को याद दिलाया कि सरकार का क्षतिपूर्ति पोर्टल 15 सितंबर तक खुला है, ऐसे में जिनकी फसलें प्रभावित हुई हैं, वे आवेदन करें। विधायक व डीसी ने पबनेरा घाट के साथ रामनगर, उमेदगढ़ और आसपास के गांवों का भी दौरा किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जहां जलभराव है, वहां प्राथमिकता से पानी निकासी कराई जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके। स्वास्थ्य विभाग को आदेश दिया गया कि प्रभावित गांवों में नियमित स्वास्थ्य जांच शिविर लगाए जाएं। इससे ग्रामीणों की समय-समय पर जांच होती रहे। पशुपालन विभाग को भी निर्देश मिले कि गांवों में पशु स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर बीमारियों से बचाव और उचित इलाज सुनिश्चित किया जाए। दौरे के दौरान एसडीएम गन्नौर प्रवेश कादियान सहित कई विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। इसके अलावा उपायुक्त ने खानपुर मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और स्वास्थ्य सेवाओं को और सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए।

# हरियाणा में ड्रोन तकनीक को बढ़ावा, 252 पायलट्स, 136 टेक्नीशियन्स को मिला प्रमाणपत्र

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



हरियाणा सरकार ने तकनीक और युवा सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। कृषि विभाग व हरियाणा स्किल डेवलपमेंट मिशन ने एवीपीएल इंटरनेशनल के साथ मिलकर हरियाणा निवास, चंडीगढ़ में ड्रोन पायलट्स और टेक्नीशियन्स का प्रमाणपत्र वितरण समारोह आयोजित किया।

इस मौके पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्यातिथि रहे। उन्होंने 252+ डीजीसीए-प्रमाणित ड्रोन पायलट्स और 136 ड्रोन टेक्नीशियन्स को प्रमाणपत्र देकर उनका उत्साह बढ़ाया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। समारोह के दौरान मुख्यमंत्री ने एवीपीएल एग्रीकल्चर ड्रोन पेविलियन और स्टार्टअप डिफेंस पेविलियन का भी उद्घाटन किया। यहां कृषि और रक्षा, दोनों क्षेत्रों में ड्रोन के इस्तेमाल का प्रदर्शन किया गया। इसके साथ ही सिसाई (हिसार) में बने देश के सबसे बड़े डीजीसीए-मान्यता प्राप्त ड्रोन प्रशिक्षण संस्थान और ड्रोन मैन्युफैक्चरिंग यूनिट का ई-शुभारंभ किया गया। इसके अलावा राज्य के अलग-अलग हिस्सों में 6 नए रैंपटो खोले गए, ताकि गांव-गांव में ड्रोन ट्रेनिंग आसानी से मिल सके। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा के युवाओं में जबरदस्त क्षमता है कि वे ड्रोन टेक्नोलॉजी में आगे बढ़ें।

आज भारत युवाओं के दम पर ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दिखाई राह पर चलते हुए 11वीं अर्थव्यवस्था से दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना है। वहीं, एवीपीएल इंटरनेशनल की सह-संस्थापक व प्रबंध निदेशक डॉ. प्रीत संधू ने कहा कि हमें युवाओं को डीप टेक से जोड़ना होगा और उन्हें इनोवेशन की तरफ ले जाना होगा। हरियाणा के युवाओं में स्किल हासिल करने का सबसे ज्यादा जज्बा है। इसी कारण 10 ड्रोन फ्लाईजोन सिर्फ हरियाणा में ही शुरू किए गए हैं। डॉ. प्रीत संधू ने कहा कि यह समारोह आत्मनिर्भर हरियाणा की दिशा में अहम कदम है। डीजीसीए प्रमाणित स्किल्स से लैस युवा अब प्रोफेशनल्स के साथ-साथ समाज और कृषि में नेतृत्व भी करेंगे। एवीपीएल इंटरनेशनल के चेयरमैन दीप सिहाग सिसाई ने कहा कि हरियाणा सरकार के सहयोग से ही यह संभव हुआ है, अब ड्रोन तकनीक सिर्फ शहरों तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि हर गांव, हर छात्र और हर किसान तक पहुंचेगी।

### सहकारिता से आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम बढ़ा रही सरकार

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि राज्य सरकार नारी सशक्तिकरण की दिशा में निरंतर ठोस कदम उठा रही है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि वीटा बूथों के आवंटन में महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर किया जाए, ताकि वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकें। उन्होंने कहा कि इन बूथों के लिए स्थान जल्द चिन्हित किए जाएं और उनमें 50 प्रतिशत तक आरक्षण महिलाओं के लिए सुनिश्चित किया जाए। इसी प्रकार महिला सीएम पैक्स के गठन और संचालन की प्रक्रिया को भी तेजी से आगे बढ़ाया जाए, ताकि ग्रामीण महिलाओं को संगठित कर आर्थिक गतिविधियों में भागीदार बनाया जा सके। मुख्यमंत्री सैनी ने सोमवार को चंडीगढ़ में सहकारिता विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के सभी सहकारी बैंकों को आधुनिक आईटी सुविधाओं से लैस किया जाए।

# सीएम योगी से मिले भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य संजन टंडन

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य व हिमाचल प्रदेश सह-प्रभारी संजन टंडन ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लखनऊ में शिष्टाचार भेंट की।

इस दौरान उन्होंने अयोध्या और काशी विश्वनाथ धाम की अपनी हालिया सफल यात्रा के अनुभव साझा किए और प्रदेश में चल रहे ऐतिहासिक विकास कार्यों के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। टंडन ने मुख्यमंत्री योगी को बताया कि किस तरह उनके पिता ने 2015 में अयोध्या यात्रा के दौरान राम जन्मभूमि पर जाकर भावुकता व्यक्त की थी। उन्होंने उल्लेख किया कि राज्यपाल रहते हुए पिता जी ने कहा था, भगवान ने हमें महलों में बिठा दिया है और प्रभु श्रीराम स्वयं टेंट में रह रहे हैं और यह कहते हुए उनकी आंखें नम हो गई थीं। संजन टंडन ने कहा कि आज जब भव्य राम मंदिर निर्माण और अयोध्या नगरी के ऐतिहासिक विकास कार्य प्रगति पर हैं, तो यह पूरे देशवासियों के लिए गौरव और आस्था का विषय है। भेंट के दौरान उत्तर प्रदेश के समग्र विकास, सुशासन और कानून-व्यवस्था जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा हुई। टंडन ने मुख्यमंत्री की दूरदर्शी सोच और मजबूत नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि योगी के नेतृत्व में प्रदेश नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर है। उन्होंने विश्वास जताया कि बुनियादी ढांचे, धार्मिक पर्यटन, निवेश और रोजगार सृजन के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश आने वाले वर्षों में देश का अग्रणी राज्य बनेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी टंडन के विचारों का स्वागत करते हुए प्रदेश सरकार की प्राथमिकताओं और योजनाओं की जानकारी साझा की। भाजपा कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों के लिए यह भेंट प्रेरणा का स्रोत मानी जा रही है।

# प्रशासन ने एमएसएमई सशक्तिकरण के लिए दो अहम एमओयू किए हस्ताक्षरित

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

चंडीगढ़ प्रशासन ने भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम मंत्रालय के रेजिंग एंड एक्सीलरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस कार्यक्रम के अंतर्गत गुणवत्ता परिषद और राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद के साथ दो महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए।

एमओयू हस्ताक्षर समारोह का आयोजन यूटी सचिवालय, सेक्टर 9-डी, चंडीगढ़ में किया गया। इस अवसर पर चंडीगढ़ प्रशासन के मुख्य सचिव राजीव वर्मा, आईएएस तथा राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद की महानिदेशक नीरजा शेखर, आईएएस उपस्थित रहे। यह आयोजन एमएसएमई की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को मजबूत करने और स्थानीय उद्योग को गुणवत्ता व उत्पादकता में वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाने के लिए प्रेरित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। चंडीगढ़ प्रशासन की ओर से उद्योग सचिव निशांत कुमार यादव, आईएएस ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए, जबकि एनपीसी की ओर से क्षेत्रीय निदेशक अशोक कुमार और क्यूसीआई की ओर से वरिष्ठ निदेशक व प्रमुख, जेड डिवीजन रमणंद शुक्ला ने हस्ताक्षर किए। भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम मंत्रालय की ओर से रैंप एनपीएमयू की राज्य कार्यक्रम समन्वयक गरिमा परिहार भी इस अवसर पर उपस्थित रहीं। इन साझेदारियों के माध्यम से चंडीगढ़ प्रशासन का लक्ष्य कैंप कार्यक्रम के अंतर्गत निम्नलिखित महत्वाकांक्षी उपलब्धियां हासिल करना है।

### स्कूल में छात्र ने चाकू से सहपाठी पर किया हमला

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** गांव संडील के निजी स्कूल में सोमवार को एक छात्र ने अपने सहपाठी दूसरे छात्र पर पुरानी कहासुनी के चलते वार कर दिया। इसमें छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल छात्र को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। फिलहाल छात्र खतरे से बाहर है। गांव संडील स्थित निजी स्कूल के 11वीं कक्षा के छात्र हितेश का अपनी ही कक्षा के आयुष के साथ विवाद हो गया। इसमें आयुष ने हितेश पर चाकू से वार कर दिए। इसमें हितेश घायल हो गया। स्कूल संचालक सुखबीर द्वारा हितेश को तुरंत नागरिक अस्पताल कैथल में ले जाया गया, जहां से उसको पीजीआई में चंडीगढ़ रेफर किया गया, मगर स्कूल संचालक व परिजनों के द्वारा पीड़ित हितेश को चंडीगढ़ न ले जाकर निजी अस्पताल ले गए।

# रेलवे समन्वय के लिए तंत्र होगा विकसित

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



मुख्य सचिव आनंद बद्र्धन की अध्यक्षता में सचिवालय में प्रदेश सरकार और डीआरएम मुरादाबाद संग्रह मौर्य के मध्य सामंजस्य बैठक हुई। बैठक के दौरान रेलवे व राज्य सरकार के साथ विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। मुख्य सचिव ने ऋषिकेश डोईवाला रेलवे बाइपास के लिए राजाजी नेशनल पार्क, रेलवे और डीएफओ की टीम को जल्द संयुक्त सर्वेक्षण करवाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा वाइल्ड लाइफ क्लीयरेंस और फॉरेस्ट क्लीयरेंस की प्रक्रिया भी शुरू कर ली जाए। उन्होंने हर्रावाला रेलवे स्टेशन के विस्तारीकरण कार्य में तेजी लाए जाने के लिए रेलवे, वन व राजस्व की संयुक्त टीम की ओर से सर्वे पूर्ण करवाए जाने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि महाकुंभ 2033 से पहले हरिद्वार-देहरादून डबल लेन किया जाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने इसके लिए वाइल्ड लाइफ क्लीयरेंस और फॉरेस्ट क्लीयरेंस आदि की प्रक्रिया भी शुरू किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने रेलवे से कुंभ मेला के लिए ट्रैफिक मैनेजमेंट सर्कुलेशन प्लान भी जल्द तैयार कर उपलब्ध कराए जाने की बात कही। उन्होंने रेलवे स्टेशंस का फेस लिफ्टिंग में ऋषिकेश एवं हरिद्वार को भी शामिल किए जाने की बात कही। मुख्य सचिव ने रेलवे से कुंभ 2027 से संबंधित बैठकों में कॉर्डिनेशन के लिए एक मेला अधिकारी नामित किए जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि कुंभ की तैयारियों को लेकर होने वाली आगामी बैठक में रेलवे से भी प्रतिनिधित्व मिले। उन्होंने रेलवे और उत्तराखंड सरकार के मध्य सूचनाओं के आदान प्रदान के लिए भी मैकेनिज्म तैयार किए जाने की बात कही। मुख्य सचिव ने कहा कि पूरे राज्य के लिए मोबिलिटी प्लान तैयार किए जाने के भी निर्देश दिए।

## देश-विदेश

# दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता पति के साथ मीटिंग में पहुंचीं, मचा बवाल

**एजेंसी, नई दिल्ली**



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता रविवार को एक ऑफिशियल मीटिंग में अपने पति मनीष गुप्ता को लेकर पहुंचीं। सीएम ने एक्स पर मीटिंग की तस्वीरें भी शेयर कीं, जिसमें उनके पति अधिकारियों के साथ बैठे दिखे। सीएम के पति के मीटिंग में शामिल होने से बवाल मच गया है। आम आदमी पार्टी ने इसको लेकर मुख्यमंत्री पर तंज कसा है। सीएम ने एक्स पर मीटिंग की तस्वीर के साथ पंचायत वेब सीरीज के एक सीन का वीडियो शेयर करते हुए लिखा कि दिल्ली में 'फुलेरा की पंचायत' की सरकार। सीएम रेखा गुप्ता के पति ले रहे अधिकारियों की मीटिंग।


**संजय सिंह ने कहा दिल्ली में 'फुलेरा की पंचायत' की सरकार**

आप नेता संजय सिंह ने कहा, 'फुलेरा पंचायत में आपका स्वागत है। प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली में दो मुख्यमंत्री बनाए हैं। रेखा गुप्ता मुख्यमंत्री हैं, उनके पति सुपर मुख्यमंत्री हैं। भाजपा ने 6 महीने में दिल्ली का कबाड़ा कर दिया है।' वहीं, कांग्रेस ने एक्स पर पूछा कि सरकार कौन चला रहा है। मैडम रेखा गुप्ता या उनके पति? इससे पहले 12 अप्रैल को दिल्ली नगर निगम, जल बोर्ड, लोक निर्माण और दिल्ली अर्बन सेंटर इम्प्रूवमेंट बोर्ड की मीटिंग में भी मनीष गुप्ता सीएम रेखा के साथ नजर आए थे। (अनंत ज्ञान)

### मेहुल चोकसी को भारत लाने की कोशिशें तेज

**एजेंसी, नई दिल्ली।** पंजाब नेशनल बैंक के 13,850 करोड़ रुपए के फ्रॉड के आरोपी और भगोड़ा बिजनेसमैन को बेल्जियम से भारत लाने की कोशिश जारी हैं। केंद्र ने बेल्जियम सरकार को एक लेटर में बताया कि मेहुल चोकसी को मुंबई के आर्थर रोड जेल के बैरक नंबर-12 में रखा जाएगा। वहां एक कोठरी में 6 लोगों के रहने की क्षमता है। लेटर में कहा गया कि अगर चोकसी को बेल्जियम से भारत लाए जाता है, तो उसके साथ मानवीय व्यवहार किया जाएगा। उसे 14 से ज्यादा सुविधाएं देने का भरोसा दिया है। हालांकि, केंद्र ने चोकसी के प्रत्यर्पण के लिए यह पत्र कब लिखा इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। भारतीय जांच एजेंसियों के प्रत्यर्पण की अपील पर चोकसी को 12 अप्रैल को बेल्जियम में गिरफ्तार किया गया था। वह और उसका भतीजा नीरव मोदी पीएनबी धोखाधड़ी मामले में मुख्य आरोपी हैं। (अनंत ज्ञान)

# हरिद्वार-ऋषिकेश रेल रूट पर लैंडस्लाइड से कई ट्रेनें कैंसिल



उत्तराखंड में हरिद्वार-ऋषिकेश रेल रूट पर सोमवार सुबह काली मंदिर के पास हुआ लैंडस्लाइड।

**एजेंसी, नई दिल्ली**

उत्तराखंड में हरिद्वार-ऋषिकेश रेल रूट पर सोमवार सुबह काली मंदिर के पास लैंडस्लाइड हुई। पहाड़ी से बड़े-बड़े पत्थर ट्रैक पर बने लोहे के स्ट्रक्चर पर गिरे। इसके कारण स्ट्रक्चर क्षतिग्रस्त हो गया। मलबा ट्रैक पर आ गिरा। अब रूट बाधित है। कई ट्रेनों को रोक गया है। ट्रैक से मलबा हटाया जा रहा है। इधर, राजस्थान में तेज बारिश के बाद कई इलाकों में बाढ़ की स्थिति है। नदी-नाले ओवरफ्लो होने से आज 8 जिलों, उदयपुर, सलूंबर, जालोर, डूंगरपुर, सिरोही, बाड़मेर, जैसलमेर और बालोतरा में स्कूल बंद हैं। हरियाणा के हथिनी कुंड बैराज से पानी छोड़े जाने के बाद उत्तर प्रदेश के मथुरा के वृंदावन में हालात बिगड़े हैं। राधा वल्लभ मंदिर में पानी भरा है। बांके बिहारी मंदिर से 100 मीटर दूर बाढ़ का पानी बह रहा है।

**राजस्थान में तेज बारिश के बाद कई इलाकों में बाढ़ जैसे हालात**

राज्य में अब तक 644.9 एमएम बारिश हुई है, जबकि यहां औसत बारिश का आंकड़ा 641.4 एममए है। पंजाब के 23 जिलों के करीब 2 हजार गांव बाढ़ की चपेट में हैं। इनकी 3 लाख 84 हजार की आबादी प्रभावित है। 12 जिलों के 46 लोगों की बाढ़-बारिश में जान गई। 12 दिन बाद मंगलवार को राज्य के सभी जिलों में स्कूल-कॉलेज खुले हैं।

फाजिल्का जिले के अबोहर में लगातार हो रही बारिश के कारण मकानों की छतें गिरने का सिलसिला जारी है। स्थानीय लोगों में प्रशासन के खिलाफ नाराजगी है, क्योंकि नुकसान की सूचना पाकर कोई भी अधिकारी व कर्मचारी घटना स्थल का जायजा लेने के लिए नहीं पहुंचा है। (अनंत ज्ञान)

### फरीदाबाद में एससी फटा, दंपती-बेटी की मौत

**एजेंसी, फरीदाबाद।** हरियाणा के फरीदाबाद में सोमवार को 4 मंजिला बिल्डिंग के पहले फ्लोर पर एससी का कंप्रेसर फट गया। इससे आग लग गई। इसका धुआं दूसरे फ्लोर में घुस गया। इसके कारण यहां रह रहे दंपती और उनकी बेटी की दम घुटने से मौत हो गई, जबकि बेटे ने खिड़की से कूदकर जान बचाई। परिवार ने बचने के लिए छत पर जाने की कोशिश की थी, लेकिन गेट बंद होने से वह छत पर नहीं जा पाए। पड़ोसियों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी, लेकिन इसके पहुंचने से पहले तीनों की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भिजवा दिया है। मामला ग्रीनफील्ड कॉलोनी में सुबह 3 बजे सामने सामने आया। परिवार पिछले 5 साल से इस बिल्डिंग में रहा था। मृतक व्यक्ति स्टॉक ट्रेडिंग का काम करता था। (अनंत ज्ञान)

### कर्नाटक में गणेश विसर्जन जुलूस पर पत्थरबाजी

**एजेंसी, बेंगलुरु।** कर्नाटक के मंड्या जिले के रविवार रात गणेश विसर्जन जुलूस पर पथराव हुआ। जुलूस जब राम रहीम नगर से मस्जिद के सामने से गुजर रहा था, तब उस पर पत्थरबाजी की गई। इसके बाद दूसरे पक्ष ने भी पत्थरबाजी की। दोनों समुदायों में हाथापाई भी हुई। पूरी घटना पुलिस की मौजूदगी में हुई। इसके बाद पुलिस ने लोगों को हटाया। पत्थरबाजी की इस घटना में 8 लोग घायल हुए हैं। उनका जिला अस्पताल में इलाज जारी है। पुलिस ने 21 लोगों को गिरफ्तार भी किया है। मामले में दो एफआईआर दर्ज की गई हैं। वहीं, घटना को लेकर सोमवार को मंड्या में प्रो-हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया है। (अनंत ज्ञान)

### विकास यादव की नहीं बढ़ेगी अंतरिम जमानत

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को 2002 के नीतीश कटारा हत्याकांड मामले में 25 साल की जेल की सजा काट रहे दोषी विकास यादव की अंतरिम जमानत बढ़ाने से इनकार कर दिया। जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच ने यादव के वकील से कहा कि वह अंतरिम जमानत बढ़ाने या नई जमानत लेने के लिए दिल्ली हाईकोर्ट जाएं। इससे पहले बेंच ने यादव की अंतरिम जमानत एक हफ्ते के लिए बढ़ा दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के 22 अगस्त के आदेश के खिलाफ यादव द्वारा दायर एक याचिका पर सुनवाई की। हाईकोर्ट ने 29 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट से मिली अंतरिम जमानत को बढ़ाने से इनकार कर दिया था। (अनंत ज्ञान)

### 15 सितंबर से बदलेंगे यूपीआई से जुड़े नियम

**एजेंसी, नई दिल्ली।** देश में 15 सितंबर से यूपीआई से जुड़े कई नियम बदलने वाले हैं। इस बारे में मिली जानकारी के अनुसार यूपीआई को नियंत्रित करने वाली संस्था द्वारा यूपीआई की ट्रांजेक्शन लिमिट को कुछ कैटेगरी के लिए बढ़ा दिया गया है। यह बदलाव कुछ खास कैटेगरी के लिए ही किया गया है। ऐसा इसलिए किया गया है, ताकि बड़े बिजनेसमैन को लेन-देन करते वक्त आसानी हो। (अनंत ज्ञान)

# उपराष्ट्रपति के लिए मतदान आज, शाम को परिणाम

**एजेंसी, नई दिल्ली**

उपराष्ट्रपति के लिए कल मंगलवार को मतदान होगा। उसी दिन शाम तक नतीजे घोषित होंगे। इसके साथ ही देश को 50 दिन बाद जगदीप धनखड़ की जगह नया उपराष्ट्रपति मिलेगा। 21 जुलाई को धनखड़ के अचानक इस्तीफा देने के चलते चुनाव हो रहा है। एनडीए ने महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और विपक्षी गठबंधन ने सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस सुदर्शन रेड्डी को उम्मीदवार बनाया है। आंकड़ों में एनडीए को स्पष्ट बढ़त है। हालांकि संसद में विपक्ष की मजबूती से पिछले दो दशक में पहली बार मुकाबला करीबी हो सकता है। इस बीच की केसीआर बीआरएस पार्टी ने फैसला लिया है कि वह उपराष्ट्रपति चुनाव में किसी भी गठबंधन का समर्थन नहीं करेगी। राज्यसभा में बीआरएस के 4 सदस्य हैं। (अनंत ज्ञान)

**शाम 6 बजे शुरू होगी वोटों की गिनती**

**मतदान** प्रक्रिया सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक संसद भवन में होगा। वोटों की गिनती शाम 6 बजे से और तुरंत परिणाम घोषित होंगे। हर सांसद को विशेष पेन से बैलेट पर पहली वरीयता दर्ज करनी होगी। ऐसा न करने पर वोट अमान्य होगा। हर वोट का मूल्य एक समान होगा।

# सेंसेक्स में 76, तो निफ्टी में 32 अंक का मामूली उछाल

**एजेंसी, मुंबई**

हफ्ते के पहले कारोबारी दिन यानी सोमवार को उतार-चढ़ाव के बाद भारतीय बाजार हरे निशान पर बंद हुआ। कारोबार के अंतिम घंटे में निवेशकों की मुनाफावसूली के बावजूद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 76.54 अंक या 0.09 प्रतिशत उछलकर 80,787.30 अंक पर बंद हुआ। ऑटो, तेल और निजी बैंक शेयरों में तेजी के चलते सेंसेक्स बढ़त के साथ खुला और बाद में 460.62 अंक या 0.57 प्रतिशत की बढ़त के साथ 81,171.38 के उच्च स्तर पर पहुंच गया था। हालांकि, आईटी और एफएमसीजी शेयरों में बिकवाली ने अंत में बढ़त को कम कर दिया। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 32.15 अंक या 0.13 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,773.15 पर आ गया। सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा मोटर्स में सबसे ज्यादा 3.97 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। महिंद्रा एंड महिंद्रा में 3.96 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। मारुति, अडानी पोर्ट्स, बजाज फाइनेंस और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर भी लाभ में रहे। वहीं ट्रेंट में 3.81 प्रतिशत की गिरावट आई। एशियन पेंट्स, एचसीएल टेक, टेक महिंद्रा, एलएंडटी, टीसीएस, पावर ग्रिड और सन फार्मा भी गिरावट में रहे। (अनंत ज्ञान)

### सोना-चांदी के दाम ऑल टाइम हाई पर

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम 8 सितंबर को ऑल टाइम हाई पर पहुंच गए हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, सोमवार को सोना 1,699 रुपए बढ़कर 1,08,037 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। इससे पहले सोना 1,06,338 रुपए पर था। वहीं, चांदी 1,243 रुपए बढ़कर 1,24,413 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले इसकी कीमत 1,23,170 रुपए थी। केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया कहते हैं कि अमेरिका के टैरिफ के चलते जियो पॉलिटिकल टेंशन बनी हुई है। इससे गोल्ड को सपोर्ट मिल रहा है। इस साल सोना 1 लाख 10 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है। (अनंत ज्ञान)

## इंडियन आर्मी

### अब दुश्मन के घर में भी घुसकर मारेगी भारतीय सेना, ज्वाइंट वॉर थ्योरी का ब्लूप्रिंट तैयार

# भारत बनाएगा अमेरिका-इसराइल जैसी स्पेशल फोर्स

**एजेंसी, नई दिल्ली**



भारत ने सैन्य बलों की एलीट कमांडो फोर्स का संयुक्त युद्ध सिद्धांत बनाया गया है। यह साझा दस्तावेज सेना की स्पेशल फोर्स, वायुसेना की गरुड़ कमांडो फोर्स और नौसेना के मार्कोस कमांडो के लिए बनाया गया है।

ऑपरेशन सिंदूर के बाद हुई इस कवायद में तीनों सेनाओं की एलीट फोर्स की तैयारी का हर पहलू स्पष्ट किया गया है। मसलन, अगर किसी देश या उसकी शह में पलने वाले आतंकी, भारत विरोधी कार्रवाई करते हैं तो उनके खिलाफ क्या होगा? यही नहीं, युद्ध होने पर ये कमांडो क्या करेंगे और शांतिकाल में भूमिका क्या होगी, यह भी स्पष्ट किया गया है।

इसका मकसद, दुश्मन के सामरिक महत्व के टारगेट्स को भीतर घुसकर वार करने की क्षमता विकसित करना है। साथ ही, दुश्मन के उन कीमती ठिकानों पर हमला बोलने की रणनीति बनी है, जिससे उसकी अर्थव्यवस्था चरमरा जाए और उसका युद्ध छेड़ने का हौसला भी टूट जाए। अमेरिका की डेल्टा फोर्स और नेवी सील्स, स्पेत्सनाज और इसराइल की सयरेट मतकाल दुनिया की सबसे खतरनाक स्पेशल फोर्सेज हैं। डेल्टा फोर्स अमेरिका की आर्मी स्पेशल ऑपरेशन्स यूनिट है। 1977 में बनी। इसका मुख्य काम आतंकवाद-रोधी, होस्टेज रेस्क्यू, कवर्ट ऑपरेशन, हाई-वैल्यू टारगेट्स को पकड़ना/मारना। सदस्य ज्यादातर अमेरिका की ग्रीन बेरेट्स और रेंजर्स से चुने जाते हैं। ट्रेनिंग बहुत कठिन होती है, जिसमें दिमागी और शारीरिक सहनशक्ति की परीक्षा ली जाती है। (अनंत ज्ञान)

**भारत की थल, जल और नभ में ताकत**

**थल सेना:** 9 बटालियन पैरा स्पेशल फोर्स। सीमा पार सर्जिकल स्ट्राइक, बंधक मुक्ति में दक्ष।

**नौसेना :** मार्कोस मरीन कमांडो। समुद्री युद्ध, अंडरवॉटर सबोटेज और तटीय सुरक्षा में माहिर।

**वायुसेना :** गरुड़ का गठन 2004 में। एयरबेस सुरक्षा, एयरबॉर्न स्ट्राइक, दुश्मन के एयरफील्ड पर हमला और सर्च-एंड-रेस्क्यू में विशेषज्ञ।

## स्पोर्ट्स विंडो

### रिचर्डसन व पाइक्रॉफ्ट एशिया कप के लिए मैच अधिकारियों के पैनल के प्रमुख

**एजेंसी, दुबई।** अनुभवी मैच रेफरी रिची रिचर्डसन और एंडी पाइक्रॉफ्ट मंगलवार से शुरू हो रहे एशिया कप टी20 टूर्नामेंट में अधिकारियों के पैनल का नेतृत्व करेंगे। एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) ने सोमवार को टूर्नामेंट के ग्रुप चरण के लिए मैच अधिकारियों की नियुक्ति की पुष्टि की। अंपायरों के पैनल में भारत के वीरेंद्र शर्मा और रोहन पंडित के अलावा श्रीलंका के रवींद्र विमलसिरी और रुचिरा पल्लियागुरुगे भी शामिल हैं। ग्रुप चरण के लिए नामित अन्य अंपायरों में अफगानिस्तान के अहमद पाकतीन और इजातुल्लाह सफी, पाकिस्तान के आसिफ याकूब और फैसल अफरीदी तथा बांग्लादेश के गाजी सोहेल और मसूदुर रहमान शामिल हैं। पाइक्रॉफ्ट 14 सितंबर को दुबई में भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले महत्वपूर्ण मुकाबले में मैच रेफरी की भूमिका निभाएंगे। पल्लियागुरुगे और रहमान इस मैच में मैदानी अंपायर होंगे। (अनंत ज्ञान)

### गावस्कर, शास्त्री, सहवाग एशिया कप के लिए कमेंट्री पैनल में

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत के दिग्गज खिलाड़ी सुनील गावस्कर, रवि शास्त्री और वीरेंद्र सहवाग के साथ-साथ पूर्व गेंदबाजी कोच भरत अरुण मंगलवार से यूएई में शुरू हो रहे एशिया कप टी20 टूर्नामेंट के लिए सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क के बहुभाषी कमेंट्री पैनल का हिस्सा होंगे। भारत के पूर्व मुख्य कोच शास्त्री, गावस्कर, संजय मांजरेकर, रॉबिन उथप्पा, बाजिद खान, वकार यूनिस, वसीम अकरम, रसेल अर्नोल्ड और साइमन डूल उन कमेंटट्रों में शामिल हैं जिन्हें प्रसारण के विश्व फीड के लिए चुना गया है। सोनी नेटवर्क के मुख्य राजस्व अधिकारी राजेश कौल ने कहा, ''सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क एशिया कप की वापसी के साथ क्रिकेट प्रसारण को नए सिरे से परिभाषित कर रहा है।'' भरत अरुण तमिल पैनल में डब्ल्यूवी रमन जैसे पूर्व खिलाड़ियों के साथ शामिल होंगे, जबकि तेलुगु पैनल में वेंकटपति राजू और वेणुगोपाल राव जैसे अन्य लोग शामिल होंगे। (अनंत ज्ञान)

### विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप के पुरुष कंपाउंड क्वार्टर फाइनल में

**एजेंसी, ग्वांगझू।** भारत के तीन तीरंदाजों ऋषभ यादव, अमन सैनी और प्रथमेश फुगे ने अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखते हुए सोमवार को विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप के पुरुष कंपाउंड व्यक्तिगत क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। इससे एक दिन पहले इन तीनों खिलाड़ियों ने देश के लिए पहला टीम स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा था। पुरुषों के कंपाउंड वर्ग में 19वीं वरीयता प्राप्त और सबसे निचली रैंकिंग वाले भारतीय क्वालीफायर फुगे ने विश्व के नंबर एक खिलाड़ी और 2013 के विश्व चैंपियन नीदरलैंड के माइक श्लोएसर को हराकर अपने करियर का सबसे बड़ा उलटफेर किया। भारत के 22 वर्षीय तीरंदाज ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 150 में से 150 तीरों पर सटीक निशाना लगाया तथा सभी 15 तीरों पर 10-10 अंक हासिल किए। दोनों तीरंदाजों ने पहले तीन सेट में परफेक्ट 10 अंक बनाए। लेकिन श्लोएसर चौथे सेट में एक अंक गंवा बैठे। फुगे ने 10-10 का अपना क्रम जारी रखते हुए मुकाबला जीत लिया। क्वार्टर फाइनल में उनका मुकाबला डेनमार्क के मैथियास फुलर्टन से होगा। (अनंत ज्ञान)

### स्टार टेनिस खिलाड़ी आर्यना सबालेंका

**बेलारूस** की स्टार टेनिस खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने यूएस ओपन 2025 का खिताब जीतकर इतिहास रच दिया। सबालेंका ने लगातार दूसरी बार यूएस ओपन जीतकर एक खास उपलब्धि हासिल की। वह सेरेना विलियम्स के बाद पहली महिला खिलाड़ी बन गईं जिन्होंने यूएस ओपन खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया।



### प्रदर्शन का विश्लेषण करना और गलतियों से सीखना महत्वपूर्ण रहा : हरमनप्रीत

**एजेंसी राजगीर ( बिहार ) ।** आठ सितंबर ( भाषा) भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि हर मैच के बाद उसका तुरंत विश्लेषण करने और गलतियों से सीख लेने के कारण उनकी टीम एशिया कप में आठ साल के खिताबी सूखे को खत्म करने में सफल रही। हरमनप्रीत ने कहा, ''हम इसके लिए काफी समय से तैयारी कर रहे थे और आज हमने इसे हासिल कर लिया। मैं बहुत खुश हूं। अब हमारा अगला लक्ष्य विश्व कप है।'' उन्होंने कहा, ''हम हर मैच से सीखते हैं। मैं हमेशा कहता रहा हूं कि प्रत्येक मैच में कुछ अच्छा और कुछ बुरा होता है। मायने यह रखता है कि आप उन चीज़ों का विश्लेषण कैसे करते हैं और कितनी जल्दी उस पर काम करते हैं। एक टीम के तौर पर हमने अच्छा बचाव किया है और स्कोरिंग भी शानदार रही है।'' भारत ने एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण में निराशाजनक प्रदर्शन किया था, जिसमें उसे लगातार सात हार का सामना करना पड़ा था। तब उसने आठ मैचों में 26 गोल खाए थे। लेकिन एशिया कप में भारत ने सात मैचों में केवल नौ गोल खाए और 39 गोल किए। हरमनप्रीत ने कहा, ''हमने पिछले कुछ मैचों में अपने प्रतिद्वंद्वियों को कड़ी टक्कर दी है और इसलिए हमारा परिणाम शानदार रहा है। फॉरवर्ड खिलाड़ियों को इसका श्रेय जाता है। (अनंत ज्ञान)

## टी20 टूर्नामेंट — आज से होगा एशिया कप का आगाज

# अफगानिस्तान का हांगकांग से सामना

**एजेंसी, अबु धाबी**

सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली भारतीय टीम मंगलवार से शुरू होने वाले एशिया कप टी20 टूर्नामेंट पाकिस्तान और श्रीलंका के मौजूदगी के बावजूद खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगा। आज टूर्नामेंट की शुरुआत अफगानिस्तान और हांगकांग के बीच अबू धाबी में होने वाले मैच से होगी, लेकिन सभी की निगाहें दुबई पर टिकी होंगी, जहां सितारों से सजी भारतीय टीम बुधवार को अपने पहले मैच में संयुक्त अरब अमीरात पर बड़ी जीत हासिल करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी।

मंगलवार को ग्रुप बी का पहला मुकाबला अफगानिस्तान और हॉन्ग कॉन्ग के बीच अबु धाबी में खेला जाएगा। दोनों टीमें जीत के साथ टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत का लक्ष्य लेकर उतरेंगी। (अनंत ज्ञान)




### दोनों टीमों के हेड-टू-हेड रिकॉर्ड

**इस** बार यह टूर्नामेंट में टी20 प्रारूप में खेला जाएगा। अफगानिस्तान और हॉन्ग कॉन्ग के बीच मुकाबले से एशिया कप 2025 की शुरुआत होगी। दोनों टीमों के हेड-टू-हेड रिकॉर्ड पर नजर डालें तो अफगानिस्तान का पलड़ा हॉन्ग कॉन्ग पर भारी है। दोनों टीमों के बीच अब तक पांच टी20 मुकाबले खेले गए हैं। अफगानिस्तान ने तीन मुकाबले जीते हैं जबकि हॉन्ग कॉन्ग ने सिर्फ दो मैच अपने नाम किए हैं। ऐसे में यासिम मुर्तजा के नेतृत्व वाली हॉन्ग कॉन्ग टीम का नजर राशिद खान की अगुवाई वाली अफगानिस्तान टीम के खिलाफ रिकॉर्ड में सुधार पर होगी।

### अफगानिस्तान भी जीत से करना चाहेगी अभियान की शुरुआत

**राशिद** खान की अगुवाई वाली अफगान टीम जीत के साथ टूर्नामेंट की शुरुआत करना चाहेगी। हाल ही में खत्म हुई त्रिकोणीय सीरीज में टीम का प्रदर्शन दमदार रहा था। अफगानिस्तान के लिए ओपनिंग रहमनुल्लाह गुरबाज और सेदिकुल्लाह अटल करेंगे। दोनों से मजबूत शुरुआत की उम्मीद होगी। गुरबाज हालिया सीरीज में लय से बाहर रहे थे, लेकिन इस मैच में वापसी करना चाहेंगे। वहीं, मिडल ऑर्डर में इब्राहिम जादरान, अजमतुल्लाह उमरजई, करीम जनत और डार्विश रसूली खेलते नजर आएंगे। चारों अच्छी फॉर्म में हैं। गेंदबाजी विभाग हमेशा की तरह स्पिन पर निर्भर करेगा।

### अफगानिस्तान-हॉन्ग कॉन्ग टीमें

***अफगानिस्तान :*** *राशिद खान (कप्तान), दरविश रसूली, इब्राहिम जादरान, सेदीकुल्लाह अटल, गुलबदीन नईब, अजमतुल्लाह ओमरजई, शराफुद्दीन अशरफ, करीम जनत, मोहम्मद नबी, रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), मोहम्मद इशाक (विकेटकीपर), ए एम गजनफर, फरीद अहमद मलिक, फजलहक फारूकी, नूर अहमद, मुजीब उर रहमान, नवीन-उल-हक।*

***हॉन्ग कॉन्ग :*** *यासिम मुर्तजा (कप्तान), बाबर हयात, मार्टिन कोएत्जी, कल्हान चालू, अनस खान, किंचित शाह, निजाकत खान, एजाज खान, अंशुमान राठ (विकेटकीपर), जीशान अली (विकेटकीपर), शाहिद वासिफ (विकेटकीपर), नसरुल्ला राणा, आतिफ इकबाल, अदिल महमूद, मोहम्मद वहीद, अली हसन, आयुष शुक्ला, हारून अरशद, मोहम्मद गजनफर, एहसान खान।*

### दोनों टीमों की संभावित प्लेइंग 11

**हॉन्ग कॉन्ग :** बाबर हयात, अंशुमान रथ (विकेटकीपर), मार्टिन कोएत्जी, जीशान अली, कल्हन चालू, किंचित शाह, अनस खान, यासिम मुर्तजा (कप्तान), मोहम्मद वाहिद, निजाकत खान, एहसान खान।

**अफगानिस्तान :** रहमनुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), सेदिकुल्लाह अटल, इब्राहिम जादरान, अजमतुल्लाह उमरजई, करीम जनत, डार्विश रसूली, मोहम्मद नबी, राशिद खान (कप्तान), नूर अहमद, मुजीब उर रहमान, फजलहक फारूकी।

## एशिया कप से पहले पाकिस्तान ने जीती त्रिकोणीय सीरीज

### फाइनल में अफगानिस्तान को हराया, नवाज की हैट्रिक

**एजेंसी, शारजाह**

एशिया कप 2025 से ठीक पहले पाकिस्तान क्रिकेट टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शारजाह में खेले गए त्रिकोणीय सीरीज के फाइनल में अफगानिस्तान को 75 रनों से मात दी। इस जीत की सबसे बड़ी हीरो रहे ऑलराउंडर मोहम्मद नवाज, जिन्होंने अपनी बेहतरीन गेंदबाजी से अफगान टीम को ध्वस्त कर दिया।



### नवाज की हैट्रिक व 5 विकेट का कमाल

**पाकिस्तान** ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 141/8 का स्कोर बनाया। अफगानिस्तान की टीम इस लक्ष्य का पीछा करते हुए सिर्फ 66 रन पर सिमट गई। नवाज ने कुल 3.5 ओवर में 19 रन देकर पांच विकेट लिए, जिसमें एक शानदार हैट्रिक भी शामिल रही। नवाज को शानदार गेंदबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया। उन्होंने पहले दरविश रसूली और अजमतुल्लाह ओमरजई को लगातार गेंदों पर बिना खाता खोले आउट किया और फिर अपनी अगली ओवर की पहली ही गेंद पर इब्राहिम जादरान (9) को पवेलियन भेज दिया।

### एशिया कप की तैयारी, टीम संतुलित : आगा

**जीत** के बाद पाकिस्तान के कप्तान सलमान आगा ने कहा, 'हम एशिया कप के लिए जिस तरह की तैयारी चाहते थे, वह पूरी हो गई है। टीम संतुलित है और हम बेहतरीन फॉर्म में हैं। बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू सीरीज से ही हमारी लय अच्छी चल रही है।' इस जीत से पाकिस्तान ने एशिया कप से पहले अपने इरादे साफ कर दिए हैं। अब पाकिस्तान ग्रुप-ए में भारत, ओमान और यूएई का सामना करेगा। वहीं अफगानिस्तान का पहला मैच ग्रुप-बी में हॉन्गकॉन्ग के खिलाफ अबू धाबी में होगा, जहां उनके साथ श्रीलंका और बांग्लादेश भी हैं।

## महिला एशिया कप — भारत की धमाकेदार जीत सिंगापुर को 12-0 से हराया

**एजेंसी, हांगझोउ ( चीन )**

नवनीत कौर और मुमताज खान की हैट्रिक की बदौलत भारतीय महिला हॉकी टीम ने सोमवार को एशिया कप के पूल बी मैच में सिंगापुर को 12-0 से रौंदा।

नवनीत (14वें, 18वें, 28वें मिनट) और मुमताज खान (दूसरे, 32वें और 38वें मिनट) के अलावा, नेहा (11वें मिनट, 38वें मिनट) ने दो-दो गोल किए, जबकि नेहा (11वें मिनट), लालरेम्सियामी (13वें मिनट), शर्मिला देवी (45वें मिनट) और रुतुजा पिसल (52वें मिनट) ने भी भारत के लिए गोल दागे। विश्व रैंकिंग में 10वें स्थान पर काबिज भारत ने अपने पहले मैच में थाईलैंड को 11-0 से हराया था, जबकि गत चैंपियन जापान के साथ 2-2 से ड्रॉ खेला था। सिंगापुर विश्व रैंकिंग में 34वें स्थान पर है।



इस टूर्नामेंट में आठ टीमें भाग ले रही हैं और दोनों पूल से शीर्ष दो टीमें सुपर चार चरण के लिए क्वालिफाई करेंगी। सुपर चार की शीर्ष दो टीमें 14 सितंबर को होने वाले फाइनल में खेलेंगी। एशिया कप विजेता टीमें बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले 2026 महिला विश्व कप के लिए क्वालिफाई करेंगी। (अनंत ज्ञान)

## प्राणवी संयुक्त 50वें स्थान पर रही

**एजेंसी, ह्यूस्टन ( अमेरिका )।**

भारतीय गोल्फर प्रणवी उर्स ने चौथे दौर में दो ओवर का कार्ड खेलने के बाद यहां ह्यूस्टन चैंपियनशिप में संयुक्त 50वां स्थान हासिल किया। अपने घरेलू टूर पर कई जीत हासिल कर चुकीं प्रणवी के लिए यह एक उतार-चढ़ाव भरा सप्ताह रहा जिसमें उन्होंने 72-69-74 के कार्ड खेले।

प्रतियोगिता में शामिल अन्य दो भारतीय खिलाड़ी अवनि प्रशांत और त्वेसा मलिक कट से चूक गईं थीं। प्राणवी आखिरी दौर में एक बर्डी के मुकाबले तीन बोगी (दूसरे, चौथे और 13वें होल पर) कर बैठी। स्पेन की नूरिया इटुरियोज ने अंतिम दौर में चार-अंडर 68 के स्कोर के साथ लेडीज यूरोपियन टूर पर अपना पांचवां खिताब हासिल किया। उन्होंने दो स्ट्रोक से जीत दर्ज की।(अनंत ज्ञान)

### रंधावा ने लीजेंड्स टूअर पर करियर का सर्वश्रेष्ठ चौथा स्थान हासिल किया

**सैन सेबेस्टियन।** भारत के दिग्गज गोल्फर ज्योति रंधावा ने दिन का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 66 का स्कोर बनाया और यहां यूरोपीय लीजेंड्स कप में चौथे स्थान पर रहे। यह लीजेंड्स टूर पर उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। रंधावा के अंतिम राउंड के खेल में पाच बर्डी और एक ईगल बनाया और इस बीच केवल एक बोगी की। उन्होंने तीनों राउंड में कुल मिलाकर एक दर्जन बर्डी लगाई रंधावा के अंतिम राउंड का आकर्षण पार-4 के नौवें होल पर दो होल-आउट रहा। स्कॉट हेंड ने उत्तरी स्पेन के बासोजाबल में खेले गए इस टूर्नामेंट में एडिलसन दा सिल्वा और स्टीफन गैलाचर की चुनौती को समाप्त करके यूरोपियन लीजेंड्स कप दो शॉट से जीता।

## भारत के लिए एशिया कप में अर्शदीप की लय अहम :अरुण

**एजेंसी, दुबई**

पूर्व राष्ट्रीय गेंदबाजी कोच भरत अरुण का मानना है कि अर्शदीप सिंह की लय हासिल करने और जसप्रीत बुमराह के बिना आराम किए लगातार खेलने की क्षमता भारत के एशिया कप अभियान के लिए काफी अहम होगा। अरुण ने कहा कि इंग्लैंड में अभ्यास सत्र में काफी गेंदबाजी करने के बावजूद अर्शदीप पिछले कुछ समय से प्रतिस्पर्धी मैचों में गेंदबाजी करने के मामले में पीछे हैं। उन्होंने हालांकि उत्तर क्षेत्र के लिए एक दलीप ट्रॉफी मैच खेला था। भारत बुधवार को यूएई के खिलाफ अपने एशिया कप अभियान की शुरुआत करेगा।



अरुण ने कहा, '' हम सभी जानते हैं कि अर्शदीप क्या कर सकते हैं। उन्होंने इंग्लैंड में बहुत गेंदबाजी की होगी, लेकिन निश्चित रूप वह मैच अभ्यास के मामले में थोड़े पीछे है। आप चाहे अभ्यास सत्र में कितनी भी गेंदबाजी करें लय वास्तव में मैच खेलने से आती है।'' भारतीय टीम के 2014 से 2021 के बीच गेंदबाजी कोच रहे अरुण ने कहा, '' यह अर्शदीप के लिए एक बड़ी चुनौती है कि वह कितनी जल्दी अपनी लय हासिल करते हैं। यह बहुत, बहुत महत्वपूर्ण होगा।''

अरुण ने बुमराह के बारे में कहा कि तीन सप्ताह में छह टी20 मैच उन्हें परेशान नहीं करने चाहिए। उन्होंने कहा, ''मैं जसप्रीत को खेलते हुए देखना पसंद करूंगा, लेकिन मुझे लगता है कि यह उनका फैसला है। मुझे लगता है कि उन्हें सभी मैच खेलने चाहिए। मुझे नहीं लगता कि इस टूर्नामेंट के प्रारूप को देखते हुए उन्हें आराम की जरूरत होगी।'' अरुण ने आईपीएल टीम कोलकाता नाइट राइडर्स में हर्षित राणा का मार्गदर्शन किया है। उन्होंने इस तेज गेंदबाज की तारीफ की लेकिन कहा कि उनके लिए निरंतरता हासिल करना जरूरी होगा। (अनंत ज्ञान)

## जब आपका हक छीना जाता है, तब निराशा होती है : श्रेयस अय्यर

**एजेंसी, नई दिल्ली।** स्टार बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने एशिया कप के लिए अनदेखी पर बात की है। उन्होंने कहा कि जब आपको पता है कि आप टीम में या प्लेइंग 11 में जगह बनाने के हकदार हैं और मौका न मिले तो निराशा होती है। बता दें कि, एशिया कप 2025 की शुरुआत मंगलवार से होगी। भारत अपने अभियान का आगाज 10 सितंबर से करेगी। इस टूर्नामेंट के लिए चुने गए भारतीय स्क्वॉड में श्रेयस अय्यर को टीम में शामिल नहीं किया गया है।

अब श्रेयस अय्यर ने एशिया कप स्क्वॉड में अपनी अनदेखी पर खुलकर बात की है। उन्होंने कहा, 'यह तभी निराशाजनक होता है जब आपको पता होता है कि आप टीम में, प्लेइंग 11 में जगह पाने के हकदार हैं। उस समय यह निराशाजनक होता है। लेकिन साथ ही, जब आपको पता होता है कि कोई टीम के लिए लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहा है और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रहा है, तो आप उसका समर्थन करते हैं।

आखिरकार, लक्ष्य टीम की जीत होती है और जब टीम जीत रही होती है, तो सभी खुश होते हैं। लेकिन जैसा कि मैं ईमानदारी की बात करता रहता हूं, अगर आपको मौका नहीं मिलता है तो आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि आप अपना काम पूरी ईमानदारी से करें। ऐसा नहीं है कि आपको सिर्फ तभी प्रदर्शन करना है जब कोई देख रहा हो। यहां तक कि जब कोई नहीं देख रहा हो, तब भी आपको अपना काम करते रहना चाहिए। (अनंत ज्ञान)

## यूएस ओपन फाइनल 2025 — स्पेन के अल्कारेज पुरुष एकल विजेता, इटली के सिनर को हराया

**एजेंसी, न्यूयॉर्क**

यूएस ओपन 2025 के फाइनल मुकाबले में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर और एटीपी रैंकिंग में नंबर दो कार्लोस अल्कारेज के बीच जबरदस्त मुकाबला हुआ।

न्यूयॉर्क में खेले गए इस मैच में अल्कारेज ने शानदार शुरुआत करते हुए पहले सेट में सिनर को 6-2 से हराया। इसके बाद सिनर ने वापसी की। उन्होंने दूसरे सेट में अल्कारेज को चौंकाते हुए 6-3 से जीत दर्ज की। तीसरे सेट में भी दोनों के बीच लंबी रैलियों के साथ कांटे की टक्कर दिखी।



हालांकि, अल्कारेज ने इस सेट में केवल एक गेम गंवाया और सेट 6-1 से अपने नाम कर लिया। चौथे सेट में सिनर ने वापसी का भरपूर प्रयास किया, लेकिन अंत में अल्कारेज ने उन्हें 6-4 से हराकर मुकाबले को जीत लिया। (अनंत ज्ञान)

### खिताबी मुकाबले में दिग्गजों की भिड़ंत

**बता** दें कि यह इस वर्ष का लगातार तीसरा अवसर रहा जब दुनिया के शीर्ष रैंकिंग वाले यह दो खिलाड़ी किसी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के खिताबी मुकाबले में आमने-सामने हुए। यूएस ओपन 2025 के पुरुष एकल फाइनल जीतने के साथ ही अल्कारेज एटीपी रैंकिंग में सिनर को पीछे छोड़कर दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी बन गए।

### अमेरिकी राष्ट्रपति ने भी फाइनल मैच देखा

**खास** बात ये भी रही कि आज अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी इस मुकाबले के साक्षी बने। उन्होंने फाइनल मैच का आनंद एक लग्जरी बॉक्स से लिया। हाथ हिलाकर दर्शकों का अभिवादन करते नजर आए ट्रंप को मिलीजुली प्रतिक्रिया मिली। एक ओर कुछ लोगों ने तालियां बजाई तो दूसरी तरफ उन्हें हूटिंग का भी सामना करना पड़ा।

### फाइनल से तय हुई विश्व नंबर-1 की कुर्सी

**इस** मैच के नतीजे से पुरुष एकल वर्ग के वर्ल्ड नंबर एक खिलाड़ी का भी फैसला हुआ। सिनर को पीछे छोड़ विश्व नंबर एक बन चुके अल्कारेज ने इसी साल जून में फ्रेंच ओपन में सिनर को हराया था। सिनर ने जुलाई में विंबलडन में इसका बदला चुकता किया था। इससे साफ है कि स्पेन और इटली के दोनों युवा टेनिस खिलाड़ी कड़े प्रतिद्वंद्वी हैं। सिनर लगातार पांच ग्रैंड स्लैम फाइनल में जगह बनाने में सफल रहे, जिसकी शुरुआत 12 महीने पहले यूएस ओपन से ही हुई थी। इससे पहले रोजर फेडरर ने 2004 से 2008 तक लगातार पांच साल तक यूएस ओपन हार्ड-कोर्ट टूर्नामेंट जीता था।

## भारतीय हॉकी टूर्नामेंट — एशिया कप फाइनल में दक्षिण कोरिया को 4-1 से हराया

# भारत को एशिया कप में बदलाव से मिली सफलता

**एजेंसी, राजगीर ( बिहार )**

भारतीय हॉकी टीम के लिए कुछ अनुभवी खिलाड़ियों को हटाकर युवा खिलाड़ियों को मौका देने का दांव एशिया कप में सही साबित हुआ जिसके फाइनल में टीम ने दक्षिण कोरिया को 4-1 के बड़े अंतर से हराकर आठ साल बाद इस खिताब जीतने के साथ अगले साल होने वाले विश्व कप का टिकट पक्का किया। यह जीत टीम को भविष्य में और बदलाव कर युवाओं को अधिक मौके देने के लिए प्रेरित करेगी।

पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली टीम के तीन खिलाड़ियों, शमशेर सिंह, गुरजंत सिंह और नीलकंठ शर्मा को की जगह मिडफील्डर राजिंदर सिंह और स्ट्राइकर शिलानंद लकड़ा को टीम में शामिल किया गया था। यह कदम एक मास्टरस्ट्रोक साबित हुआ क्योंकि दोनों युवा खिलाड़ियों ने सिर्फ एक-एक गोल करने के बावजूद हाल ही में खत्म हुए टूर्नामेंट में काफी प्रभावित किया। भारत की कोर टीम में भविष्य में कुछ और बदलाव देखने को मिल सकते हैं। खासकर 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक चेन्नई और मदुरै में होने वाले एफआईएच जूनियर विश्व कप के बाद। अगले साल बेल्जियम और नीदरलैंड में 14 से 30 अगस्त तक होने वाले विश्व कप और जापान में 19 सितंबर से शुरू होने वाले एशियाई खेलों को देखते हुए भारत जूनियर विश्व कप के बाद कुछ होनहार जूनियर खिलाड़ियों को सीनियर स्तर पर आजमा सकता है।




हॉकी इंडिया की चयन समिति के अध्यक्ष आरपी सिंह ने पहले ही यह साफ कर दिया है कि खराब प्रदर्शन करने वाले कुछ सीनियर खिलाड़ियों को धीरे-धीरे टीम से बाहर किया जाएगा। भारत का अक्तूबर से दिसंबर तक का कार्यक्रम काफी व्यस्त है, जिसके दौरान दक्षिण अफ्रीका के टेस्ट दौरे के अलावा मलेशिया में सुल्तान अजलान शाह कप में हिस्सा लेना है। मुख्य कोच क्रेग फुल्टन इन टूर्नामेंटों में कुछ जूनियर खिलाड़ियों को आजमा सकते हैं।

एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद एशिया कप का खिताब हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी वाली टीम के लिए एक राहत की तरह आया। टीम ने धीमी शुरुआत से उबरते हुए इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता में अपना दबदबा कायम किया और चौथी बार खिताब जीता। टीम ने इसके बाद अपने खेल में कुछ सुधार किया और मलेशिया को 4-1 से और फिर चीन को 7-0 से हराया। भारतीय मिडफील्ड की कमान अनुभवी मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद और युवा राजिंदर जैसे खिलाड़ियों ने बखूबी संभाली। एक और पहलू जिसने ध्यान खींचा वह थी। (अनंत ज्ञान)

## हांगकांग सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट

# सात्विक-चिराग की जोड़ी फिर करेगी भारतीय चुनौती की अगुवाई

**एजेंसी, हांगकांग**

विश्व चैंपियनशिप में हाल ही में कांस्य पदक जीतने वाली सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष जोड़ी मंगलवार से शुरू हो रहे हांगकांग सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में एक बार फिर भारत की चुनौती का नेतृत्व करेगी। वहीं सिंधू के सामने डेनमार्क की लाइन क्रिस्टाफरसेन के खिलाफ अपने पहले मैच में बेहतर प्रदर्शन करने की चुनौती होगी। इस साल के उभरते सितारों में से एक यूएस ओपन चैंपियन आयुष शेट्टी का पहले दौर में चीन के लू गुआंग झू के खिलाफ एक कठिन मुकाबला है। पेरिस में डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन से कड़े मुकाबले में हार का सामना करने वाले एचएस प्रणय के सामने एक बार फिर मुश्किल चुनौती होगी। वह अपना अभियान जापान के पांचवीं वरीयता प्राप्त कोडाई नारोका के खिलाफ शुरू करेंगे।

महिला एकल में अनुपमा उपाध्याय का सामना जापान की चौथी वरीयता प्राप्त टोमोका मियाजाकी से होगा, जबकि रक्षिता रामराज का मुकाबला थाईलैंड की पूर्व विश्व चैंपियन और पांचवीं वरीयता प्राप्त रतचानोक इंतानोन से होगा। युगल में हरिहरन आम्सकारुनन और रुबन कुमार रेथिनासबपति की पुरुष जोड़ी तथा रुतपर्णा और स्वेतपर्णा पांडा की महिला जोड़ी भी अपनी किस्मत आजमायेगी। जबकि रोहन कपूर और गद्दे रुत्विका शिवानी की मिश्रित जोड़ी के सामने चीन के फेंग यान झे और हुआंग डोंग पिंग की चुनौती होगी। (अनंत ज्ञान)